हिमालय पर्वतों से तीव्र अवतरण के कारण, गंगा बेसिन में बहने वाली नदियों का सक्रिय बाढ़ के मैदानों में भारी तलछट स्थानांतरण होता है (देखे-चित्र)। मानसून की वर्षा (जून, जुलाई और अगस्त के दौरान) उच्च हिमालयी भागों में हिमनदों के पिघलने से उत्पन्न प्रवाह में और बढ़ोतरी कर देती है। अशुद्ध मिट्टी नदियों में बह जाती है और नदियों में जमा तलछट प्रायः मध्य-गंगा खंड के विस्तारित नदी तल में एक नया मार्ग बना देती है, जो सामान्यतः उबड़-खाबड़ होता है और यही एक नई भूमि का निर्माण होता है जिसे *दियारा* कहा जाता है।[1]

मानचित्र



चित्र-गंगा नदी घाटी का भू-आकृतिक मानचित्र।

इस चित्र का रंगीन संस्करण www.routledge.com/9780367138004 से ई-संसाधन के रूप में डाउनलोड करने योग्य है।

दियारा फ़्लूवियल कॉमन के रूप में

दियारा, मुख्य रूप से नदी जैसे द्वीपों में एक भूभाग है। इसका निर्माण एक लंबी प्रक्रिया है और लंबे समय तक रेत और गाद के जमाव का परिणाम है। प्रारंभिक वर्षों में रेत से नई भूमि का निर्माण होता है, जो कृषि हेतु बिल्कुल भी उपयोगी नहीं है। परवर्ती वर्षों में, इसे उपजाऊ गाद द्वारा समतल किया जाता है। आठ से दस वर्षों के बाद नदी का ज्वार पहले की उर्वर भूमि से जमा रेत और गाद को पृथक करना प्रारंभ कर देता है। इस प्रकार, *दियारा* एक चक्रीय घटना है। इसकी अस्थाई प्रकृति के कारण ऐसी भूमि पर अस्थायी बस्तियों में नाविकों और मछुआरों का समुदाय रहता है (सिंह 2018)। वे मछली पकड़ने, संचार और सिंचाई की जरूरतों के लिए नदी पर पूर्णतया निर्भर हैं।

इस क्षेत्र के पूर्व शासक भी स्थानीय पारिस्थितिकी को भलीभांति समझते थे, इसलिए, इस भूमि पर कभी कोई कर नहीं लगाया। ज़मींदार हालांकि बाढ़ के

मैदानों के ऊपरी भाग के पारंपरिक धारक थे, फिर भी *दियारा* भूमि को स्थानीय नाविकों और मछुआरों के लिए छोड़ दिया गया था और जमींदार इससे दूर रहे थे। यहां की भूमि नवंबर से अप्रैल तक केवल छह माह खेती के लिए उपलब्ध रहती थी क्योंकि शेष महीनों के दौरान गंगा पूरी निचली भूमि को जलमग्न कर देती थी। इन महीनों के दौरान स्थानीय समुदायों द्वारा गेहूँ और कुछ दालें बोईं जाती थी, जो पूरे वर्ष हेतु उनके जीवनयापन के लिए पर्याप्त थीं। चूंकि भूमि का हाल ही में दोहन किया गया था, इसलिए नाविकों और मछुआरों का परिवार उपयुक्त भूमि की पहचान करेगा और खेती शुरू करेगा।

गंगा बेसिन के सम्पूर्ण विस्तारित क्षेत्र में, मुगल प्रारंभिक आधुनिक काल के दौरान एक शक्तिशाली साम्राज्य के रूप में उभरे। अपने साम्राज्य की आय में वृद्धि करने के लिए उन्होंने न केवल अधिक से अधिक बंजर भूमि को कृषि योग्य बल्कि कुछ वन क्षेत्रों को भी कृषि भूमि में परिवर्तित कर दिया। मध्य गंगा क्षेत्र में विस्तारित बिहार इस विकास का अपवाद नहीं था। हालांकि, इस क्षेत्र में नदियों के जटिल जाल ने इस तरह के रूपांतरण के लिए अधिक गुंजाइश नहीं छोड़ी। इस क्षेत्र की नदी की भू-आकृति ने मुगल सूबेदारों के लिए पहले से ही अपना नियंत्रण कठिन बना दिया था क्योंकि स्थानीय सरदारों ने प्रायः राजस्व संग्रह अभिलेख (सिंह 2018) की अवहेलना की थी। हालाँकि, कुछ जमींदारों को उनकी पारंपरिक कृषि भूमि के बाहर साम्राज्य हेतु राजस्व संग्रह के लिए भूमि देकर मुगल व्यवस्था में एकीकृत कर दिया गया था।

इतिहास को प्रभावित करने वाली नदी पारिस्थितिकी

अश्वसेना-केन्द्रित प्रारंभिक आधुनिक शासनों के लिए नदियाँ सदैव एक चुनौती उत्पन्न करती थीं, परन्तु ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी के लिए नदियाँ एक वरदान थीं (सिंह 2018)[2]। गंगा और उसकी सहायक नदियाँ तुर्क और मुगल नियंत्रण को सीमित करती थीं, हालाँकि उन्होंने ऊपरी गंगा बेसिन में स्थित राज्यों पर अपनी पकड़ को कुशल प्रबंधन द्वारा सुदृढ़ बनाये रखा, लेकिन वे बिहार में स्थायित्व प्राप्त नहीं कर सके थे। बिहार प्रांत (सूबा) के नियंत्रण के लिए मुगलों को विशेष रूप से स्थानीय सरदारों के साथ सामंजस्य स्थापित करना पड़ा। नदी की पारिस्थितिकी का लाभ उठाते हुए बिहार के स्थानीय सरदार शाही अधिकारी की थोड़ी सी अनुपस्थिति को भी बिहार पर नियंत्रण करने के सुअवसर के रूप में देखते थे।

बिहार की प्रशासनिक अस्थिरता अनिवार्य रूप से इसकी स्थलाकृति के कारण थी। बिहार को आगरा-दिल्ली केन्द्रित धुरी से नियंत्रित करना चुनौतीपूर्ण

था। यह धुरी आगरा और दिल्ली के दो शहरों के भौगोलिक क्षेत्र को दर्शाती है। यमुना के तट पर स्थित होने के कारण दोनों शहरों में व्यापक रूप से समान पारिस्थितिक साम्यताएं हैं। दिल्ली दीर्घकाल तक तुर्क शासकों की राजधानी रही। जब मुगल केन्द्रीय सत्ता पर काबिज हुए, तो उन्होंने दिल्ली से लगभग 200 किमी. दूर आगरा में अपनी राजधानी स्थापित की। तदुपरांत, 17वीं सदी के प्रारंभ में मुगल सम्राट शाहजहाँ के अधीन राजधानी को पुनः दिल्ली स्थानांतरित कर दिया गया था।

बिहार के तटीय क्षेत्र में, मुगलों को कई स्थानीय विद्रोहों का सामना करना पड़ा। यद्यपि मुगल सम्राट अपनी विशाल घुड़सवार सेना के बल पर स्थानीय विद्रोहों का सामना करने में सक्षम थे, परन्तु उनकी ये विजयें केवल अस्थायी थीं। एक बार जब मुगल सेना पीछे हट गई, तो स्थानीय सरदार विभिन्न दिशाओं से नदियों को पार करते हुए फिर से सामने आकर मुगल अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना करते और भू-राजस्व की अदायगी करने से भी मना करते थे। इस क्षेत्र में संघर्ष का प्रारंभिक आधुनिक इतिहास इंगित करता है कि इसकी नदी पारिस्थितिकी अद्वितीय थी अतः यहाँ नियंत्रण बनाये रखने हेतु स्थानीय व्यवस्था के साथ समन्वित सैन्य प्रणाली की आवश्यकता थी। बिहार की नदियों के नौ-परिवहन को संभालने वाले ही सफल हो सकते थे। कुछ हद तक, यह बिहार (और बंगाल भी) में परवर्ती मुगल शासकों से भू-राजस्व और व्यापारिक अधिकार प्राप्त करने के लिए डच और ईस्ट इंडिया कंपनियों की प्राथमिकता के कारणों में से एक हो सकता है। वास्तव में, बिहार मुगल क्षेत्र के पहले प्रांतों में से एक था, जहां राजस्व संग्रह के अधिकार अंग्रेजों को सौंपे गए थे।

विवेकपूर्ण परंपरा

मानसून की दृष्टि से बिहार आर्द्र पूर्वी तटीय क्षेत्र और पश्चिमी मैदानों की अपेक्षाकृत शुष्क महाद्वीपीय क्षेत्र के मध्य स्थित है (देखे-चित्र)। मानसून की वर्षा की परिवर्तनशीलता बहुत सामान्य है और कभी-कभी प्रांत के कुछ हिस्सों में सूखे की ओर ले जाती है। उसी वर्ष के दौरान, हालांकि हिमालय की पहाड़ियों में हिमनदों के पिघलने से बड़ी मात्रा में जल नदियों में प्रवाहित होता है, जब तक बाढ़ का जल खेती योग्य क्षेत्रों में प्रवेश करता है, तब तक चावल की खेती के लिए आदर्श गर्म मौसम पहले ही खत्म हो चुका होता है। कभी-कभी नदियों में जल का अतिप्रवाह विकराल रूप धारण कर लेता है, जिससे बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। इससे अभिप्राय है कि इस क्षेत्र में बाढ़ का आना एक नियमित

घटना है, लेकिन आपदाओं के रूप में बाढ़ भी कुछ वर्षों में एक बार आती है। कभी-कभी दो आपदाएँ, यथा-सूखा और बाढ़-एक साथ आते हैं, एक ही वर्ष में, पहले सूखा और फिर बाढ़। परंपरागत रूप से, किसान बाढ़ को बाढ़ के रूप में मानने के बजाय, बाढ़ के उपयोग और कृषि उत्पादन के लिए उस पर निर्भरता में विश्वास करते थे। उन्होंने एक विशिष्ट फसल किस्म (पैटर्न) को विकसित किया, जो नदियों के जलमग्न होने की वार्षिक घटना के अनुरूप था। ऐसी चुनौतियों का सामना करने के लिए पारंपरिक सिंचाई विधियों का विकास किया गया। फ्लश सिंचाई सबसे आम तरीकों में से एक थी। जब नदियों में जल का स्तर खेतों की तुलना में अधिक था, तो किसानों को केवल जल के चैनल को काटना पड़ता था और पानी को आवश्यकतानुसार अपने खेतों में बहने देना होता था। हालाँकि, कई बार, नदियों में जल स्तर निचले स्तर पर था, और इसलिए, इसे विभिन्न पारंपरिक तरीकों से ऊपर उठाया जाता था। कुएँ, सिंचाई का सबसे लोकप्रिय साधन थे और ढेंकुला या लट्ठा नामक लीवर का उपयोग जल को ऊपर उठाने के लिए किया जाता था। पशुओं के माध्यम से भी गहरे कुओं से पानी खींचा जाता था। किसान वर्ग के मध्य अहार और पाइन बहुत आम थे। अहार जल निकासी की रेखा के पार तटबंधों से लगे प्राकृतिक जलाशय थे, जिनमें एक हिस्सा बाढ़ के दौरान जल निकासी के लिए अथवा जल को अपवाह क्षेत्र में प्रवेश कराने के लिए खुला छोड़ दिया जाता था। इसका उपयोग वर्षा जल के संरक्षण के लिए भी किया जाता रहा है। पाइन दो प्रकार की होती थी। छोटी पाइन आहर से निकलती है और जल को कृषि योग्य भूमि तक ले जाती हैं, जबकि बड़ी पाइन का उद्गम उन नदियों से होता है जहां से अस्थायी रूप से बनाए गए तटबंधों के माध्यम से पानी को आहर की ओर मोड़ा जाता है। दियारा भूमि में भी सिंचाई के यही तरीके अपनाए जाते थे।

पूर्व-औपनिवेशिक राज्यों ने कभी भी इस प्रकार की भूमि से कोई राजस्व वसूल करने की कोशिश नहीं की, क्योंकि वे इस क्षेत्र की प्रकृति को भलीभांति समझते थे। मध्यकालीन और प्रारंभिक आधुनिक ऐतिहासिक विवरण *दियारा* भूमि से किसी भी प्रकार की राजस्व वसूली पर मौन हैं। यही कारण है कि ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी के प्रशासकों के लिए, जो स्थानीय एजेंटों पर निर्भर थे, ऐसे अस्थायी रूप से प्रभावित क्षेत्रों को अपने राजस्व खाते में शामिल कर पाना मुश्किल था। इसलिए, प्रारंभ में उन्होंने ऐसी भूमि को राजस्व बंदोबस्त में सम्मिलित नहीं किया। परिणामतः 1793 ई. के बंगाल स्थायी बंदोबस्त की उद्घोषणा में *दियारा* का उल्लेख नहीं किया गया था। यहां तक कि 1780 ई. में जेम्स रेनेल द्वारा बंदोबस्त से ठीक पहले तैयार किए गए राजस्व मानचित्रों में ऐसी भूमि का उल्लेख नहीं था (सिंह 2018)।

ब्रिटिश कंपनी द्वारा स्थायी बंदोबस्त को स्थापित करने में पूर्णतया सक्षम होने के बाद ही *दियारा* भूमि को राजस्व मानचित्र में सम्मिलित करना प्रारंभ हुआ। 1801 ई. के बाद से इस पृथक भूमि का उल्लेख करना शुरू करने के बाद मानचित्र तैयार किए गए थे और 1860 ई. के दशक से प्रारंभ हुए मानचित्रों में प्रत्येक वर्ष नवगठित भूमि का स्पष्ट रूप से उल्लेख किया जाने लगा था।

विघटन का प्रारंभ

डच, फ्रांसीसी और ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनियों ने 17वीं शताब्दी से बिहार में अपनी व्यावसायिक गतिविधियों के लिए गंगा का इस्तेमाल किया (मदन 2005)। ईस्ट इंडिया कंपनी इस क्षेत्र में अधिक सफल सिद्ध हुई और पूर्वी तट पर कलकत्ता के बंदरगाह पर बड़ी मात्रा में अनाज और नमक निर्यात करने के लिए नदी के प्रवाह का उपयोग किया, जहां से उन्हें यूरोप भेज दिया जाता था।[3] ब्रिटिश नौवहन क्षमता ने भी ईस्ट इंडिया कंपनी को इस नदी क्षेत्र पर मजबूत पकड़ बनाने में सहायता की। 1765 ई. की इलाहबाद संधि से कंपनी को मुगल शासकों से भू-राजस्व एकत्र करने का अधिकार (दीवानी) प्राप्त हुआ। कुछ वर्षों के उपरांत, 1793 ई. में कंपनी प्रशासन ने दूरदराज के गांवों से राजस्व संग्रह के लिए स्थायी बंदोबस्त की शुरुआत की और इसकी किर्यान्विती हेतु जमींदारों के साथ समझौते किए। जमींदारों को प्रशासन को कुछ राजस्व देने के लिए कहा गया था, और बदले में, उन्हें भूमि के वंशानुगत मालिकों के रूप में मान्यता दी गई थी।

जब ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी ने मुगल शासक से राजस्व संग्रह के अधिकार प्राप्त कर लिए, तो 1765 ई. के बाद अधिकृत बंगाल के पारंपरिक स्थानीय शासन और पारिस्थितिक शासन के विचारों को उलट दिया गया और उसके स्थान पर यूरोपीय धारणा पर आधारित नव-नियम सख्ती से लागू किये गए। 18वीं सदी के अंत तक, कंपनी इस क्षेत्र पर मजबूत पकड़ बनाने में सक्षम हो चुकी थी, तत्पश्चात उसने भू-राजस्व की दरों को बढ़ाने का फैसला किया। अंग्रेजों ने नए या पारंपरिक बड़े जमींदारों के साथ अनुबंध करना पसंद किया, जिनका स्थानीय आबादी पर बहुत प्रभाव था। उनकी भूमिका एक बिचौलिए की थी, जो भूमालिक से राजस्व वसूल करते थे। जमींदारों को यह अधिकार था कि वे अपनी इच्छानुसार राजस्व की कोई भी राशि भू-मालिकों से वसूल कर सकते थे, लेकिन राजस्व का केवल एक निश्चित हिस्सा ही सरकारी खजाने में जमा किया जाता था। अतएव, स्थायी बंदोबस्त स्थानीय जमींदारों के साथ राजस्व के

प्रत्यक्ष भुगतान की एक व्यवस्था थी। वे असीमित मात्रा में भू-राजस्व एकत्र करने की शक्ति का आनंद लेते हुए ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी को भू-राजस्व की एक निश्चित राशि का भुगतान करने के लिए जिम्मेदार थे। राजस्व निर्धारण की विधि मोटे तौर पर पूर्वप्रचलित मुगल राजस्व प्रणाली के समान थी। हालांकि, कानूनगो, चौधरी तथा तालुकदार जैसे नियुक्त अधिकारियों के परिणामस्वरूप स्थानीय स्तर पर मुगल प्रशासन सुदृढ़ था, और राजस्व प्रणाली में लचीलापन का एक स्तर सम्मिलित था।[4] जिसके अंतर्गत किसानों को कई रियायतें दी गईं। उदाहरणार्थ, मुगल प्रशासन द्वारा भू-राजस्व की राशी का निर्धारण करने से पूर्व बाढ़ या सूखे के कारण प्रभावित फसल की मौजूदा स्थिति को हमेशा ध्यान में रखा जाता था। सकल उत्पादन कम होने पर मुगल राज्य ने राजस्व के नुकसान को भी साझा किया। यद्यपि, मुगल और ब्रिटिश राजस्व प्रणालियों के बीच मुख्य अंतरों में से एक यह था कि किस तरह से भू-राजस्व की गणना की जाती थी। मुगलों के अधीन भू-राजस्व, फसल की किस्म एवं जितनी भूमि पर फसल उत्पादित की जाती थी, उसी के अनुरूप निर्धारित किया जाता था, इसलिए, खेती की जाने वाली फसल के अनुसार भिन्न-भिन्न होता था। इसके विपरीत, अंग्रेजों के अधीन भू-राजस्व भूमि पर कर था। इसलिए, आकलन का आधार ही अलग था। कंपनी का आकलन इस आधार पर नहीं था कि जमीन पर कौन सी फसल बोई गई है, बल्कि जमीन की गुणवत्ता पर आधारित है, चाहे फसल का प्रकार कुछ भी हो।

वास्तव में बिहार क्षेत्र पर प्रशासन करने के लिए जब ईस्ट इंडिया कंपनी इस क्षेत्र में आई तो इस क्षेत्र में अपनी लंबी उपस्थिति और नदी संचार पर कुशल निर्भरता के बावजूद नदी की पारिस्थितिकी और सिंचाई के पारंपरिक ज्ञान को पूरी तरह से समझ नहीं पाई। इसके विपरीत, बिहार में प्रारंभिक आधुनिक सूबेदार (गवर्नर) और स्थानीय सरदार काश्तकारों से ऊपरी भूमि से भू-राजस्व वसूलने और पारंपरिक सामान्य भूमि में हस्तक्षेप न करके स्वयं को बनाए रखने में सक्षम थे। 1770 ई. के अकाल ने औपनिवेशिक सरकार को भू-राजस्व आधार को व्यापक बनाने के बारे में सोचने के लिए प्रेरित किया। 19वीं सदी की प्रारंभ में, ईस्ट इंडिया कंपनी ने राजस्व गणना के अंतर्गत अधिक से अधिक संभावित कृषि भूमि को सम्मिलित करने की कोशिश की। हालांकि, दियारा भूमि की तरलता और अस्थायित्वता ने कंपनी प्रशासन के लिए निर्धारित राजस्व संग्रह को स्थायितता प्रदान करने में एक चुनौती उत्पन्न की।

स्थायी बंदोबस्त प्रणाली के अंतर्गत, जमींदार कंपनी द्वारा निर्धारित किए गए राजस्व का भुगतान करने के लिए बाध्य था, भले ही उसके अधीनस्थ किसी

विशेष क्षेत्र में उत्पादन बिलकुल न हुआ हो, या उत्पादन सूखे या बाढ़ के कारण उम्मीद से कम हुआ हो। इसका तत्काल प्रभाव जमीदारों की अधीनस्थ भूमि पर पड़ा। चूंकि ब्रिटिश सरकार को एक निश्चित राजस्व का भुगतान किया जाना था, जमींदारों ने किसानों पर बोझ डाल दिया और किसानों से अत्यधिक मांग करना शुरू कर दिया (बुकानन 1928)। शीघ्र ही, उन्होंने दियारा की कृषि योग्य भूमि पर नियंत्रण करना शुरू कर दिया ताकि राजस्व का बोझ कुछ कम किया जा सके। राजस्व वसूली के लिए दियारा भूमि का निर्धारण ब्रिटिश खातों में दर्ज नहीं किया गया था क्योंकि वे प्रायः दियारा भूमि को बंजर भूमि के रूप में वर्णित करते थे।

इस प्रकार, ऐसी भूमि से राजस्व भुगतान का कोई दायित्व नहीं था। शीघ्र ही कंपनी सरकार ने ऐसी भूमियों पर अधिपत्य करना शुरू कर दिया और उन्हें नीलाम कर दिया। इससे एक और, बहुत बड़ी समस्या पैदा हो गई। जमींदारों ने दियारा भूमि के इन विशाल भूखंडों को मामूली राशि के भुगतान पर खरीदना शुरू कर दिया (पहाड़ी 1997)। उन्हें बंजर भूमि होने के आधार पर वर्षों तक राजस्व-मुक्त रखा गया था, लेकिन वास्तव में, इन भूमियों को किसानों को पट्टे पर दिया गया था (हंटर 1877)। धीरे-धीरे, ईस्ट इंडिया कंपनी ने दियारा भूमि को राजस्व की हानि के रूप में देखना शुरू कर दिया। यह मान लिया गया कि इन भूमियों का कम उपयोग किया गया था और इस प्रकार नियमित राजस्व निर्धारण के अंतर्गत इन्हें सम्मिलित किए जाने की आवश्यकता थी।

ब्रिटिश सरकार ने दीयारा भूमि को स्थायी भू-राजस्व बंदोबस्त के अंतर्गत लाने के लिए एक अधिनियम पर कार्य करना प्रारंभ कर दिया और राजस्व के नुकसान की भरपाई करने की कोशिश की। परिणामतः 1825 में, 'बंगाल एलुवियन एंड डिलुवियन रेगुलेशंस (एडीआर)' नामक विनियमन XI को पारित कर दिया गया था। इसकी प्रस्तावना में उल्लेख किया गया कि चूंकि मिट्टी के स्थानांतरण के माध्यम से नदियों से प्राप्त भूमि विवाद का लगातार स्रोत है, और कानूनी तौर पर कोई निर्धारित नियम नहीं होने के कारण, न्यायालयों के लिए दावा करने वाले वादी पक्षों के अधिकारों का निर्धारण करना मुश्किल होता है, इसीलिए दियारा भूमि के लिए यह कानून पारित किया गया है। 'बंगाल एलुवियन एंड डिलुवियन रेगुलेशंस XI' में जलोढ़ भूमि को लेकर लोगों के बीच उत्पन्न होने वाले विवादों को हल करने के लिए तथा जलोढ़ भूमि के स्वामित्व का निर्धारण करने के लिए दिशा-निर्देश सम्मिलित थे और दियारा भूमि के स्वामित्व का निर्णय करने में अदालतों का मार्गदर्शन करने के लिए पारित किए

गए थे। नदी के बदलते मार्ग और नई उभरती हुई भूमि से संबंधित सबसे चौंकाने वाले प्रावधानों में से एक यह है कि जब भूमि नदी के कोनों से क्रमिक अभिवृद्धि द्वारा प्राप्त की जाती है, तो इसे उस व्यक्ति के कार्यकाल में वृद्धि के रूप में माना जाना चाहिए जिसकी भूमि पर या संपत्ति में इसे संलग्न किया गया है। लेकिन साथ ही, यह भी उल्लेख किया गया कि इस अभिवृद्धि को इसके प्राप्तकर्ता को ईस्ट इंडिया कंपनी को भुगतान से छूट देने के लिए नहीं समझा जाना चाहिए। सरकार का मुख्य उद्देश्य किसी प्रकार के स्वामित्व को समानता के तहत लाना भी था। विनियमन का एक महत्वपूर्ण प्रावधान यह था कि भूमि के एक खंड पर अधिकार केवल इसलिए प्रभावित नहीं होगा क्योंकि वह जल के नीचे चला जाता था। जलमग्न भूमि के मालिक को उसके डूबने की अवधि के दौरान उसी के रचनात्मक नियंत्रण में माना जाता है और इस प्रकार नदी से फिर से उभरने पर उसी भूमि पर वापस दावा करने की अनुमति दी जाती है। राजस्व लेखा अधिकारियों ने विभिन्न जिलों के उप कलेक्टरों को पत्र लिखकर नए क्षतिग्रस्त भूखंड को किराये पर उपलब्ध करने के निर्देश दिए।[5]

1825 ई. के 'बंगाल एलुवियन एंड डिलुवियन रेगुलेशंस' को आज भी भारत में न्यायालयों द्वारा दियारा भूमि में विवादों से संबंधित संपत्ति के मामलों में न्याय के रूप में संदर्भित किया जाता है। यद्यपि, उन वर्षों के दौरान और आज भी इस नियमन के साथ प्रमुख समस्याएं कब्जे वाली भूमि पर वास्तविक लाभ स्थापित कर रही हैं। विनियमन (रेगुलेशंस) दिशा-निर्देश सुझाव देते हैं कि अदालतों को उन सर्वोत्तम साक्ष्यों द्वारा निर्देशित किया जाएगा ताकि वे स्थापित स्थानीय प्रचलन को प्राप्त करने में सक्षम हो सके, और इसने विभिन्न व्याख्याओं और विवादों के लिए बहुत गुंजाइश छोड़ी। अधिनियम के लागू होने के बाद, कई मुकदमे अस्तित्व में आये। सरकार एक द्वीप जो नदी में फेंका गया है के कब्जे के लिए अपने अधिकार का दावा नहीं कर सकती क्योंकि कुछ वर्षों पहले इसका सर्वेक्षण किया गया था और पिछले सर्वेक्षण के समय से कम से कम दस साल की समाप्ति तक सर्वेक्षण नहीं किया जा सकता था। उस स्थिति में अदालत का यह भी मानना था कि सरकार के न्यायालय में आने के समय द्वीप की स्थिति वह मार्गदर्शक होनी चाहिए जिसके द्वारा सरकार के अधिकार का निर्धारण किया जाना चाहिए।[6]

ज़मींदारों ने प्रायः दियारा भूमि में बार-बार पानी भरने के बहाने किराए का भुगतान करने से मना कर दिया।[7] परिणामस्वरूप, सरकार ने 1859 ई. के 'बंगाल किराया अधिनियम' में विशेष प्रावधान लाने का निर्णय किया। इस

अधिनियम के द्वारा सरकार ने यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया कि किसान जलोढ़ द्वारा अपनी भूमि के क्षेत्रफल में वृद्धि के मामले में लगान में वृद्धि के लिए उत्तरदायी था। हालाँकि, ये सभी प्रावधान दिशा-निर्देशों के रूप में थे और सरकारी तंत्र को वास्तविक अर्थों में दियारा भूमि से लगान वसूल करने का अधिकार नहीं देते थे। ऐसा करने के लिए, 'जलोढ़ भूमि नियंत्रण विधेयक' 1868 ई. में परिषद में पारित किया गया था[8], इस विधेयक को 1847 के अधिनियम IX के प्रावधानों में संशोधन करने के लिए लाया गया था।

1847 ई. में लागू किया गया अधिनियम, जलोढ़ द्वारा नदियों से प्राप्त भूमि के आकलन के संबंध में था। मौजूदा प्रथा यह थी कि राजस्व प्राधिकरण निकटतम मालिक के दावे को उसकी खरीद या भूमि के बंदोबस्त के पूर्व अधिकार के लिए मान्यता देगा। लेकिन अब 1847 के अधिनियम में प्रस्तावित परिवर्तन यह था कि प्राप्त की गई सभी भूमि को एक वृद्धि के रूप में माना जाएगा और यह सरकार के प्रबन्ध क्षेत्र में होगी (फिलिप्स 1884)। एक दियारा के नए हिस्से को स्थानीय राजस्व अधिकारियों ने अपने नियंत्रण में ले लिया था, जब ऐसे द्वीप और तट के बीच का चैनल चलकर पार करने योग्य नहीं था। यहां तक कि जब इस तरह के चैनल चलकर पार करने योग्य हो गए तो कोई भी व्यक्ति इस भूमि पर कब्जा नहीं कर सका (फिलिप्स 1884)।

सरकार के विभिन्न नियमों और अधिनियमों ने उस उद्देश्य की पूर्ति की जिसके साथ उन्हें लागू किया गया था, लेकिन नाविकों और मछुआरों के स्थानीय समुदायों को आजीविका के मामले में वृहद् स्तर पर नुकसान हुआ। ये समुदाय प्रायः एक उजड़ी हुई भूमि से दूसरी भूमि पर चले जाते थे और अस्थायी बस्तियों में रहते थे तथा भूमि का उपयोग सर्दियों की फसल की खेती के लिए करते थे। 19वीं सदी में, यहां तक कि ऐसी अस्थायी भूमि को या तो जमींदारों या सरकार द्वारा किराए की संपत्ति के रूप में घोषित करके उनसे छीन लिया गया था। सरकारी नियमों के खिलाफ लिखित विरोध हुआ, लेकिन किसी ने भूमिहीन समुदायों की पैरवी नहीं की। परिषद के भारतीय सदस्य जैसे बाबू रामनाथ टैगोर केवल जमींदारों के अधिकारों को बढ़ावा दे रहे थे। अपने पत्र में, टैगोर ने लिखा कि वह प्रस्तावित विधेयक की धारा 4 के लिए सहमत नहीं थे और उनका मानना था कि प्रस्तावित परिवर्तन 1825 के विनियमन XI के खंड (क्लोज) 3, धारा 4 के सिद्धांत के विरुद्ध था। इस खंड के अनुसार, जब एक दीयारा भूमि को एक बड़ी नौगम्य नदी (जिसका तल किसी व्यक्ति की संपत्ति नहीं थी) में फेंका जा सकता है और नदी और तट का चैनल चलकर पार नहीं

हो सकता है, तो इसका अधिकार सरकार के पास रखा जाना चाहिए। लेकिन अगर इस तरह के एक द्वीप और तट के बीच का चैनल वर्ष के किसी भी मौसम में पैदल चलकर पार करने योग्य था, तो इसे उस व्यक्ति की भूमि या कार्यकाल के लिए एक अभिवृद्धि माना जाना चाहिए, जिसकी संपत्ति इससे सटी हुई हो सकती है। प्रस्तावित विधेयक का विरोध करने वाले लोगों का मानना था कि वर्तमान विधेयक की धारा 4 से उस प्रावधान का प्रभाव पूरी तरह से नष्ट हो जाएगा और इसके साथ सरकार की नियत जमींदारों को उस अधिकार से वंचित करने की है जो उन्होंने स्थायी बंदोबस्त के बाद प्राप्त किये थे।

1885 के बंगाल काश्तकारी अधिनियम का दियारा समुदाय पर गंभीर प्रभाव पड़ा। इस अधिनियम के पारित होने के बाद, किराए की वसूली की सुविधा के लिए जमींदारों, उनके किरायेदारों और अन्य स्वामित्व वाली भूमि का सर्वेक्षण और मूल्यांकन किया गया था। इस आकलन के कारण बढ़े हुए और अधिक नियमित किराए की मांग हुई। परिणामस्वरूप किसानों को कृषि उत्पादन बढ़ाने के उपाय करने पड़े और यह दो तरह से किया गया, प्रथम-दोहरी फसल शुरू की गई, और द्वितीय-फसल क्षेत्र को भी बढ़ाने का प्रयास किया गया। इसलिए दियारा भूमि के स्वामित्व का दावा करने और फिर इस भूमि पर आलू, अलसी तथा दाल जैसी फसलों की खेती करने का प्रयास किया गया (बिंदेश्वर 1997)। अधिनियम के इस प्रावधान के अंतर्गत, कोई भी व्यक्ति, जो लगातार 12 वर्षों तक भूमि का एक विशेष खंड अपने पास रखता है, चाहे वह पट्टे पर हो या अन्य किसी तरह से, रैयत की बसावट बन गया (रामपिनी और फिनुकेन 1889)। रैयत की बसावट की स्थिति खरीद या बिक्री द्वारा प्राप्त नहीं की जा सकती थी और इसलिए, अधिभोग रैयत से अलग थी। ''अधिभोग रैयत'' को अधिभोग के अधिकार के रूप में खरीदा जा सकता था और यह हस्तांतरणीय था।

अधिग्रहण के अधिकार की अनुमति दी गई थी, भले ही एक व्यक्ति ने एक ही गांव में बारह वर्ष के लिए, अधिनियम के पारित होने से पहले या बाद में किसी भी भूमि को रैयत के रूप में रखा हो, और वह भी या तो स्वयं या विरासत के माध्यम से। हालाँकि, यह नियम दियारा भूमि के किसानों पर लागू नहीं होता था। दियारा में बसे हुए रैयत के अधिकारों के अधिग्रहण के लिए, शर्त यह थी कि उस व्यक्ति के पास 12 वर्ष तक एक ही भूमि हो। जब तक व्यक्ति दी गई भूमि में रहने के अधिकार के लिए पात्र था, तब तक उसे अपने और जमींदार के बीच सहमत किराए का भुगतान करना पड़ता था (रामपिनी और

फिनुकेन 1889)। यद्यपि अधिनियम के खंड 180 (3) ने कलेक्टर को किसी भी दियारा भूमि को नियमित भूमि के रूप में या तो जमींदार या किरायेदार से आवेदन प्राप्त करने के बाद अथवा किसी विवाद को तय करने वाले दीवानी न्यायालय से एक संदर्भ पर घोषित करने की शक्ति दी, ऐसा शायद ही पहले कभी किया गया था।

दियारा भूमि के सन्दर्भ में, विशेष प्रावधान ने किसानों को अधिभोग का अधिकार प्राप्त करने से व्यावहारिक रूप से वंचित कर दिया क्योंकि जमींदार उन्हें लगातार बारह वर्षों तक एक ही भूमि पर कब्जा करने से रोकने के लिए उन्हें इधर-उधर स्थानांतरित करते रहते थे। इस प्रकार, इन बारह वर्षों के पूरा होने तक, किरायेदार न तो बसावट और न ही गैर-अधिभोग प्राप्त किसान बन सका था और इस तरह वह सदैव एक किरायेदार के रूप में ही बना रहा। बंगाल काश्तकारी अधिनियम में एक नई धारा, 86ए, को एक संशोधन द्वारा सम्मिलित किया गया था, जिसमें यह प्रावधान था कि किराएदार के जलोढ़ भूमि के अधिकार को समाप्त माना जाएगा यदि उसने निर्धारित किराए में किसी भी प्रकार की कमी की।

मध्य गंगा के मैदान की नदी पारिस्थितिकी में, इन नियमों के बावजूद, विशेष रूप से भूमि के कब्जे के विवादों पर निर्णय लेने के लिए कई प्रशासनिक कठिनाईयां थीं। दियारा भूमि की तरल प्रकृति ने ब्रिटिश सरकार को सभी व्यावहारिक उद्देश्यों की पूर्ति के लिए इस पर प्रभावी नियंत्रण करने की अनुमति नहीं दी। दियारा की अनिश्चितता ने भी इसे अव्यावहारिक प्रकृति की संपत्ति बना दिया (सिन्हा 2014)। सरकारी प्रशासकों के लिए मानदंड तय करना मुश्किल था जिसके द्वारा अगले दस वर्षों के लिए भूमि की अनुमानित उपज की सही गणना की जा सके। इसलिए, नीलामी आधारित बस्तियों को प्राथमिकता दी गई। नाविकों और मछुआरों के समुदाय जमींदारों के साथ प्रतिस्पर्धा नहीं कर सके क्योंकि वे हमेशा सबसे अधिक बोली लगाने वाले थे। ठेके का प्रथा (Revenue Farming) के ऐसे परिदृश्य में दियारा समुदाय अब नई उजड़ी हुई भूमि (avulsed land) को सामान्य संपत्ति के रूप में दावा नहीं कर सकता था।

प्रव्रजन

1825 ई. का 'बंगाल एलुवियन एंड डिलुवियन रेगुलेशंस' युक्तिसंगत लगता है, लेकिन पर्यावरण के संदर्भ में इसका व्यापक प्रभाव पड़ा। इसने नाविकों और मछुआरों के दियारा समुदाय के सामाजिक और आर्थिक जीवन में एक बड़ा परिवर्तन ला दिया। स्थायी बंदोबस्त के पश्चात् राजस्व प्रधान कृषि ने

उनके उत्पादन के लचीलेपन को नष्ट कर दिया और एक तरह से, उन्हें अब जमीन को पट्टे पर लेकर मैदानी किसानों के साथ प्रतिस्पर्धा करनी पड़ी। सामान्य संपत्ति के रूप में भूमि का अर्थ, जो समुदायों के पास सदियों से था, स्वामित्व के पूर्ण अधिकार में बदल गया। एडीआर विनियमन मध्य गंगा बाढ़ क्षेत्र की पारिस्थितिकी के लिए निर्णायक भी सिद्ध हुआ। इसने परिवर्तन का एक चक्र शुरू किया जिसमें उच्चतम राजस्व क्षमता वाली फसलें बोई गईं क्योंकि भूमि अब ज़मींदारों द्वारा दियारा किसानों के बीच उच्चतम बोली लगाने वालों को पट्टे पर दी जा रही थी।

परंपरागत रूप से, गरीब किसान हमेशा पलायन करते रहे हैं क्योंकि दियारा स्थलाकृति की अस्थायी प्रकृति ने कृषि में कभी स्थायित्व नहीं आने दिया। 1793 ई. में स्थायी बंदोबस्त और 1825 ई. में एडीआर की घोषणा के बाद, दियारा बंजर भूमि के रूप में अधिक भूमि शेष नहीं बची, यद्यपि उनकी अनुकूल रणनीति एक आजीविका रणनीति में परिवर्तित हो गई। पारंपरिक नाविक और मछुआरा समुदायों को कृषि करने के लिए भूमि नहीं होने के कारण अन्य विकल्पों की तलाश करनी पड़ी। 1885 ई. में राजस्व अधिकारियों द्वारा हंटर महोदय को भेजी गई विभिन्न रिपोर्टों में, किसानों को काम और जीविका के लिए कहीं और देखने के लिए मजबूर करने के संदर्भ मिलते हैं (रॉदरमुंड 1997)।

दियारा का मछुआरा समुदाय

दियारा में रहने वाले समुदायों के लिए, मछली पकड़ना एक अन्य मुख्य आजीविका थी। खेती के माध्यम से आजीविका के नुकसान ने मछुआरा समुदाय को पूरी तरह से मत्स्य पालन पर निर्भर रहने के लिए विवश कर दिया। लेकिन वह भी धीरे-धीरे सरकारी विनियमन के दायरे में आ गया और अंतर्देशीय मत्स्य पालन भी नष्ट होने लगा। 19वीं सदी की अंतिम तिमाही तक, कई ब्रिटिश रिपोर्टों ने सिफारिश की कि मत्स्य पालन राज्य के लिए राजस्व का एक मूल्यवान स्रोत सिद्ध हो सकता है। तत्पश्चात, ब्रिटिश सरकार ने अंतर्देशीय मत्स्य पालन अधिनियम पारित किया, जिसने स्पष्ट रूप से मत्स्य पालन को जमींदारों और राज्य के लिए स्थापित किया। दो दशकों के भीतर यह स्थिति सामने आई कि समुद्र के अतिरिक्त कोई भी करमुक्त मत्स्य पालन नहीं था जिसे जनता बिना लाइसेंस के उपयोग कर सकती थी। यह दोहराया जा सकता है कि हालांकि मछली पकड़ने के अधिकार जमींदारों और राज्यों के बीच विभाजित थे, परन्तु सभी मामलों में मछली पकड़ने के अधिकार पट्टे पर दिए गए थे।

इसका तात्पर्य यह था कि मछली पकड़ने के लिए नदी के जल को विघटित कर दिया गया था, और नदियों में सार्वजनिक रूप से मछली पकड़ने की अनुमति नहीं थी। नदियों और तालाबों में मुफ्त मछली पकड़ने की पूर्व-औपनिवेशिक परंपरा बदल गई। जमींदारों ने जल कर (अर्थात जल कर/उच्चतम बोली लगाने वाले को राजस्व) को इजारादारों को पट्टे पर देने की प्रथा शुरू की। अधिकांश मामलों में मछली पकड़ने का अधिकार भूमि के साथ स्थानांतरित कर दिया गया था। उन्होंने किराएदारों (मुस्तजिरों) को मछली पकड़ने का अधिकार दिया, जो कभी-कभी मजदूरी या एक हिस्सेदरी के रूप में मछली पकड़ने के लिए पुरुषों को नियुक्त करते थे। इसे कभी-कभी पारंपरिक मछुआरों को फिर से किराये पर दिया जाता था। जमींदार के अधिकार वाले क्षेत्रों से मछली पकड़ने वाले मछुआरे एक तिहाई मछली जमींदारों के एजेंटों को दे देते थे। पटना और शाहबाद में, गंगा के नालों के कुछ हिस्सों में, जिसमें शुष्क मौसम में अधिक प्रवाह नहीं होता था, मत्स्य पालन को मछुआरों को पट्टे पर दिया जाता था। इस तरह, औपनिवेशिक शासन ने सभी अधिकारों को फिर से परिभाषित किया और मछली के साथ-साथ जल और उसके संसाधनों के उपयोग पर नियंत्रण करने का पूर्ण प्रयास किया। उनके स्पष्ट इरादों के विपरीत विभिन्न कृत्यों के परिणामस्वरूप जल निकायों और मत्स्य पालन का अधिक से अधिक निजीकरण हुआ, इस प्रकार दियारा भूमि में रहने वाले मछुआरा समुदाय की आय पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। यह दियारा में रहने वाले समुदायों की वास्तविक आय को आंकड़ों के अभाव के कारण एक सांख्यिकीय खाते के साथ सिद्ध नहीं किया जा सकता है, परन्तु 19वीं सदी (सिंह 2018) के अंतिम दशक में बढ़े हुए प्रव्रजन से पता चलता है कि मत्स्य पालन पर निर्भर रहने वाले समुदाय की आर्थिक स्थिति अवश्य प्रभावित हो सकती है।

निष्कर्ष

प्राकृतिक प्रक्रिया जिसके माध्यम से दियारा भूमि का निर्माण होता है- मिट्टी को काटना और संकुचित करना—उस पर निर्भर समुदायों के जीवन में अस्थिरता और अनिश्चितता बनी रहती है। दियारा भूमि के निर्माण और विघटन की इस सतत प्रक्रिया के कारण ऐतिहासिक रूप से पूर्व-औपनिवेशिक काल में यहां कोई स्थायी भूमि अधिग्रहण प्रणाली विकसित नहीं हो सकी। दियारा सदियों से एक साझा संसाधन के रूप में अस्तित्व में थी और किसी भी सरकारी और संस्थागत नियंत्रण से बाहर थी। यह एक संयुक्त रूप से उपयोग किया जाने वाला क्षेत्र था, परन्तु 19वीं सदी के दौरान नए अधिनियमों की एक शृंखला की

शुरुआत के साथ, इसने मध्यमता की अपनी मूल विशेषता खो दी और विसैन्यीकरण की प्रक्रिया शुरू हुई। बंगाल में 1770 ई. के भयावह अकाल के बाद, ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी की औपनिवेशिक सरकार ने भूमि के मूल्यांकन और इस क्षेत्र में राजस्व के भारी नुकसान का दावा किया। इसलिए, 19वीं सदी के प्रारंभ तक राज्य ने भू-राजस्व आधार को विस्तृत स्वरूप प्रदान करने की योजना पर कार्य करना प्रारंभ कर दिया। औपनिवेशिक सरकार ने नई नष्ट हुई भूमि को स्थायी बंदोबस्त के अधीनस्थ लाने के लिए एडीआर भी पारित किया और इस तरह अपने राजस्व को और अधिक बढ़ाने का प्रयास किया, लेकिन नव निर्मित दियारा भूमि की अस्थायी प्रकृति और नदी-मार्गों में लगातार परिवर्तन ने एक पारिस्थितिक चुनौती के साथ-साथ बाढ़ के मैदानों के समान मूल्यांकन की समस्या प्रस्तुत की। सरकार के लिए सबसे आसान तरीका था दियारा भूमि को सर्वाधिक बोली लगाने वाले को पट्टे पर देना, जो प्रायः ज़मींदार थे, अतः दियारा भूमि पर निर्भर नाविकों और मछुआरा समुदाय ने अपनी आजीविका खो दी। सरकार विभिन्न अधिनियमों और कानूनों के माध्यम से प्रभावित क्षेत्रों का आर्थिक नियंत्रण अपने हाथों में लेने में सफल रही, परन्तु इसके परिणामस्वरूप दियारा समुदाय का वृहद् स्तर पर निकटवर्ती क्षेत्रों में प्रव्रजन हुआ।

यहां निवास करने वाले समुदायों की वैकल्पिक आजीविका अंतर्देशीय मत्स्य पालन थी जिसे भी सरकारी नियंत्रण में ले लिया गया था। समस्या निवारण के प्रेरक बल पारिस्थितिकीय नहीं थे, बल्कि राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक थे, इस तथ्य के बावजूद कि नदी के किनारे पारिस्थितिक रूप से अल्पकालिक क्षेत्र थे। अपने प्रव्रजन को रोकने के लिए दियारा समुदाय को अपने पर्यावरण के साथ पुनः जुड़ने की आवश्यकता है। हालाँकि, इस तरह का पुनर्मिलन तभी संभव हो सकेगा जब इस क्षेत्र में उनकी आजीविका यथावत बनी रहे।

दियारा भूमि जैसे सामान्य संसाधनों पर आरोपित अन्य सामान्य नियम स्थानीय समुदायों के साथ न्याय नहीं कर सकते हैं। नवपारित विभिन्न कानून और नई पट्टा नीतियां प्रायः दीर्घकाल से संस्थापित पारंपरिक अधिकारों की अवहेलना करती हैं। आज भी दियारा में संपत्ति के स्वामित्व और विवाद लगभग दो सदी पुराने एडीआर द्वारा शासित हैं और नाविकों और मछुआरों के पारंपरिक समुदाय और उनके अधिकारों को नकार दिया गया है। यह आवश्यक है कि नदी और इस प्रकार की अल्पकालिक भूमि को एक बार फिर साझा किया जाए तथा यहां रहने वाले समुदायों के परंपरागत आजीविका अधिकारों का सम्मान किया जाए।

टिप्पणियाँ

1. यह अनुमान लगाया गया है कि भारत में लगभग 40 मिलियन हेक्टेयर भूमि बाढ़ के मैदान के अंतर्गत आती है, और इसमें से 2.64 मिलियन हेक्टेयर दियारा भूमि है। गोपाल कुमार एट एल, लैंड यूज लैंड कवर चेंज इन एक्टिव फ्लड प्लेन यूजिंग सैटेलाइट रिमोट सेंसिंग, *जर्नल ऑफ एग्रीकल्चरल फिजिक्स*, वॉल्यूम 8, 2008, पृ. 22. रिमोट सेंसिंग की तकनीक के माध्यम से पूर्वी भारत में दियारा भूमि की ट्रैकिंग भी बी.सी. पांडा, आर.एन. साहू और मंजू शर्मा द्वारा की गई है-लैंड यूज मैपिंग ऑफ ब्रहमाणी-बिरुपादियारा इन कट्टक, उड़ीसा इन रिमोट सेंसिंग ऑफ नेचुरल रिसोर्सेज, देहरादूनः इंडियन सोसाइटी ऑफ रिमोट सेंसिंग (इसरो), 1996, पृ. 167-70
2. इसके विपरीत, विक्टर लिबरमैन का तर्क है कि इंडो-गंगा क्षेत्र की उजागर स्थिति के कारण तुर्की या खानाबदोश मंगोलों ने, घोड़ों पर चलते हुए, इन मैदानों पर आक्रमण करना आसान पाया। वह यूरेशिया के संरक्षित क्षेत्रों से इसे अलग करने के लिए उजागर क्षेत्र शब्द का उपयोग करता है। यूरेशिया, मध्य एशिया से बहुत दूर स्थित था जो खानाबदोशों को अपनी पहुँच से दूर रखता था। द्रष्टव्य-विक्टर लिबरमैन, स्ट्रेंज पैरेलल्सः साउथ-ईस्ट एशिया इन ग्लोबल कांटेक्स्ट, सी. 800-1830, खंड-2: मेनलैंड मीरर्सः यूरोप, जापान, चाइना, साउथ एशिया, एंड द आईलैंड्स, न्यूयॉर्कः कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी प्रेस, 2009
3. जेम्स रेनेल ने गंगा और ब्रह्मपुत्र नदियों के मार्ग का अपना सर्वेक्षण प्रकाशित किया। रेनेल, एन अकाउंट ऑफ़ गंगेज
4. दो विपरीत विचारों के लिए, द्रष्टव्य-मान, ए परमानेंट सेटलमेंट, हबीब, *अग्ररियन सिस्टम ऑफ मुग़ल इंडिया; सिद्दीकी, अग्ररियन चेंज*। रोहन डिसूजा ने मुगल और राजस्व प्रशासन की औपनिवेशिक व्यवस्था पर साहित्य का सर्वेक्षण भी किया है। देखें–डिसूजा, *ड्रोउन्ड एंड डैम्ड*, पृ. 51-96.
5. *मिस्लैनियस लेटर्स मोंग्यर*, वॉल्यूम 4, 1831-37, *शाहबाद कॉरेस्पोंडेंस वॉल्यूम*, 1835-57, बिहार राज्य अभिलेखागार, पटना।
6. *प्रोसीडिंग्स ऑफ द काउंसिल ऑफ द लेफ्टिनेंट गवर्नर ऑफ़ बंगाल फॉर द पर्पज ऑफ मेकिंग लॉज एंड रेगुलेशंस*, (माइक्रोफिल्म) वॉल्यूम 1-47, 1868, पृ.136

7. *शाहबाद कॉरेस्पोंडेंस वॉल्यूम,* 1835-57, बिहार राज्य अभिलेखागार, पटना।

8. *अलुविअल लैंड पजेसन बिल, प्रोसीडिंग्स ऑफ द काउंसिल ऑफ द लेफ्टिनेंट गवर्नर ऑफ़ बंगाल फॉर द पर्पज ऑफ मेकिंग लॉज एंड रेगुलेशंस,* (माइक्रोफिल्म) वॉल्यूम 1-47, 1868, पृ. 131-34

सन्दर्भ

- *अलुविअल लैंड पजेसन बिल, प्रोसीडिंग्स ऑफ द काउंसिल ऑफ द लेफ्टिनेंट गवर्नर ऑफ़ बंगाल फॉर द पर्पज ऑफ मेकिंग लॉज एंड रेगुलेशंस,* (माइक्रोफिल्म) वॉल्यूम 1-47, 1868, पृ. 131-34
- बुकानन, एफ. (1928). *एन अकाउंट ऑफ द डिस्ट्रिक्ट ऑफ पूर्णिया* इन 1809-1810, पटना: बिहार एंड उड़ीसा रिसर्च सोसाइटी।
- चक्रवर्ती, डी. के. (2001). *आर्कियोलोजिकल जियोग्राफी ऑफ द गंगा प्लेन: द लोअर एंड द मिडिल गंगा,* दिल्ली: परमानेंट ब्लैक।
- डिसूजा, आर. (2016). *ड्रॉउन एंड डैम्ड: कोलोनियल कैपिटलिज्म एंड फ्लड कंट्रोल इन ईस्टर्न इंडिया,* दिल्ली: ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस।
- हबीब, आई. (2013). *एग्रेरियन सिस्टम ऑफ मुग़ल इंडिया* : 1556-1707, दिल्ली: ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस।
- हिल, सी.वी. (1997). *रिवर ऑफ़ सॉरो: एनवायरनमेंट एंड सोशल कंट्रोल इन रिपेरियन नॉर्थ इंडिया,* 1770-1994, एन आर्बर: मिशिगन यूनिवर्सिटी प्रेस।
- हंटर, डब्ल्यू. डब्ल्यू. (1877). *ए स्टैटिस्टिकल अकाउंट ऑफ़ बंगाल: डिस्ट्रिक्ट ऑफ मुंगेर एंड पूर्णिया,* वॉल्यूम 15, लंदन: ट्रबनर एंड कंपनी.
- कुमार, जी. एट. अल. (2008). लैंड यूज लैंड कवर चेंज इन एक्टिव फ्लड प्लेन यूजिंग सैटेलाइट रिमोट सेंसिंग, *जर्नल ऑफ एग्रीकल्चरल फिजिक्स,* वॉल्यूम 8, 2008, पृ. 22-28

विपुल सिंह*

प्रोफेसर

इतिहास विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली

अनुवादक– **डॉ. राजेन्द्र कुमार****

बीकानेर

❑❑❑

अजमेर का राजस्थान में विलय : एक समग्र अध्ययन

• डॉ. विधि शर्मा

उत्तरी भारत के इतिहास में अनेक कारणों से अजमेर का सदियों से एक विशिष्ट स्थान रहा है। मुगल काल के पूर्व और पश्चात् दोनों काल खण्डों में इसका राजनैतिक एवं सामरिक महत्व बना रहने से तथा सूफी संत ख्वाजा मुइनुद्दीन चिश्ती की यहाँ दरगाह तथा निकट ही हिन्दुओं की हजारों वर्ष पुरानी पवित्र तीर्थ-स्थली पुष्कर के स्थित होने के कारण जनमानस में भी अजमेर एक सुविख्यात नाम रहा है। सम्राट् अकबर और उनके उत्तराधिकारियों ने इसे अपने साम्राज्य के एक सूबे का मुख्यालय बनाकर इसकी सामरिक महत्ता बनाए रखी। ब्रिटिश सम्राट् जेम्स प्रथम के राजदूत सर टॉमस रो ने सन् 1616 ई. में यहीं जहांगीर से मुलाकात कर ईस्ट इण्डिया कम्पनी के लिए व्यापारिक सुविधाएं प्राप्त करने के लिए प्रयास किए। मुगल साम्राज्य के पतन के पश्चात् यह क्षेत्र मराठों के पास चला गया और बाद में सन् 1818 ई. में ईस्ट इण्डिया कम्पनी के साथ हुई विभिन्न संधियों के परिणामस्वरूप यह ब्रिटिश सरकार के अधीन हो गया, जिन्होंने इसे अपने प्रतिनिधि एजेन्ट टू द गवर्नर जनरल फॉर राजपूताना स्टेटस् का मुख्यालय बनाया जिसके माध्यम से अजमेर राजपूताना की रियासतों पर निगरानी रखने के लिए एक सजग प्रहरी के रूप में अपना कार्य करता रहा। यद्यपि बाद में ए.जी.जी. का मुख्यालय विशिष्ट कारणों से माउण्ट आबू कर दिया गया, अजमेर की महत्ता ज्यों की त्यों बनी रही। यह अजमेर-मेरवाड़ा का ब्रिटिश शासित छोटा सा प्रांत, जिसे कर्नल जेम्स टॉड ने इसकी भौगोलिक और सामरिक अवस्थिति के कारण 'राजपूताना की कुंजी' की संज्ञा दी थी, तब से लेकर भारत में ब्रिटिश शासन की सन् 1947 में समाप्ति तक, येन-केन-प्रकारेण यहां के रजवाड़ों को ब्रिटिश सर्वोच्चता का अहसास कराता रहा।

स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद रियायतों के एकीकरण की प्रक्रिया प्रारम्भ हुई

और राजपूताना की देशी रियासतों को राजस्थान राज्य के रूप में एकीकृत कर दिया गया किन्तु भौगोलिक दृष्टि से राजस्थान के केन्द्र में स्थित अजमेर-मेरवाड़ा अपने पृथक अस्तित्व को सुरक्षित बनाए रखने में सफल रहा। हालांकि इस इकाई के पृथक अस्तित्व की व्यावहारिकता को लेकर सदैव संशय व्यक्त किया जाता रहा और स्वतंत्रता प्राप्ति से लेकर अजमेर के राजस्थान में विलय होने तक के लगभग 9 वर्षों के दौरान सदैव, स्वयं अजमेर-मेरवाड़ा क्षेत्र में तथा उसके बाहर अर्थात् राजस्थान व केन्द्र में यह भावना व्याप्त रही कि इस क्षेत्र को राजस्थान में मिलाया जाना चाहिए तथा इसे कभी न कभी राजस्थान में मिलाया ही जाएगा।

विलय के प्राथमिक प्रयास (1948–51 ई.)

मार्च 1948 में जब राजपूताना की विविध रियासतों के एकीकरण की प्रक्रिया प्रारम्भ हुई तब सर्वत्र यह आम भावना व्याप्त थी कि विविध चरणों में भिन्न-भिन्न राजनीतिक इकाईयों या संघों के निर्माण के स्थान पर एक ही बार में एक राजनीतिक इकाई के रूप में राजस्थान राज्य का निर्माण कर दिया जाए, जिसमें अजमेर-मेरवाड़ा भी शामिल हो, जैसा कि 'राजस्थान रीजनल कौन्सिल ऑफ ऑल इण्डिया स्टेट्स् पीपुल्स कॉन्फ्रेन्स' की मार्च 1948 में नई दिल्ली में हुई बैठक में पारित निम्नलिखित प्रस्ताव से स्पष्ट है :

'राजपूताना रीजनल कौन्सिल ऑफ ऑल इण्डिया स्टेट्स् पीपुल्स कॉन्फ्रेन्स की कार्यसमिति ने राजपूताना राज्यों के समूहीकरण के विविध प्रस्तावों के प्रकाश में राजपूताना प्रान्त के गठन के प्रश्न पर गम्भीर विचार किया है। कार्यसमिति ने उन राजपूताना राज्यों के जन संगठनों से भी विचार-विमर्श किया है जिनका इस कौन्सिल में प्रतिनिधित्व नहीं है तथा अजमेर-मेरवाड़ा प्रान्तीय कांग्रेस समिति के प्रतिनिधियों की राय भी ली है। कार्य समिति तथा विविध राज्यों के प्रतिनिधियों का सुविचारित मत यह है कि सांस्कृतिक, भाषायी, ऐतिहासिक तथा भौगोलिक आधारों पर यह आवश्यक है कि उन सीमान्त राज्यों को छोड़कर जो कि अन्य प्रान्तों में मिलना चाहते हैं, राजपूताना के शेष राज्य तथा अजमेर-मेरवाड़ा को अविलम्ब एक इकाई बना दिया जाए।'[1]

अजमेर से प्रकाशित होने वाले हिन्दी भाषा के स्थानीय समाचार पत्र 'दरबार' ने अपने 7 अप्रेल 1948 के अंक में राजस्थान में राज्य की विविध इकाइयों के गठन सम्बन्धी विविध सिद्वान्तों पर टिप्पणी करते हुए लिखा कि 'अब तक यह स्पष्ट नहीं हुआ है कि अजमेर-मेरवाड़ा का विलय कहाँ होगा। अपनी राय प्रकट करते हुए समाचार पत्र ने कहा कि क्षेत्र की एकता व प्रगति को

ध्यान में रखते हुए यही उचित होगा कि राजपूताना के सभी राज्य तथा अजमेर-मेरवाड़ा को संयुक्त राज्य के रूप में गठित किया जाए। ...एक पृथक इकाई के रूप में अजमेर-मेरवाड़ा अधिक समय तक जीवित नहीं रह सकता।'[2] अजमेर-मेरवाड़ा पॉलिटिकल कॉन्फ्रेन्स ने 29 जून 1948 को सम्पन्न अपने ब्यावर सत्र में प्रस्ताव पारित किया कि 'अजमेर-मेरवाड़ा सहित सम्पूर्ण राजपूताना को एक प्रशासनिक इकाई बनाया जाए और इस बीच अजमेर-मेरवाड़ा एक लोकतांत्रिक तथा प्रतिनिधि संस्था द्वारा शासित हो।'[3]

न केवल जन संगठन एवम् स्थानीय समाचार पत्र वरन् गृह मंत्रालय व स्टेट्स् मंत्रालय के अधिकारी तथा सम्बन्धित दोनों पक्ष, राजस्थान सरकार एवम् अजमेर-मेरवाड़ा का नेतृत्व; जो मूलतः कांग्रेस से सम्बन्धित था, भी विलय के प्रश्न को लेकर सक्रिय थे। अजमेर-मेरवाड़ा के राजस्थान में विलय के पक्ष में व्याप्त आम भावना की पृष्ठभूमि में 4 अगस्त 1948 को भारत सरकार के गृह मंत्रालय के सचिव एच.वी.आर. आयंगर ने विलय के प्रश्न पर अजमेर के स्थानीय सरकारी व गैर-सरकारी लोगों से विचार-विमर्श करने तथा प्रान्त के प्रमुख जनसंगठनों के प्रतिनिधियों के माध्यम से जनभावना का पता लगाने के लिए अजमेर की यात्रा की।[4]

इस यात्रा सम्बन्धी आयंगर की रिपोर्ट, विलय के प्रश्न को लेकर उस समय अजमेर-मेरवाड़ा में प्रचलित भिन्न-भिन्न मतों, इस मुद्दे पर प्रान्तीय कांग्रेस तथा अन्य जनसंगठनों की राय, राजस्थान का पक्ष, भ्रामक प्रचार तथा गृह मंत्रालय के सम्बन्धित अधिकारियों तथा गृहमंत्री के मत की साक्षी है। उसके प्रमुख अंशों को यहाँ उद्धृत करना समीचीन होगा।[5]

1. पहले आयंगर को सूचना मिली थीं कि प्रान्तीय कांग्रेस व हिन्दू महासभा दोनों विलय के दृढ़ समर्थक थे किन्तु अजमेर-मेरवाड़ा के चीफ कमिश्नर की नवीनतम रिपोर्ट में उल्लेख था कि उनके मत में कुछ परिवर्तन हुआ है और स्थानीय लोग राजस्थान की तत्कालीन राजनीतिक व प्रशासनिक अवस्था में उसके साथ विलय के निर्णय की बुद्धिमत्ता पर संदेह करने लगे हैं।
2. चीफ कमिश्नर द्वारा गांधी हॉल में एक सभा का आयोजन किया गया जिसमें आयंगर को 70 प्रमुख स्थानीय लोगों से मिलवाया गया। किन्तु कांग्रेस को यह शिकायत थी कि विलय समर्थक लोगों को पर्याप्त संख्या में आमंत्रित नहीं किया गया।
3. आयंगर की यात्रा ने अजमेर-मेरवाड़ा प्रान्त में काफी उत्तेजना फैला दी।

विशेष रूप से कांग्रेस ने विलय समर्थक आन्दोलन को भड़काया और इस मामले में किसानों, इस्तेमरारदारों तथा श्रमिकों को दबाव समूहों के रूप में प्रयुक्त किया। साथ ही कांग्रेस द्वारा अपने सदस्यों के लिए निर्देश जारी किया गया कि वे विलय के विपक्ष में न बोले। तद्रूप कुछ कांग्रेसी नेता जो विलय के पक्ष में नहीं थे, वे सभा के दौरान शान्त रहे और ऐसा दर्शाने का प्रयास किया गया कि कांग्रेस में इस प्रश्न को लेकर पूर्ण एकता है।

4. कांग्रेस ने जनमानस में यह धारणा बनायी हुई थी कि अजमेर-मेरवाड़ा के राजस्थान में विलय का निर्णय सरदार पटेल द्वारा लिया जा चुका था और आयंगर वहाँ उसकी औपचारिक घोषणा करने आए थे। इस प्रकार के भ्रामक प्रचार के लिए राजस्थान के मुख्यमंत्री हीरालाल शास्त्री भी उत्तरदायी थे, आयंगर द्वारा यह रिपोर्ट देने के एक दिन पूर्व 19 अगस्त 1948 को ही 'द इण्डियन क्रॉनिकल' समाचार पत्र में शास्त्री का एक वक्तव्य छपा था कि 'भारत सरकार द्वारा शीघ्र ही राजस्थान में अजमेर के विलय के निर्णय की घोषणा की जाएगी।' इस प्रकार के वातावरण में आयंगर ने यह स्पष्ट कर देना उचित समझा कि उस समय तक भारत सरकार द्वारा इस प्रश्न पर कोई निर्णय नहीं लिया गया था।

5. कांग्रेस, समाजवादी, किसान तथा इस्तेमरारदार विलय के पक्ष में बोले। अन्य समूहों का मत विभाजित रहा। एक प्रमुख स्थानीय उद्योगपति विलय के विपक्ष में बोले तो एक अन्य उद्योगपति इसके पक्ष में। वकीलों की बार के कुछ सदस्य पक्ष में बोले और कुछ विपक्ष में। एक इसाई महिला विपक्ष में बोली किन्तु इण्डियन क्रिश्चियन एसोसिएशन के अध्यक्ष पक्ष में बोले। विलय के पक्ष में बोलने वाले लोग बहुसंख्या में थे।

6. विलय के पक्ष में बोलने वाले लोगों का मुख्य तर्क था कि राजस्थान के मध्य एक द्वीप की भाँति अजमेर लम्बे समय तक पृथक नहीं रह सकता। विलय की आवश्यकता के बारे में उन्होंने कहा कि 'वर्तमान समय विलय के लिए एक सुअवसर है क्योंकि अभी विलय से अजमेर के लोग एकीकृत राजस्थान की भावी विधानसभा के चुनावों के लिए अपने प्रतिनिधियों के बारे में राजस्थान के दलों के साथ संतोषजनक व्यवस्था कर पाएगें।' उनका मानना था कि यदि मामले को टाला गया तो उनकी मांगे संतोषजनक रूप से पूर्ण नहीं हो पाएगी। इसके विपरीत विलय

विरोधी लोगों का मत था कि अजमेर-मेरवाड़ा में कई वर्षों से ब्रिटिश-भारतीय पद्धति पर आधारित प्रशासनिक व्यवस्था रही है ऐतिहासिक रूप से यह सदैव पृथक प्रान्त रहा है राजस्थान का प्रशासन फिलहाल प्राथमिक स्तर पर है जब तक राजस्थान का प्रशासन संतोषजनक स्थिति में नहीं पहुँच जाता तब तक विलय जनहित के विरुद्ध होगा।

7. आयंगर के अनुसार 'इस बात में संदेह नहीं था कि राजस्थान का प्रशासन अत्यन्त प्राथमिक स्तर पर था। उन्होंने जयपुर मुख्यालय में नियुक्त भारत सरकार के अधिकारियों से भी बात की थी। स्वयं हीरालाल शास्त्री ने आयंगर के समक्ष स्वीकार किया था कि राज्य के अधिकांश भागों में एक सुस्थापित प्रशासन का अभाव था। अजमेर के पुलिस सुप्रिन्टेंडेन्ट ने आयंगर को बताया कि गत् कुछ महिनों से उसके क्षेत्राधिकार में मात्र एक डकैती हुई किन्तु किशनगढ़ के आस-पास तथा राजस्थान के अन्य भागों में लगभग 50 डकैतियाँ हो चुकी हैं। जब आयंगर ने जयपुर में सम्बन्धित अधिकारी से इस संदर्भ में बातचीत की तो उसने जवाब दिया कि उसके पास कोई सूचना नहीं है और न ही सूचना प्राप्त करने के कोई साधन उपलब्ध हैं। ऐसी परिस्थिति में अजमेर के लोगों की दृष्टि से इस तथ्य से इंकार नहीं किया जा सकता कि विलय का अर्थ है उस प्रशासन के तहत आना जो अजमेर की तुलना में निम्न स्तर का था।

इस यात्रा के बाद आयंगर ने स्टेटस् मंत्रालय के सलाहकार से इस संदर्भ में विचार-विमर्श किया और दोनों ने यह निष्कर्ष निकाला कि 'अजमेर के राजस्थान में विलय का प्रश्न अभी अपरिपक्व है और इस मामले पर तब तक कोई निर्णय नहीं लिया जाना चाहिए जब तक कि राजस्थान का प्रशासन संतोषजनक स्थिति में नहीं पहुँच जाता।' आयंगर ने गृह मंत्रालय में भी बात की, गृह मंत्री सरदार पटेल भी उनकी राय से सहमत थे। अतः उन्होंने पटेल को सुझाव दिया कि वे संसदीय वाद-विवाद के माध्यम से शीघ्रातिशीघ्र राजस्थान व अजमेर की जनता को अपने निर्णय से सूचित कर दें।'[6]

विलय का स्थगन और अजमेर पार्ट 'सी' स्टेट बनना—इस प्रकार विलय के पक्ष में प्रबल जनभावना के बावजूद केन्द्र सरकार द्वारा इस प्रश्न पर लिए जाने वाले निर्णय को स्थगित कर दिया गया। इस स्थगन के बाद विलय के प्रश्न पर प्रान्तीय कांग्रेस के मत में परिवर्तन आया। अब तक जो कांग्रेस विलय की प्रबल समर्थक थीं उसने अब राजस्थान में व्याप्त प्रशासनिक अव्यवस्था के नाम पर विलय का विरोध प्रारम्भ कर दिया। वर्ष 1951 में

'पार्ट 'सी' स्टेट विधेयक' के आ जाने पर जब अजमेर को पार्ट 'सी' स्टेट बना दिया गया तो अजमेर क्षेत्र को राजस्थान से अलग रहते हुए भी उत्तरदायी लोकतांत्रिक सरकार मिलने की संभावनाएँ प्रबल हो गईं अतः अजमेर प्रान्तीय कांग्रेस स्पष्ट रूप से विलय विरोधी खेंमे में आ खड़ी हुई। पार्ट 'सी' स्टेट के संवैधानिक व प्रशासनिक ढाँचे में राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं की आसानी से पूर्ति का सुनिश्चित हो जाना भी प्रान्तीय कांग्रेस के मत परिवर्तन का कारण रहा होगा। समकालीन समाचार पत्रों से भी ऐसा ही संकेत मिलता है। दिनांक 28 मार्च 1951 के 'वीर राजस्थान' के अंक के अनुसार 'समझ में नहीं आता कि प्रान्तीय कांग्रेस राजस्थान में अजमेर के विलय का विरोध क्यों कर रही हैं जबकि अजमेर की जनता विलय के पक्ष में है तथा भारत सरकार भी देर सवेर राजस्थान में अजमेर के विलय की अपनी इच्छा की घोषणा कर चुकी है।'[7]

दिनांक 2 अप्रेल 1951 के अंक में 'राष्ट्रवाणी' ने लिखा कि प्रान्तीय कांग्रेस समिति के अध्यक्ष बी.के. कौल ने दिल्ली में एक पत्रकार के प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा 'भारत सरकार की राजस्थान में अजमेर के विलय की घोषणा, वर्तमान परिस्थितियों में अजमेर के लिए मृत्यु की घोषणा के समान है।'[8] दैनिक नवज्योति ने अपने 6 मई 1951 के अंक में कांग्रेस के प्रान्तीय नेताओं पर स्वार्थी होने का आरोप लगाते हुए यहाँ तक लिख दिया कि 'राजस्थान में मंत्रालय का गठन हो चुका है और यदि अजमेर को बिना विलम्ब किए राजस्थान में विलीन कर दिया जाए तो सभी समस्याएँ सुलझ जाएगी। शर्म की बात है कि हमारे कुछ नेता निजी स्वार्थ तथा मंत्री पद की चाह के कारण अजमेर को राजस्थान से अलग रखने का प्रयास कर रहे है।'[9]

प्रान्तीय कांग्रेस के विलय के विरुद्ध हो जाने के बावजूद प्रान्त के अन्य जनसंगठन अब भी इस प्रश्न पर विचार-विमर्श कर रहे थे व अपनी स्वतंत्र राय प्रकट कर रहे थे, अर्थात् विलय के प्रश्न को लेकर आमजन में सहमति न थी। उदाहरणार्थ 13 जून 1951 को ब्यावर म्युनिसिपैलिटी ने तत्काल अजमेर को राजस्थान में मिलाने का प्रस्ताव रखा। ब्यावर की व्यापारिक संस्थाओं ने एक प्रस्ताव द्वारा यह मांग की कि अजमेर को शीघ्र राजस्थान में मिलना चाहिए, क्योंकि इसके बिना ब्यावर, जो राजपूताने में ऊन व कपड़े की सबसे बड़ी मंडी है, को बहुत नुकसान हो रहा है व रूई प्राप्त करने तथा ऊन लाने ले जाने में बड़ी समस्या उठानी पड़ती है। चारों तरफ से राजस्थान से घिरे होने के कारण माल लाने व ले जाने के लिए चुंगी देनी पड़ती है।[10]

10 जुलाई 1951 को हरबिलास शारदा के सभापतित्व में ब्यावर के गांधी भवन में 'अजमेर राजस्थान विलीनीकरण सर्वदल सम्मेलन' का आयोजन हुआ, जिसमें ब्यावर के प्रमुख व्यापारी, अजमेर के प्रायः सभी पत्रकार, कुछ वकील, आसपास के ठाकुर, ग्रामीण कृषक आदि शामिल हुए। रामनारायण चौधरी, चांदकरण शारदा आदि विलय के पक्ष में बोले किन्तु किशन लाल लामरौर व प्रो. दत्तात्रे बोबले ने इसके विपक्ष में विचार प्रकट किए।[11] 15 जुलाई 1951 को 30 प्रान्तीय तथा स्थानीय संस्थाओं यथा किसान सभा, जिला बोर्ड, म्युनिसिपल कमेटी, समाजवादी पार्टी आदि के प्रतिनिधियों ने ब्रह्मदत्त भार्गव की अध्यक्षता में सभा की उनमें से कुछ वक्ताओं ने अजमेर के राजस्थान में विलय के पक्ष में अपने विचार प्रकट किए तो कुछ विलय से होने वाली हानियों पर बोले।[12]

इसी बीच 16 सितम्बर 1951 को भारतीय संसद द्वारा 'पार्ट 'सी' स्टेट्स् एक्ट' पारित कर दिया गया जिसके तहत अजमेर-मेरवाड़ा क्षेत्र पार्ट 'सी' राज्य बन गया और यहाँ निर्वाचित विधानसभा का गठन हुआ, यद्यपि संविधान सभा की समिति में अजमेर के प्रतिनिधियों ने यह विचार व्यक्त किया था कि 'क्षेत्र के आकार का छोटा होना, भौगोलिक अवस्थिति, संसाधनों की कमी जैसी विशेष समस्याएँ, कई जटिल प्रकृति की प्रशासनिक कठिनाईयों के साथ मिलकर इन क्षेत्रों को समीपस्थ क्षेत्रों में मिलाने की आवश्यकता उत्पन्न कर देंगी।'[13]

पार्ट 'सी' स्टेट विधेयक के पारित होने पर राजस्थान के तत्कालीन मुख्यमंत्री जयनारायण व्यास ने इस विषय पर अपनी चिन्ता प्रकट की। अजमेर क्षेत्र के बारे में व्यास की भावनाओं को यहाँ उद्धृत करना उचित होगा, जो उन्होंने भारत सरकार के राज्य मंत्री गोपालास्वामी आयंगर को दिनांक 17 सितम्बर 1951 को लिखे अपने पत्र में व्यक्त की थीं।

'............इसी प्रकार प्रबल भावना थी कि बदली हुई परिस्थितियों में राजस्थान का अभिन्न अंग होने के अतिरिक्त अजमेर राज्य का कोई भविष्य नहीं। सामान्य रूप से मैं इस प्रश्न को अभी नहीं उठाता और प्रशासनिक और भौगोलिक बाध्यताओं के चलते स्वाभाविक रूप से ही अजमेर का राजस्थान में विलय होने देता। किन्तु संसद में 'पार्ट 'सी' स्टेट' विधेयक के पारित होने से इस समस्या ने आपात रूप ग्रहण कर लिया है। भाषायी, सांस्कृतिक, जातीय तथा भौगोलिक रूप से एक-दूसरे के भीतर स्थित तथा चारों ओर से दूसरे राज्यों से घिरे हुए किन्तु पूर्णतः पृथक एवम् स्वायत्त प्रशासनिक इकाई के अस्तित्व का औचित्य सिद्ध करना कठिन है। वित्तीय रूप से यह राज्य अपने

सीमित संसाधनों के साथ, जैसा कि आप भी सहमत होंगे संसदीय सरकार के व्यापक तथा खर्चीले उपकरणों को बनाए रखने में असमर्थ है। किन्तु इस बात से इन्कार नहीं किया जा सकता कि लोकतांत्रिक व उत्तरदायी प्रशासनिक मशीनरी के परिलाभ अजमेर क्षेत्र के निवासियों को भी अवश्य मिलने चाहिए। राजस्थान की ही भाँति अजमेर में भी जनमत विलय के पक्ष में है। इस मामले पर हाल ही में मैंने ओर मेरे सहयोगियों ने केबिनेट में विचार किया है और हम इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि इस बारे में हमारी भावनाएं भारत सरकार तक पहुंचायी जाएं। मैं यहां राजस्थान की मंत्रिपरिषद् द्वारा पारित प्रस्ताव की प्रति साथ भेज रहा हूँ।'[14] अन्त में व्यास ने आशा व्यक्त की कि सिरोही और अजमेर दोनों मामलों में राजस्थान सरकार के मत को आयंगर तथा भारत सरकार का पूर्ण समर्थन प्राप्त होगा।

व्यास के इस पत्र का जवाब देते हुए भारत सरकार के स्टेटस् मंत्रालय के सचिव वी.शंकर ने कहा कि 'संसद में हुए वाद-विवाद में माननीय राज्यमंत्री ने अजमेर के मामले में स्पष्ट किया कि विधानसभा तथा मंत्रिपरिषद की स्थापना का यह अर्थ नहीं कि हमने अजमेर, भोपाल, कुर्ग जैसे छोटे राज्यों को पड़ौसी राज्यों में विलीन करने की संभावना को नकार दिया गया है और यह कि विलय के प्रश्न पर गंभीरता से विचार किया जाएगा।'[15]

जयनारायण व्यास को वी.शंकर द्वारा भेजे गए उपर्युक्त जवाब से स्पष्ट है कि राजस्थान में अजमेर के विलय का विचार पूर्णतः त्यागा नहीं गया वरन् उसे स्थगित कर दिया गया। उल्लेखनीय है कि वर्ष 1948 से 1950 के मध्य जब राजपूताना की रियासतों का एकीकरण हो रहा था तब जनता व नेताओं के मध्य व्याप्त आम धारणा थी कि अजमेर क्षेत्र को राजस्थान में मिलाया जाना चाहिए तथा वह अनिवार्यतः राजस्थान में मिलाया ही जाएगा, उसके बावजूद वे क्या घटक थे जिनके कारण उस समय विलय नहीं हो पाया? यदि राजनीतिक स्थिति का विश्लेषण करें तो निम्नलिखित चार प्रमुख घटक इसके लिए उत्तरदायी प्रतीत होते हैं—

1. रियासती राज्यों के विलय व एकीकरण की प्रक्रिया में नेताओं की अतिव्यस्तता, जो उभरते हुए नवीन राजनीतिक परिदृश्य में अपना स्थान सुनिश्चित कर लेना चाहते थे।
2. राजस्थान में कांग्रेस के मध्य अन्तःसंघर्ष था। इसके अलावा जयनारायण व्यास तथा सरदार पटेल के मध्य अच्छे सम्बन्ध नहीं थे जबकि अजमेर-मेरवाड़ा के नेताओं के केन्द्रीय नेताओं से अच्छे सम्बन्ध थे तथा प्रान्तीय

कांग्रेस का नेतृत्व सशक्त था। हरिभाऊ उपाध्याय के शब्दों को पर्याप्त महत्व दिया जाता था और जब तक वे सहमत न होते तब तक विलय करना कठिन था।

3. राजस्थान में राजनीतिक अस्थिरता का वातावरण था, जल्दी-जल्दी तथा बार-बार मंत्रिपरिषदों में परिवर्तन हो रहा था। अतः मंत्रिपरिषदों की अस्थिरता के कारण कोई सशक्त कदम नहीं उठाया जा सका। 7 अप्रेल 1949 को भारत सरकार के मिनिस्ट्री ऑफ स्टेट्स के परामर्श पर संयुक्त राज्य राजस्थान के लिए पं. हीरालाल शास्त्री के नेतृत्व में मंत्रिपरिषद का गठन हुआ किन्तु मंत्रिपरिषद व कांग्रेस पार्टी के मध्य मतभेद के कारण 11 जून 1949 को राजस्थान प्रान्तीय कांग्रेस समिति द्वारा मंत्रिपरिषद के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव पारित कर दिया गया तथापि 5 जनवरी 1951 तक यही मंत्रिपरिषद कार्य करती रही। तत्पश्चात् सी.एस. वैंकटाचारी, आई.सी.एस. ने मुख्यमंत्री का पद संभाला। 26 अप्रेल 1951 तक यह व्यवस्था चलती रही। फिर जयनारायण व्यास ने राजस्थान के मुख्यमंत्री का पद ग्रहण किया। सन् 1952 में हुए आम चुनावों तक व्यास मुख्यमंत्री रहे। चुनावों के बाद 3 मार्च 1952 को टीकाराम पालीवाल मुख्यमंत्री बने। इस प्रकार लगभग 34 माह में तीन मंत्रिपरिषदों का गठन हुआ जिनमें से प्रत्येक ने औसत 11 माह काम किया। इतनी अस्थिरता के बीच वे अजमेर-मेरवाड़ा के प्रश्न पर कोई सशक्त कदम नहीं उठा पाए।

4. अजमेर-मेरवाड़ा की भौगोलिक अवस्थिति ने केन्द्र तथा राजस्थान के नेताओं को निश्चिन्त कर रखा था क्योंकि उन्हें पूर्ण विश्वास था कि अल्प संसाधनों वाला यह छोटा सा क्षेत्र, जो कि ठीक राजस्थान के केन्द्र में स्थित है तथा चारों ओर से राजस्थान से घिरा हुआ है, लम्बे समय तक राजस्थान से अलग नहीं रहेगा तथा अन्ततः राजस्थान में मिला लिया जाएगा। अन्ततः उन्होंने विलय के लिए जल्दबाजी करने व दबाव बनाने की अपेक्षा प्रतीक्षा करना उचित समझा।

विलय के लिए पुनः प्रयास (1952–56 ई.)

सन् 1952 के आम चुनावों के बाद अजमेर में हरिभाऊ उपाध्याय के मुख्यमंत्रीत्व में जननिर्वाचित उत्तरदायी सरकार का गठन हुआ। देश के प्रधानमंत्री पं. नेहरू ने वर्ष 1953 में संसद में घोषणा की कि भारत संघ के राज्यों के पुनर्गठन के प्रश्न का परीक्षण करने के लिए एक आयोग गठित किया जाएगा

ताकि राष्ट्र तथा इकाइयों की जनता के कल्याण को सुनिश्चित किया जा सके। फलतः 29 दिसम्बर 1953 को गृह मंत्रालय द्वारा राज्य पुनर्गठन आयोग की नियुक्ति की गई जिसे 30 जून 1955 तक अपनी सिफारिशें भारत सरकार को प्रेषित करनी थीं।[16] कालान्तर में यह तिथि बढ़ाकर 30 सितम्बर 1955 कर दी गई।[17]

दिनांक 23 फरवरी 1954 की अधिसूचना के माध्यम से आयोग ने जनता से सुझाव मांगे और राज्यों की सरकारों को सूचना भेजी कि वे 24 अप्रेल 1954 तक अपना पक्ष प्रस्तुत करें।[18] अतः राजस्थान तथा अजमेर दोनों राज्यों की सरकारों ने निम्नलिखित दावे तथा प्रतिदावे प्रस्तुत किए:

राजस्थान सरकार का दावा

राजस्थान सरकार ने कुछ क्षेत्रों पर दावा करने तथा अन्य राज्यों द्वारा राजस्थान के क्षेत्रों पर किए गए दावों का प्रत्युत्तर देने के लिए एक राज्य पुनर्गठन समिति का गठन किया। राजस्थान सरकार ने अजमेर राज्य और पूर्व सिरोही राज्य के आबू क्षेत्र, आबू रोड आदि पर दावा करने के अलावा मध्य भारत, पंजाब तथा पेप्सू (पटियाला एण्ड द ईस्ट पंजाब स्टेट्स यूनियन के कुछ भागों पर भी दावा किया।[19]

राजस्थान सरकार ने राज्य पुनर्गठन आयोग के समक्ष अपना पक्ष प्रस्तुत करते हुए, अजमेर के राजस्थान में विलय के पक्ष में अग्रांकित तर्क दिए)[20]

1. अजमेर क्षेत्र, भौगोलिक, जातीय तथा भाषायी रूप से राजस्थान का अभिन्न अंग है। ब्रिटिश शासन काल में राजनीतिक उद्देश्यों से यह अनिवार्य माना गया कि इस छोटे किन्तु रणनीतिक महत्व वाले क्षेत्र को अपने अधिकार में रखा जाए और यह सीधे केन्द्र द्वारा प्रशासित हो ताकि राजस्थान पर ब्रिटिश अधिसत्ता पर कोई आंच न आ सके।

   राजस्थान के गठन तक अजमेर कई राज्यों से घिरा रहा। तत्पश्चात् परिस्थितियाँ पूर्णतः बदल गई। अजमेर अब एक द्वीप की भाँति है और चारों ओर से राजस्थान से घिरा हुआ है। अजमेर को घेरे हुए राजस्थान के क्षेत्रों की जनसंख्या की परम्पराओं, रीति-रिवाजों, भाषा, संस्कृति व आदतों में बहुत कम अन्तर है। राजस्थान राज्य से गुजरे बिना अजमेर का शेष भारत से सम्पर्क रखना असंभव है। पार्ट 'सी' राज्य की तुलना में, पार्ट 'बी' राज्य के रूप में राजस्थान के लिए संविधान में अधिक प्रगतिशील और लोकतांत्रिक प्रशासनिक ढाँचे की व्यवस्था की गई है।

अजमेर-मेरवाड़ा क्षेत्र पर प्रत्यक्ष नियंत्रण रखने की अनिवार्यता के पीछे निहित रणनीतिक वैचारिक आधार, जो ब्रिटिश काल में बहुत महत्व रखते थे, वे आज अप्रासंगिक हो गए हैं और इस प्रकार वर्तमान में अजमेर राज्य को एक पृथक प्रशासनिक इकाई बनाए रखने का कोई औचित्य नहीं।

2. संसदीय सरकार पर आधारित विशाल लोकतांत्रिक प्रशासनिक मशीनरी के निर्माण तथा रखरखाव पर होने वाले व्यय को वहन करना अजमेर जैसे—छोटे आकार, कम जनसंख्या, अल्प राजस्व वाले क्षेत्र के संसाधनों की सीमा से बाहर है। यह मानने के कई कारण हैं कि अजमेर की जनसंख्या का बहुमत भी एक ऐसी व्यवस्था के पक्ष में होगा जो उनके संसाधनों का अत्यधिक शोषण किए बिना ही उनके लिए उत्तरदायी संसदीय सरकार के लाभ सुनिश्चित कर सके। इस प्रकार अजमेर क्षेत्र को लोकतांत्रिक प्रशासन देने का उद्देश्य इसे राजस्थान में विलीन कर के अच्छे प्रकार से प्राप्त किया जा सकता है।

3. ऐसा माना जाता है कि उपर्युक्त वक्तव्यों को प्रमाणित करने के लिए कोई तथ्य व आंकड़े प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं है। कोई भी व्यक्ति, जिसे अजमेर की जानकारी है, वह इसे स्वयं सिद्ध रूप में लेगा। यह विश्वास किया जाता है कि आयोग इन तथ्यों को ध्यान में रखेगा। अजमेर के पुराने गजैटियर्स तथा सेटलमेन्ट रिपोर्ट्स आदि भी इन सुझावों की सत्यता की व्याख्या करते हैं और यदि आवश्यक हुआ तो प्रमाण भी उपलब्ध करवा दिए जाएगें। अजमेर को राजस्थान में विलीन करने को लिए जो मुख्य कारण दिए गए, वे इस प्रकार थे:[21]

(i) कोई प्राकृतिक बाधा दोनों राज्यों को पृथक नहीं करती, सीमाएँ कृत्रिम हैं।

(ii) वर्षा स्तर, जलवायु, मिट्टी, वनस्पति आदि की दृष्टि से अजमेर शेष राजस्थान से समानता रखता है।

(iii) अजमेर तथा राजस्थान दोनों राज्यों के निवासियों की संस्कृति, परम्पराऐं, भाषा, खान-पान, पहनावा, त्यौहार, आदतें, विश्वास तथा अंधविश्वास आदि समान हैं।

(iv) काननू एवं व्यवस्था के बनाए रखने की दृष्टि से भी अजमेर व राजस्थान पर एक प्रशासनिक नियंत्रण की स्थापना अनिवार्य है। अरावली में हाल में घटी डकैती की घटनाओं से यही निष्कर्ष निकलता है। पाली, भीलवाड़ा, उदयपुर में डाके डालने के बाद

डकैत अजमेर राज्य में चले जाते हैं अथवा अजमेर में अपराध करके इन क्षेत्रों में आ जाते हैं, प्रशासनिक कठिनाईयों के कारण राजस्थान पुलिस या अजमेर पुलिस कुछ नहीं कर पाती।

इन सभी तर्कों के आधार पर राजस्थान सरकार ने निष्कर्ष निकाला कि 2417 वर्गमील के छोटे क्षेत्रफल तथा मात्र सात लाख की जनसंख्या वाले अजमेर राज्य को राजस्थान में विलीन कर दिया जाए। अजमेर को पृथक राज्य बनाए रखना भारत सरकार की जीवन-क्षमता से रहित राजनीतिक इकाइयों (नॉन वायेबल यूनिट्स) को समाप्त करने की घोषित नीति के भी विरुद्ध है।

अजमेर सरकार का प्रत्युत्तर

राज्य पुनर्गठन आयोग के समक्ष अजमेर राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत मेमोरेण्डम में विलय के विरुद्ध कई तर्क प्रस्तुत किए गए।

अजमेर सरकार का कहना था कि 'कुछ समय से राजस्थान में अजमेर के विलय की चर्चा जोरों पर है। यह दावा नहीं किया जा सकता कि विलय से इस क्षेत्र के लोगों को लाभ होगा अथवा विलय प्रशासनिक कुशलता के लिए किया जा रहा है। इसके विपरीत सामान्य रूप से यह स्वीकार किया जाता है कि इस प्रकार का परिवर्तन विकेन्द्रीकरण की प्रक्रिया के विपरीत होगा तथा अजमेर को राजस्थान का एक जिला बनाने से यहाँ की जनता के भौतिक कल्याण पर बुरा प्रभाव पड़ेगा।'22 प्रशासनिक कुशलता के प्रश्न पर अजमेर सरकार का पक्ष था कि बिना किसी विरोधाभास के यह कहा जा सकता है कि अजमेर प्रशासन निश्चित रूप से पड़ौसी राज्यों से उच्च स्तर का है। अकाउन्ट्स कमेटी द्वारा राजस्थान सरकार के विविध विभागों की कार्यप्रणाली के संदर्भ में किया गया खुलासा इस बात का प्रमाण है 'हर विभाग बड़ी मात्रा में धन व्यय करने किन्तु उचित प्रकार से लेखा विवरण न रखने के कारण कड़ी आलोचना का पात्र है। वित्त विभाग अपने कर्त्तव्यों के निर्वहन में असफल रहा है...'[23] जब वित्तीय मामलों में कुशलता की यह हालत है तब अन्य विभागों से अधिक कार्यकुशलता की अपेक्षा नहीं की जा सकती। स्पष्ट शब्दों में विलय के पक्ष में दिए जाने वाले अधिकांश तर्क जनकल्याण या प्रशासनिक कार्यकुशलता में सुधार के संदर्भ में कोई प्रासंगिकता नहीं रखते हैं।

विलय के पक्ष में दिए जाने वाले विविध तर्कों में से दो पर सर्वाधिक बल दिया जा रहा था। प्रथम, कि अजमेर राज्य जनसंख्या व क्षेत्रफल की दृष्टि से इतना छोटा है कि इसके पृथक अस्तित्व का औचित्य सिद्ध नहीं किया जा

सकता। द्वितीय, यह एक घाटेवाला राज्य है, इसका पृथक अस्तित्व शेष राष्ट्र पर भार है।

अजमेर राज्य के छोटे आकार के तर्क के विरुद्ध अजमेर सरकार का कहना था कि यह तर्क स्वीकार्य नहीं है। भारत का संविधान विकेन्द्रीकरण तथा लघु प्रशासनिक इकाइयों के पक्ष में हैं जैसा कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 20 से स्पष्ट है कि 'राज्य को ग्राम पंचायतों के गठन के लिए प्रयास करने चाहिए तथा उन्हें वे शक्तियाँ व अधिकार प्रदान करने चाहिए कि वे स्वशासन की इकाइयों की तरह कार्य कर सकें।' दूसरे शब्दों में सत्ता का विकेन्द्रीकरण होना चाहिए। सत्ता तथा उत्तरदायित्व के विकेन्द्रीकरण की सिफारिश योजना आयोग द्वारा भी की गईं। आयोग कहता है कि 'लोकतांत्रिक योजना निर्माण, सत्ता और उत्तरदायित्व के पर्याप्त विकेन्द्रीकरण के साथ नीतिगत एकता की मांग करता है।'[24]

अजमेर सरकार का मत था कि यद्यपि वर्तमान में बड़ी प्रशासनिक इकाईयों के गठन की प्रवृत्ति है परंतु इस सिद्धान्त के समर्थक अभी तक यह निश्चित नहीं कर पाए हैं कि इकाई का अधिकतम आकार क्या हो? यदि यह स्वीकार कर लिया जाए कि इकाई के आकार के अनुपात में कार्यकुशलता में भी वृद्धि होगी तो सारे देश को एक प्रशासनिक इकाई के रूप में संगठित कर दिया जाना चाहिए किन्तु इससे निरकुंशता का मार्ग प्रशस्त होगा।

जहाँ भी लोकतंत्र फला-फूला है, वहाँ हम एक संघीय प्रशासन के अधीन बहुत से राज्य देखते हैं। उदाहरणार्थ संयुक्त राज्य अमेरिका, जिसकी जनसंख्या भारत से आधी है, में 48 राज्य हैं। स्विट्जरलैण्ड जो लोकतंत्र का घर है, में भी 16000 वर्गमील क्षेत्र व लगभग 50 लाख जनसंख्या के बावजूद 22 केन्टन है। जनता के अधिकारों की रक्षा और जनता द्वारा जनता के लिए, जनता पर शासन को एक वास्तविकता बनाने के लिए आवश्यक प्रतीत होता है कि भारत में हर राज्य उतना छोटा हो, जितना कि संभव है तथा आत्म निर्भर हो।

अजमेर राज्य की वित्तीय स्थिति को भी उसके पृथक अस्त्विव के विरुद्ध एक तर्क रूप में प्रस्तुत किया जाता था। बार-बार कहा जाता था कि 'अजमेर एक घाटे का प्रान्त है, केन्द्र द्वारा पोषित शिशु है। इसका पृथक अस्तित्व एक उत्तरदायित्व है इसलिए जितना जल्दी हो इसे राजस्थान में विलीन कर दिया जाना श्रेष्ठ होगा।' इस तर्क के प्रत्युत्तर में अजमेर सरकार ने कहा 'यह स्पष्ट नहीं है कि मात्र इस या उस राज्य में विलीन हो जाने से घाटे का यह क्षेत्र लाभ के क्षेत्र में किस प्रकार परिवर्तित हो जाएगा। इसके अलावा इस प्रकार तो घाटे के

इस क्षेत्र का स्थानान्तरण केन्द्र के चौड़े तथा मजबूत कंधों से राजस्थान के कमजोर कंधों पर चला जाएगा। यह लोक वित्त के सामान्य सिद्धान्तों के खिलाफ है। यह भी आश्चर्यजनक है कि राजस्थान इस घाटे वाले क्षेत्र को प्राप्त करने में इतनी रुचि क्यों दर्शा रहा है? इस उदार संकेत का क्या कारण हो सकता है?'[25]

अजमेर की कमजोर वित्तीय स्थिति के बारे में वस्तुस्थिति को स्पष्ट करते हुए अजमेर सरकार द्वारा अंग्राकित बिन्दु उठाए गए :

1. प्रायः सभी पार्ट-ए राज्य आयकर के रूप में जितनी राशि केन्द्र को जमा करवाते हैं उससे कई गुणा अधिक राशि वापस प्राप्त करते हैं।[26] यदि केन्द्र राज्यों को आयकर से मिलने वाले अंश का भुगतान रोक दे तो प्रायः सभी राज्य घाटे का बजट पेश करेंगे।[27]
2. वर्ष 1951-52 का अजमेर राज्य का बजट दर्शाता है कि इस वर्ष अजमेर को प्राप्त राजस्व 51 लाख रुपये था। किन्तु आश्चर्यजनक रूप से आयकर, जो अन्य राज्यों में राजस्व का महत्वपूर्ण स्रोत है, बजट में उसका कोई आंकड़ा शामिल नहीं था। वस्तुतः यह राज्य आयकर में से कोई अंश प्राप्त नहीं करता जबकि यहाँ के लोग अपनी जनसंख्या तथा क्षेत्र के आर्थिक विकास के स्तर के अनुपात में एक बड़ी राशि आयकर के रूप में देते हैं। यदि अजमेर को भी केन्द्र सरकार से देश के संयुक्त आयकर कोष से एक अंश प्राप्त हो, तो उसे केन्द्र से सहायक अनुदानों की मांग करने की आवश्यकता नहीं रहेगी।[28]

निम्नलिखित तालिका से आयकर के संयुक्त कोष में जमा होने वाली राशि और उसमें से राज्यों को प्राप्त होने वाले अंश की स्थिति स्पष्ट होती है।[29]

वर्ष 1950-51 में राज्यों द्वारा एकत्र कुल आयकर तथा राज्यों को संयुक्त आयकर कोष से प्राप्त अंश

राज्य	कुल एकत्र आयकर	केन्द्र के संयुक्त आयकर कोष से प्राप्त अंश (रुपये)
बिहार	2,96,48,971	5,87,13,000
मध्यप्रदेश	2,70,17,825	2,81,82,000
उड़िसा	68,34,773	1,40,91,000
अजमेर	28,29,787	शून्य

उपर्युक्त आंकड़े दर्शाते हैं कि उड़ीसा व बिहार राज्य द्वारा केन्द्र को प्रदत्त आयकर तथा केन्द्र से प्राप्त आयकर अंश के मध्य 1 : 2 का अनुपात रहता है जबकि अजमेर को आयकर अंश के रूप में कुछ प्राप्त नहीं होता। उपर्युक्त अनुपात के अनुरूप अजमेर केन्द्र से आयकर अंश के रूप में 57 लाख रुपये का वैध दावा कर सकता है।

इसी भाँति अजमेर सरकार का कहना था कि 'केन्द्रीय आबकारी शुल्क में से भी अधिंकाश राज्यों को अपना हिस्सा मिलता है किन्तु अजमेर को कुछ नहीं मिलता जबकि वह केन्द्रीय आबकारी शुल्क के रूप में लगभग 11 लाख रुपये जमा करवाता है अर्थात् यदि वह उदारता जो केन्द्र द्वारा पार्ट 'ए' राज्यों के प्रति दर्शायी जाती है, अजमेर के प्रति भी दर्शायी जाए तो इसका राजस्व में 11 लाख की अतिरिक्त वृद्धि होगी।'

अजमेर राज्य विधानसभा द्वारा पारित 'राज्य बिक्री कर अधिनियम' लागू होने पर राज्य के कुल राजस्व में 14 लाख रुपये की वृद्धि होगी। इसी प्रकार इस्तेमरारदार व जागीरदार जैसे मध्यस्थों की समाप्ति से राजस्व में 15 लाख रुपये की वृद्धि होगी।

इन अतिरिक्त राजस्वों को मिलाकर तब राज्य का कुल राजस्व 51 लाख रुपये से बढ़कर 148 लाख रुपये हो जाएगा।[30]

वर्ष 1951-52 में राज्य का कुल वार्षिक व्यय 149 लाख रुपये था। व्यय का सबसे बड़ा मद था शिक्षा, जिस पर बजट का 40 प्रतिशत व्यय किया गया। नि:संदेह यह एक बुद्धिमत्तापूर्ण व्यय था किन्तु उल्लेखनीय है कि अजमेर राज्य द्वारा शिक्षा पर व्यय किया गया प्रतिशत कई पार्ट 'ए' व 'बी' राज्यों द्वारा शिक्षा पर व्यय के राशि-प्रतिशत की तुलना में अधिक है। यदि यह राज्य जनकल्याण की अपेक्षा अपने बजट को संतुलित करने पर अधिक ध्यान देता तो यह भी तथाकथित आत्मनिर्भर राज्य का उदाहरण होता। पुनश्च: अजमेर राज्य ने अधीनस्थ कर्मचारीवृन्द सम्बन्धी वेतन आयोग की समस्त सिफारिशों को भी अपने यहाँ लागू किया हुआ है जबकि किसी पार्ट 'ए' व 'बी' राज्य ने ऐसा नहीं किया। यदि अजमेर भी इन तथाकथित आत्मनिर्भर राज्यों का अनुसरण करता तो अपने वार्षिक व्यय में कमी कर सकता था।

इस प्रकार अजमेर राज्य सरकार का कहना था कि यदि अजमेर राज्य अपनी शिक्षा योजनाओं में अधिक महत्वाकांक्षी न होता और उपर्युक्त वर्णित प्रकार से व्यय में कमी करता तथा उसे अन्य राज्यों की भाँति केन्द्र के संयुक्त

कोष से उचित अंश प्राप्त होते तो वह अपने वार्षिक व्यय में कमी तथा वार्षिक राजस्व में वृद्धि कर के अधिशेष बजट प्रस्तुत कर सकता था।

इसके अलावा खनिज सम्पदा से, जिसका अब तक दोहन नहीं हुआ है और 'नॉन टैक्स रेवेन्यू' से भी राज्य की आय में वृद्धि की जा सकती है। राज्यीय वाणिज्यिक उद्यमों के लिए भी यहाँ पर्याप्त अवसर हैं।

उपर्युक्त वर्णन से स्पष्ट है कि अजमेर राज्य भी वित्तीय दृष्टि से आत्मनिर्भर व सशक्त इकाई होता यदि इसके साथ भी पार्ट 'ए' राज्यों की तरह व्यवहार किया जाता। अतः अजमेर को एक घाटे का राज्य मानना भ्रामक है तथा तथ्यों पर आधारित नहीं है।[31]

विलय के पक्ष में दिए जाने वाले दो प्रधान तर्कों का उपर्युक्त प्रत्युत्तर देने के बाद अजमेर राज्य सरकार ने विलय के विपक्ष में अपने अग्रांकित तर्क प्रस्तुत किए :

1. राजस्थान के साथ विलय होने पर यदि इस क्षेत्र के विकास की उपेक्षा हुई तो यहाँ के लोगों में असंतोष उत्पन्न होगा और यदि राजस्थान के एक जिले के रूप में इसे विशेष सुविधाएँ प्रदान की गईं तो अन्य जिलों का असंतुष्ट होना स्वाभाविक है।[32]
2. राजस्थान के विशाल आकार पर टिप्पणी करते हुए 1951 की जनगणना रिपोर्ट में कहा गया था कि इस क्षेत्र का विस्तृत आकार प्रशासनिक व राजनीतिक कठिनाइयाँ उत्पन्न करता है। प्रायः यह माना जाता है कि आकार में बड़े क्षेत्रों की तुलना में छोटे क्षेत्रों का प्रबन्धन आसानी से किया जा सकता है, वहाँ सामान्य सहमति पर आसानी से पहुँचा जा सकता है और योजनाओं को अधिक कुशलता के साथ लागू किया जा सकता है।[33] ये सारे भय काल्पनिक नहीं हैं वरन राजस्थान में हाल ही घटी घटनाओं से इनकी पुष्टि होती है। 22 अप्रेल 1954 को 'द स्टेट्स्मेन' ने अग्रांकित समाचार प्रकाशित किया : जोधपुर जिला कांग्रेस कार्यकारिणी की बैठक लगातार चार दिन तक जयपुर में मुख्यमंत्री निवास पर हुई। कार्यकारिणी ने यहाँ एक प्रस्ताव पारित किया जिसे प्रदेश कांग्रेस तथा अखिल भारतीय कांग्रेस समिति को भी भेजा गया। इसमें कहा गया कि 'इस संभाग के निवासी जो एकीकरण के बाद श्रेष्ठ आर्थिक जीवन की आशा करते थे, आज निराश व कुंठित हैं। वे अनुभव करते हैं कि उनका आर्थिक भाग्य उनके राज्य के राजस्थान में एकीकरण से नष्ट हो गया है। विभागों तथा विकास कार्यों के जयपुर तथा उदयपुर में

> केन्द्रीकरण ने 8000 वर्ग मील क्षेत्र और 4 मिलीयन जनसंख्या वाले इस क्षेत्र को ऐसी स्थिति में ला दिया है जिससे कांग्रेस संगठन के विरुद्ध अंसतोष उपजा है तथा प्रतिक्रियावादी तत्वों को प्रोत्साहन मिला।'[34]

राज्य पुनर्गठन आयोग को प्रेषित ज्ञापन के अन्त में अजमेर सरकार ने कहा कि 'इस तरह के मामले में जनकल्याण को ही अन्तिम निर्णयात्मक तत्व माना जाना चाहिए। यदि इसकी स्वायत्तता को नष्ट कर दिया गया तो अजमेर राज्य द्वारा जो स्वस्थ परम्पराएँ स्थापित की गईं हैं तथा जो जनकल्याणकारी योजनाएँ प्रारम्भ की गईं हैं, वे बुरी तरह प्रभावित होंगी।

'इस विचार को राज्य के लघु आकार अथवा वित्तीय आत्मनिर्भरता सम्बन्धी अपूर्ण व भ्रामक आंकड़ों पर आधारित किसी विपरीत प्रस्ताव से अधिक महत्व दिया जाना चाहिए। अजमेर का अपना महान इतिहास रहा है। हाल ही में अजमेर को प्राप्त नए प्रशासनिक अवसरों ने इस इतिहास में एक नवीन अध्याय की शुरूआत की है। राज्य को इन अवसरों का अधिकतम उपयोग करने दिया जाना चाहिए ताकि यहाँ की जनता का कल्याण सुनिश्चित हो सके और यह शेष भारत के लिए मिसाल बन सके।'[35]

राज्य पुनर्गठन आयोग द्वारा विलय की सिफारिश

राजस्थान तथा अजमेर राज्य सरकारों के अग्रवर्णित दावों-प्रतिदावों की पृष्ठभूमि में राज्य पुनर्गठन आयोग ने विलय के मामले की जांच की और यह माना कि पार्ट 'सी' राज्यों को 'रेवेन्यू गेप ग्रान्ट्स-इन-एड' के रूप में केन्द्र सरकार द्वारा निरन्तर वृद्धिशील रियायतें प्रदान की जाती है। वित्तीय दृष्टि से पार्ट 'सी' राज्यों में प्रगति बहुत धीमी रही है। दूसरी ओर इन राज्यों का कहना है कि इस धीमी प्रगति के लिए केन्द्र का गतिहीन बना देने वाला नियंत्रण उत्तरदायी है। किन्तु आयोग की रिपोर्ट में कहा गया कि पार्ट 'सी' राज्यों में पंचवर्षीय योजना की धीमी प्रगति के लिए केन्द्र सरकार का नियंत्रण उत्तरदायी नहीं है। यह भी कहा गया कि 'पार्ट 'सी' राज्यों में प्रशासनिक सेवाओं की उचित व्यवस्था नहीं है, जिसका मुख्य कारण यह है कि ये सेवाएँ इन राज्यों में अपर्याप्त अवसर प्रस्तुत करती है। बड़ी इकाईयाँ में इन राज्यों के विलय का एक लाभ उनकी प्रशासनिक व्यवस्था में सुधार होगा।[36]

'विलय को आवश्यक मानने का एक अन्य कारण है कि पार्ट 'सी' राज्य अधिकांश मामलों में अनियोजित एनक्लेव्स हैं, जिनके आस-पास के क्षेत्रों से घनिष्ठ आर्थिक सम्बन्ध हैं और इस प्रकार उनका विलय बड़ी योजनाओं के

क्रियान्वयन की दृष्टि से सुविधाजनक होगा।' आयोग द्वारा विलय का एक अन्य कारण यह बताया गया कि ये राज्य लोकतांत्रिक प्रयोग के क्षेत्र में इच्छित परिणाम प्राप्त करने में असफल रहे।[37]

अजमेर के विषय में आयोग की रिपोर्ट में कहा गया 'अजमेर, एक जिले वाला पार्ट 'सी' राज्य है जो चहुँ ओर से राजस्थान से घिरा हुआ है। अब तक वह ऐतिहासिक कारणों से अपना पृथक अस्तित्व बनाए रख सका। किसी बड़ी इकाई में इसके विलय की मांग सन् 1921 से चली आ रही हैं जब एशवर्थ समिति ने इस मांग की जांच की। यह तथ्य कि अजमेर राजस्थान में एक सुविधाजनक ब्रिटिश चौकी की तरह था और इसे तत्कालीन संयुक्त प्रान्त में भली-भाँति मिलाया नहीं जा सकता था, ब्रिटिश काल में इसके पृथक अस्तित्व का प्रधान कारण था।

'अजमेर भौगोलिक रूप से पृथक नहीं है और न ही अब प्रहरी की भूमिका निभा रहा है। इसलिए हम राजस्थान सरकार से सहमत हैं कि अजमेर तथा राजस्थान के मध्य स्थित भाषीय, सांस्कृतिक और भौगोलिक सम्बन्धों का सम्मान किया जाना चाहिए, और कुछ अन्य कारणों, उदाहरणार्थ-दोहरे नियंत्रण की समाप्ति से कानून तथा व्यवस्था की स्थिति में सुधार होगा, से अजमेर के विलय का प्रस्ताव औचित्यपूर्ण है। साथ ही यह भी याद रखना चाहिए कि 1947 में संविधान सभा द्वारा नियुक्त 'मुख्य आयुक्तों के प्रान्त पर आयोग' में अजमेर के प्रतिनिधियों ने स्वयं यह विचार दिया था कि निकट भविष्य में इस क्षेत्र को निकटस्थ इकाई में मिला दिया जाए।'[38]

उपर्युक्त वर्णित एवं राज्यों के पुनर्गठन सम्बन्धी अन्य सिफारिशों को भारत सरकार द्वारा स्वीकार कर लिया गया। तद्नुसार राज्य पुनर्गठन विधेयक का प्रारूप तैयार किया गया।

विलय का निर्णय और अजमेर की प्रतिक्रिया

'राज्य पुनर्गठन आयोग विधेयक', जिसमें अजमेर के राजस्थान में विलय का निर्णय समाहित था, पर अजमेर राज्य विधानसभा में हुई चर्चा विलय के निर्णय पर अजमेर राज्य की मन:स्थिति को भलीभाँति स्पष्ट करती है। वस्तुत: सामान्य रूप से इस निर्णय पर विवशतापूर्वक एवम् भविष्य के प्रति आशंकाओं से युक्त सहमति प्रदर्शित की गईं किन्तु आशावादिता व उत्साह का संचार करने का प्रयास करते हुए विलय को सकारात्मक रूप से स्वीकार करने पर भी बल दिया गया। इस विधेयक के प्रावधानों को स्वीकार करने सम्बन्धी प्रस्ताव को

सदन के सम्मुख प्रस्तुत करते हुए सदन के नेता तथा अजमेर राज्य के मुख्यमंत्री हरिभाऊ उपाध्याय ने कहा 'इस सदन ने अजमेर को एक पृथक राज्य बनाए रखने का प्रस्ताव पारित किया था। सदन द्वारा स्वीकृत इस प्रस्ताव के अनुसार मुख्यमंत्रियों के सम्मेलन में मैंने सारी स्थिति स्पष्ट कर दी थीं। फिर प्रान्तीय कांग्रेस समितियों के सम्मेलन में अजमेर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष मुकुट बिहारी लाल भार्गव ने भी इसी मत का पुरजोर समर्थन किया। हमने दृढ़ता के साथ अपना पक्ष रखा किन्तु फिर भी हमारी इच्छा तथा इसके समर्थन में प्रस्तुत तर्कों के बावजूद यदि भारत सरकार यह निर्णय करती है कि हमें राजस्थान में विलीन हो जाना चाहिए तो इस निर्णय का सम्पूर्ण उत्तरदायित्व सिर्फ उनका; भारत सरकार का होगा। हम चाहते हैं कि भारत सरकार के निर्णय के परिणामस्वरूप अजमेर की जनता को होने वाले नुकसान के संदर्भ में जो भय तथा संदेह हमारे मन में है उसका भार भी वे ही ग्रहण करें तथा प्रथमत: वे स्वयं आश्वस्त हों तथा अजमेर व राजस्थान की जनता को आश्वस्त करें कि विलय से दोनों को लाभ होगा।

'इन सब के बावजूद भी विलय की सिफारिश की गईं तथा इस प्रावधान के साथ, कि अजमेर को राजस्थान का अंग बना दिया जाए, इस विधेयक का प्रारूप तैयार किया गया। इन परिस्थितियों में हमारे पास राजस्थान में विलीन हो जाने के अतिरिक्त कोई अन्य विकल्प नहीं है। अत: मैं सदन से अपील करता हूँ कि जब हमें विलीन होना ही है तो क्या यह उचित नहीं होगा कि हम किसी पूर्वाग्रह के बिना विलीन हों। हमें आशा एवम् भाग्य में विश्वास के साथ विलय के निर्णय को स्वीकार करना चाहिए।

'...किन्तु इससे पूर्व कि हम राजस्थान में विलीन हो हमारे तथा भारत सरकार के लिए यह आवश्यक है कि यह सुनिश्चित कर लिया जाए कि विलय से अजमेर की जनता को कोई हानि नहीं पहुंचेगी। इसी साध्य को दृष्टिगत रखते हुए इस विधयेक को स्वीकार करने के प्रस्ताव में कुछ सुझाव दिए गए हैं।

'प्रस्ताव में दो मुख्य बाते हैं—प्रथम, कि हम विलय को स्वीकार करते हैं तथा द्वितीय, कि विलय के परिणामस्वरूप अजमेर की जनता को किसी प्रकार की कोई क्षति नहीं होनी चाहिए। इसके लिए हमने सुझाव दिया है तथा मांग की है कि विलय के बाद किसी भी दृष्टि से अजमेर का महत्व कम नहीं किया जाना चाहिए... अजमेर को राजस्थान की राजधानी बनाया जाए। महत्व की दृष्टि से अजमेर के बाद हमारे पास दो अन्य शहर भी हैं—ब्यावर व केकड़ी, विलय के बाद इन्हें जिला मुख्यालय बनाया जाए। इसके अलावा, नए राजस्थान राज्य के

आई.ए.एस. तथा आई.पी.एस. केडर के पुनर्गठन के समय हमारे अधिकारियों के सेवा सम्बन्धी दावों पर विचार करने पर भी हमने जोर दिया है। एक अन्य महत्वपूर्ण प्रस्ताव रीजनल कौन्सिल के सम्बन्ध में है। पंजाब, पेप्सू और आंध्र-तेलंगाना के लिए रीजनल कौन्सिल का गठन करने का प्रावधान विधेयक में है। हमारा विश्वास है कि कई कारणों से वर्तमान अजमेर राज्य पड़ौसी क्षेत्रों से कहीं अधिक प्रगतिशील है। हम कई मामलों में कुछ प्रान्तों व क्षेत्रों से बहुत आगे है और हमारे पास इस आशंका के कई कारण हैं, कि हमने जो प्रगति व समृद्धि प्राप्त की है, राजस्थान जैसे पिछड़े क्षेत्र में विलय से उसे आघात पहुँचेगा। इस कारण प्रस्ताव में यह सुझाव दिया गया है कि एक रीजनल कौन्सिल बने जिसमें अजमेर विधानसभा के सदस्य शामिल हों, तथा वे यह सुनिश्चित करें कि प्रगति की हमारी वर्तमान गति को कोई क्षति न पहुंचे।

'इसी भाँति यह भी सुझाव दिया गया कि भारत सरकार द्वारा अजमेर राज्य व जनता के हितों की रक्षार्थ भारत सरकार द्वारा स्थापित की जाने वाली किसी परामर्शदात्री समिति में अजमेर का प्रतिनिधि भी शामिल किया जाए। विलय के बाद भी अजमेर तथा अन्य शहरों व गांवों का महत्व बरकरार रहे।'[39]

इस प्रस्ताव पर विचार व्यक्त करने वाले सभी वक्ताओं ने अजमेर के ऐतिहासिक महत्व को बनाए रखते हुए इसे राजस्थान की राजधानी बनाने की मांग की। अजमेर राज्य के राजस्व मंत्री बृजमोहन लाल शर्मा ने कहा 'यह एक तथ्य है कि जब सन् 1818 में अंग्रेजों ने मराठों से अजमेर प्राप्त किया तब उन्होंने सैन्य एवम् अन्य कारणों से इसे पृथक रखा। किन्तु जब देश आजाद हुआ और राजस्थान के राज्यों का पुनर्गठन हुआ, तब स्थानीय कांग्रेस ने अजमेर, ब्यावर व महू में पॉलिटिकल कॉन्फ्रेन्स आयोजित कर अजमेर के विलय के पक्ष में प्रस्ताव पारित किए। ब्यावर कॉन्फ्रेन्स में स्वयं मैंने प्रस्ताव पारित किया कि ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और भौगोलिक रूप से अजमेर राजस्थान का अंग था, अतः इसे राजस्थान में विलीन कर दिया जाए। हमारी इस मांग के पीछे यह कारण था कि जब राजस्थान का गठन हो रहा था तब अजमेर अपना उचित स्थान प्राप्त कर सकता था, राजस्थान के राजनीतिक व प्रशासनिक ढांचे में उचित अंश प्राप्त कर सकता था। किन्तु अजमेर को उस समय विलीन नहीं किया गया तथा पार्ट 'सी' राज्य बना दिया गया।

'जब वृहद् राजस्थान का गठन किया गया तथा अजमेर को उसमें नहीं मिलाया गया तब राजस्थान के नेताओं ने अजमेर को राजस्थान की राजधानी बनाने के पक्ष में विचार व्यक्त किए थे। उस समय 100 में से 80 मतों के

साथ प्रस्ताव पारित किया गया कि अजमेर को राजस्थान में मिला दिया जाए तथा उसे राजस्थान की राजधानी बनाया जाए। इस प्रकार अजमेर को उस स्थिति से वंचित कर दिया गया जो उसे उस समय प्राप्त होती। यदि अजमेर को उसी समय विलय कर दिया जाता तो अजमेर राजस्थान की राजधानी बन गया होता। अत: जबकि अजमेर को राजस्थान में मिलाया जा रहा है तो यह भारत सरकार का विशेष उत्तरदायित्व है कि उसे उचित स्थान प्रदान करे।'[40]

विपक्षी दल के नेता महेन्द्र सिंह पंवार ने कहा 'अजमेर को पृथक इकाई बनाये रखने की कीमत हमें चुकानी पड़ेगी। हमारे वास्तविक घर, हमारे सांस्कृतिक घर राजस्थान के साथ अजमेर के विलय को अनावश्यक रूप से लम्बित कर दिया गया जिसकी हमें बहुत बड़ी कीमत चुकानी होगी। अजमेर को राजधानी बनाने का प्रश्न कमजोर पड़ गया है...।

'उस समय हम राजस्थान में विलीन नहीं हुए इसलिए आज यह दुर्भाग्य झेलना पड़ रहा है कि अजमेर का राजधानी बनाने का प्रश्न एक कठिन समस्या बन गया है। इस लम्बित विलय के लिए स्थानीय नेताओं के साथ केन्द्र सरकार भी उत्तरदायी है। ...अत: यह केन्द्र सरकार का विशेष कर्त्तव्य है कि अजमेर के महत्व की रक्षा करे।' अजमेर को राजधानी बनाने के अलावा महेन्द्र सिंह पंवार ने उच्च न्यायालय को भी यहां स्थापित करने की मांग की।[41]

विलय के निर्णय पर आम प्रतिक्रिया को निम्नलिखित तीन बिन्दुओं के रूप में स्पष्ट किया जा सकता है। (1) इस बात को लेकर असंतोष था कि राजस्थान के गठन के समय अजमेर का विलय न करके उसे राजस्थान के प्रशासनिक व राजनीतिक ढांचे में उचित स्थान प्राप्त करने से वंचित कर दिया गया। (2) भविष्य में इस क्षेत्र के महत्व को लेकर भय व आशंकाए विद्यमान थीं। अत: इसके हितों की सुरक्षा की सुनिश्चित कर लेने की मांग की गईं, इसे राजधानी या संभागीय मुख्यालय बनाने व उच्च न्यायालय को यहाँ स्थापित करने की मांग यही प्रकट करती है। (3) सभी विवशताओं और असंतोष के बावजूद अन्तत: सकारात्मक रूप से इस निर्णय को स्वीकारने तथा एकीकृत राजस्थान के हित में काम करने का संकल्प भी दिखायी देता है। जैसा कि चर्चा को समाप्त करते हुए सदन के नेता हरिभाऊ उपाध्याय ने कहा 'जब हमने नयी इकाई के साथ विलय का निर्णय कर लिया है तो हमें अनमने ढंग से नहीं वरन उत्साह के साथ इसे स्वीकार करना चाहिए। पीछे नहीं, आगे देखना चाहिए। विलय से पूर्व हमें अजमेर के कल्याण हेतु हर संभव प्रयास करना चाहिए तथा विलय के बाद हमें राजस्थान को सशक्त तथा विकसित बनाने का प्रयास करना चाहिए।'[42]

इन्हीं आशंकाओं और उम्मीदों की पृष्ठभूमि में राजस्थान राज्य पुनर्गठन अधिनियम के तहत 01 नवम्बर 1956 को अजमेर को राजस्थान में विलीन कर दिया गया। अजमेर को सम्भागीय मुख्यालय बनाया गया, वहाँ राजस्थान राजस्व मण्डल की स्थापना की गई और कालान्तर में राजस्थान माध्यमिक षिक्षा बोर्ड की स्थापना भी वहाँ हुई किन्तु अपने ऐतिहासिक महत्व के अनुरूप अजमेर नवगठित राजस्थान प्रान्त की राजधानी बनने में असफल रहा।

संदर्भ :

1. द *हिन्दुस्तान टाइम्स*, न्यू देहली, वॉल्यूम XXV, नं. 74 डेटेड 17.3.1948, पेज 3, राजपूताना यूनियन-प्रेस कटिंग्स फाइल नं. सी-16/जोधपुर इन्फॉरमेशन एण्ड पब्लिसिटि ऑफिस/आर.एस.ए.बी.।
2. *दरबार*, अजमेर, वाल्यूम 21, नं. 14 डेटेड 7.4.1948, पेज 4, राजपूताना यूनियन-प्रेस कटिंग्स फाइल नं. सी-16/जोधपुर इन्फॉरमेशन एण्ड पब्लिसिटि ऑफिस/आर.एस.ए.बी.।
3. द *हिन्दुस्तान टाइम्स*, न्यू देहली, वॉल्यूम XXV, नं. 184 डेटेड 30.6.1948, पेज 3, राजपूताना यूनियन-प्रेस कटिंग्स फाइल नं. सी-16/जोधपुर इन्फॉरमेशन एण्ड पब्लिसिटि ऑफिस/आर.एस.ए.बी.।
4. *फाइल* नं. 4(66)–P 49/मिनिस्ट्रि ऑफ स्टेटस्/पोलिटिकल ब्रांच 1949/ प्रप्रोज्ड मर्जर ऑफ अजमेर विद् राजस्थान, डिस्कशन रिगार्डिंग/एन.ए.आई.।
5. *फाइल* नं. 4(66)–P/49/मिनिस्ट्रि ऑफ स्टेट्स्/पोलिटिकल ब्रांच 1949/ प्रप्रोज्ड मर्जर ऑफ अजमेर विद् राजस्थान, डिस्कशन रिगार्डिंग/एन.ए.आई।
6. *फाइल* नं. 4(66)–P/49/मिनिस्ट्रि ऑफ स्टेट्स्/पोलिटिकल ब्रांच 1949/ प्रपोज्ड मर्जर ऑफ अजमेर विद् राजस्थान, डिस्कशन रिगार्डिंग/एन.ए.आई.।
7. *वीर राजस्थान/समरी* नं. 40 डेटेड 9.4.1951/अजमेर कॉन्फिडेन्शियल रिकॉर्ड/ग्रुप-सी/पेज 37/न्यूज पेपर्स कटिंग्स फाइल/आर.एस.ए.बी.।
8. *राष्ट्रवाणी/समरी* नं. 42 डेटेड 20.4.1951/अजमेर कॉन्फिडेन्शियल रिकॉर्ड/ ग्रुप-सी/पेज 37/न्यूज पेपर्स कटिंग्स फाइल/आर.एस.ए.बी.।
9. *दैनिक नवज्योति*/समरी नं. 45 डेटेड 14.5.1951/अजमेर कॉन्फिडेन्शियल रिकॉर्ड/ग्रुप-सी/पेज 37/न्यूज पेपर्स कटिंग्स फाइल/आर.एस.ए.बी.।
10. *दैनिक नवज्योति*, डेटेड 18 जून 1951, दैनिक नवज्योति कार्यालय, केसरगंज, अजमेर।
11. *दैनिक नवज्योति*, डेटेड 16 जुलाई 1951, दैनिक नवज्योति कार्यालय, केसरगंज, अजमेर।

12. *हिन्दुस्तान टाइम्स/समरी* नं. 45 डेटेड 15.7.1951/अजमेर कॉन्फिडेन्शियल रिकॉर्ड/ग्रुप-सी/पेज 37/न्यूज पेपर्स कटिंग्स फाइल/आर.एस.ए.बी.।
13. रिपोर्ट ऑफ द कमेटीज ऑफ द कॉन्स्टीटूएन्ट असेम्बली ऑफ इण्डिया, थर्ड सीरीज, पेज 120.
14. कॉन्फिडेन्शियल डी.ओ. लेटर नं. एच सी एम/एस/सी/एफ-1(10) पोलिटिकल–ए/51 डेटेड 17 सेप्टेम्बर 1951/एस.आर.सी./5412/क्लेम्स ऑफ राजस्थान/एग्जिबिट नं. I/राजस्थान स्टेट आर्काइव्ज, जयपुर शाखा
15. सिक्रेट डीओ लेटर नं. एफ.10(57)/पी.ए./51 डेटेड 21 सेप्टेम्बर 1951 फ्रॉम श्री वी.शंकर, सेक्रेट्री टू द गवर्नमेन्ट ऑफ इण्डिया, मिनिस्ट्रि ऑफ स्टेट्स् न्यू देहली टू श्री जे.एन.व्यास, चीफ मिनिस्टर ऑफ राजस्थान, जयपुर/ आर.एस.ए.बी./5412/क्लेम्स ऑफ राजस्थान/एग्जिबिट नं–II /राजस्थान स्टेट आर्काइव्ज, जयपुर शाखा
16. होम डिपार्टमेन्टस् रिजोल्यूशन नं. 53/69/53/पब्लिक, डेटेड 29.12.1953 वाइड रिपोर्ट ऑफ द स्टेट्स् रिऑर्गनाइजेशन कमीशन, 1955, पब्लिकेशन ब्रांच, गवर्नमेन्ट ऑफ इण्डिया, दिल्ली (1956)
17. रिपोर्ट ऑफ द स्टेट्स् रिऑर्गनाइजेशन कमीशन 1955, पब्लिकेशन ब्रांच, गवर्नमेन्ट ऑफ इण्डिया, दिल्ली (1956)
18. रिपोर्ट ऑफ द स्टेट्स् रिऑर्गनाइजेशन कमीशन 1955, पब्लिकेशन ब्रांच, गवर्नमेन्ट ऑफ इण्डिया, दिल्ली (1956)
19. व्यूज एण्ड सजेशन्स ऑफ राजस्थान गवर्नमेन्ट टू द स्टेट्स् रिआर्गनाइजेशन कमीशन (1954), अपेन्डिक्स-II, पेज 1-2.
20. लेटर फ्रॉम द चीफ सेक्रेट्री टू द गवर्नमेन्ट ऑफ राजस्थान टू द सेक्रेट्री, स्टेट्स् रिऑर्गनाइजेशन कमीशन, गवर्नमेन्ट ऑफ इण्डिया, न्यू देहली, गिविंग सजेशन्स एण्ड व्यूज ऑफ स्टेट गवर्नमेट इन रिसपोन्स टू लेटर्स, लेटर नं. 55/254/एस आर सी डेटेड 18 मार्च 1954 एड्रेस्ड टू द चीफ सेक्रेट्रीज ऑफ पार्ट ए स्टेट्स्/ एस.आर.सी./5412/क्लेम्स ऑफ राजस्थान/एग्जिबिट्स/राजस्थान स्टेट आर्काइव्ज, जयपुर शाखा
21. व्यूज एण्ड सजेशन्स, गवर्नमेन्ट ऑफ राजस्थान टू द स्टेट्स् रिऑर्गनाइजेशन कमीशन (1954) (प्रिन्टेड बुकलेट)
22. मेमोरेण्डम सब्मिटेड टू द स्टेट्स् रिऑर्गनाइजेशन कमीशन बाय द अजमेर स्टेट गवर्नमेन्ट, नवल किशोर प्रेस, अजमेर, पृ. 2.
23. पब्लिक अकाउन्ट्स कमेटीज् रिपोर्ट ऑन अप्रोप्रिएशन अकाउन्ट्स ऑफ 1950-

51 एडमिटेड टू द राजस्थान स्टेट असेम्बली-समरी रिपोर्ट पब्लिश्ड् इन द स्टेट्स्मेन ऑफ 19 मार्च 1954./आर.एस.ए.बी.

24. ड्राफ़्ट I फाइव इयर प्लान, पृ. 10.
25. मेमोरण्डम सबमिटेड टू द स्टेट्स् रि-आर्गनाइजेशन कमीशन बाय द अजमेर स्टेट गवर्नमेन्ट, नवल किशोर प्रेस, अजमेर, पृ. 8.
26. *युगवाणी*, 3 अप्रेल 1954, पृ. 86, वाइड मेमोरण्डम सबमिटेड टू द स्टेट्स् रिआर्गनाइजेशन कमीशन बाय द अजमेर स्टेट गवर्नमेन्ट, नवल किशोर प्रेस, अजमेर, पृ. 8.
27. रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया बुलेटिन, मई 1953, पृ. 379-80.
28. रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया बुलेटिन, मई 1953, पृ. 379-80.
29. रिपोर्ट ऑन करन्सी एण्ड फाइनेन्स फॉर द इयर 1951-52/स्टेटमेन्ट 64 पृ. 216.
30. मेमोरण्डम सबमिटेड टू द स्टेट्स् रिआर्गनाइजेशन कमीशन बाय द अजमेर स्टेट गवर्नमेन्ट, पृ. 12.
31. उपर्युक्त, पृ. 13.
32. उपर्युक्त, पृ. 15.
33. *सेन्सस् रिपोर्ट,* 1951, वाल्यूम 10, पार्ट ए, पृ. 4.
34. *स्टेट्समेन*, नोर्दर्न एडिशन, थर्सडे, द 22 अप्रेल 1954, पृ. 1./आर.एस.ए.बी.
35. मेमोरण्डम सबमिटेड टू द स्टेट्स् रिआर्गनाइजेशन कमीशन बाय द अजमेर स्टेट गवर्नमेन्ट, नवल किशोर प्रेस, अजमेर, पृ. 15.
36. रिपोर्ट ऑफ द स्टेट्स् रिऑर्गनाइजेशन कमीशन, 1955 पृ. 75.
37. उपर्युक्त।
38. उपर्युक्त, पृ. 136.
39. लेजिस्लेटिव असेम्बली अजमेर/समरी ऑफ प्रोसिडिंग्ज रिलेटिंग टू डिशकशन ऑन रिजोल्यूशन रिगार्डिंग ड्राफ़्ट स्टेट्स् रिऑर्गनाइजेशन बिल, 8 अप्रेल 1956, पृ. 2-4.
40. उपर्युक्त, पृ. 37, 38.
41. उपर्युक्त, पृ. 23-29.
42. उपर्युक्त, पृ. 71.

डॉ. विधि शर्मा

सहायक आचार्य, इतिहास

राजकीय कला महाविद्यालय, कोटा

❑❑❑

जयपुर रियासत के खालसा क्षेत्रों में संचालित ग्रामीण विकास कार्यक्रमों का ऐतिहासिक अध्ययन (1937-1942 ई.)

• डॉ. रश्मि मीना

जयपुर रियासत के शासक कछवाहा राजपूत थे जो स्वयं को श्रीराम के पुत्र 'कुश' के वंशज मानते थे। सूर्यवंशी होने के कारण माघ (जनवरी-फरवरी) माह में 'भानू-सप्तमी' उत्सव द्वारा वे सूर्य देव की पूजा करते थे।[1] कछवाहा शासक अयोध्या (वर्तमान अवध) में शासन कर रहे थे तथा यहां से नरवर, ग्वालियर होते हुए जयपुर क्षेत्र में पहुंचे, जिसकी राजधानी दौसा थी।[2] दुलहराय ने यहां के मीणा शासकों को पराजित कर ढूंढाड़ क्षेत्र पर अपना अधिकार स्थापित किया। 967 ई. में जयपुर में कछवाहा वंश का शासन दुलहराय द्वारा स्थापित किया गया तथा काकिलदेव तथा जान्हड़देव के समय इसका क्षेत्र विस्तार हुआ। 1200 ई. में काकिलदेव द्वारा आम्बेर नगर की स्थापना की गई। सवाई जयसिंह (1699-1743 ई.) कछवाहा वंश के सर्वाधिक प्रसिद्ध शासक हुए तथा इन्होंने 25 नवम्बर, 1727 ई. को जयपुर नगर की नींव रखी। महाराजा मानसिंह प्रथम (1590-1650 ई.) मिर्जा राजा जयसिंह (1622-1668 ई.), महाराजा सवाई जगतसिंह (1803-1818 ई.), महाराजा सवाई रामसिंह द्वितीय (1835-1880 ई.), इत्यादि इस राजवंश के अन्य प्रमुख शासक हुए, जिनके शासनकाल में इस रियासत ने उत्तरोत्तर प्रगति की। महाराजा सवाई जगतसिंह (1803-1818 ई.) के शासनकाल में 1818 ई. में जयपुर रियासत ने अंग्रेजों के साथ मैत्री सन्धि की। जिसके पश्चात् जयपुर रियासत के प्रशासन में कई परिवर्तन किए जाते रहे। जयपुर रियासत का भू-राजस्व प्रबंधन दो भागों में बंटा हुआ था-खालसा क्षेत्र एवं जागीर क्षेत्र। खालसा क्षेत्र सीधे राजदरबार के नियंत्रण में रहता था तथा राज्य के विभिन्न राजस्व अधिकारी-

दीवान, आमिल, अमीन, फौजदार, चौधरी, कानूनगों, पटेल, पटवारी, शहना इत्यादि खालसा भूमि का राजस्व प्रशासन संभालते थे। जागीर भूमि रियासत के ठिकानेदारों को प्रदान की जाती थी,जो इसके बदले में निर्धारित सेवाएं राजा को प्रदान करते थे। जयपुर रियासत के प्रमुख ठिकाने-शेखावाटी, सीकर, खेतड़ी, नवलगढ़, खंडेला, खाचरियावास, डूंडलोद, मंडावा, बिसाऊ, उणियारा, डिग्गी, चौमूं इत्यादि थे। जयपुर रियासत के खालसा क्षेत्र के राजस्व प्रशासन को 11 निजामतों तथा 29 तहसीलों में विभाजित किया गया था, जिसका विवरण निम्नानुसार है—

सारणी-1

जयपुर रियासत के खालसा क्षेत्र की राजस्व प्रशासनिक इकाई विभाजन[3]

पूर्वी निजामत		पश्चिमी निजामत	
निजामत	तहसील	निजामत	तहसील
दौसा	दौसा, बसवा, सिकराय, लालसोट	सवाई जयपुर	सवाई जयपुर, चाकसू
हिन्डौन	हिन्डौन, घोंसला, टोडाभीम, महवा	आम्बेर	आम्बेर, जमवा रामगढ़
गंगापुर	गंगापुर, वजीरपुर, बामनवास, नादौती	सांभर	सांभर, दांता रामगढ़, मौजमाबाद
सवाई माधोपुर	सवाई माधोपुर, खंडार, बौंली, मलारना-डूंगर	शेखावटी (झुंझुनूं)	शेखावाटी
कोट कासिम	कोई तहसील नहीं	तोरावाटी (नीम का थाना)	तोरावाटी, बैराठ
		मालपुरा	मालपुरा, टोडारायसिंह, निवाई

वर्ष 1937-38 की जयपुर प्रशासनिक रिपोर्ट के अनुसार रियासतों की प्रशासनिक संरचना इस प्रकार थी 2 दीवान, 2 नायब दीवान, 11 नाजिम, 5 नायब नाजिम, 29 तहसीलदार (1 अतिरिक्त तहसीलदार शेखावाटी क्षेत्र हेतु) तथा 31 नायब तहसीलदार।[4] वर्ष 1937-38 में जयपुर रियासत का कुल क्षेत्रफल 16,682 वर्ग मील था, जिसमें खालसा क्षेत्र के अंतर्गत 3,224 वर्ग मील का भू-भाग सम्मिलित था।[5] इस समय खालसा क्षेत्र में स्थित कुल गांवों की संख्या 2,135 थी, जिसमें 1,750 गांवों में नकद राजस्व तथा 227 गांवों में 'अनाज' के रूप में भू-राजस्व वसूल किए जाने की व्यवस्था थी।[6] वर्ष 1937-38 में खालसा क्षेत्र के लगभग 14,67,081 बीघा (सिंचित क्षेत्र 3,82,192 बीघा व असिंचित क्षेत्र 10,84,929 बीघा) भूमि कृषि हेतु प्रयुक्त की गई। वर्ष 1937-38 में जयपुर रियासत द्वारा बड़े स्तर पर ग्रामीण विकास कार्य शुरू करवाए गए। बड़े स्तर पर खाली पड़ी हुई भूमि पर कृषि करने की व्यवस्था की गई। गैर उपयोगी कुंओं की मरम्मत कर उन्हें उपयोग योग्य बनाया गया। नए कुंए भी खुदवाए गए। कृषकों को फसल उत्पादन बढ़ाने हेतु उन्नत किस्म के बीज उपलब्ध करवाए गए तथा इस हेतु किसानों को तकावी ऋण भी प्रदान किए गए। अप्रैल, 1938 ई. में 'ग्राम पंचायत अधिनियम' पारित कर शीघ्र ही खालसा क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में 'पंचायत कोर्ट' स्थापित करने की व्यवस्था की गई।[7]

दिनांक 5 मार्च, 1938 ई. को महाराजा सवाई मानसिंह द्वितीय (1922-1970 ई.) के समय जयपुर राज्य परिषद द्वारा 'ग्रामीण विकास समिति' का गठन किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में विविध कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीण जीवन स्तर उन्नत करना तथा कृषि, शिक्षा, स्वच्छता, स्थानीय ग्रामीण उद्योगों इत्यादि का विकास करना था। इस समिति में कुल बारह सदस्य थे।[8]

दिनांक 12 अप्रैल, 1938 ई. को 'ग्रामीण विकास समिति' की प्रथम बैठक हुई, जिसमें इस समिति के सदस्य कैप्टन ए.डब्ल्यु. टी. वेब (सीनियर ऑफिसर, ठिकाना सीकर) ने एक प्रस्ताव रखा[9], जिसमें ग्रामीण पुनर्गठन की आवश्यकता बताते हुए कहा गया कि ग्रामोत्थान की कोई भी योजना इस मूलभूत सिद्धांत पर आधारित होनी चाहिए कि भौतिक एवं आर्थिक विकास से ही सामाजिक एवं सांस्कृतिक विकास संभव है। इस तथ्य को पहचानना आवश्यक है कि गरीबी एवं ऋणग्रस्तता, ग्रामीण जीवन की सबसे बड़ी कमी

है तथा जब तक इन दोनों समस्याओं का समाधान नहीं किया जायेगा, तब तक ग्रामीणों के बौद्धिक स्तर को बढ़ाने की आशा रखना एक आदर्शात्मक स्थिति ही रहेगी। ग्रामीण क्षेत्रों के भौतिक एवं आर्थिक विकास हेतु मि. वेब ने निम्नलिखित आवश्यकताओं पर जोर दिया[10]—

● काश्तकारों की भू-राजस्व टैन्योर अवधि की सुरक्षा देना; ● सिंचाई हेतु और अधिक कुएं, बांध तथा अन्य सुविधाओं को बढ़ाना, मुख्य रूप से शेखावाटी क्षेत्र में; ● अच्छी गुणवत्ता युक्त कृषि-जुताई, कीड़ों पर नियंत्रण, कृषि की उर्वरक क्षमता बढ़ाने के प्रयास, अच्छे बीज तथा नई एवं नकद खेती को प्रोत्साहन, इत्यादि हेतु प्रोत्साहन देना; ● उचित बाजार सुविधाओं को बढ़ाना, इसके अन्तर्गत वित्तीय क्रेडिट, पिछले ऋणग्रस्तता का परिसमापन और निर्यात टैरिफ का एक संभावित संशोधन लागू करना तथा ऋणग्रस्तता से राहत देने के लिए भावनगर योजना को जयपुर में लागू किया जाना; ● जंगली जानवरों से फसलों की रक्षा करना- सुअर, रोज (नीलगाय) तथा हिरणों द्वारा फसलों को गंभीर नुकसान पहुंचना, कृषकों की एक वास्तविक समस्या बताई गई; ● कॉटेज इंडस्ट्रीज को बढ़ावा देना, इसके अन्तर्गत कस्बे के लोगों के लिए ग्रामीण क्षेत्रों से कच्चा माल उपलब्ध कराये जाने को प्रोत्साहन दिया जाये; ● नए छोटे स्तर के उद्योगों की स्थापना—जयपुर राज्य की आयात निर्यात नीति का अध्ययन करने पर स्पष्ट है कि पूर्व में यह राज्य लगभग आत्मनिर्भर था। अत: पुन: वह स्थिति प्राप्त करने के लिए नए छोटे उद्योगों की स्थापना आवश्यकता पर जोर दिया गया।

दिनांक 12 अप्रैल, 1938 को 'ग्रामीण विकास समिति' की इस प्रथम मीटिंग में सर्वसम्मति से निम्नलिखित प्रस्ताव पारित किये गये[11]—

1. समिति ने 'ग्रामीण विकास' शब्द के निहितार्थ पर गहन चर्चा करते हुए निष्कर्ष निकाला कि कृषकों को उनके राजस्व टेन्योर अवधि की सुरक्षा एवं आनुवांशिक अधिकार दिये जाने के आश्वासन के बिना 'ग्रामीण विकास' पूरे राज्य में होना संभव नहीं होगा।
2. कर्नल कोल ने प्रस्ताव रखा कि अन्य उपायों के अलावा, राज्य को शुरुआती अवसर पर कानून बनाना चाहिए, ताकि अप्रतिबंधित ऋण देने से उत्पन्न बुराइयों को कम किया जा सके। पूर्व ऋणग्रस्तता समाप्ति हेतु भी उपयुक्त कानून बनाए जाने की आवश्यकता बताई गई।

3. समिति ने संवत् वर्ष 1995 (1 सितम्बर, 1938 से 31 अगस्त, 1939) में 'ग्रामीण विकास योजना' हेतु कम से कम 40000 रूपयों का बजट दिया जाना आवश्यक बताया।

4. समिति ने यह भी स्पष्ट किया कि जब तक पर्याप्त निधि उपलब्ध नहीं होगी, तब तक ग्रामीण विकास योजना के सफल क्रियान्वयन की गारंटी नहीं दी जा सकती।

5. यह निर्णय भी किया गया कि प्रस्तावित योजना के अन्तर्गत गांवों का चयन करते समय सड़क एवं रेल मार्गों से उन गांवों के जुड़ने की सुविधा हो। यह भी सुनिश्चित किया गया कि चयनित गांवों में या उसके आसपास के क्षेत्र में राजकीय औषधालय स्थित हो, जहां कुछ उत्साही स्वैच्छिक कार्यकर्त्ताओं को तैयार करने की संभावना हो तथा जिनकी आबादी 500 से 1000 के मध्य हो।[12]

6. प्रमुख ठिकानेदारों से भी इस योजना को कम से कम ठिकाने के एक गांव में लागू करने के लिए निवेदन किया जायेगा तथा उन्हें इस कार्य हेतु समिति द्वारा यथासंभव परामर्श दिया जायेगा।

7. अन्त में अगली मीटिंग की तारीख तय कर निदेशक (शिक्षा विभाग), निदेशक (चिकित्सा सेवाएं) तथा राजस्व मंत्री की सम्मिलित उपसमिति का गठन किया गया।

जयपुर राज्य द्वारा शुरू की गई ग्रामीण विकास योजना के अन्तर्गत खालसा क्षेत्र के निम्नलिखित गांवों का चयन किया गया—

सारणी-2

ग्रामीण विकास कार्यक्रम के अंतर्गत चयनित गांवों का विवरण[13]

पूर्वी विभाजन		पश्चिमी विभाजन	
तहसील	गांव	तहसील	गांव
लालसोट	i. डिडिवाना ii. मण्डावरी iii. कल्याणपुर iv. छानसाइन	सवाई माधोपुर	i. भांखरोटा ii. सांगानेर iii. तुंगा iv. पाटन
दौसा	i. भंडाना ii. खैरवाल iii. झारैड़ा iv. पापरदा	चाकसू	i. शिवदासपुरा ii. माधोराजपुरा iii. रेनवाल iv. मोहनपुरा
घौंसला	i. मुंदरी ii. पीपरलखेड़ा iii. क्यारड़ा iv. बोनल	जमवा रामगढ़	i. भानपुरा कलां ii. आंधी iii. तलाह iv. चांवडिया
वजीरपुर	i. फुलवाड़ा ii. बारौली iii. खानदीप iv. भरौंदा	बैराठ	i. पावटा ii. बगरू iii. रामपुरा iv. अन्तेला
मलारपुर-डूंगर	i. मलारना चौड़ ii. भादोती iii. बिच्छोछ iv. भूका	आम्बेर	i. गोविन्दगढ़ ii. छांवड-का-मिंड iii. ल्बाना iv. गुनाओत
खंडार	i. भूरी पहाड़ी ii. भरौंदा iii. कुंडेरा iv. बरवास		

'ग्रामीण विकास समिति' की नवम्बर, 1938 ई. की प्रस्तावित मीटिंग में निम्नलिखित कार्य सूची प्रस्तुत की गई।[14]

1. कृषि के उन्नतिकरण हेतु आयातित उन्नत कृषि औजारों तथा कृषि बीजों पर कस्टम विभाग द्वारा कस्टम ड्यूटी से मुक्त किया जाये। यह भी प्रस्ताव रखा गया कि इन उन्नत कृषि उपकरणों, जैसे-फसल काटने की मशीनें, जुताई की मशीनें तथा कुओं (Boring) में सुधार के उपकरण, इत्यादि की कीमतें बहुत ही कम रखी जाये, जिससे किसानों द्वारा सरलता से इनका उपयोग किया जा सके।
2. कुओं की बोरिंग को ज्यादा प्रचलित किया जाये। राज्य द्वारा इस प्रकार के कुओं के निर्माण में रियायत देकर कृषकों को इसके उपयोग के विषय में बताया जाये तथा इनकी निर्माण लागत का आधा भाग राज्य द्वारा तथा आधा भाग खेत के मालिक द्वारा वहन किया जाये। इस प्रकार के कुओं का निर्माण उन कृषकों के खेतों में करवाया जाये जो ग्रामीण विकास कार्यक्रम को पूर्ण सहयोग दे रहे थे।
3. वर्तमान में कृषक, पशु चारे के लिए उपयोगी फसलों को उगाने में रुचि नहीं ले रहे थे। चारा फसलों को प्रोत्साहन देने हेतु इनकी खेती किये जाने पर रियायत दी जानी चाहिए। चारा फसलों वाले खेतों से तय किये गये लगान से कम लगान की वसूली की जानी चाहिए।
4. यह प्रस्ताव रखा गया कि पशुओं के बधियाकरण के पुराने क्रूर तरीकों को 'पशुक्रूरता निवारण अधिनियम' के अन्तर्गत अपराध घोषित कर पशुओं के प्रति क्रूरता को रोका जाये।
5. पशु बधियाकरण के परम्परागत क्रूर तरीके को प्रतिबंधित कर रक्तरहित पद्धति 'बरदीज्जो' (Burdizzo) को परीक्षण अवधि के लिए शुरूआत की गई। कृषि विभाग द्वारा जारी 'मवेशी सुधार' कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रत्येक तहसील में नियुक्त कर्मचारियों को पशु बधियाकरण की इस नई पद्धति का प्रशिक्षण दिया गया तथा उन्हें 'बरदीज्जो पिकर्स' दी गई।
6. यह प्रस्ताव रखा गया कि कम से कम दो पशु चिकित्सकों की नियुक्ति की जाये तथा उन्हें सभी आवश्यक चिकित्सा उपकरण, दवाईयां, सीरम और टीके उपलब्ध करवाये जायें ताकि वे ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर पशुओं में फैलने वाली बीमारियों के फैलाव को रोकने हेतु यथोचित प्रयास कर सकें।
7. दीवानी क्षेत्र के किसानों के लिए जलसों का आयोजन समय-समय पर किया जाये तथा ग्रामीण विकास में भाग लेने वाले किसानों को नवीन कृषि उपकरण

उपहार में देकर पुरस्कृत किया जाये। पुरस्कार हेतु तीनों विभागों कृषि, मेडिकल तथा शिक्षा विभाग द्वारा प्रस्ताव प्रस्तुत किये जायें।

8. राजस्व विभाग के समक्ष प्रस्ताव रखा गया कि किसानों को, पेड़ों के समूह लगाने के लिए जो जमीन दी जाये वो जितना संभव हो उतना उनके कुओं के निकट स्थित हो। अभी तक इस प्रकार की जमीन बंजर शामलात भूमि में से दी जा रही थी।
9. उन्नत खेती से प्राप्त कृषि उत्पादों के उचित मूल्य प्राप्ति हेतु ग्रामीण विकास के गांवों में मार्केटिंग समितियां स्थापित किया जाना आवश्यक बताया गया।
10. ग्रामीण विकास कार्यक्रम में कार्यरत कर्मचारियों की संख्या को बढ़ाया जाना आवश्यक बताया गया।
11. जिन गांवों में उन्नत नस्ल के बैल उपलब्ध हो गये हों, वहां पर कमजोर नस्ल के बैलों का अनिवार्यतः बधियाकरण करवाया जाये।
12. कुछ गांवों का चयन पूर्व में ग्रामीण विकास कार्यक्रम लागू करने हेतु किया गया जिनको विभिन्न कारणों से हटा दिया गया।[15] वे गाँव हैं अजीतगढ़, तालाह, गोनेर, पीलोदा, भैरवदां कलां एवं डूंगरी।

वर्ष 1937-38 में जयपुर रियासत में प्रारंभ किए गए 'ग्रामीण विकास कार्यक्रम' के धीरे-धीरे सकारात्मक परिणाम प्राप्त होने लगे। कृषि योग्य भूमि, कृषि उत्पादन, कुंओं एवं टैंकों की संख्या में निरन्तर वृद्धि हुई। परिणामस्वरूप भू-राजस्व में भी वृद्धि हुई। वर्ष 1937-38 की जयपुर प्रशासनिक रिपोर्ट के अनुसार इस योजना के अंतर्गत तहसील व्यवस्थापक के रूप में नियुक्त किए गए तथा 99 स्कूलों में उद्यान पाठ्यक्रम शुरू किए गए। 32 स्कूलों में हस्तशिल्प प्रशिक्षण भवन बना गए तथा प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्रों को पंजीकृत किया गया। चयनित गांवों में 12 मुकद्दम नियुक्त किए गए, जो कृषकों को प्रशिक्षित करने के लिए कृषि प्रदर्शनी लगाते थे। 20 हिसार नस्ल के बैल खरीदकर बस्सी फार्म में रखे गए। खड्डे खोदकर खाद रखने का प्रयोग बड़े स्तर पर कृषकों को सिखाया गया। कुएं बनवाएं गए। दवाईयों का वितरण किया गया। सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रम प्रारंभ किया गया तथा ग्रामीणों को व्यक्तिगत व सामूहिक स्वच्छता कार्यों से परिचित करवाया गया।[16] वर्ष 1941-42 में जयपुर रियासत में Grow more Food and Fodder Campaing शुरू किया गया तथा खाद्य एवं पशुचारा फसलों के उत्पादन के उत्पादन को बढ़ाने हेतु निरन्तर प्रयास किए गए। इस कार्यक्रम के अंतर्गत मुख्य खाद्य फसलों का उत्पादन क्षेत्र वर्ष 1941-42 में 8,13,269

एकड़ से बढ़कर वर्ष 1942-43 में 12,01,804 एकड़ हो गया।[17] वर्ष 1942-43 में 'ग्रामीण विकास बोर्ड' का गठन किया गया तथा नवम्बर, 1942 में ग्रामीण विकास विभाग, कृषि विभाग के साथ एकीकृत कर दिया गया तथा कुछ समय पश्चात् ग्रामीण विकास विभाग समाप्त कर दिया गया।[18] इसके स्थान पर ग्रामीण विकास बोर्ड, युद्धोपरान्त पुर्नगठित कृषि उप समिति, केन्द्रीय सलाहकार बोर्ड तथा टिड्डी नियंत्रण अधिकारी व बाजारीकरण अधिकारी की नियुक्ति की गई।[19] अब कृषि एवं ग्रामीण विकास का कार्य उक्त संस्थाओं एवं अधिकारियों के निर्देशन में सम्पन्न किया जाने लगा।

जयुपर रियासत द्वारा लागू 'ग्रामीण विकास योजना के सकारात्मक परिणाम प्राप्त हुए। यद्यपि वर्ष 1939-40 ई. में राज्य में अकाल की परिस्थितियां उत्पन्न हो जाने के कारण इस वर्ष कृषि एवं ग्रामीण विकास कार्यक्रम में कुछ शिथिलता आई परन्तु शिक्षा के क्षेत्र में संतोषजनक प्रगति हुई। वर्ष 1939-40 ई. की प्रशासनिक रिपोर्ट में उल्लेख है कि इस सत्र में प्रौढ़ शिक्षा के दो सत्र पूर्ण हुए तथा 226 प्रौढ़ छात्रों ने साक्षरता परीक्षा उत्तीर्ण की। 143 छात्राओं में प्राथमिक शिक्षा ग्रहण की, सात स्कूलों में सह-शिक्षा प्रारंभ की गई तथा पावटा में कन्या विद्यालय की स्थापना की गई। 32 गांवों में मेडिकल कैम्प लगाए गए तथा 11,253 ग्रामीणों का सफल उपचार किया गया। जून, 1940 से 30 सितम्बर, 1940 के मध्य इस योजनान्तर्गत सम्मिलित 45 गांवों की स्वयंसेवी संस्थाओं को निम्नलिखित विषयों का प्रशिक्षण दिया गया-पशु चिकित्सा, चिकित्सीय सहायता एवं ग्रामीण स्वच्छता, स्काउटिंग, कृषि तकनीक इत्यादि। योजना के प्रचार हेतु इस वर्ष एक सिनेमा प्रोजेक्ट, माइक्रोजोन व एम्पलीफायर तथा लाउड स्पीकरों की भी व्यवस्था की गई। 31 अगस्त, 1940 को 'ग्राम सुधार पत्रिका' का प्रथम भाग जारी किया गया (महाराजा साहब बहादुर के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में)।[20] वर्ष 1941-42 में Grow more Food and Fodder Campaing कार्यक्रम चलाया गया तथा जनवरी, 1941 में उन्नत सब्जियों के उत्पादन हेतु बसवा में एक फार्म स्थापित किया गया। यहां पर एक सर्किल ऑफिसर तथा एक मुकद्दम व एक चौधरी नियुक्त किया गया। इस वर्ष कृषकों को 1000 मण बीज वितरित किया गया- गेहूं, जौ, पूसा मूंग, कपास (सी. 520), गंगापुरी मूंगफली, गन्ने के बीज तथा 45 पाउण्ड सब्जियों के बीज भी वितरित किए गए।[21] वर्ष 1937-38 से वर्ष 1941-42 तक जयपुर राज्य के खालसा क्षेत्र में कृषि क्षेत्र में विकास को निम्नलिखित सारणी के माध्यम से समझा जा सकता है— सारणी-3

सारणी-3

वर्ष 1937-38 से वर्ष 1941-42 तक खालसा क्षेत्र में कृषि एवं भू-राजस्व का विवरण[22]

क्र.सं.	विषय	वर्ष 1937-38	वर्ष 1938-39	वर्ष 1939-40	वर्ष 1940-41	वर्ष 1941-42
1.	कुल खालसा क्षेत्र	3,224 वर्ग मील	3,224 वर्ग मील	3,224 वर्ग मील	......	......
2.	कृषि भूमि (बीघा) (खालसा क्षेत्र)	14,67081 बीघा	13,51,836 बीघा	13,73,501 बीघा	.....	15,46,838 बीघा
3.	गांवों की संख्या (खालसा क्षेत्र)	2,135	2,147	2,164	2,167	2,176
4.	कुंओं की संख्या (खालसा क्षेत्र)	49170	50,146	52,054	52,717	60,685
	(1) उपयोग में	(1) 32,925	(1) 33,754	(1) 34,697	.....	.....
	(2) अनुपयोग में	(2) 16,245	(2) 16,392	(2) 17,357	.....	.....
5.	टैंकों की संख्या (खालसा क्षेत्र)	670	671	737	.....	940
	(1) उपयोग में	(1) 498	(1) 423	(1) 267	.....	(1) 615
	(2) अनुपयोग में	(2) 172	(2) 248	(2) 470	.....	(2) 325
6.	भू-राजस्व (रुपये में)	38,36112	28,93,270	33,99,870	38,75,915	42,72,064

'ग्रामीण विकास कार्यक्रम' के अंतर्गत ही नवम्बर, 1937 में 'राज्य

परिषद' द्वारा 'ग्राम पंचायत अधिनियम' पारित कर, इस योजनान्तर्गत चयनित गांवों में 'पंचायत बोर्ड' गठित किए गए।[23] वर्ष 1938-39 की प्रशासनिक रिपोर्ट के अनुसार इस वर्ष तक जयपुर रियासत की विभिन्न तहसीलों के 80 गांवों में 'पंचायत बोर्ड' गठित किए गए तथा वर्ष 1938-39 की अवधि में इनके द्वारा 1804 विवाद सुलझाए गए। साथ ही ग्रामों में सड़कों की सफाई, तालाबों में चमड़े की रंगाई करने पर रोक लगाने, मृत पशुओं को दफनाने की व्यवस्था करने तथा कृषि एवं कृषि उत्पादों के भंडारण व्यवस्था को सुधारने संबंधी विभिन्न कार्य भी करवाए गए।[24]

अन्तत: का जा सकता है कि 'ग्रामीण विकास कार्यक्रम' की यह योजना यद्यपि ग्रामीण विकास के क्षेत्र में अत्यन्त उपयोगी सबित हो रही थी तथापि पर्याप्त प्रशिक्षित अधिकारियों के अभाव, ग्रामीण कृषक वर्ग का अशिक्षित, गरीब व ऋणग्रस्तता, कृषि के परम्परागत तरीकों पर अधिक विश्वास तथा सिंचाई के सीमित संसाधन, इस योजना के क्रियान्वयन के समक्ष बड़ी चुनौतियां थी। हालांकि राज्य द्वारा 1942 ई. के पश्चात् भी विभिन्न कृषि विभागों एवं अधिकारियों की व्यवस्था की गई तथा ग्रामीण विकास एवं कृषि उत्पादन बढ़ाने हेतु निरन्तर प्रयास किए जाते रहे। परन्तु स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् ही, विभिन्न पंचवर्षीय योजनाओं के सफलतम क्रियान्वयन के पश्चात् ही इस क्षेत्र में सफलता प्राप्त हो सकी तथा किसानों को अपनी भूमि पर स्वामित्व प्राप्त हुआ। फिर भी यह एक महत्त्वपूर्ण ग्रामीण विकास योजना कही जा सकती है, जिसका उद्देश्य कृषि उत्पादन में सुधार के साथ-साथ ग्रामीण जीवन स्तर में सुधार करना भी था।

संदर्भ

1. जयपुर एडमिनिस्ट्रेशन रिपोर्ट, वर्ष 1946-47, रा.रा.अभिलेखागार, बीकानेर, पृ. 1
2. वही, पृ. 2
3. जयपुर एडमिनिस्ट्रेशन रिपोर्ट, वर्ष 1937-38, रा.रा.अभिलेखागार, बीकानेर, पृ. 9
4. वही, पृ. 10
5. वही, पृ. 10
6. वही, पृ. 10
7. वही, पृ. 11
8. वही, पृ. 11

9. महकमा खास, रेवेन्यू फाईल नं. 4.188.1939, रा. रा. अभिलेखागार, जयपुर शाखा, सचिवालय, जयपुर, पृ. 1
10. वही, पृ. 2
11. वही, पृ 4
12. वही, पृ 5
13. वही, पृ. 9
14. वही, पृ. 2
15. वही, पृ. 4
16. जयपुर एडमिनिस्ट्रेशन रिपोर्ट, वर्ष 1937-38, रा.रा.अभिलेखागार, बीकानेर, पृ. 11
17. जयपुर एडमिनिस्ट्रेशन रिपोर्ट, वर्ष 1942-43, रा.रा.अभिलेखागार, बीकानेर, पृ. 59
18. वही, पृ. 60
19. वही, पृ. 60
20. जयपुर एडमिनिस्ट्रेशन रिपोर्ट, वर्ष 1939-40, रा.रा.अभिलेखागार, बीकानेर, पृ. 11-12
21. जयपुर एडमिनिस्ट्रेशन रिपोर्ट, वर्ष 1942-43, रा.रा.अभिलेखागार, बीकानेर, पृ. 15
22. जयपुर एडमिनिस्ट्रेशन रिपोर्ट, वर्ष 1937-38 से वर्ष 1941-42 तक, रा.रा.अभिलेखागार, बीकानेर
23. जयपुर एडमिनिस्ट्रेशन रिपोर्ट, वर्ष 1937-38, रा.रा.अभिलेखागार, बीकानेर, पृ. 11
24. जयपुर एडमिनिस्ट्रेशन रिपोर्ट, वर्ष 1938-39, रा.रा.अभिलेखागार, बीकानेर, पृ. 11

डॉ. रश्मि मीना

(सहायक आचार्य)

इतिहास विभाग

जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर

❑❑❑

चिकित्सक एवं रोगी के मध्य सम्बन्ध : आवश्यकता एवं चुनौतियाँ

(जशपुर जिले के विशेष संदर्भ में)

• डॉ. क्रेसेन्सिया बक्सला

स्वास्थ्य, औषधि, चिकित्सक एवं रोगी ये सभी समाज के एक अनिवार्य अंग के साथ पारस्परिक अन्र्तसंबंधित हैं। जब भी समाज में चिकित्सक शब्द का उपयोग होता है तब एक ऐसा चेहरा प्रतिबिम्बित होता है जो सेवा के प्रति समर्पित एवं बीमार व्यक्तियों की आशा का केन्द्र बिन्दु होता है। रोगी के जीवन को बचाने में चिकित्सक की भूमिका महत्त्वपूर्ण है। प्रस्तुत शोध अध्ययन चिकित्सक एवं रोगी के मध्य संबंध : आवश्यकता एवं चुनौतियां (जशपुर जिले के विशेष संदर्भ में) से संबंधित है।

शब्दकुंजी—स्वास्थ्य, चिकित्सक, रूग्णता, संबंध।

प्रस्तावना—स्वस्थ रहना मानव की इच्छा रहती है किन्तु अच्छा स्वास्थ्य आकस्मिक रूप से प्राप्त नहीं होता है इसे प्राप्त करने के लिए प्रयत्न करना पड़ता है[1]। मनुष्य समाज तथा राष्ट्र की एक महत्वपूर्ण इकाई है अत: अच्छे समाज के लिये व्यक्तियों का स्वस्थ होना आवश्यक है[2]। स्वास्थ्य शब्द में व्यक्ति की रोग शून्यता से भी अधिक कुछ निहित है और यह व्यक्ति की शारीरिक व मानसिक वातावरण के संदर्भ में उसके शरीर तथा मस्तिष्क के समरस कार्य संचालन की उस अवस्था की ओर संकेत करता है जिसमें वह यथासंभव पूर्ण बिन्दु तक जीवन का आनंद उठाने और उत्पादन क्षमता के अधिकतम स्तर तक पहुंचने योग्य बनता है[3]। स्वास्थ्य, औषधि, चिकित्सक एवं रोगी ये सभी समाज के एक अनिवार्य अंग हैं ये सभी एक-दूसरे से अन्तर्सम्बन्धित हैं। जब भी समाज में चिकित्सक शब्द का उपयोग होता है एक ऐसा चेहरा प्रतिबिम्बित होता है जो सेवा के प्रति समर्पित एवं बीमार व्यक्तियों

की आशा का केन्द्र बिन्दु होता है। चिकित्सक रोगी के जीवन को बचाने में सबसे अहम योगदान निभाता है न जाने कितने ही रोते हुए चेहरों पर मुस्कान लाने का नेक कार्य प्रतिदिन चिकित्सक करते हैं।

वर्तमान में स्वास्थ्य सेवाएं दुनियाँ की लगभग आधी आबादी की सेहत संभल रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने हमेशा प्रत्येक व्यक्ति के लिये रोग, अपंगता और कमजोर स्वास्थ्य से मुक्त जीवन जीने के अधिकारों की वकालत की है[4]। सिंह (2002)[5] ने उतराचंल में रोग की अवधारणा एवं उपचार पद्धति की लोक संस्कृति पर किये गये अध्ययन में रोग की अवधारणा उनके प्रकार, पारम्परिक चिकित्सकों की भूमिका व वनौषधियों के प्रभावी ढंग से व्याधियों के उपचार संबंधी तथ्यों की विवेचना व विश्लेषण किया है। खटावा (1998)[6] ने जशपुर जिले के पहाड़ी कोरवा जनजाति पर किये गये अध्ययन में बताया कि उनके रोग व स्वास्थ्य की अवधारणा, रोग निदान विधियाँ व उनके उपचार व्यवहार में काफी जटिलता प्रदर्शित होती है तथा उनमें रोग के कारण व उपचार पद्धति भी बहुत हद तक जादुई-धार्मिक विश्वास से संबंधित होती है।

स्वास्थ्य सेवाएँ देना किसी वस्तु या समान को बेचने जैसा नहीं है उपचार के दौरान चिकित्सक को रोगी के संबंध में कई ऐसी बातों की जानकारी होती हैं जिनका संबंध रोगी के निजी जीवन से होता है और चिकित्सक भी रोगी की गोपनीय बातों को समाज के सामने उजागर करने से परहेज करते हैं। ये चिकित्सक एवं रोगी के मधुर संबंध का ही स्वरूप है।

चिकित्सक का मुख्य उद्देश्य रोगियों की चिकित्सा के लिये बेहतर सुविधाएँ प्रदान करना एवं किसी भी व्यक्ति की मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य से संबंधित मुद्दों से जुड़ी समस्याओं को दूर करना है। रोगी व्यक्ति भी अपने रोगों का उपचार चिकित्सक से ही कराते हैं सलाह मशविरा करते हैं चिकित्सक भी रोगी व्यक्ति का तब तक उपचार करते हैं जब तक कि किसी रोगी की बीमारी जड़ से खत्म न हो जाए। रोगों के उपचार में रोगी तथा उनके परिजन चिकित्सक पर विश्वास करते हैं। भाट्ट (1984)[7] ने मेघालय की पनार जनजातियों के संदर्भ में स्वास्थ्य व रोग से संबंधित अवधारणाओं, उनके विश्वास व उपचार प्रक्रिया का अध्ययन किया है। उन्होंने पनार जनजाति में उनकी आवश्यकतानुसार वातावरणीय परिवर्तन, अत्यधिक भोजन सेवन, अलौकिक शक्तियों का नाराज होना या टोना-टोटका के रूप में रोग के कारणों को चार भागों में वर्गीकृत किया है।

व्यक्ति का स्वास्थ्य एक परिवर्तनशील प्रक्रिया है यह लोलक की तरह सकारात्मक स्वास्थ्य के एक सिरे से मृत्यु के दूसरे सिरे तक झूलता रहता है जिसके बीच में बेहतर स्वास्थ्य, रोगों से छुटकारा, अनजानी बीमारी, हल्की रूग्णता तथा भारी रूग्णता के बिन्दु पड़ते है[8] स्वास्थ्य जीवन के प्रत्येक पहलुओं को प्रभावित करता है मानव का सर्वांगीण उन्नति का आधार स्वास्थ्य ही है[9] अत: स्वास्थ्य समाज के विकास एवं रोगी के उपचार में चिकित्सक की भूमिका सर्वोपरि होती है।

सारा संसार चाहता है कि सिर्फ रोग की अक्षमता की ही नहीं बल्कि शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक खुशहाली की अवस्था वाले जिसके वे हकदार है, रोग से लड़ना जरूरी है इसलिए सवाल यह है रोग या सेहत? रोगी का स्वास्थ्य तब तक ठीक नहीं होगा, जब तक कि रोगों के उपचार में चिकित्सक का साथ न हो। चिकित्सक के अभाव में स्वस्थ समाज की कल्पना असंभव है। चिकित्सक व्यक्ति एवं समाज को रोगमुक्त रखने में अपना अमूल्य योगदान निभाता है। वह केवल बीमार व्यक्ति को न केवल दवा देता है अपितु उसे वह स्वस्थ व्यक्ति की दिनचर्या भी बताता है उनके आहार-विहार के संबंध में जानकारी देता है लेकिन विडम्बना यह है कि आज चिकित्सकों के समक्ष काफी चुनौतियाँ हैं।

औद्योगिकीकरण, नगरीकरण, पश्चिमीकारण नये-नये तकनीकी उद्योग के अनुसंधान एवं प्रदूषण के कारण नए-नए रोगों का प्रकोप बढ़ने लगा है इसका सबसे ज्वलन्त उदाहरण कोविड-19 है। जो पूरे विश्व के लिए एक चुनौती है इस प्रौद्योगिकी एवं मशीनी युग की दुनियाँ में भी जहाँ स्वास्थ्य क्षेत्र का काफी विस्तार हुआ है लेकिन इसके बावजूद देश में स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में इतनी बदहाली है? दरअसल जन स्वास्थ्य सेवाओं की बदलाही में परिपक्व राष्ट्रीयता की भावना की कमी के साथ-साथ उपभोक्तावादी, भौतिकवादी, नगरीय पूंजीवादी संस्कृति की अहम भूमिका है जिसने चिकित्सकों को आधे भगवान होने के मूल्य को कमजोर किया है ऐसा क्यो? क्या इनका संबंध आमदनी से है? हां! स्वास्थ्य जैसे—जरूरी क्षेत्र जो कि सीधे जीवन से जुड़ा है, उस पर बाजार का प्रभुत्व है। धरती के भगवान कहे जाने वाले चिकित्सकों में सेवाभाव के बजाय पेशागत होना चिकित्सक एवं रोगी के मध्य में कड़वाहट ला रहा है साथ ही जन साधारण की जागरूकता एवं चेतना व अधिकार बोध का कमी होना भी एक महत्वपूर्ण कारण है। आये दिन मीडिया चैनलों एवं समाचार पत्रों

की सुर्खियों में चिकित्सा सेवाओं की अव्यवस्था, चिकित्सक एवं रोगी के मध्य तनाव, कड़वाहट, हो-हल्ला, तोड़फोड़ आदि की खबरें देश के किसी न किसी हिस्से से आती रहती हैं। इन परिस्थितियों में रोगी एवं उनके परिजन चिकित्सक पर कारवाई की मांग करते हैं दूसरी तरफ चिकित्सक भी इसके विरोध में हड़ताल पर चले जाते हैं इससे चिकित्सक एवं रोगी दोनों प्रभावित होते हैं। ऐसी स्थिति में चिकित्सक के सामने काफी चुनौतयाँ होती हैं। चिकित्सक एवं रोगी के मध्य संबंध बहुत ही संवेदनशील होता है। इन परिस्थितियों में दोनों के मध्य विश्वास की आवश्यकता है।

समाज के लोगों को चिकितसक से काफी उम्मीदें होती हैं क्योंकि चिकित्सा के व्यवसाय में माननीय संवेदना का बहुत महत्व है। रोगी को सहानुभूति एवं हमदर्दी के साथ-साथ दुलार की भी आवश्यकता होती है। उपचार के दौरान अनहोनी होने पर रोगी या परिजनों के द्वारा चिकित्सालय में तोड़-फोड़ करना या चिकित्सक को अपशब्द कहना या उस पर हमला करना अपरिपक्व मानसिकता का परिचायक है। यह आवश्यक है कि देश में स्वास्थ्य प्रणाली में सुधार की बुनियादी आवश्यकताओं में एक अच्छा चिकित्सक होना आवश्यक है। जाहिर है बुनियादी स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत एवं प्रभावी बनाए बगैर स्वस्थ समाज की कल्पना बेमानी है। अतः चिकित्सक का मान सम्मान करना हर व्यक्ति का परम दायित्व है जिससे कि चिकित्सक एवं रोगी तथा परिजनों के मध्य मधुर संबंध बने रहें।

महर्षि चरक ने कहा है कि धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष इन चारों का मूलाधार समाज है। मानव जीवन की सफलता धर्म अर्थ काम, मोक्ष प्राप्त करने में निहित है किन्तु सबका आधार है मनुष्य का स्वास्थ्य। स्वास्थ्य का प्रत्येक व्यक्ति एवं समाज से गहरा संबंध है इसमें चिकित्सकों की भूमिका सर्वोपरि होती है अतः व्यक्ति, समाज एवं राष्ट्र के विकास में स्वस्थ समाज अति महत्वपूर्ण है।

प्रस्तुत अध्ययन चिकित्सक एवं रोगी के मध्य संबंध-आवश्यकता एवं चुनौतियां (जशपुर जिले के विशेष संदर्भ में) से संबंधित है। प्रस्तुत शोध अध्ययन में चिकित्सक एवं रोगी के मध्य संबंध तथा चिकित्सक एवं रोगी के मध्य बिगड़ते रिश्ते के कारण एवं इनके निवारण हेतु गहन चिंतन जैसे तथ्यों को रेखांकित करने प्रयास किया गया है।

उत्तरदाताओं का चयन—प्रस्तुत शोध अध्ययन में अध्ययन हेतु जशपुर जिले के दो चिकित्सालयों का चयन किया गया है :— 1. शासकीय जिला चिकित्सालय जशपुर नगर, 2. निजी चिकित्सालय कुनकुरी। इन दोनों चिकित्सालयों से उत्तरदाताओं का चयन दो भागों में किया गया है, प्रथम भाग में शासकीय जिला चिकित्सालय जशपुर नगर में पंजीकृत 750 में से 75 (10 प्रतिशत) एवं द्वितीय भाग में निजी चिकित्सालय कुनकुरी में पंजीकृत 550 (10 प्रतिशत) रोगी का चयन उत्तरदाता के रूप में किया गया है इस प्रकार कुल 150 उत्तरदाताओं का चयन उद्देश्य निदर्शन के माध्यम से किया गया है।

तालिका क्रमांक - 1

क्रम	जिला	उत्तरदाताओं का चयन चिकित्सालय	चिकित्सालय में पंजीकृत रोगियों की संख्या	अध्ययन हेतु चयनित उत्तरदाता (10%)
1.	जशपुर	1. शासकीय जिला चिकित्सालय जशपुर नगर	750	75
		2. निजी चिकित्सालय कुनकुरी	550	55
		योग	1300	130

प्रस्तुत अध्ययन में तथ्यों के संकलन हेतु साक्षात्कार उपकरण का उपयोग किया गया है एवं अवलोकन प्रविधि की सहायता से आवश्यक सूचनाओं का संकलन किया गया है तथा अध्ययन से संबंधित जानकारी प्राथमिक स्रोतों के साथ-साथ आवश्यकतानुसार द्वितीयक स्रोतों से भी प्राप्त किया गया है।

प्रस्तुत अध्ययन में अध्ययनगत उत्तरदाताओं से चिकित्सक एवं रोगी के मध्य संबंध जैसे संबंधित तथ्यों को जानने का प्रयास किया गया है जिसका विवरण तालिका क्रमांक 02 में दर्शाया गया है—

तालिका क्रमांक-2

चिकित्सक एवं रोगी के मध्य संबंध

क्रम	संबंध	आवृत्ति	प्रतिशत
1.	बहुत अच्छा	56	43
2.	अच्छा	35	27
3.	सामान्य	39	30
4.	खराब	–	–
5.	बहुत खराब	–	–
	योग	130	100

उपर्युक्त तालिका से ज्ञात होता है कि 43 प्रतिशत उत्तरदाता ने कहा कि चिकित्सक एवं रोगी के मध्य संबंध बहुत अच्छा होना चाहिए, 27 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने अच्छा एवं 30 प्रतिशत उत्तरदाता ने सामान्य होना चाहिए कहा, खराब या बहुत खराब किसी ने नहीं कहा। इससे यह स्पष्ट होता है कि— चिकित्सक एवं रोगी के मध्य संबंध प्रायः अच्छे एवं मधुर होते हैं।

प्रस्तुत अध्ययन में चिकित्सक एवं रोगी के मध्य बिगड़ते रिश्ते के कारणों को जानने का प्रयास किया गया है जिसका विवरण तालिका क्र. 03 में वर्णित है

तालिका क्रमांक-3

चिकित्सक एवं रोगी के मध्य बिगड़ते रिश्ते का कारण

क्रम	बिगड़ते रिश्ते का कारण	आवृत्ति	प्रतिशत
1.	चिकित्सक में कुशल व्यवहार का अभाव, संवेदनशीलता एवं सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार का अभाव, वार्ता एवं संवाद की अल्प अवधि, संक्षिप्त परामर्श अवधि, चिकित्सकों का दबाव इत्यादि।	42	32

2.	रोगी की समुचित परामर्श में कमी, चिकित्सक पर कार्यभार अधिक होने का दबाव, उचित परामर्श का अभाव, आवश्यकता से अधिक औषधि पर खर्च, रोगी का चिकित्सक पर अधिक निर्भरता इत्यादि।	36	28
3.	चिकित्सक की संख्या में भारी असमानता, सही चिकित्सक के चयन का अभाव, चिकित्सक की उपलब्धता में कमी, चिकित्सकीय सेवा का फीस अधिक होना, चिकित्सकीय भूलों की जोखिम का बढ़ना, बदलती कार्य संस्कृति से चिकित्सकों में निराशा इत्यादि।	24	18
4.	रोगी एवं उनके परिजनों का चिकित्सक से पर कार्यभार अधिक होने का दबाव, उचित कुशल व्यवहार का अभाव, चिकित्सक की चिकित्सा पर विश्वास की कमी, चिकित्सक से वाद-संवाद का अभाव, ड्यूटी उपरान्त चिकित्सक का नदारद होना, बुनियादी सुविधाओं का अभाव, अनुकुल परिस्थितियों का अभाव आदि।	28	32
	योग	130	100

उपरोक्त तालिका से स्पष्ट होता है कि 32 प्रतिशत उत्तरदाता चिकित्सक एवं रोगी के मध्य बिगड़ते रिश्ते के लिये चिकित्सक में कुशल व्यवहार का अभाव, संवेदनशीलता एवं सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार का अभाव, वार्ता एवं संवाद की अल्प अवधि, संक्षिप्त परामर्श अवधि, चिकित्सकों का दबाव इत्यादि जैसे कारणों को उत्तरदायी मानते हैं जबकि 28 प्रतिशत उत्तरदाता रोगी को रोगी की समुचित परामर्श में कमी, चिकित्सक पर कार्यभार अधिक होने का दबाव, उचित परामर्श का अभाव, आवश्यकता से अधिक औषधि पर खर्च, रोगी का चिकित्सक पर अधिक निर्भरता इत्यादि को उत्तरदायी मानते हैं, 18 प्रतिशत उत्तरदाता चिकित्सक की संख्या में भारी कमी एवं असमानता, सही चिकित्सक

के चयन का अभाव, चिकित्सक की उपलब्धता में कमी, चिकित्सकीय सेवा का फीस अधिक होना, चिकित्सकीय भूलों की जोखिम का बढ़ना, बदलती कार्य संस्कृति से चिकित्सकों में निराशा इत्यादि को उत्तरदायी मानते है, 22 प्रतिशत उत्तरदाता रोगी एवं उनके परिजनों का चिकित्सक से कुशल व्यवहार का अभाव, चिकित्सक की चिकित्सा पर विश्वास की कमी, चिकित्सक से वाद-संवाद का अभाव, ड्यूटी उपरान्त चिकित्सक का नदारद होना, बुनियादी सुविधाओं का अभाव, अनुकूल परिस्थितियों का अभाव आदि को चिकित्सक एवं रोगी के मध्य बिगड़ते रिश्तों लिए उत्तरदायी कारण मानते हैं।

चिकित्सक एवं रोगी के मध्य बिगड़ते रिश्ते पर निवारण हेतु गहन चिन्तन एवं उत्तरदाता के सुझाव को चित्रित करने का प्रयास किया गया है जिसे तालिका क्रमांक 04 में दर्शाया गया है।

तालिका क्र. 4

चिकित्सक एवं रोगी के मध्य बिगड़ते रिश्ते पर निवारण हेतु सुझाव

क्रम	बिगड़ते रिश्ते पर निवारण हेतु सुझाव	आवृत्ति	प्रतिशत
1.	चिकित्सक एवं रोगी के मध्य मधुर संबंध की आवश्यकता संवेदनशीलता एवं सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार के साथ उपचार, चिकित्सक एवं रोगी के मध्य वाद-संवाद के लिए अत्यधिक अवधि, सही तरीके से उपचार एवं खर्चे सीमित होना आदि।	0	0
2.	बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता, चिकित्सक का ड्यूटी अवधि के पश्चात भी चिकित्सक का रोगी के उपचार में आवश्यकता एवं सेवाभाव से उपचार की आवश्यकता, रोगी एवं परिजनों के द्वारा भी चिकित्सक के साथ कुशल व्यवहार की एवं मान-सम्म्मान की आवश्यकता है।	0	0
3.	चिकित्सकों में अभिमान एवं पक्षपात की भावना न हो, चिकित्सकों के व्यावसाय का बाजरीकरण न हो, रोगी एवं उनके परिजन	0	0

	द्वारा चिकित्सकों की चिकित्सा भरोसा, अनुकूल परिस्थितियाँ होने पर चिकित्सा से खुलकर चर्चा एवं वार्ता आदि।		
	योग	130	100

उपरोक्त तालिका से ज्ञात होता है कि चिकित्सक एवं रोगी के मध्य बिगड़ते रिश्तों के निवारण हेतु 40 प्रतिशत उत्तरदाता ने यह सुझाव दिया चिकित्सक एवं रोगी के मध्य मधुर संबंध की आवश्यकता, संवेदनशीलता एवं सहानुभूति पूर्ण व्यवहार के साथ उपचार, चिकित्सक एवं रोगी के मध्य वाद-संवाद के लिए अत्यधिक अवधि, सही तरीके से उपचार एवं खर्चे सीमित होना आदि का सुझाव दिया गया जबकि 35 प्रतिशत उत्तरदाता बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता, चिकित्सक के द्वारा ड्यूटी अवधि के पश्चात भी सेवाभाव से उपचार की आवश्यकता, रोगी एवं परिजनों के द्वारा भी चिकित्सक के साथ कुशल व्यवहार एवं मान-सम्म्मान की आवश्यकता, चिकित्सकीय पेशे का बाजारीकरण नहीं होने जैसे तथ्यों का सुझाव दिया गया, 25 प्रतिशत उत्तरदाता चिकित्सकों में अभिमान एवं पक्षपात की भावना नहीं होने, चिकित्सकों के व्यावसाय का बाजारीकरण नहीं होने, रोगी एवं उनके परिजन के द्वारा चिकित्सक के चिकित्सा पर भरोसा करने एवं अनुकूल परिस्थितियाँ होने पर चिकित्सक से खुलकर चर्चा एवं वार्ता करने जैसे बातों का सुझाव दिया गया।

निष्कर्ष—स्वास्थ हर व्यक्ति का जन्म सिद्ध अधिकार है। देश में स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली में सुधार की बुनियादी आवश्यकताओं में एक अच्छे चिकित्सक का होना आवश्यक है। जाहिर है बुनियादी स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत एवं प्रभावी बनाए बगैर स्वस्थ समाज की कल्पना बेमानी है समाज एवं देश के विकास में चिकित्सक की भूमिका सर्वोपरि होती है। अतः चिकित्सक एवं रोगी के मध्य मधुर संबंध होने की आवश्यकता है।

संदर्भ-सूची

1. बी.डी. हरवालाणी, *मातृकला, शिशु पालन एवं बाल विकास,* अग्रवाल पब्लिकेशन, प्रथम संस्करण 2011, नई दिल्ली, पृ. 197.
2. उमेश कुमार वर्मा, *(भारत का जनजातीय समाज,* इंस्टीट्यूट फॉर सोशल डेवलपमेंट एण्ड रिसर्च, रांची, झारखण्ड, पृ. 127.

3. जी आर मंदन (*भारतीय सामाजिक समस्याएं,* विवेक प्रकाशन, जवाहर नगर, दिल्ली-7, पांचवा संस्करण 2000, पृष्ठ-267.

4. गिरिश कुमार, *समाज कार्य के क्षेत्र,* महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी उत्तर प्रदेश, हिन्दी संस्थान लखनऊ, प्रथम संस्करण-1996, पृ. 121-139.

5. A.P. Singh; *Concept of Disease and Healing Among the folkcutrers* of Uttaranchal Himalaya,-*Jour,* Ori. Anth. 2(1), 2002, P. 51-54.

6. N. Khatua, 'Sickness and healing among the Hill korwas', a paper Persented at the National Seminar on Health Hygiene, Andhra University, Vishakhapatnam' (A.P.), 1998.

7. K.H. Bhatt, *concept of Health and Disease Among the Panars of Meghalaya,* in Tribal Health, Socio Culture Dimensions (Buddha Chaudhuri. Ed.), Inter-India publication, New Delhi, 1986.

8. ए.के. श्रीवास्तव, *शारीरिक शिक्षा एवं स्वास्थ्य* कक्षा-XII, स्पोर्ट्स पब्लिकेशन, नई दिल्ली, प्रथम संस्करण, 2004, पृ. C3.66.

9. अशोक प्रधान, *जनजातीय जनांकिकी* (छ.ग. के संवारा जनजाति के विशेष संदर्भ में) (शताश्री प्रकाशन, रायपुर, संस्करण, 2004, पृ. 178.

10. महेश शुक्ल, मोहम्मद शरीफ खान, *खैरवार जनजाति* (सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक अध्ययन), अर्जुन पब्लिशिंग हाउस, प्रथम संस्करण, 2004, पृ. 98.

डॉ. क्रेसेन्सिया बक्सला

(Asst. Professor)

Lt. Shri Jayadev Satpathi Govt. College

Basna, Mahasamund (C.G.)

❑❑❑

गाँधी की बुनियादी शिक्षा योजना : वर्तमान में प्रासंगिकता एवं सम्भावनाएँ

• डॉ. कैलाश चन्द गुर्जर

शोध सारांश

महात्मा गाँधी एक प्रयोगकर्ता के रूप में मानव कल्याण की भावना से ओत-प्रोत आदर्श पुरुष थे। उनके कार्यों एवं विचारों के लक्ष्य समाज व मानव का उत्थान, अन्याय व शोषण का विरोध, अवसरों की समान उपलब्धता, हर व्यक्ति को स्वावलम्बन के साथ विकास करने का अधिकार आदि था। गांधी की शिक्षा साक्षर बनाने वाली न होकर एक आधारभूत आवश्यकताओं की पूर्ति का संकल्प थी। उनके लेखों एवं भाषणों से स्पष्ट होता है कि वे परिश्रम आधारित रोजगारपरक शिक्षा व्यवस्था का समर्थन करते थे। स्वावलम्बन का विकास ही स्वास्थ्य एवं समृद्ध व्यक्तित्व का निर्माण कर सकता है जिससे समाज व राष्ट्र का आदर्श रूप तैयार किया जा सकता है। अत: गाँधीजी प्रत्येक व्यक्ति को स्थानीय वातावरण एवं जरूरतों के अनुसार काम उपलब्ध कराने की शिक्षा पद्धति को बढ़ावा देना चाहते थे। गाँधी की शिक्षा योजना मूलत: परिश्रम, रोजगार, बौद्धिक कुशलता, आध्यात्मिकता एवं नैतिकता जैसे आयामों का मिश्रण थी।

संकेताक्षर : बुनियादी शिक्षा, स्वावलम्बन, शिल्प-कला, गुरुकुल पद्धति, शिक्षा आयोग, नई शिक्षा नीति, शैक्षणिक संस्थान, पाठ्यक्रम, राष्ट्रीय शिक्षा, पाश्चात्य शिक्षा।

महात्मा गाँधी एक युग पुरुष थे। आज भी वैश्विक स्तर पर गाँधी के सत्य, अहिंसा व नैतिक मूल्यों का प्रयोग किया जा रहा है। इसी कड़ी में गाँधी की बुनियादी शिक्षा व्यक्ति के सम्पूर्ण विकास का साधन मानी जा सकती है। शिक्षा व्यक्ति को सभी समस्याओं को पहचान कर उनका समाधान निकालने का मार्ग

प्रशस्त करती है। गाँधी की शिक्षा सामाजिक समानता, आर्थिक सम्मान अवसरों की उपलब्धता, नैतिक व मानवीय मूल्यों का समर्थन करती है।

गाँधी की बुनियादी शिक्षा 3H (Head, Hand, Heart) पर आधारित थी। इसमें स्वावलम्बन और जीविकोपार्जन के साथ-साथ चरित्र निर्माण की व्यवस्था थी। गाँधी का आदर्श **सा विद्या या विमुक्तये** अर्थात् शिक्षा ही हमें समस्त बन्धनों से मुक्ति दिलाती है। गाँधी की शिक्षा संकल्पना अक्षर ज्ञान तक सीमित ना होकर व्यक्तित्व निर्माण का साधन/हथियार मानी जाती है।

भारत में वर्तमान में प्रचलित अंग्रेजी शिक्षा पद्धति तथा हाल ही में जारी नई शिक्षा नीति 2020 का तुलनात्मक अध्ययन करने पर स्पष्ट होता है कि आज के परिवेश में गाँधी की शिक्षा व्यवस्था कितनी कारगर है।

महात्मा गाँधी के प्रत्येक क्षेत्र व विषय में विचार एवं साधन बहुत ही व्यवहारिक एवं मानवीय गुणों का समन्वय है। शिक्षा व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास की महत्वपूर्ण कड़ी होती है।

गांधी के अनुसार शिक्षा की योजना में हाथ में कलम से पहले औजार होना आवश्यक है। गाँधी का मानना है कि तालीम बेसिक व स्वाभाविक होगी जो बच्चों पर लादी नहीं जाएगी बल्कि वे स्वतः ही दिलचस्पी लें। इसीलिये यह तालीम दूसरी तमाम शिक्षा पद्धतियों से जल्दी फल देने वाली और सस्ती होगी।[1] इस प्रकार गाँधी का मानना है कि शिक्षा की संकल्पना में व्यक्ति के शरीर, मन व आत्मा की उत्तम क्षमताओं को उद्घाटित कर प्रकाश में लाया जाये। शिक्षा से मेरा अभिप्राय है—'बालक और मनुष्य के शरीर, मस्तिष्क व आत्मा में पाये जाने वाले सर्वोच्च गुणों का चहुँमुखी विकास।'[2]

गांधी ने समय-समय पर अपने लेखों व भाषणों के द्वारा शिक्षा सम्बन्धी विचार प्रकट किये। शिक्षा का बहुआयामी स्वरूप प्रस्तुत किया। शिक्षा को व्यक्ति के व्यक्तित्व व कृतित्व का मूल आधार माना। साथ ही शिक्षा को राजनीतिक, सामाजिक, नैतिक व आर्थिक प्रगति का आधारभूत तत्व भी माना। गांधी के अनुसार साक्षरता शिक्षा नहीं है, स्वावलम्बन शिक्षा है। शिक्षा का मूल उद्देश्य बालक का सर्वांगीण विकास है। शिक्षा मातृभाषा में हो, सात वर्ष तक निःशुल्क हो तथा रोजगारपरक हो। गांधी के अनुसार परिवर्तन एवं प्रयोग होते रहने चाहिये।

गांधी जी कहा करते थे कि 'मैं भारत के लिए निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा के सिद्धान्त में दृढ़तापूर्वक विश्वास रखता हूँ।[3] गांधी की शिक्षा में आदर्श नागरिक व समाज के निर्माण की भावना थी। समाज में शोषण का स्थान नहीं

हो। गांधी के अनुसार अंगेजी शिक्षा से दम्भ, राग और द्वेष बढ़े हैं।[4] अतः गांधी पाश्चात्य शिक्षा व भाषा के समर्थक नहीं थे। उनका मानना था कि अंग्रेजी भाषा व शिक्षा से भारतीयों का सर्वांगीण विकास नहीं हो सकता अतः भारतीय ज्ञान व भाषा का प्रयोग आवश्यक है।

भारत में बड़े-बड़े कार्यालयों में अंग्रेजी भाषा का बोलबाला है ऐसे में भारतीय नागरिक से न्याय कैसे होगा? इसलिए प्रांतीय भाषाओं की सत्ता कायम करनी चाहिए। उनके अनुसार मातृभाषा मनुष्य के मानसिक विकास के लिए उतनी ही आवश्यक है जिस प्रकार माँ का दूध शिशु के मानसिक विकास के लिए है।

अतः हिन्दुस्तान के निवासियों को अपनी भाषाओं का ज्ञान होना चाहिए। प्रत्येक पढ़े-लिखे व्यक्ति को भी अपनी भाषा व संस्कृति का ज्ञान होना चाहिये। हिन्दू को संस्कृत, मुस्लिम को अरबी, पारसी को फारसी भाषा तथा सभी को हिंदी भाषा का ज्ञान होना चाहिए। हिंदी भाषा को उर्दू या नागरी लिपि में लिखने की छूट होनी चाहिए जिससे कि हिन्दू-मुस्लिम आपस में सद्भाव व समन्वय से अपने सम्बन्ध बनाये रखें।[5]

गांधी के अनुसार हमें पश्चिमी सभ्यता का अधिक प्रभाव नहीं होने देना चाहिये। इंग्लण्ड में ही अंग्रेजी भाषा के बजाय स्थानीय भाषा के प्रयोग का प्रचलन चल रहा है। वेल्स परगने के बालक स्थानीय वेल्स भाषा का प्रयोग करें ऐसा प्रयास किया जा रहा है। दूसरी ओर हम अंग्रेजी भाषा को अपनी शान और शौकत मानने में लगे हैं जो हमारी मौलिक सभ्यता व संस्कृति के लिए घातक सिद्ध हो रही है। भारतीय मानस का अधिकतम विकास अंग्रेजी के ज्ञान के बिना सम्भव होना चाहिये।[6] गांधी के अनुसार अंग्रेजी शिक्षा ने हमें कमजोर बना दिया। साहसी नागरिक का निर्माण अंग्रेजी शिक्षा नहीं कर सकती।[7] गांधी के अनुसार श्रम की शिक्षा आवश्यक रूप से देनी चाहिए। प्रारम्भ से ही श्रम का महत्व समझाया जायेगा तो व्यक्ति अपने पारिवारिक एवं परम्परागत पेशे कृषि व मजदूरी व शिल्प आदि से दूर नहीं जा पायेगा।[8]

गांधी का मानना है कि शिल्प, कला, स्वास्थ्य, शिक्षा आदि को एक योजना में समन्वित कर एक उपयोगी तालीम की व्यवस्था करनी चाहिये। शिल्प और उद्योग को शिक्षा से अलग न मानकर शिक्षा का ही अंग मानना चाहिये।[9] इस प्रकार आपसी सहयोग व स्वाभिमान की शिक्षा प्राप्त करें, सामुदायिक जीवन पद्धति का अनुसरण करें।

स्त्रियों को पुरुषों के बराबर शिक्षा के साथ-साथ यदि कहीं आवश्यकता

हो तो उन्हें विशेष सुविधा भी दी जाए। गांधी जी स्त्रियों को भी शिक्षा में अग्रणी होने की वकालात करते थे। वे धार्मिक शिक्षा के सन्दर्भ में सभी धर्मों के सिद्धान्तों एवं शिक्षाओं का अध्ययन करने के पक्षधर थे। विद्यार्थियों को ऐसी तालीम दी जानी चाहिये कि संसार के विभिन्न धर्मों के सिद्धान्तों का आदर तथा उदारतापूर्ण सहनशीलता की भावना के साथ उनका आदर व सम्मान करने की आदत डालें।[10] सत्य, अहिंसा, न्याय व भाईचारे के महत्व में विश्वास ही सच्चा धर्म होता है, ऐसी अवधारणा आम व्यक्ति के मन और मस्तिष्क में विकसित करना गांधी की धार्मिक शिक्षा का उद्देश्य रहा है। गांधी सभी धर्मों के नेक सिद्धान्तों को मानवीय विकास के लिए लाभदायक मानते हैं तथा आदर्श व्यक्तित्व, समाज के निर्माण में उनका उपयोग बेहतर किया जाना चाहिये। धार्मिक शिक्षा चाहे स्कूली शिक्षा का हिस्सा ना हो, परन्तु एक प्रौढ़ को अन्य विषयों के साथ-साथ धार्मिक विषयों पर भी अध्ययन व स्वावलम्बन की आदत डालनी चाहिये।[11]

गाँधी धार्मिक शिक्षा में पाखण्ड व अंधविश्वास का समर्थन नहीं करते हैं। वे ऐसी प्राचीन परम्पराओं, मान्यताओं का समर्थन करते हैं जो नीतिगत सत्य पर आधारित आध्यात्मिक विकास का मार्ग प्रशस्त करती हो। आत्मा का पतन व बुद्धि का स्खलन नहीं करती हों। वे ऐसे धर्म-कर्म, विधि-विधान एवं सनातन शास्त्र, अनुमोदित आध्यात्मिक गुणों के प्रबल समर्थक थे।[12]

गाँधी जी का मानना था कि निरक्षर लोगों को साक्षर करना चाहिये परन्तु सिर्फ अक्षर ज्ञान ही नहीं अपितु उन्हें रोजमर्रा की जिन्दगी में काम आने वाली शिक्षा भी देनी चाहिये। प्रौढ़ शिक्षा का समर्थन भी गाँधी ने किया। उन्हें सच्ची शिक्षा होगी सीधी बातचीत के माध्यम से दी जाने वाली शिक्षा। जुबानी तालीम के साथ-साथ लिखने-पढ़ने की तालीम भी चलेगी।

गाँधी ने अपने समय की शिक्षण पद्धति को दोषपूर्ण बताया तथा उसमें बदलाव की आवश्यकता पर बल दिया। उनके अनुसार बालक और शिक्षक के बीच की खाई समाप्त हो। उन्होंने कार्य-प्रधान शिक्षण-पद्धति को अपनाने की जरूरत बतायी। उनके अनुसार विद्यार्थी को निरीक्षणकर्ता एवं प्रयोगकर्ता होना चाहिये। शिक्षण पद्धति के प्रयोगात्मक ढाँचे को विकसित कर उपयोग में लाने पर जोर दिया।

भारत में वर्तमान में मैकाले पद्धति आधारित शिक्षा व्यवस्था संचालित है। प्राचीनकाल में गुरुकुल शिक्षा पद्धति का प्रचलन था। तुलनात्मक दृष्टि से गांधी

की शिक्षा की संकल्पना अंग्रेजी शिक्षा व्यवस्था की बजाय गुरुकुल शिक्षा पद्धति का समर्थन करती नजर आती है। गांधी ने अंग्रेजी शिक्षा पद्धति को बाबू बनाने वाली शिक्षा कहा है। अंग्रेजी शिक्षा भारतीय मूल भी संस्कृति व संस्कारों का पोषण नहीं करके उन्हें नष्ट करने के मार्ग खोलती है। वह भारतीय समाज में विभाजन व शोषणकारी तत्वों को समाहित करती है तथा अंग्रेजी को श्रेष्ठ बताने व बनाने वाली है।

गुरुकुल शिक्षा पद्धति में व्यक्ति के नैतिक, आध्यात्मिक चारित्रिक उन्नयन के लिए पाठ्यक्रम व शिक्षा होती थी। गांधी भी कहते हैं कि भारतीय लोगों को नैतिक बल, रचनात्मक, आर्थिक उत्पादन, सर्वांगीण व्यक्तित्व निर्माण करने वाली शिक्षा दी जाए। इससे मानवीय गुणों का निर्माण व विकास होगा तथा साथ ही आदर्श समाज व राष्ट्र का निर्माण भी होगा। सामाजिक-आर्थिक समानता आधारित शिक्षा पर बल दिया। शिक्षा सैद्धान्तिक होने की बजाय व्यावसायिक व परिश्रम पर आाारित हो जो गुरुकुल शिक्षा व्यवस्था में दिखाई देती है।

मैकाले स्मरण पत्र पर आधारित शिक्षा प्रणाली भारतीयों को प्रवृत्ति, विचार, नैतिकता एवं संस्कारों से अंग्रेज बनाने वाली दिखाई देती है। लार्ड बैंटिक ने मैकाले स्मरण पत्र को मार्च, 1835 में स्वीकार करके अंग्रेजी भाषा को प्रशासन व उच्च शिक्षा का आधार माना। इसी वर्ष राजभाषा फारसी के स्थान पर अंग्रेजी बन गई। यह शिक्षा व्यवस्था आज तक जारी है जो कई मायनों में अप्रासंगिक दिखाई देती है।

1854 ई. में वुड्स डिस्पैच लागू किया गया जिसे भारतीय शिक्षा का 'मैग्नाकार्टा' कहा जाता है। इसके तहत् कुछ बदलाव करते हुए स्थानीय / देशी भाषाओं को शिक्षा का माध्यम बनाने की छूट दी गई। ग्रामीण स्तर पर प्राथमिक पाठशालाएँ तथा निजी क्षेत्र में शिक्षा के प्रोत्साहन की व्यवस्था की गई। भारत में विश्वविद्यालयों की स्थापना की गई। व्यावसायिक एवं तकनीकि शिक्षा, शिक्षक प्रशिक्षण केन्द्र व बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने की व्यवस्था की गई।

परन्तु वर्तमान में बदलते परिवेश में परिवर्तन की गुंजाइश दिखाई देती है। आजादी के पश्चात् विभिन्न शिक्षा आयोग गठित कर कुछ परिवर्तन किए गए। परन्तु गांधी की शिक्षा की संकल्पना का सपना पूरा होता हुआ दिखाई नहीं दे रहा। हाल ही में भारत में नई शिक्षा नीति 2020 का प्रस्ताव पारित किया गया है। इसमें शिक्षा का बजट बढ़ाकर जी. डी. पी. का 6 प्रतिशत कर दिया गया। इसमें रोजगारपरक, गुणवत्तायुक्त, स्थानीय भाषाओं को प्रोत्साहित करके शिक्षा देने के प्रावधान किये गए हैं। गांधी ने देशी भाषाओं के प्रचार-प्रसार व

उपयोग कर बल दिया था, नई शिक्षा नीति में भी स्थानीय भाषा, प्राचीन भारतीय संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन की सम्भावनाएँ देखी जा सकती हैं।

21वीं सदी की आवश्यकताओं एवं चुनौतियों को दृष्टिगत रखते हुए नई शिक्षा नीति में बहु-विषयक, बहु-वैकल्पिक, श्रम, कौशल व शिल्प पर आधारित शिक्षा प्रणाली का रोड मैप बनाया गया है। इसमें कला, खेल, योग, संवाद, कहानियाँ, परम्परागत कौशल आदि को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया गया है। देश की मौलिक, आदिवासी संस्कृति, वन संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, कृषि के परम्परागत तौर-तरीके आदि भी अध्ययन व अनुसंधान के विषय होंगे। इन सबके लिए आधारभूत सुविधाएँ, मैकेनिज्म आदि बड़ी चुनौतियाँ हो सकती हैं। परिवर्तन को स्वीकार करना, उसके लिए सुविधाएँ प्रदान करना भी भारतीय परिवेश में एक चुनौती है।

पूर्व में भी शिक्षा में परिवर्तन के लिए 1964 में संसद सदस्य श्री सिद्धेश्वर प्रसाद ने शिक्षा के दर्शन और दृष्टिकोण को लेकर प्रश्न उठाये थे। इसी आधार पर तत्कालीन यू.जी.सी. चेयरमैन डी.एस. कोठारी के नेतृत्व में 17 सदस्यीय शिक्षा आयोग बना था। उसने शिक्षा पद्धति का नया तरीका इजाद किया जिसे 1968 ई. में संसद में मंजूर किया गया जो प्रथम शिक्षा नीति के रूप में जाना जाता है। 1986 ई. में दूसरी शिक्षा नीति तथा 1992 ई. में उसकी पुनर्समीक्षा की गई।

इनमें अंग्रेजी शिक्षा पद्धति को आंशिक रूप से बदला गया परन्तु फिर भी भारतीय दृष्टिकोण से शिक्षा प्रणाली की स्थापना नहीं हुई। अधिकांश भारतीय आम नागरिक का जीवन जीते हैं। उनके हितों, आय के संसाधनों को ध्यान में रखकर शिक्षा के पाठ्यक्रम, डिप्लोमा, डिग्री, शिक्षण, प्रशिक्षण की व्यवस्था अधिक प्रासंगिक होगी।

नई शिक्षा नीति में परिवर्तन के प्रयास तो किया गया है लेकिन इसे लागू करने की चुनौती मुख्य है। क्या वर्तमान शैक्षणिक संस्थानों, संसाधनों आदि में यह सम्भव है? क्या गाँधी की शिक्षा संकल्पना का सपना पूरा हो सकता है? क्या वर्तमान परिदृश्य में वैश्विक स्तर पर यह कारगर सिद्ध हो सकती है? ऐसे अनेक प्रश्न विचारणीय हैं।

भारतन कुमारप्पा द्वारा सम्पादित पुस्तक बेसिक ऐजुकेशन (1951 ई.) एवं टुआर्डस न्यू ऐजुकेशन (1953) में गांधी के शिक्षा दर्शन का विस्तृत उल्लेख मिलता है जो उनको पत्रों, लेखों व भाषणों से संकलित किया गया है। इसमें गांधी व्यक्ति को जिम्मेदार नागरिक बनाने वाली शिक्षा का समर्थन करते

हैं। उन्होंने काम और ज्ञान को एक-दूसरे से अलग न मानकर एक-दूसरे से अन्तर्सम्बन्ध रखने वाला बताया है।

प्रारम्भिक तौर पर बच्चों को मजबूत, उपयोगी व विश्वास से लबरेज बनाने हेतु शिक्षा में स्वच्छता, पोषक तत्व, संगीतमय वातावरण आदि तत्वों का समावेश कारगर बताया है। साथ ही स्वदेशी, राष्ट्रीय शिक्षा की बात भी की जाती है। भारतीय वातावरण के अनुसार बालक को शिक्षा दी जानी चाहिये। महंगी शिक्षा से तुरंत वापस कुछ लाभ नहीं होता अतः कताई-बुनाई को भी पाठ्यक्रम से जोड़ना चाहिये।[14] शिक्षा में सेवा भाव का होना, चारों तरफ के वातावरण की अनुभूति, आत्मनिर्भर अनुशासित एवं स्वावलम्बी आदि गुणों का विकास करने वाली शिक्षा बालकों को दी जानी चाहिए।

यदि शिक्षा के पाठ्यक्रम में शिल्प व श्रम को जोड़ा जाए तो बालक स्वयं अपना खर्चा वहन करते हुए आत्मनिर्भर बनता है। मानसिक व शारीरिक रूप से प्रशिक्षत होगा तथा स्वदेशी की संकल्पना को पूरी करने में सहयोगी बनेगा। इस प्रकार एकीकृत शिक्षा जिसके पाठ्यक्रम में बालक को व्यावहारिक शिक्षा, रोजगारपरक शिक्षा श्रम आधारित शिक्षा, संस्कारयुक्त शिक्षा प्रदान की जाए तो ज्यादा उपयोगी होगी।[15]

नई शिक्षा नीति 2020 में डॉ. कस्तूरी रंजन का मानना है कि कक्षा 6 से ही बालक को व्यावसायिक व कौशल विकास की, शिक्षा दी जानी चाहिये। इसमें कही ना कहीं गांधी जी की शिक्षा की संकल्पना का समर्थन दिखाई देता है परन्तु क्या व्यावहारिक तौर पर इसे अमली जामा पहनाया जा सकेगा।

गांधी की शिक्षा की संकल्पना पूरी तरह आत्मनिर्भर व स्वावलम्बन के तत्वों का समावेश है। गांधी की शिक्षा का मूल उद्देश्य व्यक्ति के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास, सामाजिक संस्कारों का विकास, आर्थिक स्वावलम्बन, स्वभाषा राष्ट्रीय दृष्टिकोण पर आधारित बेसिक शिक्षा की संकल्पना है।

भारत में अभी संचालित शिक्षा अंग्रेजी पद्धति पर है जो वैश्विक स्तर पर कुछ उपयोगी भी दिखाई देती है परन्तु भारत के भौगोलिक, सामाजिक व सांस्कृतिक वातावरण के अनुरूप कुछ परिवर्तनों की गुंजाइश भी दृष्टिगत है। भारत सरकार ने नई शिक्षा नीति 2020 के तहत् बड़े परिवर्तन का खाका तैयार किया है। सरकार व आम नागरिक मिलकर कुछ उपयोगी बदलावों को मूर्त रूप दे पाते हैं तो कुछ अच्छे परिणाम मिलने की उम्मीद है। गांधी के सपनों का भारत बनाने में हम सभी को अपना योगदान देना होगा। इसके लिए प्रत्येक नागरिक

को रोजगार के अवसर, समानता व स्वतंत्रता की भावना का आभास कराना होगा।

आज के दौर में विविध समस्याओं के अनेक रूप हमारे सामने खड़े हुए हैं जैसे पर्यावरण संकट, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, भुखमरी, सामाजिक एवं आर्थिक असमानता आदि-आदि। गाँधी की बेसिक शिक्षा इन मुख्य चुनौतियों के समाधान का मार्ग प्रशस्त करती है। नई शिक्षा नीति में कुछ प्रयास इस तरह के दिखाई देते हैं लेकिन उनका क्रियान्वयन किस रूप में होता है यह एक प्रश्न हमारे सामने हैं। नई शिक्षा नीति ने गाँधी की बेसिक शिक्षा को और अधिक प्रासंगिक बना दिया तथा नई-नई सम्भावनाओं का मार्ग खोल दिया।

संदर्भ

1. *हरिजन*, 28 अगस्त, 1937
2. *हरिजन*, 31 जुलाई, 1937
3. *हरिजन*, 9 अक्टूबर, 1937
4. *गांधीजी*, अनुवादक अमृतलाल ठाकरदास, नवजीवन प्रकाशन मंदिर, अहमदाबाद, 1941, पृ. 73
5. वही, पृ. 74
6. *यंग इण्डिया*, 2 फरवरी, 1921
7. आर. के. प्रभु तथा यू. आर. राव, महात्मा गांधी के विचार, नेशनल बुक ट्रस्ट इण्डिया, 1994, पृ. 363-364
8. *यंग इण्डिया*, 1 सितम्बर, 1921
9. *हरिजन*, 10 नवम्बर, 1964
10. *यंग इण्डिया*, 6 दिसम्बर, 1928
11. हिंदी *नवजीवन*, 25 अगस्त, 1926
12. महात्मा गांधी, *मेरे सपनों का भारत*, राजपाल एंड सन्स, दिल्ली, 2010, पृ. 177
13. रचनात्मक कार्यक्रम, पृ. 30-31
14. *'टुआर्ड्स न्यू एजुकेशन'*, सं. भारतन कुमारप्पा, पृ. 29-30
15. *यंग इण्डिया*, 15 जून, 1921

डॉ. कैलाश चन्द गुर्जर

सहायक आचार्य, इतिहास विभाग,

मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर (राज.)

❑❑❑

पर्यावरण-संरक्षण (प्राचीन एवं आधुनिक चिन्तन के सन्दर्भ में)

• डॉ. प्रतिमा गोंड

मनुष्य एवं पर्यावरण के बीच अटूट संबंध होता है दोनों एक-दूसरे पर आश्रित हैं। उनकी समस्त क्रियाएं पर्यावरण के संपर्क से ही संभव होती हैं। *पर्यावरण शब्द परि तथा आवरण के संयोग से बना है। 'परि' का आशय चारों ओर तथा 'आवरण' का आशय परिवेश है।* दूसरे शब्दों में वनस्पतियों, प्राणियों और मानव जाति सहित सभी सजीवों और उनके साथ संबंधित भौतिक परिसर को पर्यावरण कहते हैं। वास्तव में पर्यावरण में वायु, जल, भूमि, पेड़-पौधे, जीव-जन्तु, मानव और उसकी विविध गतिविधियों के परिणाम आदि सभी का समावेश होता हैं। सारांशतः पर्यावरण शब्द का अर्थ है हमारे चारों ओर का वातावरण होता है और पर्यावरण संरक्षण का तात्पर्य है कि हम अपने चारों ओर के वातावरण को संरक्षित करें तथा उसे जीवन के अनुकूल बनाए रखें।

पर्यावरण संरक्षण का समस्त प्राणियों के जीवन तथा इस धरती के समस्त प्राकृतिक परिवेश से घनिष्ठ सम्बन्ध है परन्तु प्रदूषण के कारण सारी पृथ्वी दूषित हो रही है और निकट भविष्य में मानव सभ्यता पर खतरा मंडरा रहा है। विश्व में बढ़ते बंजर इलाके, फैलते रेगिस्तान, कटते जंगल, लुप्त होते पेड़-पौधों और जीव जन्तु, प्रदूषणों से दूषित पानी, कस्बों एवं शहरों पर गहराती गन्दी हवा और हर वर्ष बढ़ते बाढ़ एवं सूखे के प्रकोप इस बात के साक्षी हैं कि हमने अपने धरती और अपने पर्यावरण की देखभाल नहीं की। अब इससे होने वाले संकटों का प्रभाव बिना किसी भेदभाव के समस्त विश्व, वनस्पति जगत और प्राणी मात्र पर समान रूप से पड़ रहा है। हम देखते हैं कि हमारे जीवन के तीनों बुनियादी आधार वायु, जल एवं मृदा आज खतरे में हैं। सभ्यता के विकास के शिखर पर बैठे मानव के जीवन में इन तीनों प्रकृति प्रदत्त उपहारों का संकट बढ़ता जा रहा

है। पर्यावरण विघटन की समस्या आज समूचे विश्व के सामने प्रमुख चुनौती है जिसका सामना सरकार तथा जागरूक जनमत द्वारा किया जाना है।

प्राचीन भारतीय चिन्तन में पर्यावरण संरक्षण :

भारतीय संस्कृति में पर्यावरण के संरक्षण को बहुत महत्त्व दिया गया है। यहाँ मानव जीवन को हमेशा मूर्त या अमूर्त रूप में पृथ्वी, जल, वायु, आकाश, सूर्य, चन्द्र, नदी, वृक्ष एवं पशु-पक्षी आदि के साहचर्य में ही देखा गया है। भारतीय संस्कृति का अवलोकन करने से ज्ञात होता है कि यहाँ पर्यावरण संरक्षण का भाव अति पुरातनकाल में भी मौजूद था पर उसका स्वरूप भिन्न था। उस काल में कोई राष्ट्रीय वन नीति या पर्यावरण पर काम करने वाली संस्थाएँ नहीं थीं। पर्यावरण का संरक्षण हमारे नियमित क्रियाकलापों से ही जुड़ा हुआ था। इसी वजह से वेदों से लेकर कालीदास, दाण्डी, पंत, प्रसाद आदि तक सभी के काव्य में इसका व्यापक वर्णन किया गया है।

सिंधु सभ्यता की मोहरों पर पशुओं एवं वृक्षों का अंकन, सम्राटों द्वारा अपने राज-चिन्ह के रूप में वृक्षों एवं पशुओं को स्थान देना, गुप्त सम्राटों द्वारा बाज को पूज्य मानना, मार्गो में वृक्ष लगवाना, कुएँ खुदवाना, दूसरे प्रदेशों से वृक्ष मँगवाना आदि तात्कालिक प्रयास पर्यावरण प्रेम को ही प्रदर्शित करते हैं। वैदिक ऋषि प्रार्थना करते हैं कि पृथ्वी, जल, औषधि एवं वनस्पतियाँ हमारे लिये शान्तिप्रद हों। ये शान्तिप्रद तभी हो सकते हैं जब हम इनका सभी स्तरों पर संरक्षण करें।

प्राचीन भारत के वैदिक वाङ्मय में ऐसे अनेक सूक्त-ऋचाएं, उक्तियां व कथानक मिलते हैं जिनमें प्रकृति के प्रति गहरा श्रद्धाभाव है।यजुर्वेद का अध्ययन इस तथ्य का संकेत करता है कि उसके शांतिपाठ में पर्यावरण के सभी तत्वों को शांत और संतुलित बनाए रखने का भाव है, वहीं इसका तात्पर्य यह भी है कि समूचे विश्व का पर्यावरण संतुलित और परिष्कृत हो। ऋग्वेद की ऋचा कहती हैहे वायु! अपनी औषधि ले आओ और यहां से सब दोष दूर करो क्योंकि तुम ही सभी औषधियों से भरपूर हो। सामवेद कहता हैइन्द्र! सूर्य रश्मियों और वायु से हमारे लिए औषधि की उत्पत्ति करो। हे सोम! आपने ही औषधियों, जलों और पशुओं को उत्पन्न किया है। अथर्ववेद मानता है कि मानव जगत के अधिक सन्निकट है। व्यक्ति स्वस्थ, सुखी दीर्घायु रहे, नीति पर चले और पशु, वनस्पति एवं जगत के साथ साहचर्य रखे। वैदिक कर्मकांडों की अनेक विधाओं ने भी पर्यावरण संरक्षण और सुरक्षा का दायित्व निभाया है। रामायणकालीन

सभी ग्रंथों में जड़ व चेतन सभी तत्वों को चेतना संपन्न बताया गया है। रामचरित मानस के उत्तरकांड में वर्णन मिलता है कि चरागाह, तालाब, हरित भूमि, वन-उपवन के सभी जीव आनंदपूर्वक रहते थे। भगवान श्रीकृष्ण द्वारा गाई गई गीता में प्रकृति को सृष्टि का उपादान कारण बताया गया है। प्रकृति के कण-कण में सृष्टि का रचयिता समाया हुआ है।

भारतीय दर्शन यह मानता है कि प्रकृति हो या शरीर, इनकी रचना पर्यावरण के महत्त्वपूर्ण घटकों पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश से ही हुई है तभी समुद्र मंथन से वृक्ष जाति के प्रतिनिधि के रूप में कल्पवृक्ष का निकलना, कामधेनु और ऐरावत हाथी का निकलना व देवताओं द्वारा उसे अपने संरक्षण में लेना, पर्यावरण संरक्षण के उदाहरण हैं। कृष्ण की गोवर्धन पर्वत की पूजा की शुरुआत का लौकिक पक्ष यही है कि जन सामान्य मिट्टी, पर्वत, वृक्ष एवं वनस्पति का आदर करना सीखें। जिस प्रकार राष्ट्रीय वन-नीति के अनुसार सन्तुलन बनाए रखने हेतु 33 प्रतिशत भू-भाग वनाच्छादित होना चाहिए, ठीक इसी प्रकार प्राचीन काल में जीवन का एक तिहाई भाग प्राकृतिक संरक्षण के लिये समर्पित था, जिससे कि मानव प्रकृति को भली-भाँति समझकर उसका समुचित उपयोग कर सके और प्रकृति का सन्तुलन बना रहे तभी भारतीय संस्कृति में पर्यावरण संरक्षण की इस विराट अवधारणा की सार्थकता है।

आधुनिक चिन्तन में पर्यावरण संरक्षण :

पर्यावरण प्रदूषण व संरक्षण के सम्बन्ध में अन्तरराष्ट्रीय चिन्ता 20वीं सदी के उत्तरार्द्ध में बढ़ गई थी। 30 जुलाई, 1968 को मानव पर्यावरण की समस्या पर अन्तरराष्ट्रीय सम्मेलन बुलाने के लिये संयुक्त राष्ट्र संघ की आर्थिक तथा सामाजिक परिषद ने प्रस्ताव संख्या 1946 के तहत एक प्रस्ताव पारित किया, जिसमें कहा गया कि आधुनिक वैज्ञानिक एवं तकनीकी विकास के परिप्रेक्ष्य में मानव तथा उसके पर्यावरण के मध्य सम्बन्धों में परिवर्तन हुआ है। सामान्य सभा ने इस बात पर संज्ञानता प्रकट की। वैज्ञानिक तथा तकनीकी विकास ने मानव को अपनी आवश्यकताओं के अनुरूप पर्यावरण को आकार देने के उद्देश्य से अप्रत्याशित अवसरों को जन्म दिया है। यदि इन अवसरों को नियंत्रित ढंग से उपयोग नहीं किया गया तो अनेक गम्भीर समस्याएँ उत्पन्न होंगी। सामान्य सभा ने जल प्रदूषण, क्षरण तथा भूमि के विनिष्टीकरण के अन्य प्रारूप, ध्वनि, कूड़ा-करकट तथा कीटनाशकों के गौण प्रभावों पर भी विचार किया। मानव पर्यावरण की कुछ समस्याओं पर संयुक्त राष्ट्र संघ तथा उसकी

अन्य एजेंसियाँ यथा अन्तरराष्ट्रीय श्रम संगठन, खाद्य एवं कृषि संगठन, विश्व स्वास्थ्य संगठन, अन्तरराष्ट्रीय परमाणु अभिकरण आदि कार्य कर रहे हैं।

दुनिया में बीसवीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध में मीडिया में पर्यावरण के मुद्दों ने अपनी उपस्थिति दर्ज की थी। भारतीय परिदृश्य में देखें तो छठे-सातवें दशक में पर्यावरण से जुड़ी खबरें यदाकदा ही स्थान पाती थी। उत्तराखण्ड के चिपको आन्दोलन और 1972 के स्टाकहोम पर्यावरण सम्मेलन के बाद इन खबरों का प्रतिशत थोड़ा बढ़ा। देश के अनेक हिस्सों में पर्यावरण के सवालों को लेकर जन जागृतिपरक समाचारों का लगातार आना प्रारम्भ हुआ। वर्ष 1984 में शताब्दी की सबसे बड़ी औद्योगिक दुर्घटना, भोपाल गैस त्रासदी के बाद तो समाचार पत्रों में पर्यावरणीय खबरों का प्रतिशत यकायक बढ़ गया। सन् 1992 के पृथ्वी सम्मेलन तक आते-आते अनेक ऐजेंसियां इस पर विशेष फीचर देने लगी। समाचार पत्रों में पर्यावरण विषयों पर लिखने वाले लेखक भी सामने आये, जो पर्यावरण के विविध आयामों पर साधिकार लिखने की क्षमता रखते हैं। कुछ पत्रों ने तो पर्यावरण को लेकर स्थायी स्तंभ बना रखे हैं, कुछ पत्र पत्रिकायें पूर्ण रूप से पर्यावरण पर ही केन्द्रित हैं।

आधुनिक सन्दर्भ में प्रयास :

मानव पर्यावरण स्टॉक होम सम्मेलन : इस सम्मेलन का प्रमुख उद्देश्य अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर मानवीय पर्यावरण के संरक्षण तथा सुधार की विश्वव्यापी समस्या का निदान करना था। पर्यावरण के संरक्षण के सम्बन्ध में अन्तरराष्ट्रीय स्तर का यह पहला प्रयास था। इस सम्मेलन में 119 देशों ने पहली बार 'एक ही पृथ्वी' का सिद्धान्त स्वीकार किया। इसी सम्मेलन में संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम का जन्म हुआ। सम्मेलन में मानवीय पर्यावरण का संरक्षण करने तथा उसमें सुधार करने के लिये राज्यों तथा अन्तरराष्ट्रीय संस्थाओं को दिशा-निर्देश दिये गए। प्रत्येक वर्ष 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाने की घोषणा इसी सम्मेलन में की गई।

पृथ्वी सम्मेलन : सन् 1992 में ब्राजील में विश्व के 174 देशों का 'पृथ्वी सम्मेलन' आयोजित किया गया। इसके पश्चात सन् 2002 में जोहान्सबर्ग में पृथ्वी सम्मेलन आयोजित कर विश्व के सभी देशों को पर्यावरण संरक्षण पर ध्यान देने के लिये अनेक उपाय सुझाये गए। वस्तुतः पर्यावरण के संरक्षण से ही धरती पर जीवन का संरक्षण हो सकता है, अन्यथा मंगल आदि ग्रहों की तरह धरती का जीवन-चक्र भी एक दिन समाप्त हो जाएगा। प्रदूषण की

इस विनाशकारी समस्या से जूझने एवं बचने के लिए विश्वभर में पर्यावरण संरक्षण व संवर्द्धन के अनेक प्रयास किए जा रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम ने 5 जून 1997 के दिन को विश्व पर्यावरण दिवस के रूप में मनाया। इसे 'पृथ्वी सम्मेलन' के रूप में जाना जाता है।

पर्यावरण बचाओ आन्दोलन :

पर्यावरण को बचाने एवं उसकी सुरक्षा हेतु देश में कई उल्लेखनीय आन्दोलन हुवे। उनमें महत्त्वपूर्ण हैं—बिश्नोई आन्दोलन, सुन्दरलाल बहुगुणा एवं चंडीप्रसाद भट्ट द्वारा प्रणीत 'चिपको आन्दोलन', चिपको आन्दोलन की तर्ज पर दक्षिण का 'अप्पिको आन्दोलन', केरल का 'साईलेंटघाटी आन्दोलन', 'जंगल बचाओ आन्दोलन', मेधा पाटकर एवं उनके सहयोगियों द्वारा संचालित 'नर्मदा बचाओ, आन्दोलन' एवं उत्तराखंड के गढ़वाल का टिहरी बांध आन्दोलन आदि। इन आन्दोलनों ने पर्यावरण के महत्त्व को न केवल उजागर किया बल्कि इसे लोगों की अस्मिता एवं जीवन से सम्बद्ध कर दिया। इन आन्दोलन ने लोगों में पर्यावरण के प्रति जागृति पैदा करने में उल्लेखनीय भूमिका निभाई।

उपरोक्त आन्दोलनों एवं विश्व में पर्यावरण से सम्बन्धित होने वाले परिवर्तनों के परिणामस्वरूप भारत में इसकी सुरक्षा हेतु निम्न अधिनियम बनाए गए।

पर्यावरण संरक्षण अधिनियम :– 19 नवम्बर, 1986 से पर्यावरण संरक्षण अधिनियम लागू हुआ। तदनुसार जल, वायु, भूमि . इन तीनों से सम्बन्धित कारक तथा मानव, पौधों, सूक्ष्म-जीव, अन्य जीवित पदार्थ आदि पर्यावरण के अन्तर्गत आते हैं। पर्यावरण संरक्षण अधिनियम के कई महत्त्वपूर्ण बिन्दु हैं, जैसे—पर्यावरण की गुणवत्ता के संरक्षण हेतु सभी आवश्यक कदम उठाना; पर्यावरण प्रदूषण के निवारण, नियंत्रण और उपशमन हेतु राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम की योजना बनाना और उसे क्रियान्वित करना; पर्यावरण की गुणवत्ता के मानक निर्धारित करना; पर्यावरण सुरक्षा से सम्बन्धित अधिनियमों के अन्तर्गत राज्य-सरकारों, अधिकारियों और सम्बन्धितों के काम में समन्वय स्थापित करना एवं ऐसे क्षेत्रों का परिसीमन करना, जहाँ किसी भी उद्योग की स्थापना अथवा औद्योगिक गतिविधियाँ संचालित न की जा सकें। उक्त-अधिनियम का उल्लंघन करने वालों के लिये कठोर दंड का प्रावधान है।

पर्यावरण नीतियां तथा कानून :

भारतीय संविधान जिसे 1950 में लागू किया गया था परन्तु सीधे तौर पर

पर्यावरण संरक्षण के प्रावधानों से नहीं जुड़ा था। सन् 1972 के स्टॉकहोम सम्मेलन ने भारत सरकार का ध्यान पर्यावरण संरक्षण की ओर खींचा। सरकार ने 1976 में संविधान में संशोधन कर दो महत्त्वपूर्ण अनुच्छेद 48 ए तथा 51 ए (जी) जोड़ें। अनुच्छेद 48 ए राज्य सरकार को निर्देश देता है कि वह 'पर्यावरण की सुरक्षा और उसमें सुधार सुनिश्चित करे, तथा देश के वनों तथा वन्यजीवन की रक्षा करे। अनुच्छेद 51 ए (जी) नागरिकों को कर्तव्य प्रदान करता है कि वे 'प्राकृतिक पर्यावरण की रक्षा करे तथा उसका संवर्धन करे और सभी जीवधारियों के प्रति दयालु रहे'। स्वतंत्रता के पश्चात बढते औद्योगिकरण, शहरीकरण तथा जनसंख्या वृद्धि से पर्यावरण की गुणवत्ता में निरंतर कमी आती गई। पर्यावरण की गुणवत्ता की इस कमी में प्रभावी नियंत्रण व प्रदूषण के परिप्रेक्ष्य में सरकार ने समय-समय पर अनेक कानून व नियम बनाए। इनमें से अधिकांश का मुख्य आधार प्रदूषण नियंत्रण व निवारण था जिनका विस्तारपूर्वक वर्णन निम्नलिखित हैं।

1. **जल** (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1974 तथा 1977 : निरंतर बढ़ते जल प्रदूषण के प्रति सरकार का ध्यान 1960 के दशक में गया और वर्ष 1963 में गठित समिति ने जल प्रदूषण निवारण व नियंत्रण के लिए एक केंद्रीय कानून बनाने की सिफारिश की। वर्ष 1969 में केंद्र सरकार द्वारा एक विधेयक तैयार किया गया जिसे संसद में पेश करने से पहले इसके उद्देश्यों व कारणों को सरकार द्वारा इस प्रकार बताया गया, 'उद्योगों की वृद्धि तथा शहरीकरण की बढ़ती प्रवृति के फलस्वरूप हाल में वर्षों में नदी तथा दरियाओं के प्रदूषण की समस्या काफी आवश्यक व महत्त्वपूर्ण बन गयी है। अतः यह आश्वस्त किया जाना आवश्यक हो गया है कि घरेलू तथा औद्योगिक बहिस्राव उस जल में नहीं मिलने दिया जाए जो पीने के पानी के स्रोत, कृषि उपयोग तथा मत्स्य जीवन के पोषण के योग्य हो, नदी व दरियाओं का प्रदूषण भी देश की अर्थव्यवस्था को निरंतर हानि पहुँचाने का कारण बनता है। यह विधेयक 30 नबम्बर, 1972 को संसद में प्रस्तुत किया गया। दोनों सदनों से पारित होकर इस विधेयक को 23 मार्च, 1974 को राष्ट्रपति की स्वीकृति मिली जो जल (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1974 कहलाया। यह अधिनियम 26 मार्च, 1974 से पूरे देश में लागू माना गया। यह अधिनियम भारतीय पर्यावरण विधि के क्षेत्र में प्रथम व्यापक प्रयास है जिसमें प्रदूषण की विस्तृत व्याख्या की गई है। इस अधिनियम ने एक संस्थागत संरचना की स्थापना की ताकि वह जल प्रदूषण रोकने के उपाय करके स्वच्छ जल आपूर्ति सुनिश्चित कर सके। इस कानून ने एक केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड तथा राज्यों के प्रदूषण

नियंत्रण बोर्डो की स्थापना की। इस कानून के अनुसार, कोई व्यक्ति जो जानबूझकर जहरीले अथवा प्रदूषण फैलाने वाले तत्त्वों को पानी में प्रवेश करने देता है, जो कि निर्धारित मानकों की अवहेलना करते हैं, तब वह व्यक्ति अपराधी होगा, तथा उसे कानून में निर्धारित दंड दिया जायेगा। इस कानून में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारों को समुचित शक्तियाँ दी गई हैं ताकि वे अधिनियम के प्रावधानों को ठीक से कार्यान्वित कर सकें। इस प्रकार जल प्रदूषण को रोकने की दिशा में यह कानून सरकार द्वारा उठाया गया महत्त्वपूर्ण कदम था। जल प्रदूषण को रोकने में जल (प्रदूषण और नियंत्रण) अधिनियम, 1977 भी एक अन्य महत्त्वपूर्ण कानून है जिसे राष्ट्रपति ने दिसम्बर, 1977 को मंजूरी प्रदान की। जहाँ एक ओर यह जल प्रदूषण को रोकने के लिए केंद्र तथा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को व्यापक अधिकार देता है वहीं जल प्रदूषित करने पर दंड का प्रावधान भी करता है। यह अधिनियम केंद्रीय तथा राज्य प्रदूषण बोर्डों को निम्न शक्तियाँ प्रदान करता हैं : किसी भी औद्योगक परिसर में प्रवेश का अधिकार; किसी भी जल में छोड़े जाने वाले तरल कचरे के नमूने लेने का अधिकार; औद्योगिक ईकाइयां तरल कचरा तथा सीवेज के तरीकों के लिए बोर्ड से सहमति लें। बोर्ड किसी भी औद्योगिक इकाई को बंद करने के लिए कह सकता है। वह दोषी इकाई को पानी व बिजली आपूर्ति भी रोक सकता है।

2. **वायु (प्रदूषण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1981** :– बढ़ते औद्योगिकरण के कारण पर्यावरण में निरंतर हो रहे वायु प्रदूषण तथा इसकी रोकथाम के लिए यह अधिनियम बनाया गया। इस अधिनियम के पारित होने के पीछे जून, 1972 में संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा स्टाकहोम (स्वीडन) में मानव पर्यावरण सम्मेलन की भूमिका रही है। इसकी प्रस्तावना में कहा गया है कि इसका मुख्य उद्देश्य पृथ्वी पर प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण हेतु समुचित कदम उठाना है। प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण में वायु की गुणवत्ता और वायु प्रदूषण का नियंत्रण सम्मिलित है। यह 29 मार्च, 1981 को पारित हुआ तथा 16 मई, 1981 से लागू किया गया। इस अधिनियम में मुख्यत: मोटर-गाडियों और अन्य कारखानों से निकलने वाले धुएं और गंदगी का स्तर निर्धारित करने तथा उसे नियंत्रित करने का प्रावधान है। 1987 में इस अधिनियम में शोर प्रदूषण को भी शामिल किया गया। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को ही वायु प्रदूषण अधिनियम लागू करने का अधिकार दिया गया है। अनुच्छेद

19 के तहत, केंद्रीय बोर्ड को मुख्यतः राज्य बोर्डों के काम में तालमेल बैठाने के अधिकार दिए गये हैं। राज्यों के बोर्डो से परामर्श करके संबंधित राज्य सरकारे किसी भी क्षेत्र को वायु प्रदूषण नियंत्रण क्षेत्र घोषित कर सकता है और वहाँ स्वीकृत ईंधन के अतिरिक्त, अन्य किसी भी प्रकार के प्रदूषण फैलाने वाले ईधन का प्रयोग पर रोक लगा सकती है। इस अधिनियम में यह प्रावधान है कि कोई भी व्यक्ति राज्य बोर्ड की पूर्व अनुमति के बिना वायु प्रदूषण नियंत्रण क्षेत्र में ऐसी कोई भी औद्योगिक इकाई नहीं खोल सकता, जिसका वायु प्रदूषण अनुसूची में उल्लेख नहीं है। इस अधिनियम के अनुसार केंद्र व राज्य सरकार दोनों को वायु प्रदूषण से हाने वाले प्रभावों का सामना करने के लिए निम्नलिखित शक्तियां प्रदान की गई हैं : राज्य के किसी भी क्षेत्र को वायु प्रदूषित क्षेत्र घोषित करना; प्रदूषण नियंत्रित क्षेत्रों में औद्योगिक क्रियाओं को रोकना; औद्योगिक इकाई स्थापित करने से पहले बोर्ड से अनापत्ति प्रमाण-पत्र लेना; वायु प्रदुषकों के सैंपल इकट्ठा करना; अधिनियम में दिए गए प्रावधानों के अनुपालन की जाँच के लिए किसी भी औद्यागिक इकाई में प्रवेश का अधिकार; अधिनियम के प्रावधानों को उल्घंन करने वालों के विरुद्ध मुकदमा चलाने का अधिकार; प्रदूर्षित इकाइयों को बंद करने का अधिकार।

3. **वन्य जीवन संरक्षण अधिनियम, 1972 :** कृषि, उद्योगों और शहरीकरण से वनों का काफी कटाव हुआ है। वनों के अधिक कटाव से अनेक वन्यजीव जंतुओं की कई प्रजातियाँ या तो लुप्त हो गई हैं या लुप्त होने के कगार पर हैं। वन्यजीवन के महत्त्व को ध्यान में रखकर व लुप्त होती प्रजातियों को बचाने के लिए सरकार ने अनेक कदम उठाए हैं। सन 1952 में भारतीय वन्यजीवन बोर्ड का गठन किया गया। इस बोर्ड के अंतर्गत वन्य-जीवन पार्क और अभयारणय बनाए गए। 1972 में भारतीय वन्यजीवन संरक्षण अधिनियम पारित किया गया। भारत जीव-जंतुओं और वनस्पतियों की समाप्त होने के खतरे में पड़ी प्रजातियों के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार संबंधी समझौते (1976) का सदस्य बना। संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, सामाजिक और सांस्कृतिक संगठन (युनेस्को) का 'मानव और जैव मण्डल' कार्यक्रम भी भारत में चलाया गया और विलुप्त होती विभिन्न प्रजातियों के संरक्षण के लिए परियोजनाएँ चलाई गईं। सिंह के संरक्षण के लिए 1972 में, बाघ के लिए 1973 में, मगरमच्छ के लिए 1984 में तथा भूरे रंग के हिरण के लिए ऐसी परियोजनाएँ चलाई गईं।

वन्यजीवन संरक्षण अधिनियम (1972) में लुप्त होती प्रजातियों के संरक्षण की व्यवस्था है तथा इन जातियों के व्यापार की मनाही है।

वन्यजीवन संरक्षण अधिनियम, (1972) को अधिक व्यावहारिक व प्रभावी बनाने के लिए इसमें वर्ष 1986 तथा 1991 में संशोधन किए गये। वन्यजीवन संरक्षण अधिनियम को सफलतापूर्वक कार्यान्वित करने के लिए वन्यजीवन संरक्षण निर्देशक तथा दिल्ली, मुम्बई, कोलकाता में चार नई उपनिदेशकों की व्यवस्था की गई है।

4. **वन संरक्षण अधिनियम, 1980 :** भारत सरकार ने वनों के संरक्षण तथा वनों के विकास के लिए वन संरक्षण अधिनियम (1980) पारित किया। इस अधिनियम का मुख्य उद्देश्य वनों का विनाश और वन भूमि को गैर-वानिकी कार्यो में उपयोग से रोकना था। इस अधिनियम के प्रभावी होने के पश्चात कोई भी वन भूमि केंद्रीय सरकार की अनुमति के बिना गैर वन भूमि या किसी भी अन्य कार्य के लिए प्रयोग में नहीं लाई जा सकती तथा न ही अनारक्षित की जा सकती है। आबादी के बढने तथा मानव जीवन की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए वनों का कटना स्वाभाविक है। अतः ऐसे कार्यो की योजनाएँ बनाते समय तथा वनों को काटने हेतु मार्गदर्शिकायें तैयार की गई हैं जिससे वनों को कम से कम नुकसान हो।

देश की स्वतंत्रता के पश्चात राष्ट्रीय वन नीति (1952) घोषित की गई लेकिन वनों के विकास पर कोई विशेष ध्यान नहीं दिया गया। 1970 के दौरान अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पर्यावरण के प्रति चेतना की जागृति का विकास होने से वन संरक्षण को भी बल मिला। वन संरक्षण अधिनियम (1980) का इस दिशा में विशेष योगदान रहा। सन् 1951 से 1980 के बीच वन भूमियों का अपरदन 1.5 लाख हैक्टेयर प्रति वर्ष था जबकि इस अधिनियम के लागू होने के पश्चात भूमि का अपरदन 55 हजार हैक्टेयर रह गया है। इस अधिनियम को अधिक प्रभावी ढंग से कार्यान्वित करने के लिए इसमें वर्ष 1988 में संशोधन किया गया।

5. **ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण कानून** : भारत में ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण के लिए पृथक अधिनियम का प्रावधान नहीं है। भारत में ध्वनि प्रदूषण को वायु प्रदूषण में ही शामिल किया गया है। वायु (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1981 में सन् 1987 में संशोधन करते हुए इसमें 'ध्वनि प्रदूषकों' को भी 'वायु प्रदूषकों' की परिभाषा के अंतर्गत शामिल किया गया है। पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 6 के अधीन भी ध्वनि प्रदूषकों सहित

वायु तथा जल प्रदूषकों की अधिकता को रोकने के लिए कानून बनाने का प्रावधान है। इसका प्रयोग करते हुए ध्वनि प्रदूषण (विनियमन एवं नियंत्रण) अधिनियम, 2000 पारित किया गया है। इसके तहत विभिन्न क्षेत्रों के लिए ध्वनि के संबंध में वायु गुणवत्ता मानक निर्धारित किए गए हैं। विद्यमान राष्ट्रीय कानूनों के अंतर्गत भी ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण का प्रावधान है। ध्वनि प्रदूषकों को आपराधिक श्रेणी में मानते हुए नियंत्रण के लिए भारतीय दण्ड संहिता की धारा 268 तथा 290 का प्रयोग किया जा सकता है। पुलिस अधिनियम, 1861 के अंतर्गत पुलिस अधिक्षक को अधिकृत किया गया है कि वह त्योहारों और उत्सवों पर संगीत नियंत्रित कर सकता है।

6. **पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम 1986 :** संयुक्त राष्ट्र का प्रथम मानव पर्यावरण सम्मेलन 5 जून, 1972 में स्टाकहोम में संपन्न हुआ। इसी से प्रभावित होकर भारत ने पर्यावरण के संरक्षण लिए पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 पास किया। यह एक विशाल अधिनियम है जो पर्यावरण के समस्त विषयों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। इस अधिनियम का मुख्य उद्देश्य वातावरण में घातक रसायनों की अधिकता को नियंत्रित करना व पारिस्थितिकी तंत्र को प्रदूषण मुक्त रखने का प्रयट्न करना है। इस अधिनियम में 26 धाराएं है जिन्हें 4 अध्यायों में बाँटा गया है। यह कानून पूरे देश में 19 नवम्बर, 1986 से लागू किया गया। अधिनियम की पृष्ठभूमि व उद्द्श्यों के अंतर्गत शामिल बिन्दुओं के आधार पर सारांश में अधिनियम के निम्न उद्द्श्यों हैं:

पर्यावरण का संरक्षण एवं सुधार करना; मानव पर्यावरण के स्टॉकहोम सम्मेलन के नियमों को कार्यान्वित करना। मानव, प्राणियों, जीवों, पादपों को संकट से बचाना; पर्यावरण संरक्षण हेतु सामान्य एवं व्यापक विधि निर्मित करना एवं विद्यमान कानूनों के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण प्रधिकरणों का गठन करना तथा उनके क्रियाकलापों के बीच समन्वय करना।

मानवीय पर्यावरण सुरक्षा एवं स्वास्थ्य को खतरा उत्पन्न करने वालों के लिए दण्ड की व्यवस्था करना। पर्यावरण संरक्षण अधिनियम (1986) एक व्यापक कानून है। इसके द्वारा केंद्र सरकार के पास ऐसी शक्तियां आ गई हैं जिनके द्वारा वह पर्यावरण की गुणवत्ता के संरक्षण व सुधार हेतु उचित कदम उठा सकती है। इसके अंतर्गत केंद्रीय सरकार को पर्यावरण गुणवत्ता मानक निर्धारित करने, औद्योगिक क्षेत्रों को प्रतिबंध करने, दुर्घटना से बचने के लिए सुरक्षात्मक उपाय निर्धारित करने तथा हानिकारक तत्वों का निपटान करने, प्रदूषण के मामलों की जांच एवं शोध कार्य करने, प्रभावित क्षेत्रों का तत्काल निरीक्षण

करने, प्रयोगशालाओं का निर्माण तथा जानकारी एकत्रित करने के कार्य सौंपे गए हैं। इस कानून की एक महत्वपूर्ण बात यह है कि पहली बार व्यक्तिगत रूप से नागरिकों को इस कानून का पालन न करने वाली फैक्ट्रियों के खिलाफ केस दर्ज करने का अधिकार प्रदान किया गया है।

7. **जैव-विविधता संरक्षण अधिनियम, 2002 :** भारत विश्व में जैव-विविधता के स्तर पर 12वें स्थान पर आता है। अकेले भारत में लगभग 45000 पेड-पौधों व 81000 जानवरों की प्रजातियां पाई जाती हैं जो विश्व की लगभग 7.1 प्रतिशत वनस्पतियों तथा 6.5 प्रतिशत जानवरों की प्रजातियों में से है। जैव-विविधता संरक्षण हेतु केंद्र सरकार ने 2000 में एक राष्ट्रीय जैव-विविधता संरक्षण क्रियान्वयन योजना शुरू की जिसमें गैर सरकारी संगठनों, वैज्ञानिकों, पर्यावरणविदों तथा आम जनता को भी शामिल किया गया। इसी प्रक्रिया में सरकार ने जैव विविधता संरक्षण कानून 2002 पास किया जो इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। वर्ष 2002 में पारित इस कानून का उद्देश्य है-जैविक विविधता की रक्षा की व्यवस्था की जाए उसके विभिन्न अंशों का टिकाऊ उपयोग किया जाए, तथा जीव-विज्ञान संसाधन ज्ञान के उपयोग का लाभ सभी में बराबर विभाजित किया जाये। अधिनियम में, राष्ट्रीय स्तर पर जैव-विविधता प्राधिकरण बनाने का भी प्रावधान है, राज्य स्तरों पर राज्य जैव विविधता बोर्ड स्थापित करने, तथा स्थानीय स्तरों पर जैव-विविधता प्रबंधन समितियों की स्थापना करने का प्रावधान है ताकि इस कानून के प्रावधानों को ठीक प्रकार से लागू किया जा सके।

8. **राष्ट्रीय जलनीति, 2002 :** 21वीं सदी में जल के महत्व को स्वीकारते हुए जल संसाधनों के नियोजन, विकास और प्रंबधन के साथ ही इसके सदुपयोग का मार्ग प्रशस्त करने के लिए 'राष्ट्रीय जल संसाधन परिषद' ने 1 अप्रैल, 2002 को राष्ट्रीय जल नीति पारित की। इसमें जल के प्रति स्पष्ट व व्यावहारिक सोच अपनाने की बात कही गई है। इसके कुछ महत्वपूर्ण बिंदु निम्नलिखित है:

1. इसमें आजादी के बाद पहली बार नदियों के जल संग्रहण क्षेत्र संगठन बनाने पर आम सहमति व्यस्त की गई है।
2. जल बंटवारे की प्रक्रिया में प्रथम प्राथमिकता पेयजल को दी गई है। इसके बाद सिंचाई, पनबिजली, आदि को स्थान दिया गया है।
3. इसमें पहली बार जल संसाधनों के विकास और प्रबंध पर सरकार के साथ-साथ सामुदायिक भागीदारी सुनिश्चित करने की बात कही गई है।

इसमें पहली बार किसी भी जल परियोजना के निर्माण काल से लेकर परियोजना पूरी होने के बाद भी उसके मानव जीवन पर पड़ने वाले असर का मूल्यांकन करने को कहा गया है, जल के बेहतर उपयोग व बचत के लिए जनता में जागरूकता बढ़ाने एवं उसके उपयोग में सुधार लाने के लिए पाठ्यक्रम, पुरस्कार आदि के माध्यम से जल संरक्षण चेतना उत्पन्न करने की बात कही गई है।

9. **राष्ट्रीय पर्यावरण नीति, 2004 :** पर्यावरण तथा वन मंत्रालय ने दिसम्बर 2004 को राष्ट्रीय पर्यावरण नीति 2004 का ड्राफ्ट जारी किया है। इसकी प्रस्तावना में कहा गया है कि समस्याओं को देखते हुए एक व्यापक पर्यावरण नीति की आवश्यकता है। साथ ही वतर्मान पर्यावरणीय नियमों तथा कानूनों को वतर्मान समस्याओं के संदर्भ में संशोधन की आवश्यकता को भी दर्शाया गया है। राष्ट्रीय पर्यावरण नीति के निम्न मुख्य उद्देश्य रखे गये हैं :

- संकटग्रस्त पर्यावरणीय संसाधनों का संरक्षण करना।
- पर्यावरणीय संसाधनों पर सभी के विशेषकर गरीबों के समान अधिकारों को सुनिश्चित करना।
- संसाधनों का न्यायोचित उपयोग सुनिश्चित करना ताकि वे वतर्मान के साथ-साथ भावी पीढ़ियों की आवश्यकताओं की भी पूर्ति कर सकें।
- आर्थिक तथा सामाजिक नीतियों के निर्माण में पर्यावरणीय संदर्भ को ध्यान में रखना।
- संसाधनों के प्रबंधन में खुलेपन, उत्तरदायित्व तथा भागीदारिता के मूल्यों को शामिल करना।

10. **वन अधिकार अधिनियम, 2006 :** वन अधिकार अधिनियम (2006), वन संबंधी नियमों का एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है जो 18 दिसम्बर, 2006 को पास हुआ। यह कानून जंगलों में रह रहे लोगों के भूमि तथा प्राकृतिक संसाधनों पर अधिकार से जुड़ा हुआ है जिनसे, औपनिवेशिक काल से ही उन्हें वंचित किया हुआ था। इसका उद्देश्य जहां एक ओर वन संरक्षण है वहां दूसरी ओर यह जंगलों में रहने वाले लोगों को उनके साथ सदियों तक हुए अन्याय की भरपाई का भी प्रयास है। इस कानून के मुख्य प्रावधान निम्न है:

- यह जंगलों में निवास करने वाले या वनों पर अपनी आजीविका के लिए निर्भर अनुसूचित जनजातियों के अधिकारों की रक्षा करता है।
- जंगलों में रहने वाले लोगों तथा जनजातियों को उनके द्वारा उपयोग की जा रही भूमि पर उनको अधिकार प्रदान करता है।

- उन्हें पशु चराने तथा जल संसाधनों के प्रयोग का अधिकार देता है।
- विस्थापन की स्थिति में उनके पुर्नस्थापन का प्रावधान करता है।
- जंगल प्रबंधन में स्थानीय भागीदारी सुनिश्चित करता है।
- जंगल में रह रहे लोगों का विस्थापन केवल वन्यजीवन संरक्षण के उद्देश्य के लिए ही किया जा सकता है। यह भी स्थानीय समुदाय की सहमति पर आधारित होना चाहिए।

वन संरक्षण अधिनियम (2006) स्थानीय लोगों का भूमि पर अधिकार प्रदान कर वन संरक्षण को बढ़ावा देता है। यह वन भूमि पर गैर कानूनी कब्जों को रोकता है तथा वन संरक्षण के लिए स्थानीय लोगों के विस्थापन को अंतिम विकल्प मानता है। विस्थापन की स्थिति में यह लोगों का पुर्नस्थापन का अधिकार भी प्रदान करता है। पर्यावरण संरक्षण में न्यायपालिका की भूमिका, भारत में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में न्यायपालिका द्वारा महत्वपूर्ण पहल की गई है। जीवन का अधिकार जिसका उल्लेख संविधान के अनुच्छेद 21 में है, की सकारात्मक व्याख्या करके, न्यायपालिका ने इस अधिकार में ही स्वस्थ्य पर्यावरण के अधिकार को निहित घोषित किया है। सामाजिक हित, विशेषकर पर्यावरण के संरक्षण के प्रति, न्यायपालिका की वचनबद्धता के कारण ही 'जनहित मुकद्मों' का विकास हुआ। भारतीय न्यायपालिका ने 1980 से ही पर्यावरण-हितैषी दृष्टि कोण अपनाया है। न्यायपालिका ने विविध मामलों में निणर्य देते हुए यह स्पष्ट किया है कि गुणवतापूर्ण जीवन की यह मूल आवश्यकता है कि मानव स्वच्छ पर्यावरण में जीवन व्यतीत करे।

11. **पर्यावरण जागरूकता मामला, 1992 :** इस मामले में सर्वोच्च न्यायलय ने देश में पर्यावरणीय शिक्षा और जागरूकता का प्रसार करने के निर्देश दिये। इन उपायों में स्कूलों में कक्षा एक से बाहरवीं तक पर्यावरण को अनिवार्य विषय के रूप में पढ़ाने की व्यवस्था, विश्वविद्यालयों में एक विषय के रूप में पर्यावरण शिक्षा का प्रावधान, सिनेमाघरों में पर्यावरण विषय पर संदेशों का प्रसार-प्रचार तथा दूरदर्शन एवं रेडियों पर पर्यावरण कार्यक्रमों के प्रसारण शामिल है। पर्यावरण संरक्षण की प्रक्रिया में न्यायलय द्वारा दिए गए कुछ महत्त्वपूर्ण मौलिक नियम निम्नलिखित हैं :

- प्रत्येक नागरिक को स्वच्छ पर्यावरण में जीने का मौलिक अधिकार है जो संविधान के अनुच्छेद 21 में दिए गये 'जीवन जीने के अधिकार' में निहित है।

- सरकारी एजेसियाँ पर्यावरणीय कानूनों के प्रति अपने कर्तव्य को पूरा न करने के लिए वित्तिय या कर्मचारियों की कमी का बहाना नहीं दे सकती।
- प्रदूषणकर्ता द्वारा आदयगी का सिद्धान्त पर्यावरणीय कानून का एक महत्त्वपूर्ण पहलू है जिसका तात्पर्य है कि प्रदूषणकर्ता न केवल पर्यावरण की क्षतिपूर्ति के लिए बल्कि प्रदूषण से प्रभावित लोगों को हुई हानि की भी भरपाई करेगा।
- पूर्ण दायित्व के नियम के अनुसार यदि कोई उद्योग किसी ऐसे खतरनाक व्यवसाय में रत है जिससे लोगों के स्वास्थ्य तथा सुरक्षा को खतरा है तब उसका यह पूर्ण दायित्व बन जाता है कि वह यह सुनिश्चित करे कि उस कार्य से किसी को किसी प्रकार का संकट न हो। यदि उस कार्य से किसी को हानि पहुँचती है तो वह उद्योग उस हानि की पूर्ति के लिए पूर्णतया उत्तरदायी होगा।
- पूर्व सतर्कता या पूर्व चेतावनी सिद्धांत के अनुसार सरकारी अधिकारियों का यह कर्तव्य है कि वे पर्यावरणीय प्रदूषण के कारणों की पूर्व कल्पना करें उनसे पर्यावरण की सुरक्षा करें। यह सिद्धांत उद्योगपतियों पर यह उत्तरदायित्व डालता है कि वे यह स्पष्ट करें कि उनके कार्य पर्यावरणीय दृष्टिकोण से हानिकारक नहीं हैं।

आज दुनियाभर में अनेक स्तरों पर यह कोशिश हो रही है कि आम आदमी को इस चुनौती के विभिन्न पहलुओं से परिचित कराया जाए, ताकि उसके अस्तित्व को संकट में डालने वाले तथ्यों की उन्हें समय रहते जानकारी हो जाए और स्थिति को सुधारने के उपाय भी गंभीरता से किए जा सकें। पर्यावरण संरक्षण की चेतना की सार्थकता तभी हो सकती है जब हम अपनी नदियां, पर्वत, पेड़, पशु-पक्षी, प्राणवायु और हमारी धरती को बचा सकें। इसके लिए सामान्यजन को अपने आसपास हवा-पानी, वनस्पति जगत और प्रकृति उन्मुख जीवन के क्रिया-कलापों जैसे पर्यावरणीय मुद्दों से परिचित कराया जाए। युवा पीढ़ी में पर्यावरण की बेहतर समझ के लिए स्कूली शिक्षा में जरूरी परिवर्तन करना होंगे पर्यावरण मित्र माध्यम से सभी विषय पढ़ाने होंगे जिससे प्रत्येक विद्यार्थी अपने परिवेश को बेहतर ढंग से समझ सकें। विकास की नीतियों को लागू करते समय पर्यावरण पर होने वाले प्रभाव पर भी समुचित ध्यान देना होगा। प्रकृति के प्रति प्रेम व आदर की भावना, सादगीपूर्ण जीवन पद्धति और वानिकी के प्रति नई चेतना जागृत करनी होगी।

आज आवश्यकता इस बात की भी है कि मनुष्य के मूलभूत अधिकारों में जीवन के लिये एक स्वच्छ एवं सुरक्षित पर्यावरण को भी शामिल किया जाये। इसके लिये सघन एवं प्रेरणादायक लोक-जागरण अभियान भी शुरू करने होंगे। आज हमें यह स्वीकारना होगा कि हरा-भरा पर्यावरण, मानव जीवन की प्रतीकात्मक शक्ति है और इसमें समय के साथ-साथ हो रही कमी से हमारी वास्तविक ऊर्जा में भी कमी आई है। वैज्ञानिकों का मत है कि पूरे विश्व में पर्यावरण रक्षा की सार्थक पहल ही पर्यावरण को सन्तुलित बनाए रखने की दिशा में किये जाने वाले प्रयासों में गति ला सकती है।

संदर्भ एवं उपयोगी ग्रंथ :

1. डॉक्टर रतन जोशी : पर्यावरणीय अध्ययन, साहित्य बजावन पब्लिकेशन, आगरा, 2019
2. अल्का गौतम : *संसाधन एवं पर्यावरण*, शारदा पुस्तक भवन, इलाहाबाद, 2007
3. शिव कुमार ओझा : *पारिस्थितिकी एवं पर्यावरण*, बौद्धिक प्रकाशन, इलाहाबाद, 2017
4. वी एन सिंह एवं जनमेजय सिंह : *भारत में सामाजिक आन्दोलन*, रावत पब्लिकेशन, दिल्ली, 2005
5. डॉ. प्रवण प्रेमी : *भारत में सामाजिक आन्दोलन*, इंटरनेशनल बुक्स एवं रिसर्च जर्नल, दिल्ली, 2018
6. डॉ. कृष्ण अग्रवाल एवं डॉ. ध्रुव : *भारत में समाज कल्याण एवं सामाजिक आन्दोलन*, एस बी पी डी पब्लिशिंग हाऊस, आगरा, 2015
7. डॉ. सुरेंद्र कुमार शर्मा : *नगरीय समाजशास्त्र के विविध आयाम*, डिस्कवरी पब्लिशिंग हाउस, दिल्ली, 2007

डॉ. प्रतिमा गोंड

असिस्टेन्ट प्रोफेसर

समाजशास्त्र विभाग

महिला महाविद्यालय

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय

वाराणसी

❑❑❑

महात्मा गांधी एवं प्राकृतिक चिकित्सा संबंधी विचार

(छत्तीसगढ़ के वर्तमान संदर्भ में)

• डॉ. अंकिता कमल पुरोहित

सारांश :

महात्मा गांधी प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति के बहुत बड़े समर्थक थे। वे इस पद्धति द्वारा देश के लोगो को रोग मुक्त, मानसिक व शारीरिक रूप से स्वस्थ व स्वावलंबी बनाना चाहते थे। वे स्वयं का व दूसरों का इलाज भी इसी पद्धति से करते थे। प्राकृतिक चिकित्सा में हवा, पानी, मिट्‌टी से किए गए इलाज का बहुत महत्व है। गांधी जी ने इस चिकित्सा पद्धति के प्रति लोगों की जागरूकता बढ़ाने हेतु समाचार पत्रो में कई लेख भी लिखे, लोगों को इसका ज्ञान व अनुभव होने के पश्चात प्राकृतिक चिकित्सालय खोलने हेतु प्रेरित किया। स्वयं भी उन्होंने इस दिशा में कार्य किया। गांधी जी की ही प्रेरणा से बाद में छत्तीसगढ़ के लोगों ने भी इस दिशा में अपना योगदान देते हुए प्राकृतिक चिकित्सालयों की स्थापना की। आज वर्तमान में छत्तीसगढ़ में कई प्राकृतिक चिकित्सालय खोले जा चुके हैं। किंतु अभी और बहुत से कार्य इस दिशा में किए जाने हैं।

शब्द कुंजी :— निरोगी, निखार, मिट्‌टी पट्‌टी, कटि स्नान, चद्‌दर स्नान, पुलटिस, भाप स्नान, उभार, स्वर्णिम प्रकाश।

प्रस्तावना :

भारत देश में प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति का सूर्य फिर से उदित करने वाले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने एक बार कहा था कि जो व्यक्ति प्राकृतिक चिकित्सा को अपनाता है, उसे कभी किसी की मदद की आवश्यकता नहीं पड़ती। स्वयं की मदद करने से स्वाभिमान बढ़ता है। उन्होंने इस पद्धति द्वारा शरीर के अनावश्यक तत्वों व बीमारियों को बाहर निकाल कर स्वयं का इलाज किया।

इस पद्धति में हवा, पानी, मिट्टी से इलाज किया जाता है। इस दिशा में कार्य करते हुए गांधी जी ने उरली कांचन पुणे (महाराष्ट्र) में एक प्राकृतिक चिकित्सालय की स्थापना की थी। उन्हीं के पदचिन्हों पर चलते हुए छत्तीसगढ़ में भी कई प्राकृतिक चिकित्सालय आज तक खोले जा सके। जो आज लोगों को कई असाध्य बीमारियों से भी छुटकारा दिलाने में अपना सराहनीय योगदान दे रहे है।

अध्ययन का उद्देश्य :

प्रस्तुत अध्ययन का उद्देश्य महात्मा गांधी के प्राकृतिक चिकित्सा संबंधी विचारों और छत्तीसगढ़ में उनके क्रियान्वयन का अध्ययन व विश्लेषण करते हुए यह ज्ञात करना कि आज तक इस दिशा में छत्तीसगढ़ में कितना कार्य हुआ है। क्या सरकार द्वारा इस दिशा में कोई प्रयास किया गया है। छत्तीसगढ़ में कौन सी संस्थाएं हैं, जो गांधी जी के इन विचारों को आत्मसात कर इस दिशा में कार्य कर रही हैं। वर्तमान में छत्तीसगढ़ में इस चिकित्सा की स्थिति और लोगों की इसके प्रति कितनी जागरूकता है के संबंध में ज्ञान प्राप्त करना। साथ ही इस दिशा में सरकार द्वारा कौन सी शैक्षिक संस्थाएं व प्राकृतिक चिकित्सालय स्थापित किये गये हैं जिनके बारे में जानकारी प्राप्त करना इस आलेख का उद्देश्य है।

प्राकृतिक चिकित्सा का अर्थ बताते हुए गांधी जी ने हरिजन में लिखा था कि प्राकृतिक इलाज अर्थात व्यक्ति के जीवन में निखार आना और स्वास्थ्य के नियमों का पालन करना। प्राकृतिक चिकित्सा को अपनाने वाला व्यक्ति खुद के प्रयासों से शरीर के भीतर के दूषित तत्वों को बाहर निकालता है। और भविष्य में बीमार न पड़ने की सावधानियां बरतता है।[1] साधारण शब्दों में प्राकृतिक चिकित्सा का अर्थ प्राकृतिक तत्वों के द्वारा चिकित्सा है।

प्राकृतिक चिकित्सा मात्र एक चिकित्सा पद्धति नहीं वरन् जीवन जीने की एक कला है जिसके द्वारा रोगी बिना दवा के निरोगी हो जाता है। भारत में सर्वप्रथम महात्मा गांधी ने उरलीकांचन, पुणे में प्राकृतिक चिकित्सालय की स्थापना की जिसका संचालन विनोबा भावे के भाई बाल्कोबा भावे ने किया था।[2] इसके बाद देश के अन्य स्थानों पर प्राकृतिक चिकित्सालय खोले गए।

गांधी जी और प्राकृतिक चिकित्सा :

गांधी जी लिखते हैं कि प्राकृतिक चिकित्सा करने वाला, मरीज को इलाज बेचता नहीं है। वो उसे घर पर जीवन के सही तरीके से जीने के बारे में

सिखाता है। जिससे मरीज न केवल ठीक होता है वरन् भविष्य में बीमार पड़ने से अपने आप को बचाता है। प्राकृतिक चिकित्सा से सभी रोग ठीक हो जाते है, ऐसा नहीं है। दवा भी ऐसा दावा नहीं कर सकती, और यदि ऐसा होता तो हम सब अमर हो जाते।[3] गांधी जी ने स्वयं हवा, पानी व मिट्टी के कई प्रयोग किए।

पृथ्वी अर्थात् मिट्टी :

गांधी जी नैसर्गिक उपचारों का जीवन में महत्व बताते हुए कहते हैं कि जिन तत्वों से हमारा शरीर बना है वे ही नैसर्गिक उपचारो के साधन हैं। पृथ्वी (मिट्टी), पानी, आकाश (अवकाश), तेज (सूर्य) और वायु से यह शरीर बना है। इन साधनों के उपयोग के संबंध में भी गांधी जी ने बताया हैं।[4] प्राचीन काल में भी इन तत्वों का प्रयोग इलाज हेतु किया जाता था किन्तु बाद के काल में यह पद्धति लुप्त प्राय हो गयी। आधुनिक काल में जर्मनी से उसका पुनः प्रारंभ हुआ। और गांधी जी ने भारत में जन-जन तक इसे पहुंचाने का प्रयास किया।

गांधी जी कहते हैं कि 1901 के पूर्व तक वे तबियत अधिक बिगड़ने पर दवा का प्रयोग किया करते थे। प्रमुख रूप से कब्जियत के लिए फ्रुट साल्ट लेते थे जिससे कमजोरी और सिरदर्द होने लगता था। डा. प्राणजीवन मेहता की दवा से भी उन्हें तुरन्त आराम हो जाता था पर संतोष नहीं। भाई पोलाक की दी हुई पुस्तक जुस्ट की 'रिटर्न टू नेचर' का भी अध्ययन महात्मा गांधी ने किया था। जुस्ट ने कब्जियत में मिट्टी को ठंडे पानी में भीगोकर बगैर कपड़े के पेटू पर रखने की सूचना दी है पर गांधी जी लिखते हैं कि उन्होंने एक बारीक कपड़े में पुलटिस की तरह मिट्टी से लपेट कर सारी रात अपने पेटू पर रखा जिससे पेट साफ हो सका। उस दिन के बाद गांधी ने कभी फ्रूट सॉल्ट का प्रयोग नहीं किया।[5] प्राकृतिक चिकित्सा को अपनाने से पूर्व तक गांधी जी को तबीयत संबंधी अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ा।

जुस्ट और स्वयं गांधी जी ने मिट्टी के कई प्रयोग किये जिससे स्वास्थ्य में बहुत लाभ भी हुआ। सिर दर्द, फोड़े, फुन्सी, बुखार, बिच्छु के डंक तथा टाइफाइड इत्यादि के इलाज में महात्मा गांधी ने स्वयं मिट्टी के प्रयोग किए है जो लगभग सफल साबित हुए है। इसके साथ ही गांधी जी मिट्टी के संबंध में भी लोगों को बताते थे कि चिकित्सा हेतु प्रयोग की जानेवाली मिट्टी सदैव साफ, कंकर रहित छनी हुई, सूखी तथा रेशम के समान होनी चाहिए। खादवाली मिट्टी

और बहुत अधिक चिकनी व रेतीली मिट्टी का प्रयोग नहीं करना चाहिए।[6] कई रोगों के निदान में यह पद्धति कारगर साबित हुई थी।

पानी :

क्युने ने पानी का उत्तम उपयोग ढूंढ निकाला था। गांधी ने स्वयं इस पुस्तक का अध्ययन किया था। प्रमुख रूप से गांधी जी ने कटि स्नान का कई बार प्रयोग किया था।[7] कटि स्नान अर्थात् एक टब में कमर डूब जाए इतना पानी भरकर 15-20 मिनट तक स्नान लेना इससे कमर संबंधी सभी दर्द और बीमारी में राहत मिलती है।

गांधी जी को अपने दूसरे बेटे को निमोनिया होने पर पानी का प्रयोग कर बुखार तोडने में सफलता पायी थी। इसमे उन्होंने गीली चद्दर और उसके ऊपर कंबल की लपेट देकर चद्दर स्नान जब तक बुखार नहीं उतरा उतने दिनों तक दिया।[8] गांधी जी ने पानी का प्रयोग कर न केवल स्वयं वरन् अपने बच्चों व अन्य लोगों की बीमारी ठीक करने में भी सफलता पायी थी। घमोरी, पित्ती (Prickly heat) खुजली, चेचक इत्यादि रोगों के निदान हेतु भी गांधी ने चद्दर स्नान का उपयोग किया था। इसके अलाव भाप स्नान द्वारा भी गांधी जी ने कई लोगों को स्वास्थ्य लाभ करवाया था।[9] इस तरह ठंडे पानी, गर्म पानी व भाप स्नान के विभिन्न प्रयोग भी गांधी जी द्वारा स्वयं पर व अन्य लोगों पर किए गए।

हवा :

हवा शरीर के लिए सबसे जरूरी चीज है। यह रक्त शुद्ध करती है। गांधी जी मुंह से सास लेने वालो का विरोध करते है। क्योंकि इससे हवा न साफ होती है और ना ही गरम। गांधी जी चाहते थे कि प्रत्येक मनुष्य प्राणायाम सीख ले। साथ ही वे नाक की शुद्धि हेतु जलनेति को महत्व देते हैं या नाक द्वारा पानी भी पी सकते हैं। निवास स्थान भी खुली जगह पर हो जिससे हमेशा शुद्ध हवा व प्रकाश घर में आता रहे।[10] नाक व गले हेतु भाप लेने के संबंध में भी गांधी जी ने बताया है।

आहार :

गांधी जी चावल व गेंहु के चोकर को भी भोजन में किसी न किसी रूप में इस्तेमाल करने की सलाह लोगों को देते थे। जिससे कैंज जैसी बीमारी से लोगों को मुक्ति मिले, साथ ही लोग स्वस्थ रह सके।[11] गांधी जी ने घर व आश्रम में भी आहार संबंधी कई प्रयोग किए थे।

पिछले 3 दशकों में चिकित्सा की पारंपारिक और वैकल्पिक प्रणालियों को मुख्यधारा में लाने के लिए काफी पहल की गई है। स्वास्थ्य और परिवार कलयाण मंत्रालय, भारत सरकार ने मार्च 1955 में भारतीय औषधि प्रणाली और होम्योपैथी का एक अलग और पूर्णकालिक विभाग बनाया गया था। नवंबर 2003 में इस विभाग का नाम बदलकर आयुर्वेद, योग और प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी सिद्ध और होम्योपैथी (आयुष विभाग) कर दिया गया। नवंबर 2004 में पूर्ण रूप से स्वतंत्र आयुष मंत्रालय बनाया गया।[12] इस विभाग के बनने के बाद बहुत से कार्य इस विभाग के द्वारा इन विभिन्न चिकित्सा पद्धतियों के क्षेत्र में किए गए हैं।

छत्तीसगढ़ में सबसे प्राचीन प्राकृतिक चिकित्सालय डॉ. गुरु गोस्वामी प्राकृतिक चिकित्सालय जिसकी स्थापना महात्मा गांधी की प्रेरणा से डा. अमृत साहेब गुरुगोस्वामी जी ने 15 अगस्त 1958 को पुरानी बस्ती में की थी। भारत के सबसे वरिष्ठ प्राकृतिक चिकित्सक डा. अमृत साहेब गुरुगोस्वामी का 18 मई 2021 को निधन हो गया है। हैदराबाद में प्राकृतिक चिकित्सा का कोर्स करके डॉ. अमृत व उनकी धर्मपत्नी अन्नपूर्णा देवी ने छत्तीसगढ़ मे पहला प्राकृतिक चिकित्सालय खोला। वर्तमान में यह चिकित्सालय आनंदनगर, रायपुर में स्थित है जो अमृत साहेब के पुत्र डॉ. प्रणेश गोस्वामी एवं प्रपौत्र डॉ. अंकुर गोस्वामी द्वारा नेचर क्योर हॉस्पीटल के नाम से संचालित है। डॉ. प्रणेश गोस्वामी जी ने बताया की सबसे पहले भारत में गांधी जी के द्वारा 1940 में उरूलीकाचन, पुणे में प्राकृतिक चिकित्सालय स्थापित हुआ। फिर डॉ. विट्ठल दास मोदी के द्वारा 1948 में गोरखपुर में तत्पश्चात 1954 में बेगमपेठ हैदराबाद में गांधी नेचर क्योर नाम से देश में प्राकृतिक चिकित्सा पर आधारित पहला कालेज खुला।[13] आरोग्य मंदिर, प्राकृतिक चिकित्सालय के संस्थापक शंभुदयाल भारती जी ने छत्तीसगढ़ के एक प्राचीन प्राकृतिक चिकित्सालय के संबंध में अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि उन्हें रायपुर के फेमस स्टुडिओं (मालवीय रोड, रायपुर) के मालिक ने बताया था कि 1945-46 में बुढ़ापारा में एक प्राकृतिक चिकित्सालय था जहाँ उनके पिता ने इलाज लिया था।[14] यह चिकित्सालय वर्तमान में नहीं हैं। किंतु इससे यह तो अवश्य स्पष्ट होता है कि गांधी जी के 1940 में उरूलीकाचन में प्राकृतिक चिकित्सालय स्थापित करने के बाद गांधी जी को प्रेरणा स्वरूप मानकर छत्तीसगढ़ में भी इस दिशा में कार्य किया गया।

महात्मा गांधी चाहते थे कि प्रत्येक मनुष्य अपनी चिकित्सा स्वयं करे। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखकर प्राकृतिक चिकित्सा को अपने रचनात्मक कार्यक्रमों में भी उन्होंने शामिल किया था। प्राकृतिक चिकित्सा के इसी प्रचार व प्रचार को ध्यान में रखते हुए आज छत्तीसगढ़ प्राकृतिक चिकित्सा परिषद ने प्राकृतिक चिकित्सा की शिक्षा देने की व्यवस्था की है। परिषद द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम शिक्षण व प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद प्रशिक्षणार्थियों को एन.डी.डी.वाय. (डिप्लोमा इन नैचुरोपैथी एंड योगा) का डिप्लोमा प्रदान किया जाता है।[15] किंतु वर्तमान में अब तक इस डिप्लोमा कोर्स को मान्यता नहीं दी गई है।

परास्नातक तथा स्नातक आयुष कालेज (प्राकृतिक चिकित्सा) संस्थान की छ. ग. राज्य व देश में संख्या और प्रवेश क्षमता

प्राकृतिक चिकित्सा में	स्थान	कालेज की संख्या	प्रवेश क्षमता
स्नातक आयुष कालेज संस्थान	छत्तीसगढ़ में कुल	01	50
	देश में कुल	26	1730
परास्नातक आयुष कालेज/संस्थान	छ.ग. में कुल	0	0
	देश में कुल	3	47

स्त्रोत-Central Council of Indian Medicine (CCIM) (ii) UG/Ph Colleges, Minstry of Ayush, 2018

उपरोक्त तालिका से स्पष्ट है कि वर्तमान में छत्तीसगढ़ में प्राकृतिक चिकित्सा से संबंधित मात्र एक स्नातक कालेज श्री महावीर मेडिकल कालेज ऑफ नैचुरोपैथी एंड यौगिक साइंस के नाम से नगपुरा दुर्ग में है। इसकी स्थापना वर्ष 2002 में हुई थी। श्री लाभ विक्रम राज आरोग्यधाम संस्थान द्वारा भगवान महावीर के 2600 जन्म शताब्दी वर्ष के शुभ अवसर पर इसकी स्थापना की गई थी। यह कालेज आयुष और स्वास्थ्य विज्ञान वि. वि. से संबद्ध है। और केंद्रीय योग और प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली द्वारा अनुमोदित है। यहा बैचलर ऑफ नेचुरोपैथी और यौगिक साइंस (बीएनवाईएस)

कोर्स उपलब्ध हैं।[16] इसके बाद आज तक कोई स्नातक या परास्नातक कालेज की स्थापना छत्तीसगढ़ में अब तक नहीं हो सकी हैं कई जिलों में प्राकृतिक चिकित्सालयों की स्थापना अवश्य हुई है। छत्तीसगढ़ के जिलों मे कुछ प्रमुख प्राकृतिक चिकित्सालयों के नाम—

जिला रायपुर में—वर्ष 1958 में स्थापित गुरुगोस्वामी प्राकृतिक चिकित्सालय आनंद नगर। वर्ष 1998 ई. में स्थापित आरोग्य मंदिर, चौबे कालोनी। टाटिया प्राकृतिक चिकित्सालय। मोहबा बाजार, प्राकृतिक चिकित्सालय। वी.आई.पी.रोड पर स्थित प्राकृतिक चिकित्सालय इत्यादि।

जिला दुर्ग में—आरोग्य प्राकृतिक चिकित्सालय, नगपुरा। डा. लक्ष्मीनारायण जी चंद्राकर द्वारा संचालित प्राकृतिक चिकित्सालय, पदनाभापुर। निर्मला गुप्ता द्वारा संचालित प्राकृतिक चिकित्सालय, दुर्ग।

जिला बिलासपुर में—डॉ. आनंद शर्मा द्वारा संचालित प्राकृतिक चिकित्सालय हेमु नगर में। एल. एम. तिवारी द्वारा संचालित प्राकृतिक चिकित्सालय, बिलासपुर।

जिला अंबिकापुर में—डॉ. सुजान भीम द्वारा संचालित प्राकृतिक चिकित्सालय।

जिला धमतरी में—डॉ. दिनेश नाग द्वारा संचालित गायत्री योग एवं प्राकृतिक चिकित्सालय, धमतरी।

जिला महासमुंद में—लोटस प्राकृतिक चिकित्सालय, रायतुम, बारनवापारा, इत्यादि।[17] यह चिकित्सालय पांच सितारा होटल की तरह हैं। और इस जिले में यह काफी प्रसिद्ध है। इसके अलावा कोरबा जिले में भी प्राकृतिक चिकित्सालय है।

शोध प्रारूप :

प्रस्तुत शोध में ऐतिहासिक व वर्णात्मक शोध प्रविधि के प्रयोग अध्ययन से प्राप्त निष्कर्षों को वर्णनात्मक रूप से प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया है, जिससे समस्या से संबंधित अंतर्निहित लक्षणों की जानकारी प्राप्त हो सके। प्रस्तुत अध्ययन छत्तीसगढ़ राज्य के रायपुर जिले के प्राकृतिक चिकित्सालयों के डाक्टर व मरीजों में से 60 लोगों का चयन कर किया गया है। अध्ययन विषय से संबंधित तथ्यों के संकलन के लिए साक्षात्कार व अवलोकन प्रविधि का प्रयोग किया गया हैं

तालिका संख्या-1

छत्तीसगढ़ में आज प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति की स्थिति

प्रत्युत्तर का स्वरूप	आवृत्ति	प्रतिशत
पहले से अच्छी	59	98.33%
पहले से खराब	0	0
कोई परिवर्तन नहीं	1	1.66%
कुल योग	60	100

तालिका संख्या-1 से स्पष्ट है कि 98.33 : लोगों का कहना है कि छत्तीसगढ़ में प्राकृतिक चिकित्सा की स्थिति पहले से बहुत अच्छी है। मात्र 1.66 : लोगों का कहना हैं कि स्थिति पहले भी अच्छी नहीं थी और अब भी अच्छी नहीं है। इन 1.66 : के अनुसार दर्द होने पर या दूसरी किसी पद्धति से आराम नहीं मिलने पर लोग प्राकृतिक चिकित्सा की ओर रुख करते हैं। कई उत्तरदाताओं ने बताया कि स्वयं एलोपैथिक डाक्टर भी इस पद्धति से इलाज लेकर स्वास्थ्य लाभ लेते है। छत्तीसगढ़ की राज्यपाल सुश्री अनुसुइया उइके भी स्वयं इस पद्धति को प्रोत्साहन देती है।

तालिका संख्या-2

प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति के द्वारा इलाज लेना पसंद करने के कारण

प्रत्युत्तर का स्वरूप	आवृत्ति	प्रतिशत
ऐलापैथी/या अन्य पद्धतियों से अधिक अच्छी है	7	11.66
लंबे समय तक इससे स्वास्थ्य लाभ रहता है	6	10
स्वास्थ्य हेतु ज्यादा अच्छी है	47	78.33
कुल योग	60	100

तालिका संख्या-2 से स्पष्ट है कि प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति के द्वारा इलाज लेना पसंद करने के कारण के संबंध में सर्वाधिक 78.33 प्रतिशत लोगों ने कहा कि यह स्वास्थ्य हेतु अधिक अच्छी है। आरोग्य मंदिर के प्रो. शंभुदयाल

भारती जी ने बताया कि लोगों के पास इस पद्धति के सिवा दूसरा कोई रास्ता भी नहीं है। जो लोग किसी इलाज से ठीक नहीं हो पाते वे अंतिम रूप से प्राकृतिक चिकित्सा को ही अपनाते हैं। कई मरीजों का इस संबंध में कहना था कि इससे शरीर को कोई नुकसान नहीं पहुंचता इसलिए भी वे इस पद्धति से इलाज लेना पसंद करते है।

तालिका संख्या-3

आप ऐसे कितने लोगों को जानते है जिन्हें इस पद्धति से स्वास्थ्य लाभ हुआ है। इस संदर्भ में उत्तरदाताओं के प्रत्युत्तर

प्रत्युत्तर का स्वरूप	आवृत्ति	प्रतिशत
100-500	44	73.33
500-1000	10	16.66
1000 से ज्यादा	6	10
कुल योग	60	100

इस संदर्भ में प्रश्न पूछने पर 73.33 प्रतिशत लोगों ने उत्तर दिया कि वे 100-500 लोगों को जानते हैं जिन्होंने इस पद्धति से लाभ प्राप्त किया है। 16.66 प्रतिशत ऐसे 500-1000 के लगभग लोगों को जानते हैं। 10 प्रतिशत लोगों ने प्रमुख रूप से डॉक्टर को कहा कि वे हजारों लोगों को जानते है जिन्होंने इस पद्धति से स्वास्थ्य लाभ लिया है। डा. भारतीय एवं डॉ. गोस्वामी ने बताया कि वे आज तक 50,000 से भी ऊपर लोगों को इस पद्धति से स्वास्थ्य लाभ करवा चुके है।

तालिका संख्या-4

प्राकृतिक चिकित्सा को अपनाने का कारण

प्रत्युत्तर का स्वरूप	आवृत्ति	प्रतिशत
अन्य पद्धतियों से लाभ न मिलना	38	63.33
ऐलोपैथी रिएक्शन	8	13.33
अन्य	14	23.33
कुल	60	100

उपरोक्त तालिका से स्पष्ट हैं कि सर्वाधिक 63.33 प्रतिशत लोगों के प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति अपनाने का एक प्रमुख कारण अन्य पद्धतियों से लाभ नहीं मिल पाना हैं। 13.33 प्रतिशत लोगों ने ऐलोपैथी रिएक्शन होने पर इस पद्धति को अपनाया तथा 23.33 प्रतिशत लोगों का कहना हैं कि उन्होंने दोस्त, रिश्तेदार व पड़ोसी इत्यादि को इस पद्धति से आराम मिलने पर स्वयं भी इसी पद्धति से इलाज करवाया। कुछ लोगों ने बताया कि उन्होंने एलर्जी व कैंज के लिए रोज दवा लेनी पड़ती थी पर पूर्ण आराम नहीं मिल पाता था। होम्योपैथी इलाज के बाद भी ज्यादा आराम नहीं हुआ तब प्राकृतिक चिकित्सा से इलाज किया। अब पूर्ण आराम है और दवा भी लेने की जरूरत नहीं पड़ती।

तालिका संख्या-5

यह पद्धति तंबाकू, गुटका, सिगरेट या अन्य व्यसन का सेवन बंद करने में सहायक है

प्रत्युत्तर का स्वरूप	आवृत्ति	प्रतिशत
हां	42	70
नहीं	1	1.66
पता नहीं	17	28
कुल	60	100

क्या यह पद्धति विभिन्न व्यसनो के सेवन को छुड़ाने में सहायक है, इस प्रश्न के जबाव में 70 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने सकारात्मक उत्तर दिया। 1.66 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने नकारात्मक तथा 28.33 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने कहा कि उन्हें इस संबंध में जानकारी नहीं है। इस पद्धति के चिकित्सकों का उत्तर है कि यदि लोग व्यसन छोड़ना चाहे तो यह चिकित्सा पद्धति अवश्य कारगर है।

तालिका संख्या-6

इस पद्धति से इलाज लेने वाले लोग किस आय समूह के है

प्रत्युत्तर का स्वरूप	आवृत्ति	प्रतिशत
निम्न	5	8.33
मध्यम	20	33.33
उच्च	35	58.33
कुल	60	100

तालिका संख्या-6 से स्पष्ट हैं कि इस पद्धति से इलाज लेने वालो में निम्न आय वर्ग के मात्र 8.33 प्रतिशत लोग इस पद्धति से इलाज लेते हैं। मध्यम वर्ग के 33.33 प्रतिशत लोग एवं उच्च वर्ग के 58.33 प्रतिशत लोग इस पद्धति से इलाज लेते है। इस संबंध में आरोग्य मंदिर, चौबे कॉलोनी, रायपुर में इलाज हेतु आए अभ्यांकर खरे का कहना है कि जो व्यक्ति शारीरिक कार्य अधिक करते हैं, उन्हें इसकी जरूरत ही नहीं पड़ती है। साथ ही अभ्यांकर खरे का कहना था कि यह इलाज बहुत महंगा है, चाहकर भी यह इलाज हम नहीं ले सकते हैं। स्पष्ट हैं कि निम्न वर्ग के साथ ही मध्यम वर्ग के भी कई मरीज प्राइवेट संस्थानों द्वारा लिए जाने अधिक मूल्य के कारण इस पद्धति द्वारा इलाज का लाभ नहीं ले पाते है।

तालिका संख्या-7

प्राकृतिक चिकित्सा से किसी प्रकार दुष्प्रभाव (साइडइफैक्ट) का आकलन

प्रत्युत्तर का स्वरूप	आवृत्ति	प्रतिशत
हां	0	0
नहीं	56	93.33
पता नहीं	4	6.66
कुल	60	100

तालिका संख्या-7 में जिन उत्तरदाताओं ने नहीं में उत्तर दिया उन्हें या उनके परिचितों को इस पद्धति से इलाज लेने में कभी कोई दुष्प्रभाव (साइडइफैक्ट) नहीं हुआ है। 6.66 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने पता नहीं कहा हैं। उन्हें स्वयं को भी कभी इस चिकित्सा से कोई दुष्प्रभाव (साइडइफैक्ट) नहीं हुआ है। इस प्रश्न के उत्तर के संबंध में अखिल भारतीय प्राकृतिक चिकित्सा परिषद के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य श्री छगनलाल जी सोनवानी ने बताया कि इस इस पद्धति का कोई दुष्प्रभाव नहीं है। यह पद्धति संपूर्ण शरीर को रोग मुक्त करती है। इस पद्धति से जब इलाज करवाया जाता है तो उभार आता है। यह उभार शरीर के अंदर की अन्य बीमारियों को नष्ट करने हेतु आता है। इससे डरने की आवश्यकता नहीं होती। अपितु इलाज लेते रहे यह चिकित्सा शरीर की संपूर्ण बीमारियों को खत्म कर देती है।

तालिका संख्या-8

प्राकृतिक चिकित्सा के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु सरकार द्वारा किये गए प्रयास चाहिए

प्रत्युत्तर का स्वरूप	आवृत्ति	प्रतिशत
हां	23	38.33
नहीं	1	1.66
प्रयास किए जा रहे है किंतु अपर्याप्त	36	60
कुल	60	100

तालिका संख्या-8 में निहीत प्रश्न पूछे जाने पर 38.33 प्रतिशत लोगो का कहना है कि निश्चित रूप से इस चिकित्सा पद्धति के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने हेतु सरकार द्वारा प्रयास किए जाने चाहिए। 1.66 प्रतिशत उत्तरदाताओं का कहना है कि लोगों में जागरूकता है और सरकार द्वारा प्रयास किए जाने की जरूरत नहीं है। सर्वाधिक 60 प्रतिशत उत्तरदाताओं कहा कहना है कि इस दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं किंतु अपर्याप्त है। उनका कहना है कि लोगो में जागरूकता और बढ़ायी जानी चाहिए। कई लोगो को प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति से भी इलाज होता है इस संबंध में जानकारी ही नहीं है। आरोग्य मंदिर, रायपुर के डॉक्टर विवेक भारतीय का कहना है कि इस दिशा में निजी संस्थान (प्राइवेट इंस्टीट्युट एंड प्राइवेट प्रेक्टीशनर) तो अवश्य कार्य कर रहे हैं। पर सरकार की ओर से अधिक सहयोग व समर्थन नहीं मिल पा रहा हैं। भनपुरी, रायपुर (छत्तीसगढ़) में निःशुल्क योग सिखाने वाले श्री छगनलाल सोनवानी का कहना हैं कि लोगों में जागरूकता बढ़ाने हेतु ज्यादा से ज्यादा शिविर लगाना चाहिए।

निष्कर्ष :

प्राकृतिक चिकित्सा मात्र चिकित्सा नहीं वरन् जीवन जीने की एक कला है गांधी जी चाहते थे कि भारत का प्रत्येक व्यक्ति प्राकृतिक चिकित्सा का ज्ञान प्राप्त करे ताकि वह इस क्षेत्र में भी स्वावलंबी बन सके। आज गांधी जी के दिखाए रास्ते पर चलते हुए छत्तीसगढ़ राज्य में भी कई प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र खुल गए हैं, जो लोगों के रोग निदान के साथ ही उन्हें जीवन जीने की यह कला सिखाने में अपनी महत्ती भूमिका का निर्वाह कर रहे हैं। आज कई प्राकृतिक चिकित्सालयों में योग भी सिखाया जा रहा हैं ताकि लोग स्वस्थ रह सके।

छत्तीसगढ़ की वर्तमान महामहिम राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके भी प्राकृतिक चिकित्सा की एक प्रमुख समर्थक हैं जो इसे आगे बढ़ाने हेतु प्रयास कर रही हैं। किंतु सरकार द्वारा किए गए प्रयास अब भी अधुरे हैं। इस चिकित्सा पद्धति से इलाज लेने वाले अधिकतर उत्तरदाताओं का कहना हैं कि निजी प्राकृतिक चिकित्सालयों की फीस उनके लिए बहुत ज्यादा है इसलिए सरकार की ओर से भी प्राकृतिक चिकित्सालय हर जिले में खोले जाने चाहिए, ताकि इस चिकित्सा का फायदा हर वर्ग के लोग उठा सकें। निजी प्राकृतिक चिकित्सालयों का कहना है कि लोगों में इस चिकित्सा के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु प्रयास करना चाहिए। हम अकेले ही इस दिशा में प्रयासरत है। सरकार का हमें कोई सहयोग नहीं मिल पा रहा है। इस हेतु निःशुल्क शिविर द्वारा भी लोगों को इस ओर जागरूक किया जा सकता है। साथ ही आज इस क्षेत्र में करियर बना कर भी हजारों, लाखों लोगों को रोजगार प्राप्त हो सकता हैं। छत्तीसगढ़ के कई लोग आज भी राज्य से बाहर जाकर और कुछ आर्थिक रूप से संपन्न व्यक्ति देश से बाहर जाकर इस चिकित्सा पद्धति का ज्ञान प्राप्त कर, डिग्री लेकर आते हैं यदि छत्तीसगढ़ में ही ऐसे कालेज और विश्वविद्यालय खुल जायें और इस विषय पर नये-नये शोध हो सके तो यहां के विद्यार्थियों को बाहर जाने की आवश्यकता ही न पड़े वरन् दूसरे राज्य के विद्यार्थी हमारे राज्य में इस विषय का ज्ञान और डिग्री लेने आएं जिससे इस क्षेत्र में भी छत्तीसगढ़ प्रगति कर अपने इस ज्ञान का स्वर्णिम प्रकाश पूरे देश व विश्व में फैला सके।

संदर्भ ग्रंथ

1. *हरिजन*, 2-6-1946
2. *भारतीय विवेक एवं छगनलाल, कौन बनेगा स्वास्थ्य रक्षक*, इंटरनेशनल नैचुरोपैथी आर्गेनाइजेशन एवं म. प्र. प्राकृतिक चिकित्सा परिषद, भोपाल, मध्य प्रदेश, पृ. 3
3. *हरिजन*, 7-4-1946
4. *गांधीजी, अरोग्य की कुंजी*, (अनु. सुशीला नय्यर), नवजीवन प्रकाशन मंदिर, अहमदाबाद, 1948, पुर्नप्रकाशित 2013, पृ. 34
5. उपरोक्त, पृ. 35
6. उपरोक्त, पृ. 36-37
7. 'सत्यलक्ष्मी, अवंतिका एवं पवन कुमार, महात्मा गांधी और प्राकृतिक चिकित्सा', (संकलित), राष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा संस्थान, आयुष मंत्रालय, भारत सरकार, बापु भवन, पुणे, 2019, पृ. 42

8. उपरोक्त, पृ. 25
9. *गांधी जी, आरोग्य की कुंजी*, पूर्वोक्त, पृ. 43
10. उपरोक्त, पृ. 5
11. *संपूर्ण गांधी वांड्मय*, खंड-62, (अक्टूबर 1935-मई 1936), सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली, 1975, पृ. 27
12. *योजना*, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली, जून 2019, पृ. 26
13. साक्षात्कार, डॉ. प्रणेश गोस्वामी, डॉ. गुरु गोस्वामी प्राकृतिक चिकित्सालय, आनंद नगर, रायपुर, छ.ग., 31.03.2021
14. साक्षात्कार, प्रो. शंभुदयाल भारतीय, आरोग्य मंदिर (प्राकृतिक चिकित्सालय) चौबे कालोनी, रायपुर, छ.ग., 21.03.2021
15. उपरोक्त
16. 1- www.collegedunia.com>durg>shri Mahavir Medical college of Naturopath And Yogic Science, retrieved at 20.30 pm on 19 June. 2021.
17. साक्षात्कार, छगनलाल सोनवानी, अखिल भारतीय प्राकृतिक चिकित्सा परिषद के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य, भानपुरी, रायपुर, छ.ग., 28.03.2021

डॉ. अंकिता कमल पुरोहित
सहायक प्राध्यापक
इतिहास विभाग
लोक महाविद्यालय, वर्धा (महा.)

❑❑❑

'महामारी (कोविड-19) में पुलिस की सामाजिक भूमिका'

(छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले के विशेष संदर्भ में)

• नरेश कुमार पटेल

विश्व के इतिहास में प्राचीन काल से ही महामारी के दुष्प्रभाव की जानकारी प्राप्त होती है। मध्यकालीन भारतीय इतिहास में महामारियों के समय पूरा नगर एवं ग्राम उजाड़ होने के उल्लेख प्राप्त होते हैं। आधुनिक विश्व में भी महामारी और उससे होने वाली तबाहियों की विस्तार से जानकारी प्राप्त होती है। ब्रिटिशकालीन भारत में प्लेग और हैजा ऐसी महामारियां थीं जिससे देश के अलग-अलग हिस्से चपेट में आ रहे थे। लार्ड कर्जन के वायसराम बनने पर तिलक ने कहा था कि '1898 में देश पर तीन भयंकर प्राकृतिक अपदायें आयी थीं, अकाल प्लेग और कर्जन'। उसे विक्रम संवत् के आधार पर 56 का अकाल कहा जाता है। इस प्लेग एवं अकाल पर ब्रिटिश सरकार की एक रिपोर्ट में लिखा गया है उत्तर भारत में मनुष्य और पशुओं की हड्डियों से उत्तर भारत के मैदान सफेद हो गये थे। इस समय महाराष्ट्र के प्लेग कमिश्नर आरेस्ट एवं रैंड इस महामारी से रक्षा के लिए जो कदम उठाये थे जिससे क्रांतिकारी नाराज होकर इन दोनों को गोली मार दी थी।

भारत को तबाह करने वाली आखिरी बड़ी महामारी 1918 ई. में आई 'स्पेनिश फ्लू' थी, जिसने 15 लाख भारतीयों की जान ले ली थी। यह बताया गया था कि यह बाम्बे बंदरगाह के माध्यम से भारत में आया था, 'बाम्बे बुखार' के साथ अस्पताल में भर्ती होने वाले पहले सात पुलिस सिपाहियों को बाम्बे डाक पर तैनात किया गया था। अब एक बार फिर जब भारत कोविड 19 महामारी की श्रृंखला को तोड़ने की राह पर है, तो पुलिस फिर से लाकडाउन को लागू करने के लिए अग्रिम पंक्ति में आ गई।

 ISSN 2278-4632 जुलाई-दिसम्बर 2021

इस समय पूरी दुनिया कोरोना वायरस की चपेट में है करोड़ों लोग संक्रमित हो चुके हैं और लाखों लोगों की मौत हो चुकी है। ऐसे में सबसे पहले हम संक्षिप्त में यह समझते हैं कि इसका नाम कोरोना वायरस कैसे पड़ा, इसे कोविड-19 नाम किसने दिया और किसी महामारी का नाम कैसे रखा जाता है?

सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन के मुताबिक, कोरोना वायरस वायरसों का एक समूह है। इनके संक्रमण से फ्लू जैसा लक्षण देखने को मिलता है कोरोना वायरस का नाम 'कोरोना' से लिया गया है। कोरोना का लैटिन भाषा में अर्थ 'क्राउन' या ताज होता है। कोरोना वायरस की सतह पर कांटे जैसी आकृति होती है जो देखने में ताज जैसी लगती है। इसी वजह से इसे कोरोना नाम दिया गया।[1]

दरअसल कोविड-19 संक्षेप में है इसका पूरा नाम है Coronavirus Diseoses है। चूंकि यह बीमारी 2019 में फैली इसलिए इसका पूरा नाम Coronavirus Diseoses 2019 हुआ। अब Corona का Co, Virus का VI और Diseases का D मिलाकर COVID19 नाम कर दिया गया। COVID19 इस महामारी का नाम है जो SARS COV2 वायरस से होती है। 11 फरवरी 2020 को विश्व स्वास्थ्य संगठन ने एक प्रेस रिलीज जारी किया और उसके माध्यम से 2019 की कोरोना वायरस बीमारी को कोविड-19 नाम दिया।[2]

31 दिसम्बर 2019 को चीन के डब्ल्यू.एच.ओ. कंट्री ऑफिस में न्यूमोनिया के नये और अजीबों गरीब मामले सामने आये। उसका कारण पता नहीं था चीन के वुहान शहर में ऐसे मामले बड़ी संख्या में सामने आये। फिर पता चला कि ये संक्रमण में सामने आये। फिर पता चला कि ये संक्रमण नए कोरोना वायरस की वजह से हो रहा है। जिसका नाम 2019 नोवल कोरोना वायरस (2019-nCov) दिया गया। बाद में 11 फरवरी 2020 को टैक्सोनोमी ऑफ वायरसेज की इंटरनेशनल कमेटी ने इसका नाम Severe acute respiratory syndrome Coronavirus 2 SARS-COV-2 दिया। इसका नाम SARS-COV-2 इसलिए दिया गया क्योंकि यह उस कोरोना वायरस का जेनेटिक कजन है जिससे 2002 में SARS-COV फैला था।

आज पूरा विश्व जिस वैश्विक महामारी COVID19 से जूझ रहा है इससे सरकारों, स्वास्थ्य सेवाओं और आम जनता की तैयारियों के स्तर पर इस वायरस की चुनौतियों से निपटने के लिए काफी बहस हुई और हो रही है।

हालांकि इस बहस के बीच अपेक्षाकृत कम चर्चा ने महामारी में पुलिस की भूमिका पर विचार किया है यह बहुत आश्चर्य की बात है क्योंकि बहुत लोगों के लिए पुलिस अंतिम उपाय की आपातकालीन सेवा है और इसलिए किसी भी प्रतिक्रिया में काफी हद तक शामिल होने की उम्मीद की जाती है।

जैसा कि हम सब इसी बात से सहमत होंगे कि भारतीय पुलिस संगठन के लिए उपलब्ध संसाधन बेहद कम हैं। हालांकि इन बाधाओं के बावजूद पुलिस संगठन ने लॉकडाउन को लागू करवाने और सामुदायिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने की चुनौती का सामना किया है।[3] पुलिस का काम शासन एवं न्याय पालिका के द्वारा बताये नियम का पालन कराना होता है अतः इस भयंकर घातक बीमारी में अपनी इस भूमिका का पालन में जुट गयी।

24 मार्च 2020 को भारत सरकार ने घोषणा की कि भारत के सभी नागरिकों को 21 दिनों के लिए घर पर रहना होगा। कोविड-19 को लेकर सरकारों की प्रतिक्रिया का अध्ययन कर रही ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय की गवर्नमेंट रिस्पांस ट्रैकर की रिपोर्ट बताती है कि इस मामले में भारत की प्रतिक्रिया दुनिया में सबसे कठोर है जिसने 1.3 अरब लोगों को प्रभावित किया है। लॉकडाउन को बाद में और बढ़ा दिया गया था जो कि अत्याधिक प्रतिबंधात्मक था जिससे नागरिकों को उनके घरों के बाहर केवल आवश्यक आवाजाही के लिए ही अनुमति मिलती थी। इसका सबसे ज्यादा प्रभाव तत्कालिक मौसमी प्रवासी मजदूरों पर पड़ा। ये ऐसे नागरिक हैं, जो अपने मूल गांव के घरों की सुरक्षा के लिए शहरों से पलायन करने को मजबूर थे।

इसके अलावा कोविड-19 लॉकडाउन का एक और महत्वपूर्ण लेकिन कम दिखाई देने वाला पहलू पुलिस का समाज सेवा कार्य है।[4] क्योंकि लॉकडाउन के आदेश एवं कानून को सफल बनाना सिर्फ नियम पालन कराना, लॉ एण्ड आर्डर को सुधारना न होकर मानवता की सेवा थी, क्योंकि लॉकडाउन के उल्लघंन करने पर मानवता पर संकट आ सकता था। इससे लाखों मनुष्यों को मारे जाने की आशंका थी। अतः स्वयं जीवन के प्रति खतरे से बिना भयभीत हुए पुलिस मानवता की सेवा में जुट गयी थी।

पूरे भारत में स्थानीय स्तर पर पुलिस प्रशासन को सामाजिक दूरी को लागू कराने का काम सौपा गया, हालांकि पुलिस की गतिविधियॉ के अनुपालन के लिए पुलिस संगठन एक प्रमुख आधार है और लॉकडाउन के दौरान तत्काल सहायता की जरूरत ने पुलिस अधिकारियों को नागरिकों के नियमित संपर्क में

ला दिया। सूचना और आवश्यक आपूर्ति प्रदान करने वाले भारत के जन स्वास्थ्य अभियान में भी पुलिस अधिकारी सबसे आगे रहे हैं।

जैसा कि लॉकडाउन लागू होने से लोगों के जीवनशैली में बड़ा बदलाव आया, पुलिस ऐसे बदलावों को लागू कराने के तरीके खोजने के लिए संघर्ष करती रही। रोजमर्रा की ज़िंदगी की सड़क संस्कृतियां, गर्म और आद्र जलवायु के लिए जलवायु समायोजन जहॉ खुले स्थानों तक पहुंच एक आवश्यकता बन जाती है और आवश्यक सेवाओं की दुकान बंद होने की दहशत घर पर रहने के बावजूद सड़कों पर भीड़ की ओर ले जाती है। इन सब समस्याओं ने पुलिस बल पर प्रतिबंधों को लागू करने का दबाव डाला क्योंकि कुछ ने तो नियमों का पालन करना शुरू कर दिया जबकि कुछ लोग अभी भी अवहेलना कर रहे थे। प्रतिबंध लगाने के लिए, लॉकडाउन के पहले दिन से ही पुलिस बल को पूरे देश में गश्ती वैन और पैदल गश्त में तैनात किया गया था। अधिकांश पुलिस बलों ने बिना बल प्रयोग के सख्त अभिगम नियंत्रण और आवाजाही प्रतिबंध के माध्यम से लॉकडाउन लागू कराने में सफलता हासिल की।[5]

स्वतंत्र भारत में पुलिस की भूमिका में बड़ा बदलाव आया है। जहां ब्रिटिश समय में उन्हें जनता को क्रूरता से दबाने का सबक सिखाया जाता था, जैसे जलियावाला बाग हत्याकांड हुआ था। उसके विपरीत अब उन्हें सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति सचेत रहने का मंत्र दिया जाता है। अतः कोविडकाल में पुलिस के दायित्वों का प्रसार किया गया। उन्होंने स्वयं आगे बढ़कर मानवतापूर्ण रवैया अपनाते हुए भूखे लोगों को भोजन कराया। अब पुलिस कर्मियों को पुलिस कैरियर की शुरूआत से ही पुलिस की नौकरी की भूमिका में सामाजिककृत किया जाता है जहाँ सार्वजनिक व्यवस्था प्रबंधन और भीड़ नियत्रंण कार्यो को पुलिसिंग में सबसे आवश्यक कौशल के रूप में लिया जाता है और पुलिस का यह कौशल वर्तमान मामले में बहुत उपयोग में आया है।

लॉकडाउन के कारण सड़कों पर पुलिस की बढ़ती उपस्थिति ने पुलिस को स्वास्थ्य कर्मियों के अलावा किसी भी अन्य पेशेवर समूह की तुलना में बहुत अधिक दुःख और गरीबी का सामना कर रहे गरीब शहरी प्रवासी कामगारों द्वारा भी अनुभव किया गया था जो पैदल अपने गॉव लौटने लगे और इन श्रमिकों के संकट का अनुभव किया जो दैनिक मजदूरी के आधार पर जीवित रहते हैं।

पुलिस के दायित्वों का प्रसार मैदान पर किसी अन्य कार्यकर्ता के प्रतिबंध के कारण पुलिस यह जिम्मेदारी लेती है और इस भेदयता को दूर करती है।

लॉकडाउन की आवाजाही पर पांबदी को प्रभावित करने के लिए अधिकांश पुलिस बलों ने या तो सरकार द्वारा चलाये जा रहे रसोई के बीच सेतु बनकर या कई जगहों पर गरीबों को भोजन कराने के लिए स्वयं पुलिस कर्मचारियों द्वारा अभियान चलाकर गरीबों के लिए भोजन शुरू किया।[6]

पुलिस बल के पास जाँच का अनुभव है और वायरस से प्रभावित लोगों का पता लगाने के लिए पुलिस के इस कौशल की आवश्यकता होती है। संपर्क ट्रेसिंग, संक्रमण वायरस के तेजी से प्रसार के इस समय में बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि स्वास्थ्य क्षेत्र संघर्ष कर रहा है। अपने संसाधनों और पहुंच का प्रबंधन कर पुलिस ने प्रभावित लोगों के बैकवर्ड और फारवर्ड लिकेंज ग्राफ खीचकर वायरस के पकड़ने के पैटर्न को डिकोड करके और प्रभावित व्यक्तियों के संपर्क में आने वालों की पहचान करके कॉन्टेक्ट ट्रेसिंग की COVID-19 प्रभावित व्यक्तियों के संपर्क ट्रेसिंग की जांच में पुलिस का बुनियादी जांच कौशल एक मूल्यवान संसाधन साबित हुआ। प्रभावित व्यक्तियों के संपर्को का पता लगाने के लिए, पुलिस बल द्वारा अन्य सायबर फोरेंसिक उपकरणों के साथ-साथ प्रभावित व्यक्ति के मोबाईल फोन के कॉल डिटेल रिकार्ड से संबंधित सीडीआर विश्लेषण का उपयोग किया गया। संपर्क इतिहास (कान्टेक्ट हिस्ट्री) को समझने और प्रसार के मॉडल बनाने के लिए सायबर पुलिस विंग और जिला पुलिस सेटअप है जो स्वास्थ्य कर्मियों के साथ काम कर रहे हैं। संपर्क ट्रेसिंग करने के लिए पूरे भारत में पुलिस अपने जांच कौशल, साइबर फोरेंसिक उपकरण और डिजिटल जांच कौशल का उपयोग कर रही है। संपर्क ट्रेसिंग पर पुलिस की भूमिका नहीं रुकती। यह इन व्यक्तियों का शारीरिक रूप से पता लगाने और स्वास्थ्य कर्मचारियों को स्वास्थ्य सलाहकार के अनुसार पहचाने गये व्यक्तियों का परीक्षण, अस्पताल में भर्ती या संगरोध (क्वारेन्टाइन) के लिए समझाने में मदद करता है।[7]

हालांकि पुलिस संख्या बल की कमी और काम के बढ़ते दबाव के सामाजिक संदर्भ को देखते हुए भारत में अग्रिम पंक्ति के पुलिस अधिकारियों पर लॉकडाउन भारी बोझ साबित हुआ है। सामाजिक दूरी मूल रूप से सामाजिक मानदंडों का उल्लघंन करती है और यह गरीबों की रोजमर्रा की जरूरतों व उनकी आजीविका के साथ टकराव के हालात बनाती हैं। भारत में स्थानीय निकायों में सड़क पर व्यवसाय की संस्कृति फल-फूल रही है। जिसमें लोग सड़क के किनारे खुले में भोजन और सामान बेचते हैं। यह व्यापक शहरी अनौपचारिक अर्थव्यवस्था श्रमिकों की मुक्त आवाजाही को सहज बनाती है।

ग्रामीण भारत में जल स्रोत जीवंत सामुदायिक स्थल या चौपाल के रूप में जाने जाते हैं जहाँ ग्रामीण एकत्रित होकर सूचनाओं का आदान प्रदान करते हैं। जैसा कि मालूम है लॉकडाउन वार्षिक रबी फसल तक बढाया गया। इससे कृषि अर्थव्यवस्था भी दबाव में आ गयी।

पुलिस के लिए लॉकडाउन एक विस्फोटक स्थिति बनती गयी। फ्रंटलाईन अधिकारी लॉकडाउन नियमों में कुछ ढील की उम्मीद कर रहे थे लेकिन उनका मकसद इससे भी बदतर हालातों को रोकना है जिससे कि बड़े पैमाने पर हिंसा न हो, कानून व्यवस्था बनी रहे। जहाँ तक क्षमता की बात है भारतीय पुलिस लंबे समय से कर्मियों और संसाधनों की कमी से जूझ रही है। जनसंख्या के आंकड़ों को देखें तो भारत में पुलिस अनुपात प्रत्येक एक लाख नागरिकों के लिए 193 है जो अन्य देशों की तुलना में बहुत कम है। पुलिस के कुल बजट में से 80-90 फीसदी खर्च कर्मियों और अन्य 10 प्रतिशत नियमित रखरखाव में व्यय होता है।

पुलिस की निरोधक गतिविधि, सामुदायिक पुलिसिंग और नागरिकों तक पहुंच के लिए विभाग को उपलब्ध धनराशि बहुत कम है इन बाधाओं के बावजूद भारतीय पुलिस एजेसियों ने लॉकडाउन को लागू करने और सामुदायिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने की चुनौती का बखूबी सामना किया है।[8]

जबकि लॉकडाउन के प्रबंधन के दौरान पुलिस द्वारा सामना किये जाने वाले व्यक्तिगत जोखिम उन पर शारीरिक हमले और प्रभावित लोगों के संपर्क के दौरान वायरस के संपर्क में आने के मामले भी सामने आये हैं। आंदोलन एवं प्रतिबंधों को लागू करते समय पुलिस बल द्वारा सामना किये जाने वाले शारीरिक हमले कई बार खतरनाक हथियारों से भी हमला किया गया, गालियां दी गई हैं कई जगहों पर पथराव किया गया है। पुलिस के काम की प्रकृति के कारण जोखिम और भी बढ़ जाता है जहाँ सामाजिक दूरी को पालन करना बहुत कठिन होता है लॉकडाउन के प्रबंधन में शामिल पुलिस कर्मचारियों के परिवारों को भी जोखिम उठाना पड़ा क्योंकि वायरस के साथ पुलिस संपर्क ने उनेक परिवारों के लिए भी जोखिम बढ़ा दिया। कई पुलिस परिवार के सदस्यों के बीच वायरस के फैलने की घटनाओं का भी पता चला।

महामारी के दौरान पुलिस फांउडेशन विभागों को अपने सार्वजनिक सुरक्षा लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करते रहे और इच्छुक दानदाताओं से वित्तीय और कई तरह के समर्थन लेकर पुलिस एजेसियों की सहायता निम्न

प्रकार से करते रहे—

1. पर्सनल प्रोटेक्सन किट, ग्लब्स, हैड सेनेटाइजर और हैड सेनेटाइजिंग वाइप्स।
2. चौबीसो घंटे संचालन के स्वच्छता किट और मोबाईल चार्जर आदि।
3. पुलिस सुविधाओ और उपकरणों के परिशोधन के लिए धन उपलब्ध कराना।
4. पुलिस अधिकारियो के लिए सेनिटाईजर स्टेशनों की व्यवस्था करना।
5. उन अधिकारियों के लिए आवास की व्यवस्था करना जो बीमार हैं या परिवार से खुद को अलग करने की जरूरत पड़ी।
6. अधिकारियों के लिए नाई और जूतों की सुरक्षित व्यवस्था करना ताकि वे इस दौरान अपने सम्मान एवं मानकों को बनाये रख सकें।
7. सोशल मीडिया अभियानो के माध्यम से कानून प्रवर्तन के लिए समर्थन को बढावा दिया।[9]

अन्य राज्यों की भांति छत्तीसगढ़ राज्य की पुलिस व्यवस्था भी अग्रणी पंक्ति में रही और इस महामारी के दौरान सशक्त प्रबंधन किया।

छत्तीसगढ़ के 29 जिलों में दुर्ग जिले की पुलिस व्यवस्था भी अग्रिम पंक्ति में खड़ी रही। चूंकि मेरे शोध पत्र का विषय कोविड 19 के दौरान दुर्ग जिले का पुलिस प्रबंधन है यहाँ दुर्ग जिले में पुलिस की भूमिका की बात करें तो छत्तीसगढ़ का यह पहला जिला रहा जहाँ कॉलर टयून को लेकर कई प्रयोग किये गये जैसे देश भर में इन दिनों सारे मोबाईल कंपनियों ने कॉल टयून मे कोविड 19 से बचने के टिप्स वाली टोन लगा रखी थी ताकि लोगों को कोरोना वायरस से बचने के लिए जागरूक किया गया लेकिन दुर्ग पुलिस ने एक कदम आगे बढकर अपना क्रिएशन दिखाया और दुर्ग पुलिस के सभी कर्मचारियों/ अधिकारियों के सरकारी नंबर पर साईबर संगी का कॉलर टयून चलता रहा ताकि लोग जब भी पुलिस को फोन लगायें तो उन्हें साइबर क्राईम से बचने के टिप्स मिलते रहे और उन्हें वह सारी चीजें याद रहे कि उन्हें साईबर क्राईम से बचने के लिए क्या करना है और क्या सावधानी रखनी है इसके पीछे कारण यह था कि लॉकडाउन के दौरान ज्यादा लोग साईबर ठगी के शिकार हो रहे थे।[10] इसी तरह लॉकडाउन के दौरान दुर्ग पुलिस की सोशल मिडिया में बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए लोग पुलिस को अपनी समस्या बताते रहे। पुलिस भी उनकी समस्या

का समाधान करती रही। छत्तीसगढ़ में टिक टॉक की साइट पर सिर्फ दुर्ग पुलिस दिखाई दे रही थी जहां वह लोगों को जागरूक करती रही। उनके वीडियो और सुझाव के चलते लगातार लोकप्रियता मिलती रहे। इस पर करीब 15 लाख लोगों ने लाइक्स किया। एक लाख 80 हजार लोग दुर्ग पुलिस के फॉलोवर है इसमें साइबर क्राइम और कोरोना वायरस के संक्रमण से बचने के लिए सुझाव दिये जा रहे है।[11] तत्कालीन दुर्ग कलेक्टर अंकित आनंद व एस.एस.पी अजय यादव, एडिशनल एस.पी. एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ लगभग 100 पुलिस कर्मियों ने शहर के विभिन्न मोहल्लों में पैदल चलकर जनता को कोरोना वायरस के बारे में जागरूक किया। इसी दौरान एक रोचक वाक्य हुआ। शनिचरी बाजार से एक बुर्जुग महिला भाजी बेचने बैठी थी जिस पर क्लेक्टर की नज़र पड़ी। जिसको देखकर कलेक्टर और एसपी ने उन्हें समझाया कि अभी दुकान बंद करने का समय है आप सब्जी नहीं बेच सकती। उन्हें समझाने के साथ मानवता का परिचय देते हुए कलेक्टर ने उसकी पूरी भाजी को खरीद लिया। उसे मास्क पहनने के साथ साथ-साथ शासन के दिशा निर्देशों का पालन करने की समझाइस भी दी, पूरे पैदल मार्च में जगह-जगह दुर्ग की जनता के द्वारा पुलिस टीम का उत्साहवर्धन किया गया।

लॉकडाउन के दौरान दुर्ग पुलिस ने लोगों को फिट रहने के लिए एक अनोखा कार्यक्रम शुरू किया। दुर्ग पुलिस ने स्टे होम स्टे हेल्दी व स्टे फिट कार्यक्रम के तहत स्मृति नगर के सुर्या अपार्टमेंट, दुर्ग कातुलबोर्ड एवं ऋषभ ग्रीन सिटी में पुलिस ने लोगों को फिट रहने के लिए प्रेरित किया और लोगो ने भी इसकी सराहना की।[12]

इसी तरह एक और घटना जिसमें उतई थाने में पदस्थ आरक्षक मुकेश देशमुख की डीजीपी, डी.एम. अवस्थी ने वीडियो कॉल कर सराहना की। विभाग के सबसे बड़े अधिकारी का कॉल आया तो पहले तो आरक्षक को लगा कि कोई गलती तो नहीं हो गई। डीजीपी के पूछने पर उसने बताया कि वह व्हाटसप एप्प चलाता है। डीजीपी ने गज़भिये और उसकी पत्नी से वीडियों कॉल कर जरूरतमंदो तक पहुँचा रहे खाना बनाने व बांटने का तरीका देखा। इसके बाद डीजीपी ने जवान और उसकी पत्नी का वीडियों कॉल पर हौसला बढाया। अवस्थी ने उत्साहवर्धन के लिए आरक्षक को ढाई हजार रुपये नगद पुरस्कार का आदेश भी दुर्ग एसएसपी को दिया उन्होंने कहा कि वाटसऐप के जरिए मुझे आरक्षक के सेवाभाव की जानकारी मिली। आरक्षक से कहा आपके द्वारा किये जा रहे कार्य पर मुझे गर्व है। छत्तीसगढ़ पुलिस के जवान इस समय दोहरी

भूमिका निभा रहे है एक तरफ वे लॉकडाउन का पालन कराने दिन-रात सडको पर तैनात है।[13] वही दूसरी तरफ आपकी तरह जरूरतमंदो की मदद भी कर रहे है। लॉकडाउन के दौरान छत्तीसगढ़ पुलिस जवानों का मानवीय चेहरा समाज को देखने को मिला। इस दौरान खुद की जिंदगी की परवाह किये बगैर लोगों की हरसंभव मदद करने मे पुलिस के जवान आगे रहे। प्रदेश के ऐसे ही 8 जवानों को केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने अपनी स्पेशल रिपोर्ट में स्थान देकर उन्हें सम्मानित किया है इनमें हेमसागर सिदार (सीएसपी, जगदलपुर), कलीम खान (टीआई सिटी कोतवाली, बिलासपुर), अनिल शर्मा (टी आई, लोहारा, कबीरधाम), भरत बरेठ (टीआई आमानाका, रायपुर), गौरव तिवारी (निरीक्षक सायबर सेल दुर्ग), विशाल कुजूर (टीआई, जशपुर), रिंकू गुप्ता (आरक्षक रामानुजगंज बलरामपुर), अनुपमा कुजुर (महिला आरक्षक बलरामपुर), का नाम शामिल है।

केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने कोरोना वायरस के कारण लगाये गये लॉकडाउन के दौरान पुलिस की प्रतिक्रिया को लेकर एक शोध की गई। जिसमें पता चला की लॉकडाउन के दौरान पुलिस का मानवीय चेहरा लोगों के बीच सामने आया। गृह मंत्रालय के थिंक-टैक 'ब्यूरो ऑफ पुलिस रिसर्च एण्ड डेवलपमेंट' (बीपीआरडी) के द्वारा 'द इंडियन पुलिस रिस्पांस टू कोविड 19 क्राईसिस' शीर्षक वाले एक विशेष संकलन को प्रकाशित किया है जिसमें कहा गया है कि राज्य और केन्द्र शासित प्रदेशों में पुलिस बलों और केन्द्रीय अर्धसैनिक बलों ने न केवल सख्त लॉकडाउन का पालन कराया बल्कि सावधानीपूर्वक कोविड-19 मरीजों को ट्रैक किया। इसके अलावा इन बलों ने प्रवासी मजदूरों को आवश्यक सेवाओं को पहुंचाने, जरूरतमंदो, गर्भवती महिलाओं, शहीद परिवारों, बेजुबानों की मदद का सराहनीय कार्य किया।[14]

सामुदायिक पुलिसिंग के अंतर्गत दुर्ग पुलिस के द्वारा किये गये कुछ महत्वपूर्ण कार्य

क्रमांक	दिनांक	विषय	संक्षिप्त विवरण
1.	13.03.2020 से लगातार	सोशल मीडिया में जागरूकता अभियान	छ.ग.राज्य में सबसे पहले दुर्ग पुलिस के द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफार्म के माध्यम से 150 से अधिक पोस्ट कर लोगों को जागरूक किया गया।
2.	27.03.2020 से 01.05.2020	फेसबुक लाईव	फेसबुक लाईव के माध्यम से घर में बैठ कर किसी भी प्रकार से कोई परेशानी न हो एवं घर से न निकलना पड़े इसलिए दुर्ग पुलिस के द्वारा लॉकडाउन एवं कोरोना वायरस से संबंधित सुझाव, शिकायत, समस्या का निराकरण प्रतिदिन सायं 07 बजे से किया गया।
3.	दिनांक 02.04.2020 से 16.04.2020	स्टे होम, स्टे हेल्दी, स्टे फिट, फिटनेस प्रोग्राम	इस कार्यक्रम के माध्यम से मॉर्निंग वॉक पर शहर के नागरिकों को बाहर न निकलने एवं घर पर ही रहकर व्यायाम करने की अपील करते हुए दुर्ग भिलाई के 16 से अधिक अपार्टमेट में जाकर म्यूजिक के साथ जुम्बा एक्साईस (शारीरिक व्यायाम) कराकर लोगों को अपने-अपने घर के बालकनी तथा छतों पर व्यायाम करने का संदेश दिया गया।

क्रमांक	दिनांक	विषय	संक्षिप्त विवरण
4.	24.03.2020 से लगातार	घर बैठे फाईट करेगा इंडिया	लॉकडाउन के दौरान घर में रहकर घर वालों के साथ अनेक प्रकार के कार्य (जैसे पेंटिग, इंडोर गेम्स, कुकिंग, गाडर्निग, साफ-सफाई) आदि की फोटोज जिसमें घर में रहने का संदेश दिया गया हो सोशल मीडिया के माध्यम से दुर्ग पुलिस के साथ शेयर कर डिजिटल सम्मान प्राप्त करने की पहल शुरू की गई।
5.	दिनांक 07.04.2020	सीनियर सिटीजन हेल्प लाईन	कोरोना वायरस से लड़ने के लिये वरिष्ठ नागरिकों को लॉकडाउन के दौरान अपनी समस्याओं का निराकरण घर पर ही रहकर करने हेतु वरिष्ठ नागरिकों के लिए हेल्पलाईन नं. 0788-2283151, मो.न. 94791-92099 एवं वाटसअॅप नं. 94792-42152 जारी किया गया।
6.	21.04.2020 को सायं 05.30 बजे से 07.30 बजे तक।	साईकल रैली	जिला दुर्ग के दुर्ग, भिलाई नगर, पाटन, छावनी अनुविभाग अंतर्गत गली मोहल्लों में लॉक डाउन एवं सोशल डिस्टेनसिंग का पालन नहीं करने की शिकायत मिलने पर दुर्ग पुलिस के द्वारा साईकल रैली के माध्यम से प्रतिदिन 15 कि.मी. का सफर तय कर संबंधित क्षेत्रों में जाकर लोगों को जागरूक किया गया।

क्रमांक	दिनांक	विषय	संक्षिप्त विवरण
7.	07.05.2020 को सायं 05.30 बजे से 08.30 बजे तक।	'चलते-चलते आपके द्वार तक'	जिला दुर्ग में कलेकटर महोदय एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय के नेतृत्व में प्रतिदिन 03 अपुअ, 09 डीएसपी, 10 निरीक्षक एवं 100 जवानों के साथ मिलकर दुर्ग शहर में पैदल मार्च कर कोरोना वायरस के प्रति लोगों को जागरूक करने एवं लॉकडाउन के नियमों का पालन करने हेतु प्रेरित किया गया।
8.	दिनांक 10.05.2020	काफी विथ मदर्स	जिला दुर्ग के प्रत्येक थाना क्षेत्र में स्वास्थ्यकर्मी, डॉक्टर, सुरक्षाकर्मी एवं सफाई कर्मियों के परिवार व उनकी माताओं को 'मदर्स डे' पर लगभग 125 परिवारों के साथ 'काफी विथ मदर्स'अभियान के तहत उनके साथ बैठकर काफी पीकर उनकें हाल-चाल जानकर, विचार, विमर्श, एवं परामर्श देकर किसी प्रकार की समस्या होने पर संपर्क करने हेतु अपना मोबाईल नंबर दिया गया। वरिष्ठ पुलिस अधिकरियों के द्वारा इसी प्रकार वृद्धाश्रम में बुजुर्ग माताओं के साथ काफी पीकर हालचाल जानकारी समस्या होने पर संपर्क करने हेतु अपना मोबाईल नंबर दिया गया।
9.	दिनांक 03.08.2020	रक्षाबंधन पर दुर्ग पुलिस पहल	रक्षाबंधन के अवसर पर दुर्ग पुलिस के द्वारा जिले के सभी कोरोना पॉजीटिव मरीजों को रक्षा का प्रतीक राखी, कोरोना से सुरक्षा का प्रतीक

क्रमांक	दिनांक	विषय	संक्षिप्त विवरण
	को सभी क्वारनटाई सेंटर पर		मास्क और मिठाई भेटकर मंगल स्वास्थ्य की कामना हेतु संदेश दिया गया। जिसकी शुरूआत शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज में उपचारार्थ एवं डिसार्च मरीजों को कलेक्टर महोदय एवं पुलिस अधीक्षक महोदय के साथ जिले के समस्त अधिकारीगणों के द्वारा पैकेटस देकर की गई।
10.	11.09.20	टेली कॉलिग	पुलिस अधीक्षक महोदय, दुर्ग के मार्गदर्शन में कट्रोल रूम भिलाई के माध्यम से प्रतिदिन लगभग 150 मरीजो को टेलीकॉलिंग कर हाल चाल लिये जा रहे हैं एवं मरीजो को मास्क लगाने, गर्म पानी, काढा पीने, होम आईसोलेशन के नियमों का पालन करने की जानकारी दी जा रही है एवं वरिष्ठ अधिकारियों को रिपोर्ट भेजी गई।
11.	20.09.20	मास्क ही ब्रहमास्त्र है	पुलिस अधीक्षक दुर्ग के द्वारा बढते कोरोना वायरस की समस्या को देखते हुए 'मास्क ही ब्रहमास्त्र है' नामक अभियान की शुरूआत नगर पुलिस अधीधक दुर्ग कार्यालय से की गई। जिसमें बाईक रेली निकाल कर दुर्ग भिलाई, सुपेला एवं छावनी क्षेत्रों में भ्रमण कर समापन किया गया। रैली में 17 अधिकारियों सहित 100 से अधिक जवानों ने अपनी भूमिका निभाई। रैली में दुर्ग पुलिस के द्वारा तैयार किये गये

ISSN 2278-4632

क्रमांक	दिनांक	विषय	संक्षिप्त विवरण
			स्पेशल स्लोगन जैसे - 'मास्क नहीं तो टोकेगें, कोरोना को रोकेगे' 'एक ही टास्क, पहनो मास्क' 'महामारी ये विकराल है, मास्क रोको काल' के माध्यम से नागरिकों को मास्क के महत्व के बारे में बताकर जागरूक किया गया।
12.	28.09.20	संकल्प पत्र	सोशल मीडिया प्लेटफार्म के गूगल फार्म लिंक के माध्यम से नागरिकों तक डिजिटल रूप में पहुंचकर उनसे कोरोना के खिलाफ दुर्ग पुलिस की मुहिम से जुड़ने की अपील करना, कोरोना वायरस से बचने संबंधी बातों के पालन करने के लिये संकल्प पत्र भरकर दुर्ग पुलिस की इस मुहिम से जुड़ने की अपील की गई।
13.	19.10.20	मास्क नहीं तो पेट्रोल/डीजल नहीं	दुर्ग जिले के समस्त पेट्रोल पंप संचालकों की मीटिंग लेकर मास्क नहीं लगाने पर वाहन चालको को पेट्रोल/डीजल न देने हेतु निर्देशित किया गया तथा सभी पेट्रोल पंप में पोस्टर एवं फलेक्स के माध्यम से मास्क नहीं तो पेट्रोल डीजल नहीं, मास्क ही ब्रह्मास्त्र है अभियान के अंतर्गत सभी पेट्रोल पंप पर लोगों को जागरूक करने की शुरूआत की गई एवं बढ़ते संक्रमण के खतरे को समझाते हुए जागरूक रहने की अपील की गई।

क्रमांक	दिनांक	विषय	संक्षिप्त विवरण
14.	20.10.20	बिगेस्ट मास्क	दिनांक 20.10.2020 को विश्वव्यापी करोना संक्रमण के विरुद्ध मास्क ही ब्रमास्त्र है का संदेश देने हेतु दुर्ग पुलिस के द्वारा अब तक का सबसे बड़ा मास्क बनाकर कीर्तिमान रचा गया। जिसे सेक्टर 10 स्थित ग्लोब चौक पर लगे ग्लोब को करीबन 200 वर्गफीट का मास्क शहर के मंझे हुऐ कलाकारों द्वारा तैयार कराकर भिलाई इस्पात सयंत्र के सहयोग से दुर्ग पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा प्रतीकात्मक रूप से मास्क पहनाया गया जिससे नागरिकों को मास्क के प्रति जागरूक किया जा सकें।
15.	20.10.20	मास्क नहीं तो सवारी नहीं	(ऑटो रिक्शा) दुर्ग पुलिस के द्वारा मास्क ही ब्रमास्त्र है अभियान के अंतर्गत समस्त ऑटो रिक्शा में फ्लेक्स के माध्यम से लोगों को मास्क लगाने और ऑटो रिक्शा चालकों के द्वारा भी मास्क लगाने पर ही सवारी को ऑटो में बैठने की अनुमति देने पर जोर दिया जा रहा है। मास्क नहीं तो सवारी नहीं अभिलयान में फ्लेक्स के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

निष्कर्ष : कोविड 19 महामारी के खिलाफ हमारी लड़ाई के लिए पुलिस या स्वास्थ्य क्षेत्र में अग्रिम पंक्ति के कर्मचारी महान संसाधन हैं। इस समय की तत्काल आवश्यकता ,उनके मूल्य और मूल्य की प्राप्ति और उनकी सुरक्षा और प्रेरणा के लिए त्वरित प्रावधान करना है। महामारी प्रबंधन में पुलिस की दक्षता को अधिकतम करने के लिए और साथ ही साथ पुलिस बल को सुरक्षित और प्रेरित रखने के लिए, नीतियों में जोखिम कारकों को तैयार करने की आवश्यकता है।

साथ ही सामुदायिक पुलिसिंग को प्राथमिकता दी जानी चाहिए और पुलिस संगठनात्मक लोकचार में एकीकृत किया जाना चाहिए। प्रशिक्षण अकादमियों में सामुदायिक पुलिसिंग के प्रशिक्षण के लिए बहुत कम समय दिया जाता है लेकिन रोजमर्रा के जमीनी कामकाज के दौरान तथा सकंट के समय में इसकी ओर भी जरूरत होती है। सांप्रदायिक तनाव को कम करने के लिए भारतीय राज्यों में प्रभावी सामुदायिक पुलिसिंग के इस्तेमाल के बहुत से मामले हैं। लेकिन अक्सर ये स्थानीय स्तर पर तात्कालिक पहल होती है और इनसे जो महत्वपूर्ण सबक मिलता है उसे व्यापक संगठन स्तर पर अपनाया नहीं जाता है।

सामुदायिक पुलिसिंग के लिए समर्पित बजट के साथ अधिक व्यवहारिक क्षेत्र आधारित प्रशिक्षण, नियमित निगरानी और समर्थन बेहद जरूरी है। नागरिक एजेंसियों के पास विशेषज्ञता और नेटवर्क होते है विशेष रूप से दुर्गम समुदायों तक पहुंच के लिए।

अंत में, राज्य नियोजन प्रक्रिया में पुलिस एजेंसियों को एकीकृत करने की अत्यधिक आवश्यकता है। ऐसा करने से नीति निर्माताओं को पुलिसिंग और व्यापक विकास लक्ष्यों के बीच संबंधों की पहचान करने के साथ-साथ अन्तर एजेंसी समन्वय में सुधार करने की अनुमति मिलेगी। कोविड 19 से राज्य के विभिन्न हिस्सो के लिए सबक मिलने की संभावना है। लेकिन संस्थागत श्रृंखला वायरस के संचरण पर अंकुश लगाना, स्वास्थ्य प्रणालियों के रक्षा करना और आजीविका को सुरक्षित करना इसकी सबसे कमजोर कड़ी है। तंत्र में व्यापक क्षमता और लचिलेपन के साथ पुलिस और राज्य संगठनों को और राज्य एजेंसियो और नागरिको के साथ मिलकर काम करना सीखना होगा।

संदर्भ

1. नवभारत टाइम्स, 24 मार्च 2020
2. https://www.unicef.org/india/stories/re-imagining-role-police-covid-19-times अमर उजाला, 05 जुलाई 2021

4. अक्षय मंगला/विनित कपूर

rhttps://www.thehindubusinessline.com/opinion/columns/how-policing-works-in-india-in-covid-19-times/article31729922.ece

5. Diganlih Raj Shgal https://blog.ipleaders.in/police-discretion-role-covid-19-pandemic/, 02 November 2020

6. Johns Hopkins University, COVID – 19 Case Tracker, Corona virus Resource center 2020

7. अक्षय मंगला/विनित कपूर

https://www.thehindubusinessline.com/opinion/columns/how-policing-works-in-india-in-covid-19-times/article31729922.ece

8. https://www.ncbi.nlm.nih.gov/pmc/articles/PMC7439012/

9. Diganlih Raj Shgal https://blog.ipleaders.in/police-discretion-role-covid-19-pandemic/, 02 November 2020

10. पत्रिका न्यूज, नेटवर्क 22 अप्रैल 2020

11. पत्रिका न्यूज, नेटवर्क 30 मार्च 2020

12. पत्रिका न्यूज, नेटवर्क 08 मई 2020

13. पत्रिका न्यूज, नेटवर्क 10 अप्रैल 2020

14. नवभारत, 27 सितंबर 2020

❑❑❑

नागौर के जिलिया गाँव के जैन मंदिर के भित्ति चित्र

• डॉ. पवन कुमार जाँगिड़

शोध सारांश

भारत के विभिन्न क्षेत्रों की तरह मारवाड़ के नागौर जिले के कुचामन एवं इसके आस-पास के गांवों में कई जैन मंदिरों का निर्माण हुआ था। ये जैन मंदिर स्थापत्य एवं कला की दृष्टि से अद्वितीय हैं। स्थापत्य कला के माध्यम से (पत्थरों में उकेरे गये तीर्थों के भाव, कांच की पच्चीकारी) धार्मिक भावना जागृत करने के लिए भित्ति चित्र एवं प्राचीन मूर्तियाँ अभूतपूर्व हैं। कुचामन व आस-पास के मंदिरों एवं गढ़ों में भित्ति चित्र देखने को मिलते हैं। मैंने इस क्षेत्र में सर्वेक्षण के दौरान देखा कि इन मंदिरों की भित्ति चित्रण परम्परा ठीक वैसी ही है जैसी मारवाड़ व शेखावाटी की हवेलियों, दुर्गों वैष्णव मंदिरों, छतरियों, एवं प्रासादों में हैं। अन्तर केवल यह है कि इन जैन मंदिरों के भित्ति चित्रों के विषय जैन धर्म से संबंधित हैं। जिलिया के जैन मन्दिर के चित्रों में मारवाड़ शैली वाले चित्रों का प्रभाव ज्यादा है। ये भित्ति चित्र बहुत सुन्दर व आकर्षक बने हैं, जो धार्मिक भावों के साथ ही यहां के इतिहास, संस्कृति व रीति रिवाजों की जानकारी प्रदान कराते हैं।

संकेताक्षर

मारवाड़, जैन, मंदिर, भित्ति चित्र, जागीरदार, महाजन, हवेलियां, गढ़, धार्मिक, लौकिक, कल्पसूत्र, कुचामन, पांचवा, जिलिया, मारोठ, कल्याणक, तीर्थंकर, ऋषि, लोक, महाकल्याण, पंचशील, अहिंसा, इत्यादि।

कला की दृष्टि से राजस्थान कला जगत में अपना स्थान रखता है। इस प्रदेश की भव्य कलात्मक हवेलियाँ, किले, मंदिर, महल, देवालय, छतरियाँ, गढ़, कुवें, इत्यादि स्थापत्य एवं भित्ति चित्रों को बयाँ करते हैं। इन भवनों पर बने

भित्ति चित्रों का सांस्कृतिक एवं कलात्मक वैभव अनुपम रहा है। राजस्थान के राज्याश्रय में फली फूली लघुचित्र शैलियों के साथ-साथ भित्ति चित्रण परम्परा का विकास और विस्तार होता रहा है। यहाँ के बड़े-बड़े राज दरबारों का अनुसरण करते हुवे छोटे-छोटे जागीरदारों, ठिकानेदारों, सामन्तों एवं महाजनों ने अपनी हवेलियों में भित्ति चित्रण की इस परम्परा को जीवित रखा। इस क्षेत्र में छोटे से छोटे गाँव के मंदिर व हवेलियाँ भी चित्रित मिलती हैं।

मारवाड़ का कलात्मक इतिहास

राजस्थान भारत के पश्चिम भाग में स्थित राज्य है, जिसका जैन धर्म के साथ ऐतिहासिक सम्बन्ध रहा है। दक्षिणी राजस्थान श्वेताम्बर जैन धर्म का केन्द्र बिन्दु रहा है। दिगम्बर शाखा के बड़े केन्द्र राजस्थान के उत्तरी व पूर्वी भागों में स्थित हैं। राजस्थानी चित्रकला के सन्दर्भ हमें प्राचीन काल से ही मिलते रहे हैं। जिनमें 7 वीं सदी से प्रचलित देव, यक्ष एवं नाग कला शैलियों के आधार पर तिब्बती बौद्ध कला इतिहासकार लामा तारानाथ ने पश्चिमी क्षेत्र में यक्ष शैली का बाहुल्य एवं इसका संस्थापक चित्रकार श्रृंगधर को माना है जो मरूदेश के राजा शील के आश्रय में था।[1] परन्तु मारवाड़ शैली का सूत्रपात 17वीं शताब्दी के प्रारम्भिक काल में हुआ था। नाडोल में अवस्थित एक जैन मंदिर में लगभग 1605 ई. में निर्मित एक भित्ति चित्र उपलब्ध है। इससे पूर्व के अन्य भित्ति चित्र उपलब्ध नहीं हैं।[2] जैसलमेर भण्डार में सुरक्षित सचित्र ग्रन्थ 'दशवैकालिक सूत्रचूर्णी' एवं 'ओधनिर्युक्ति' (1060 ई.) में कामदेव, लक्ष्मी, हाथी तथा अन्य आलंकारिक आकृतियाँ बनी हैं। जिनका चित्रण चन्द्रगच्छ के जैन आचार्यों के निर्देशन में श्रेष्ठी नागपाल के पुत्र आनन्द ने पाहिल नामक चित्रकार से करवाया था।[3] यह ग्रंथ प्रतिहार कालीन कला का उल्लेखनीय उदाहरण है। इस युग में खतरगच्छ के मुनि जिनदत्त सूरी ने सचित्र ग्रन्थों के निर्माण को विशेष प्रोत्साहन दिया। अतः अनेक जैन सचित्र ग्रन्थों का निर्माण हुआ। मारवाड़ क्षेत्र के प्राकृत ग्रन्थों में उद्योतन सूरिकृत कुवलयमालाकहा (778 ई.), धर्मोपदेश मालावृति तथा सिद्धर्षिकृत उपमितिभव प्रपंच कथा आदि में चित्रकला की सामग्री के उल्लेख मिलते हैं, जिससे यह कहा जा सकता है कि उद्योतन सूरी ने तत्कालीन समाज में इन्हें चित्रित किया हुआ देखा होगा। यद्यपि राजमहलों में भी भित्ति चित्र बनाये जाने के उल्लेख मिलते हैं। नागौर में निर्मित वि.सं. 915 के प्राकृत ग्रन्थ 'धर्मोपदेश मालावृत्ति'[4] में चित्रसूत्र कथा और चित्रसभा की कहानियों से नागौर क्षेत्र की 'यक्षकला परम्परा' का पता चलता है। इन उल्लेखों से मरू देश

के चित्रकार श्रृंगधर की यक्ष कला परम्परा के प्राप्त आधारों की पुष्टि होती है।5 अभयदेव सूरि द्वारा 'प्रबन्धकोष' के अनुसार कुचेरा (नागौर) गाँव में उत्कृष्ट भित्ति चित्र बने हुये थे।[6] इससे स्पष्ट हो जाता है कि उस काल में भी भित्तियों पर उत्कृष्ट चित्र बनाने की परम्परा प्रचलित रही थी।

प्रतिहार काल में चित्रकला अपने उन्नत स्तर पर रही होगी। आठवीं शताब्दी में मंगलाना गाँव के निवासी जेद्दुक के पुत्र दद्दुक की पत्नी लक्ष्मी द्वारा कालिंजर में एक सुन्दर उमा महेश्वर पट्ट लगवाने की जानकारी मिलती है। जिससे नागौर क्षेत्र में उन्नत चित्रकला की स्थिति का अनुमान होता है। इसी प्रकार विक्रम संवत् 900 के दौलतपुरा गाँव के ताम्रपत्र में देवी भगवती का अंकन भी प्रतिहार काल में चित्रकला की विकसित परम्परा की ओर संकेत करता है। बारहवीं शताब्दी में चौहान साम्राज्य के अन्तर्गत नागौर क्षेत्र खतरगच्छ कला का उत्कृष्ट केन्द्र था।[7] प्राचीनकाल से ही नागौर क्षेत्र जैन धर्म का एक केन्द्र रहा। यहाँ अनेक कलात्मक मन्दिरों का निर्माण हुआ। तत्कालीन साहित्य ग्रन्थों एवं जैन ग्रन्थों में चित्रकला के प्रमाण एवं जैन मन्दिरों का उल्लेख मिलता है। जिनमें सम्भवत: यक्ष कला शैली के अन्तर्गत मंदिरों को सुन्दर भित्ति चित्रों से सजाया गया होगा।

नागौर जिले में चौहान शासन काल में कला, संगीत एवं चित्रकला का विकास हुआ। इस काल में नागौर क्षेत्र जैन धर्म का प्रमुख तीर्थस्थल एवं शिव, विष्णु, सूर्य और शक्ति की उपासना का क्षेत्र रहा। जैन धर्म की खतरगच्छ शाखा का इस काल में विशेष प्रभाव रहा था। इस शाखा के साधुओं द्वारा चित्रित करवाई गई सचित्र काष्ट पट्टिकायें उल्लेखनीय हैं।[8] चौहान नरेशों, सामन्तों ने अनेक कला स्मारकों एवं शिल्पों का निर्माण भी करवाया।

मध्यकाल में नागौर लगभग एक शताब्दीं तक खानजादा शासकों के अधीन रहा था। इन शासकों का हिन्दुओं के साथ सौहार्दपूर्ण बर्ताव था। कई जैन मन्दिर बने और सैकड़ों मूर्तियाँ भी स्थापित हुईं। इनके राज्य में श्वेताम्बर और दिगम्बर दोनों ही सम्प्रदाय के कई ग्रन्थों की प्रतिलिपियाँ भी तैयार की गईं। साहित्य, चित्रकला के क्षेत्र में सचित्र ग्रन्थों का निर्माण हुआ। 15वीं और 16वीं शताब्दी में श्वेताम्बरों में कल्पसूत्र लेखन और चित्रण कार्य विशेष रूप से हुआ। मध्यकालीन नागौर क्षेत्र में विभिन्न धर्मो, सम्प्रदायों एवं शाखाओं का उदय हुआ। नागौर में विभिन्न मत मतान्तरों, शासकों, श्रेष्ठियों, सन्तों की समन्वित संस्कृति के फलस्वरूप स्थानीय चित्रकला में नये-नये स्वरूपों का समावेश हुआ तथा नागौर की चित्रण परम्परा में विकास वाले आधारों का चित्रण होता रहा।

ऐतिहासिक पृष्ठभूमि एवं नागौर क्षेत्रीय भित्ति चित्रण

मारवाड़ क्षेत्र में भित्ति-चित्रों की परम्परा प्रचलित रही है। शताब्दियों के राजनैतिक, सांस्कृतिक परिवर्तनों तथा बाहरी प्रभावों से सामंजस्य बैठाते हुए यहाँ के चित्रकारों ने अपनी चित्रण परम्पराओं का विषय, शैली तथा तकनीकी विधि विधान के अनुरूप अपने नये-नये अनुभवों से नया रूप दिया। मारवाड़ क्षेत्र से प्राप्त अपभ्रंश शैली के चित्रों के अवलोकन से पता चलता है कि इस क्षेत्र में ग्रन्थ चित्रण की परम्परा विद्यमान थी। इस प्रकार के चित्र प्रतिहार काल में निर्मित हुए थे। संभवतः ऐसी आकृतियों का निर्माण नागौर या आस-पास के क्षेत्रों में हुआ था। नागौर की चित्रण परम्परा में पठान शासन काल के विकास वाले आधारों का चित्रण दृष्टिगत होता है जिसका विस्तृत वैभव विशेषतः महाराज बख्तसिंह कालीन भित्ति चित्रों में देखा जा सकता है। इसके अतिरिक्त यहाँ की चित्रण परम्परा का विस्तार हमें लाडनूं, मेड़ता, डीडवाना, कुचामन व इनके आस-पास के गांवों में भी मिलता है।

मध्यकाल में पश्चिमी भारतीय चित्रकला के विकास के अनुरूप नागौर मारवाड़ का एक प्रमुख ठिकाना रहा है। जहाँ जैन धर्म के सन्तों, श्रेष्ठियों एवं सूफी सन्तों की समन्वित संस्कृति के फलस्वरूप यहाँ की कला का विस्तार हुआ। 15वीं सदी में नागौर में अनेक सचित्र ग्रन्थों का निर्माण हुआ। सम्स खाँ के शासन काल में सचित्र ग्रन्थ पांडव पुराण की रचना हुई थी। इसके अतिरिक्त यहाँ के सचित्र ग्रन्थों में कल्पसूत्र (1551 ई.) एवं कालकाचार्य कथा (1548 ई.) भी प्रमुख रहे हैं। 15वीं, 16वीं सदी में ही श्वेताम्बर सम्प्रदाय में कल्पसूत्र लेखन एवं चित्रण का कार्य विशेष रूप से हुआ। इसके साथ ही नागौर के स्थानीय खानजादा शासकों एवं जैन सूफी संस्कृति के फलस्वरूप चित्रकला में अनेक परिवर्तन दिखाई पड़ते हैं।

मुगलों के शासन काल में नागौर क्षेत्र में जहांगीर कालीन चित्रकला का प्रभाव महाराजा बख्तसिंह कालीन राजप्रासादों के भित्ति चित्रों में देखने को मिलता है। नागौर शैली का सही और सर्वाधिक स्वरूप इन्ही भित्ति चित्रों में देखा जा सकता है। यहाँ के किले और शीशमहल के भित्ति चित्र 18वीं सदी के मध्य में बने हुए है।[9] बख्तसिंह के काल में उत्कृष्ट भित्ति चित्रों के मिलने से मारवाड़ के ज्ञात भित्ति चित्रों का क्रमबद्ध इतिहास शुरू होता है। नागौर के बादल महल में प्रारम्भिक भित्ति चित्र मिलते हैं।

राठौड़ों के शासन काल में नागौर क्षेत्रीय चित्रकला राठौड़ चित्र शैली कहलायी। ई. 1724 से 1740 के बीच महाराजा बख्तसिंह ने नागौर दुर्ग में

भित्ति चित्रांकन करवाया था। इस काल में जहाँ जैन चित्रकला ग्रंथों का चित्रण होता रहा वहीं भित्ति चित्रण का अधिकांश कार्य मुसलमानों के पास होने का उल्लेख मिलता है।10 1700 से 1750 ई. के मध्य न केवल नागौर में लघु चित्र बने बल्कि मारवाड़ के सभी ठिकानों में चित्रण कार्य हुआ। महाराजा बख्तसिंह की कलाभिरुचि के कारण यहाँ के चित्र मौलिक बन पडे. हैं जो तत्कालीन भित्ति चित्रों में देखे जा सकते हैं इसी प्रकार विजयसिंह के काल में नागौर के आस-पास के ठिकानों के चित्रों में भी यहाँ की चित्र शैली का विस्तार देखने को मिलता है। इस प्रकार नागौर में सचित्र ग्रन्थों, लघु चित्रों तथा भित्ति चित्रों की परम्परा का विस्तार होता रहा तथा कालान्तर में यह परम्परा सामन्तों, ठाकुरों, धनिकों के यहाँ भी देखने को मिली। नागौर क्षेत्र की कला के अनेक सन्दर्भ हमें जैन प्रबन्ध काव्य में मिलते हैं जिनमें कुचेरा नामक स्थान के प्राचीन उल्लेखों के अनुरूप तत्कालीन श्रेष्ठी द्वारा बनवाए अनेक भित्ति चित्रों का कलात्मक वर्णन मिलता है।[11]

नागौर की चित्रण परम्परा का विस्तार इस क्षेत्र के विभिन्न चित्रण केन्द्रों में होता रहा है। इन केन्द्रों में सचित्र ग्रन्थों, लघु एवं भित्ति चित्रों में नागौर की चित्रण परम्परा का निर्वाह देखने को मिलता है। मेड़ता, खींवसर, हससोलाव, लाडनूं, भाउण्डा, डीडवाना, कुचामन, परबतसर इत्यादि महत्वपूर्ण ठिकाने रहे हैं। नागौर क्षेत्र के सांस्कृतिक केन्द्रों में मेड़ता, लाडनूं, परबतसर, मारोठ, छोटी खाटू, डीडवाना विशेष महत्व रखते हैं। इन क्षेत्रों में तत्कालीन शिल्प के साथ ही भित्ति चित्रण एवं हस्तशिल्प ग्रन्थों के साथ ही लघु चित्रों का निर्माण भी होता रहा। मारवाड़ में भित्ति चित्रों की समृद्ध परम्परा का इतिहास हमें 1605 ई. में निर्मित नाडोल के शांतिनाथ जैन मन्दिर के भित्ति चित्रों से जोड़ सकते हैं।[12] अठारहवीं सदी के प्रारम्भ से उन्नीसवीं सदी के अन्त तक हमें लगातार मारवाड़ क्षेत्र से भित्ति चित्रों के सुन्दर उदाहरण प्राप्त हुए हैं। विषय-वस्तु के सन्दर्भ में ये चित्र विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं। 18वीं एवं 19वीं सदी में यहाँ के वैष्णव मन्दिर निर्मित हुए।[13] जोधपुर के ठिकानों नागौर, घाणेराव एवं कुचामन आदि स्थानों पर भी भित्ति चित्र के उल्लेखनीय उदाहरण मिलते हैं।[14] मारवाड़ में कला के राजकीय मान को देखकर सामन्तों ने भी कला को प्रोत्साहित किया तथा केवल जोधपुर में ही नहीं वरन् सारे मारवाड़ में 19वीं शताब्दी के आरम्भिक समय में चित्र बने तथा कुचामन, घाणेराव, नागौर, पाली, जालौर इत्यादि प्रमुख नगरों में चित्रशालायें बनी तथा सहस्त्रों की संख्या में चित्र बनने का उल्लेख मिलता है।[15]

उपरोक्त तथ्यों से यह स्पष्ट हो जाता है कि इन स्थानों पर भित्ति चित्रण की परम्परा रही है। नागौर के समीपवर्ती सभी ठिकानों में भी भित्ति चित्रों का निर्माण होता रहा जिनमें मेड़ता के पार्श्वनाथ मन्दिर (1745 ई. के लगभग), लाडनूं के सेठ गोविन्दराम एवं मालचंद की हवेली तथा कुचामन किले के भित्ति चित्र 19-20वीं सदी में जयपुरी चित्रकारों द्वारा बनाए चित्रों में नागौर की चित्रण परम्परा का विस्तार होता रहा।[16] नागौर जिले के डीडवाना शहर की भौगोलिक स्थिति देखे तो यह शेखावाटी का सिंह द्वार और मारवाड़ का तोरण द्वार है। राजस्थान के दो प्रमुख अंचलों का मिलन केन्द्र है।[17]

इस प्रकार नागौर क्षेत्र में भित्ति चित्रों की परम्परा रही है। 19-20वीं सदी में स्थानीय श्रेष्ठियों की कलाभिरुचि से मन्दिरों, हवेलियों में चित्रण कार्य हुआ है। इस परम्परा का विस्तार हमें नागौर के प्रमुख ठिकानों, गाँवों में देखने को मिलता है। राठौड़ शासकों एवं उनके वंशजों ने मारवाड़ क्षेत्र की चित्रण परम्पराओं को विकसित किया। जोधपुर में भी छोटे-छोटे नगरों में बने चित्रों की एक स्वतंत्र शैली रही है जोनागौर, कुचामन, जालौर, तथा जैसलमेर शैली कहलाती थी। यहाँ के ग्राम्य चित्र भी अपना एक स्थान रखते हैं जो अत्यधिक संख्या में चित्रित हुए हैं। यहाँ के प्रधाननगरों में चित्रकला के उत्तम उदाहरण मिलते हैं। कुचामन के आस-पास के क्षेत्र में मारवाड़ व शेखावाटी शैली का भित्ति चित्रण देखा जा सकता है। इस शोध पत्र में केवल उनमें से जिलिया गाँव के इतिहास व जैन मंदिर में बने भित्ति चित्रों को प्रकाशित करना है।

जैन मंदिरों के भित्ति चित्र

इस क्षेत्र के कुचामन, पांचवा, कुकनवाली, रैवासा, दाँता, मारोठ जिलिया के जैन मंदिरों का चित्रण इस दृष्टि से महत्वपूर्ण है। दाँता के मन्दिर में बना हुआ ऋषभदेव का चित्र यह प्रदर्शित करता है कि शेखावाटी के भित्ति चित्रों पर जैन प्रभाव भी था। दाँता की देदाका हवेली पर भगवान पार्श्वनाथ का चित्र भी इस तथ्य की पुष्टि करता है। कुछ जैन मंदिरों की भित्तियों पर आध्यात्मिक प्रेरणा देने वाले प्रसंगों को बहुत ही खूबसूरत ढंग से चित्रित किया है। जिनमें मुख्य रूप से संसार वृक्ष (वटवृक्ष) का चित्रण भी है। नागौर के कुचेरा के जैन मंदिर में 18वीं सदी पूर्वाद्ध के भित्ति चित्र एवं मेड़ता के पार्श्वनाथ मन्दिर के भित्ति चित्र नागौर के बादल महल वाले चित्रों की परम्परा में है। इनमें जैन धर्म से सम्बन्धित विषय-वस्तु का संयोजन हुआ है। इसी प्रकार कुचामन, पांचवा, जिलिया इत्यादि के मन्दिरों में भी जैन विषय का चित्रण मिलता है।

भारत के प्राचीनतम नगरों में से एक रहा, जो सम्प्रति मारवाड़ के नागौर जिले में एक कस्बा है जहाँ जैन धर्म का काफी विकास हुआ। राजपुताना के 17वीं शताब्दी के चित्रण में मारोठ के मान मंदिर को भी गिना जाता है। मारोठ परगना दीर्घ काल तक गौड़ क्षत्रियों के आधिपात्य में रहने के कारण गौड़ावटी भू-भाग के नाम से आज भी प्रसिद्ध है। मुगलकाल में यह परगना अनेक व्यक्तियों को मिलता रहा फिर गौड़ों के आधिपात्य में और उसके बाद गौड़ाटी के महाराज रघुनाथ सिंह जी ने गौड़ों के ठिकानों पर आक्रमण कर संवत 1717 (1659 ई.) में उनकी पैत्रिक जागीरें छीन लीं। मारोठ, पांचोता, पांचवा, लूणवा, मिठडी, भारिजा, गोरया, डुंगरया, दलेलपुरा, घाटवा, खौरंडी, हुडिल, चितावा आदि को मेड़तिया, राजावतों और शेखावतों ने बांट लिया। बादशाह औरंगजेब ने महाराजा की पदवी व गौड़ावाटी का परगना ठाकुर रघुनाथ सिंह मेड़तिया को दिया। रघुनाथ सिंह जी ने संवत 1717 से 1740 तक मारोठ के महाराजा रहे। उनकी पांच महारानियाँ तथा आठ पुत्र थे जिनके लिए पांच भव्य महलों का निर्माण करवाया गया। आठ पुत्रों को अलग-अलग गांवों की जागीरें प्रदान की गई जिनमें से एक पुत्र विजय सिंह को जिलिया का व आनन्द सिंह को पांचवा का ठाकुर बनाया गया। मींडा, जिलिया, लूणवां, पांचोता और पांचवा, मारोठ के प्रमुख राजघरानें हैं व पांचमहल कहलाते हैं। मारोठ व जिलिया का राजनैतिक सम्बन्ध जोधपुर के महाराजा अजीत सिंह, अभयसिंह, बिजयसिंह व टोंक के नवाब अमीर खाँ से भी रहा है।

1. जिलिया गढ़ की मुख्यपोल

जिलिया (ठिकाना) :— जिलिया (ठिकाना) राजस्थान के नागौर जिले में स्थित एक छोटा सा गांव है। जिलिया मारोठ के पांच महलों की प्रमुख रियासत थी जिसका राजघराना मीरा बाई तथा मेड़ता के राव जयमल के वंशज हैं। मेड़तिया राठौड़ों का मारोठ पर राज्य स्थापित करने वाले वीर शिरोमणी

2. छतरी

रघुनाथ सिंह मेड़तिया के पुत्र महाराजा विजयसिंह ने मारोठ राज्य का अर्ध विभाजन कर जिलिया की स्थापना की। (चित्र सं. 1. जिलिया गढ़ की मुख्यपोल) (चित्र सं. 2 छतरी) (चित्र सं. 3. जैन मंदिर का नक्शा चित्र)



3. जैन मंदिर का नक्शा चित्र

जिलिया गाँव में दो जैन मंदिर एवं एक गढ़ स्थित है। यहाँ के गढ़ में केवल कुछ बेल बूटें अंकित है। यहाँ श्री दिगम्बर जैन मन्दिर में अनेक भित्ति चित्र बने हैं। नागौर के कुचामन क्षेत्र में अनेक जैन मन्दिर बने तथा उनमें जैन चित्रों का आलेखन होने का उल्लेख मिलता है।[18] मंदिर में मुख्य प्रतिमा के नीचे संवत् 1488 अंकित हैं। जिलिया का किला लगभग 500 वर्ष पुराना है। राजा रघुनाथसिंह के शासन काल में युद्ध व सुरक्षा के लिए बनाया गया था।[19] मंदिर में जैन धर्म से सम्बन्धित प्रतिमाएँ विद्यमान हैं। यहाँ की प्रतिमाएँ सफेद संगमरमर की बनी हैं तथा कुछ प्रतिमाएँ काले पत्थर की भी है। मंदिर में मुख्य प्रतिमा के नीचे सम्वत् तथा लेख भी अंकित है जो अस्पष्ट हैं। प्रतिमा के पीछे सुन्दर प्रभा मण्डल तथा हरे रंग के काँच की जड़ाई (पच्चीकारी) का कार्य जो अत्यन्त आकर्षक है।

जिलिया के जैन मन्दिर के भित्ति चित्रों की विषय-वस्तु :

सर्वेक्षण के दोरान चित्रों के प्रत्यक्ष दर्शन तथा उनकी शैली से यह आभास होता है कि यहाँ के बरामदे वाले चित्र पुराने हैं जबकि मंदिर के मुख्य भाग वाले चित्रों को दुबारा बनवाया गया है, जो उसके बाद के हैं। वर्तमान मंदिर व मूल मंदिर के नक्शा चित्र (चित्र सं. 3) को देखते हुए लगता है कि इसमें कई परिवर्तन हुये हैं। मंदिर की छत पर अनेक जैन तीर्थकरों की शृंखलाबद्ध आकृतियाँ अंकित हैं। (चित्र सं. 13) यहाँ के प्रमुख चित्रों में भगवान के सोलह स्वप्न, (चित्र सं. 4) श्री गर्भकल्याण, जैन मुनि को जल एवं आहार प्रदान करते हुए, तपस्यारत्त मुनि, श्री मोक्ष कल्याण, श्री ज्ञान कल्याण, संसार दर्शन, जल मन्दिर श्री पावापुरी जी, तपकल्याण इत्यादि के साथ ही मुनि श्री शान्तिसागर जी, श्री चन्द्रसागर जी, श्री बाहुबली स्वामी का अंकन भी मिलता है। गर्भ अवतरण के समय तीर्थंकर महावीर की माता त्रिशला ने 16 शुभ स्वप्न देखे थे। (चित्र सं. 4) मंदिर की दीवारों पर विविध अलंकरण बने हैं (चित्र सं.

10) तथा चार प्रकार के ऋषि, तीन प्रकार के लोक, पंच महाकल्याण, श्री भक्तामर भाषा आदि का उल्लेख भी मिलता है।

4. भगवान के सोलह स्वप्न



5. तपस्यारत्त मुनि

6. श्री ज्ञान कल्याण

7. श्री गर्भकल्याण

जिलिया गाँव के श्री दिगम्बर जैन मन्दिर में बने भित्ति चित्र

मंदिर के बरामदे की सम्पूर्ण छत पर जैन धर्म से सम्बन्धित अनेक चित्र बने हैं। यहाँ एक मंदिर का नक्शा चित्रित है जिसके चारों ओर विशेष प्रकार के पेड़ दर्शाये हैं। इस चित्र पर ''प्रकाशक: मूलचन्द किसनदास: संपादक दिगंबर जैन सुरत'' अंकित है। (चित्र सं. 3) छत के अलंकरणों के बीच में अनेक षोड़षभावना, परियों का चित्रण भी है। यहां पर चार प्रकार के ऋर्षी (राजर्षि, बृह्मर्षि, देवर्षि, परमर्षि) तीन प्रकार के लोक (उर्ध्व लोक, मध्य लोक, पाताल लोक) समसरण की 11 भूमियां, पंच महाकल्याण (गर्भ कल्याण, जन्म कल्याण, तप कल्याण, ज्ञान कल्याण, मोक्ष कल्याण, आठ महा प्रातिहार्य निर्णय, चार अनन्त अतुष्ठय का उल्लेख मिलता है। पंच कल्याण, जैन धर्म के अनुसार सभी तीर्थकरों के जीवन में घटित होते है। यह पाँच कल्याणक है :-

- गर्भ कल्याणक :- जब तीर्थंकर प्रभु की आत्मा माता के गर्भ में आती है। (चित्र सं. 7)
- जन्म कल्याणक :- जब तीर्थंकर बालक का जन्म होता है।
- दीक्षा कल्याणक :- जब तीर्थंकर सब कुछ त्यागकर वन में जाकर मुनि दीक्षा ग्रहण करते है।
- केवल ज्ञान कल्याणक :- जब तीर्थंकर को केवल ज्ञान की प्राप्ति होती है। (चित्र सं. 6)
- मोक्ष कल्याणक :- जब भगवान शरीर को त्यागकर अर्थात सभी कर्म नष्ट करके निर्वाण/ मोक्ष को प्राप्त करते है।

चित्र सं. 8 (गाँव का दृश्य चित्र, जिलिया का जैन मंदिर)

मंदिर में एक पैनल में 17 दृश्य अंकित हैं जिनमें कल्पवृक्ष, सूर्य अस्त, चन्द्र छेद (चन्द्रछेक) नागवारता फण, देव विमान पर जाता, कूरड़ी पर कमल, भूत-भूतणी नाचता, आता चिमत्कार (चमत्कार), राजा चन्द्र गुप्ति (चन्द्रगुप्त), सोने के थाल में कूकर जीमता, हाथी पर बन्दर, रथ के बाछिड़ा, ऊँट पर

चित्र सं. 9, (पैनल चित्र के 17 दृश्य)

राजकंवर, धूल-धूसर रत्न संसार, बिना महावत हाथी लडे. इत्यादि के चित्र तथा शीर्षक अंकित हैं। (चित्र सं. 9)

(चित्र सं. 10. अलंकरण)

एक चित्र में मुनि से मिलने जाते राजा रानी तथा सैनिकगणों को दर्शाया है। चित्र सं. 12, एक अन्य चित्र में महावीर स्वामी को सिंहासन पर विराजमान दर्शाया है तथा दोनों तरफ जन समूह को दर्शनार्थ आते हुए अंकित किया है।

(चित्र सं. 11 ज्ञान कल्याण)

इस प्रकार हम इन चित्रों के माध्यम से देखते हैं कि इतने वर्षो के बाद भी भगवान महावीर का नाम स्मरण उसी श्रद्धा और भक्ति से लिया जाता है, इसका मूल कारण है कि महावीर ने इस जगत को न केवल मुक्ति का संदेश दिया अपितु मुक्ति की सरल और सच्ची राह भी बताई। भगवान महावीर ने

(चित्र सं. 12 मुनि के दर्शन हेतु जाता हुआ राज परिवार)

आत्मिक और शाश्वत सुख की प्राप्ति हेतु 'अहिंसा धर्म' का उपदेश दिया। उन्होंने दुनिया को सत्य, अहिंसा का पाठ पढाया। तीर्थंकर स्वामी ने अहिंसा को सबसे उच्चतम नैतिक गुण बताया। उन्होंने दुनिया को जैन धर्म के पंचशील सिद्धान्त बताए जो हैं (अहिंसा, सत्य, अपरिग्रह, अचौर्य (अस्तेय) और ब्रह्मचर्य)। इन्होंने अनेकतांवाद, स्यादवाद और अपरिग्रह जैसे अदभुत सिद्धान्त दिए। महावीर के सर्वोदयी तीर्थों में क्षेत्र, काल, समय या जाति की सिमाएँ नहीं थीं। भगवान महावीर का आत्म धर्म जगत की प्रत्येक आत्मा के लिए समान था। दुनिया की सभी आत्मा एक-सी है इसलिए हम दूसरों के प्रति वही विचार एवं व्यवहार रखें जो हमें स्वयं को पसंद हो। यही महावीर का 'जीयो और जीने दो' का सिद्धान्त है।



(चित्र सं. 13. जैन मुनियों के श्रृंखलाबद्ध चित्र)

 ISSN 2278-4632 जुलाई-दिसम्बर 2021



(चित्र सं. 14. पैनल चित्र)

सन्दर्भ ग्रन्थ :

1. मोतीचन्द्र–मिनियेचर पेन्टिंग्स फ्रॉम वेस्टर्न इण्डिया, अहमदाबाद, 1949, पृ. 39
2. प्रेमचंद गोस्वामी–राजस्थान की लघुचित्र शैलियां, जयपुर, 1972, पृ. 47
3. धर्मवीर वशिष्ठ मारवाड़ की चित्रांकन परम्परा एवं चित्रकार, जयपुर, 2011, पृ. 3
4. के. सी. जैन, एनसिएन्ट सिटीज एण्ड टाउन्स ऑफ राजस्थान, दिल्ली, 1960, पृ. 242
5. मोतीचन्द्र–पूर्वोक्त, पृ. 18
6. धर्मवीर वशिष्ठ पूर्वोक्त पृ. 6
7. संतोष कुमार मत्तडनागौर का ऐतिहासिक व सांस्कृतिक अध्ययन, जयपुर, 2002, पृ. 317
8. रामवल्लभ सोमानी, 'अर्ली राजस्थानी पेन्टिंग', कल्चरल कन्टूर ऑफ इण्डिया, (प्रकाशित एक लेख) दिल्ली, 1982, पृ. 136
9. आकृति (मारवाड़ कला विशेषांक), विद्यासागर उपाध्याय, (प्रधान सम्पादक) जयपुर अक्टूबर-दिसम्बर, 1997, पृ. 31
10. संतोष कुमार मत्तड-पूर्वोक्त, पृ. 318
11. रामवल्लभ सोमानी-पृथ्वीराज चौहान एण्ड हिज टाईम्स, जयपुर, 1981, पृ. 149

12. प्रेमचन्द गोस्वामी–पूर्वोक्त पृ. 47

13. आर. ए. अग्रवाल–मारवाड़ म्यूरल्स, दिल्ली, 1977, पृ. 32

14. मधु प्रसाद अग्रवाल–मारवाड़ की चित्रकला, दिल्ली, 1993, पृ. 200

15. प्रेमचन्द गोस्वामी–पूर्वोक्त, पृ. 48

16. आर. ए. अग्रवाल–पूर्वोक्त, पृ. 31-32

17. गोपीकृष्ण राठी–मरूधरा का वैभव डीडवाना, डीडवाना, 1991, पृ. 49

18. प्रेमचन्द गोस्वामी–पूर्वोक्त, पृ. 40

19. सर्वेक्षण–जिलेवार सांस्कृतिक सर्वेक्षण नागौर, जवाहर कला केन्द्र, (डॉ. पवन कुमार जाँगिड़)

डॉ. पवन कुमार जाँगिड़
सहायक आचार्य-चित्रकला
श्री रतनलाल कंवरलाल पाटनी राजकीय स्नातकोत्तर
महाविद्यालय, किशनगढ (राज.) जयपुर, 1996, पृ. 63

❑❑❑

छत्तीसगढ़ी कृषि-आधारित संस्कृति सन्दर्भ नरवा-गरूवा-घुरूवा-बाड़ी

डॉ. हितेश कुमार • शंकर लाल कुँजाम

सारांश

किसी भाषा और समाज का संबंध अन्योन्याश्रित है। समाज में ही संस्कृति की कल्पना की जा सकती है। भाषा जहाँ-जहाँ जाती है, अपनी संस्कृति को लेकर जाती है। भाषा संस्कृति की वाहिका होती है। किसी राज्य की संस्कृति को जानने और समझने के लिए उस राज्य की भाषा को समझना जरूरी है ठीक उसी प्रकार किसी राज्य की भाषा को समझने के लिए उस राज्य की संस्कृति, सभ्यता, एवं परिवेश को समझना जरूरी है।

संसार की सबसे बड़ी समस्याएँ, यथा–बेरोजगारी, भुखमरी, आर्थिक मंदी, जल-संकट, पर्यावरण-प्रदूषण आज विकराल रूप धारण कर संपूर्ण मानव-समाज को तहस-नहस करने के लिए प्रयासरत हैं। जिसका संपूर्ण समाधान छत्तीसगढ़ी संस्कृति 'नरवा-गरूवा-घुरूवा-बाड़ी' में समाहित है। नरवा-गरूवा-घुरूवा-बाड़ी कहते ही छत्तीसगढ़ के पूरे ग्रामीण परिदृश्य, छत्तीसगढ़ी संस्कृति एवं जीवनशैली की झलक परिलक्षित होने लगती है।

मुख्य शब्द : छत्तीसगढ़ी, संस्कृति, नरवा-गरूवा-घुरूवा-बाड़ी

प्रस्तावना :

छत्तीसगढ़ एक कृषि प्रधान राज्य है, यहाँ की अधिकांश जनता कृषि पर निर्भर है। इतिहास के पृष्ठों में छत्तीसगढ़ का वैभव, ऐश्वर्य एवं सांस्कृतिक उत्थान का विशद् वर्णन मिलता है। इस अंचल में विभिन्न भाषाओं, संस्कृतियों, एवं धर्मों के लोग निवास करते आ रहे हैं। छत्तीसगढ़ न केवल गहनगर्भी सामासिक संस्कृति का प्रदेश है, प्रत्युत छत्तीसगढ़ भारत में प्रचलित अन्यान्य भाषा-गोष्ठियों

एवं संस्कृतियों की अद्‌भुत संगम-स्थली भी है। यह राज्य जल, जंगल एवं प्राकृतिक संसाधनों से भरपूर रहा है। राज्य में विभिन्न किस्म की धान, फसलें, फल, साग-सब्जी का उत्पादन होता है। छत्तीसगढ़ के विकास एवं कृषि क्षेत्र में उत्पादकता में वृद्धि के साथ ही कृषक वर्ग के उत्थान के लिए छत्तीसगढ़ शासन ने वर्ष 2019-20 के बजट में 'सुराजी गाँव योजना' का समुचित प्रावधान कर 'छत्तीसगढ़ के चार चिन्हारी : 'नरवा-गरूवा-घुरूवा-बाड़ी' की परिकल्पना की। इस महत्वाकांक्षी योजना के माध्यम से नदी, नालों (नरवा) के पुनरूद्‌धार तथा जल-संरक्षण, पशु-संरक्षण (गरूवा), संवर्धन एवं नस्ल सुधार, घुरूवा में कृषि एवं पशुओं के अपशिष्ट पदार्थ जैविक खाद का उत्पादन, बाड़ी में सब्जी, फल-फूल का उत्पादन कर अपने पोषण एवं आर्थिक स्थिति को भी मजबूत करता है। छत्तीसगढ़ में रहने वाले लोग नरवा-गरूवा-घुरूवा-बाड़ी के महत्वपूर्ण आयामों के इतने नजदीक होते हैं कि सुबह से लेकर रात्रि तक ये उनके जीवन में सहायक होते हैं और वे इन्हें जीते है।

सुप्रसिद्ध मानवविज्ञानी डॉ. डी.एन. मजुमदार ने संस्कृति को परिभाषित करते हुए कहा है—'संस्कृति के अंतर्गत मनुष्यों की रीति-नीति, लोक विश्वास, आदर्श, कलाएं तथा मानव द्‌वारा उपलब्ध समस्त कौशल एवं योग्यताओं को लिया जा सकता है।'[1]

छत्तीसगढ़ सरकार ने ग्राम-सुराज की दिशा में एक अभूतपूर्व पहल करते हुए 'नरवा-गरूवा-घुरूवा-बाड़ी' योजना को प्राथमिकता से लागू करके यह स्पष्ट किया कि गाँधीवाद ग्रामीण-जीवन और उसके प्रमुख बिंदु जल-प्रबंधन, पर्यावरण, प्रकृति से निकटता, ग्राम-स्वालंबन, कृषि, पशुपालन, सामूहिकता, और स्वरोजगार उसकी प्राथमिकता में है। इस योजना में इन चारों महत्वपूर्ण आयाम की भूमिका सांस्कृतिक केंद्र में है। नरवा-गरूवा-घुरूवा-बाड़ी इन चारों में अंतःसंबंध है। सभी एक-दूसरे के पूरक है। पारंपरिक व जैविक खाद आधारित कृषि को पुनः बढ़ावा देने के उद्देश्य से इन चारों को चिन्हारी के रूप संरक्षित और संवर्धित करने का बीड़ा छत्तीसगढ़ सरकार ने उठाया है।

छत्तीसगढ़ी संस्कृति की पहचान को साहित्यकार लखनलाल गुप्त ने इन पंक्तियों में पिरोया है—

घर सका लीपे पोते, जेला देख हवेली रोथे।
सुग्घर चिकनाए भुंइयाँ, चाहे भात परूस ला गुंइया।।

 ISSN 2278-4632 जुलाई-दिसम्बर 2021

अंगना मा तुलसी बिरूआ, कोठा म बइला-गरूवा।
लकठा मं कोला-बाड़ी, जहाँ बोथन साग-तरकारी।।[2]

छत्तीसगढ़ की यह परंपरा हमें अपनी प्राचीन समृद्धि से अवगत कराती है।

संस्कृति :

केसिंग के अनुसार—'संस्कृति का संबंध मानव के समस्त विचारों और कार्यों से है, जिन्हें वह परंपरा-विशेष में सीखता है, आगे बढ़ाता है और सम्मान करता है।'[3]

राबर्ट लैडो के अनुसार—'संस्कृति मानव-व्यवहार का तंतु है, जो मनुष्य के आचार-विचार को निश्चित दिशा देती है।'[4]

नरवा—यह एक छत्तीसगढ़ी शब्द है। इस शब्द का प्रभाव बोली पर पड़ता ही है। नरवा, गाँवों में बहती प्राकृतिक संरचना (नाला) है, जो पानी के बहाव क्षेत्र में स्वयं निर्मित हो जाती है तथा आस-पास के जन-जीवन को प्रभावित करती है, यह जीवनधारा होती है। नरवा का पानी जीवनयापन के लिए एवं कृषि-कार्य के लिए गाँवों में अपना एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। पहले गाँवों में बोरवेल का अभाव था ऐसे में कृषि-कार्य पूर्णतः नरवा के पानी पर निर्भर था। वर्तमान में भी छत्तीसगढ़ के बहुत से गाँवों में नरवा ही खेतों में सिंचाई हेतु सहायक है। यह ग्राम्य-जीवन के लिए आवश्यक मूलभूत तत्व है। इसका पानी पीने के उपयोग के साथ-साथ, जीवन-निर्वाह, निस्तारी हेतु तथा गरूवा (जानवरों) के लिए भी पीने एवं धोने के लिए उपयोगी होता है। पशु-पक्षी, जीव-जंतु का जीवन भी इसी पर निर्भर एवं सुरक्षित रहता है। ग्राम्य-जीवन के लिए खेती से लेकर पशु-पक्षियों, जंगली पशुओं, कीट-पतंगों का भी आश्रय-स्थल एवं मानव-जीवन के लिए सहायक होता है। इन सबके लिए 'नरवा' का विशेष महत्व होता है। यह ग्राम्य-जीवन का एक अभिन्न हिस्सा होता है।

बरसात का पानी नरवा के द्वारा बह जाता है जिसे स्टॉप डेम (छोटे-छोटे बाँध) बनाकर संरक्षित कर इसका उपयोग साल भर खेती-बाड़ी एवं अन्य उपयोग हेतु किया जा सकता है। बरसात का पानी संरक्षित करने से भूजल का स्तर भी बना रहेगा।

छत्तीसगढ़ी लोकगीत 'ददरिया' में नरवा का उल्लेख जनमानस में इस रूप में व्याप्त है—

केऊ के माल गुंधा के टखा,
नरबदा झन जाबे, नहा ले नरवा।

नायक कहता है—गंगा, यमुना, नर्मदा जैसी बड़ी-बड़ी पवित्र नदियाँ हैं, परंतु मेरे गाँव में छोटा सा नरवा (नाला) ही मेरे लिए गंगा या नर्मदा की तरह है। मुझे जो सहज प्राप्त है, वही मेरा तीर्थ है। संतवाणी भी है कि जो प्राप्त है, वही पर्याप्त है।

मुनगा के फूल के गुंथा ले टखा,
तरिया मा झन जाबे नहा ले नरवा।

मुनगा के फूलों से कभी हार नहीं बन सकता। इसके अत्यंत कोमल फूलों से हार बनाने की विचित्रता का ही द्योतक है। इसी तरह विशिष्ट किस्म की तालाब में नहाने न जाकर नरवा अर्थात् नाले या बरसाती पानी से भरे हुए छोटे नाले मे नहा लो। गाँव या ग्राम्य-जीवन के लिए नदी-नाले मे नहा लेना भी तीर्थ-स्नान के समान माना जाता है।

गरूवा—'गरूवा' शब्द का प्रयोग छत्तीसगढ़ी में गाय-बैल, भैंस, आदि पालतू पशुओं के लिए किया जाता है। गाय का भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति में महत्वपूर्ण स्थान है। गाय की महत्ता को सदियों पूर्व जानने के कारण भारतवर्ष में कन्यादान के साथ-साथ महादान गरूवा (गौ) दान की परंपरा है। हिंदू धर्म के सोलह-संस्कारों में विवाह को महत्वपूर्ण संस्कार माना जाता है। विवाह के दौरान छत्तीसगढ़ में 'टिकावन' टिकने की परंपरा है, जिसमें बेटी को 'अचहर-पचहर (पाँच बर्तन) एवं धेनु (गाय) टिकने (दान) की परंपरा विद्यमान है जिसका उल्लेख करते हुए सुमधुर स्वर में छत्तीसगढ़ी महिलाएँ इस बेला में सवाल-जवाब के रूप में प्रस्तुति के साथ लयबद्ध गीत गाती हैं—

कोने तोर टिकय नोनी, अचहर-पचहर वो.....।
कोने तोला टिकय धेनु गाय।।
दाई तोर टिकय नोनी, अचहर-पचहर वो......।
ददा तोर टिकय धेनु गाय।।

भारतीय-परंपरा में गाय को माता का दर्जा दिया गया है। किसी घर में गरूवा का होना या पशु का पालन करना शुभ माना जाता है। गाय-बैल को हम पशुधन के रूप में जानते, मानते, एवं पालते हैं। पहले किसी व्यक्ति का अमीरी एवं गरीबी का अंदाजा उनके पशुधन से करते थे। गाय से प्राप्त दुग्ध रोजगार का साधन है। वहीं बैल कृषक के लिए उनके जीवकोपार्जन में महत्वपूर्ण सहायक के रूप में स्थापित है। गाय, बैल के गोबर से जैविक खाद बनता है जो कृषि-उत्पादन को बढ़ाता है तथा मिट्टी को उपजाऊ बनाए रखने में सहायक होता है। वर्तमान में छत्तीसगढ़ में गोबर द्वारा रंग-बिरंगी दीयों का निर्माण किया जा रहा है जो कि छत्तीसगढ़ सहित देश के अन्य राज्यों में चर्चा का विषय बना हुआ है। साथ ही गाय के मूत्र औषधि के लिए उपयोगी सिद्ध होता है। गाय का गोबर पवित्र माना जाता है, जहाँ पूजा-अर्चना की जाती है वहाँ गोबर से लेपन किया जाता है। ग्रामीण अंचल में आज भी घर को शुद्ध करने के रूप में सुबह अपने घर के द्वार पर गोबर-पानी का 'छींटा' लगाया जाता है। चिकित्सा के क्षेत्र में गोबर का महत्वपूर्ण स्थान है। गाँवों में किसी को गर्मी के दिनों में नाक से खून निकलने पर उन्हें गोबर सुँघाया जाता है जिससे तुरंत राहत मिलती है एवं हाथ-पैर में खुजली होने पर गोबर का लेप चढ़ाने से तत्काल राहत मिलती है। गोबर को सदियों से औषधि के रूप में उपयोग में लाया जा रहा है। छत्तीसगढ़ के ग्रामीण अंचल में गोबर से बना छेना (कंडा) का प्रयोग ईंधन के रूप में किया जाता रहा है। कंडा से प्राप्त 'राख' भी बहुत महत्वपूर्ण होता है इसे भी औषधीय उपयोग में लाया जाता है। छत्तीसगढ़ी के ग्रामीण अंचल में यह बर्तन साफ करने के लिए प्रमुखता से उपयोग में लाया जाता रहा है। छत्तीसगढ़ में राउत (यादव) समाज को भगवान श्रीकृष्ण का वंशज माना जाता है जिसका मुख्य कार्य एवं व्यवसाय गाय चराना होता है जो उनके जीवकोपार्जन का मुख्य साधन है। राउत समाज के लोग 'मँड़ई-मेला' एवं 'दीपावली त्यौहार' में गाय की महिमा का बखान करते हुए दोहा गाते (पारते) हुए नृत्य करते हैं जिसे छत्तीसगढ़ में 'राउत-नाचा' के नाम से जाना जाता है।

दोहा

गऊ माता के महिमा भइया, नइ कर सकँव बखान रे।
नाच-कूद के जेला चराइस, सिरी किसन भगवान रे।।
गाय चरावै गहिरा भइया, भइँस चरावै ठेठवार रे।
चारों कोती बहुत बोहावै, दूध दही के धार रे।।

दीपावली में गाय-बैलों की पूजा-अर्चना की जाती है, उन्हें सजाया जाता है, नया चावल/अनाज की खिचड़ी बनाकर खिलाया जाता है। इसका एक अभिप्राय यह भी होता है कि चूँकि कृषि में ये किसान के सहायक होते है अतः अनाज पर उनका भी अधिकार बनता है। अतः यह एक धन्यवाद-भाव एवं कृतज्ञता के प्रतीक के रूप में देखा जा सकता है। सुहाई, गैंठा, धान की बाली, प्राकृतिक घास-फूस का माला (सिलियारी) फूलदार आवरण सींगों पर बाँधा जाता है। गाय-बैल के शरीर पर कई जगह रंगों से भिन्न-भिन्न निशान भी अंकित किया जाता है। कहीं-कहीं इनकी दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन होता है। यह हमारे संस्कृति में शिवजी की सवारी नंदी के रूप में माना जाता है। पशुधन की रक्षा के लिए साँहड़ा देव की पूजा की जाती है। इस तरह धार्मिक महत्व भी पूरा होता है। छत्तीसगढ़ी लोकगीत 'ददरिया' में बइला (गरूवा) का उल्लेख छत्तीसगढ़ी जनमानस के स्मृति पटल पर दृष्टव्य है—

करिया बइला के माथ टिकला,
कइसे आहौ बइहा माड़ी ले चिखला।

नायिका का कथन है—जिस प्रकार काले रंग के बैल के माथे पर सफेद रंग स्पष्ट दिखाई देता है, उसी प्रकार मर्यादा का उल्लंघन करके अगर मैं तुम्हारे पास आती हूँ तो कीचड़ (बदनामी) से सराबोर हो जाऊँगी और सबके समक्ष पहचान ली जाऊँगी, इसलिए इस अमर्यादा के कीचड़ रूपी अवरोध को लाँघ कर मैं तुम्हारे पास नहीं आ सकती।

छत्तीसगढ़ी संस्कृति में गरूवा से संबंधित अनेक लोकोक्तियाँ प्रचलित हैं—

1. गाय चरावै राउत, दूध खाय बिलैया।
   (राउत गाय चराता है, दूध बिल्ली पी जाती है अर्थात् मेहनत कोई और करे तथा फल कोई और खा जाए।)

2. चलनी मा गाय दूहै, करम ला दोस दे।
   (चलनी में दूध निकालता है और दोष भाग्य को देता है अर्थात् बिना सोचे-समझे कोई कार्य करता है और विपरीत फल मिलने पर भाग्य को दोष देता है।)

3. दुधारु गरूवा के लातो मीठ।

(दुध देने वाली गाय की लात भी मीठी होती है अर्थात् काम करने वाले व्यक्ति की कुछ बातें भी सहनी पड़ती है। ऐसा व्यक्ति जो अपनी कमाई से अपने परिवार के सदस्यों का भरण-पोषण करता है यदि कोई कड़वी बात कह देता है तो परिवार के सदस्य उसकी कड़वी बात की ओर ध्यान नहीं देते क्योंकि वह दुधारू गाय के समान होता है।)

4. पून के गरूवा के दांत नइ देखे।

(दान की गाय के दाँत नहीं देखते अर्थात् दान की वस्तु के गुण-दोष नहीं देखे जाते।)

5. मंगनी के बइला घरजियाँ दमाद, मरे के बाचे जोते के काम।

(माँगकर लाए हुए बैल और ससुराल में रहने वाले दमाद से मरते दम तक काम लिया जाता है।)

गीत

गोबर दे बछरू गोबर दे,
चारों खूंट ल लीपन दे,
चारों देरानी ल बईठन दे,
अपन खाथे गूदा-गूदा,
हमला देथे बीजा,
ये बीजा ल का करबो,
रहि जबो तीजा,
तीजा के बिहान दिन,
सरी-सरी लुगरा,
चींव-चींव करे मंजूर के पीला,
हेर दे भऊजी कपाट के खीला,
एक गोड़ म लाल भाजी,
एक गोड़ म कपूर,
कतेक ल मानँव देवर ससुर।।

भावार्थ—गाय का बच्चा गोबर दो; चारों तरफ की लिपाई करने दो; चारों देवरानियों को बैठने दो। वे फलों के गूदे को खा जाते हैं उनके खाने के पश्चात् जो गुठली बच जाता है हमे उसे खाने के लिए दिया जाता है। उससे

अच्छा है कि उपवास ही रह लेते। जैसे तीज उपवास के बाद दूसरे दिन नई-नई साड़ी उपहार में मिलती है शायद दूसरे दिन अच्छा खाना या वस्तु मिल जाए। जिस तरह मयूर के बच्चे को पिंजरे में कैद कर दिया जाता है तो वह निकलने के लिए छटपटाता है, उसी प्रकार हमारा हाल है। ऐसा लगता है जैसे पिंजरे में बंद हैं और पिंजरे से बाहर निकलने के लिए स्वतंत्र-स्वच्छंद जीवन जीने के लिए छटपटा रहे हैं। परिवार में रहने से बहुत सारे रिश्ते-नाते निभाने पड़ते हैं। देवर-ससुर आदि रिश्तों के साथ रहने से अनुशासन-नियम का पालन करना पड़ता है।

घुरूवा—'नरवा-गरूवा-घुरूवा-बाड़ी' की चर्चा में घुरूवा इस कड़ी में तीसरा आयाम है। ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों एवं ग्रामीण जनता के जीवन में घुरूवा एक अभिन्न अंग है। राज्य के सभी गाँवों में सामान्यत: घुरूवा होती है। घुरूवा एक प्रकार का गड्ढ़ा होता है। जो कृषक घरों में गरूवा (गाय-बैल) पालन करता है, इस से जो गोबर एवं मूत्र उत्सर्जन होता है, उसे किसान इसी घुरूवा में एकत्रित करते हैं। जिससे प्रतिवर्ष बड़ी मात्रा में जैविक-खाद प्राप्त होता है। इस जैविक-खाद का उपयोग कृषि कार्य एवं सब्जी-उत्पादन में किया जाता है। जितनी अधिक मात्रा में गोबर खाद प्राप्त होगा खेतों की उर्वरा क्षमता में वृद्धि होगी। ग्रामीण अंचल में घुरूवा महत्वपूर्ण आयाम है। राज्य में समस्त कृषकों एवं ग्रामीणों को पशुपालन के प्रति जागरूक करते हुए 'घुरूवा-संस्कृति' को संरक्षित करने की ओर प्रयास करना होगा। घुरूवा को निकृष्ट वस्तु या पदार्थ न मानकर उत्कृष्ट माना गया है तभी तो छत्तीसगढ़ी लोकोक्ति प्रचलित है कि 'घुरूवा के दिन घलो बहुरथे।'

बाड़ी—ग्रामीण संस्कृति में घर की संरचना की कल्पना बिना बाड़ी (बाड़ी/बगीचा) के नहीं की जा सकती है। बाड़ी घर की शोभा हुआ करती है। जिन जगहों पर सब्जी, फल-फूल, आदि उगाने का कार्य किया जाता है, उसे छत्तीसगढ़ी में 'बाड़ी' कहा जाता है। आमतौर पर 'बाड़ी' की कल्पना छत्तीसगढ़ी संस्कृति में घर के आसपास की जगह से है, जहाँ परिवार अपने गुजर-बसर के लिए सब्जी, फल-फूल, पेड़-पौधे, आदि लगाते है। आस-पास कुँआ बनाते हैं। दैनिक जीवन में 'बाड़ी' का स्थान अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। दिन-प्रतिदिन की आवश्यकताओं की चीजें किसान यहाँ उपार्जित करते हैं। यही उनके स्वस्थ एवं सुदीर्घ होने का राज हुआ करता है। छत्तीसगढ़ में 'बाड़ी' लगाने का पीढ़ी-दर-पीढ़ी यह कार्य 'मरार' जाति के लोगों के द्वारा किया जाता है। वर्तमान समय में सभी समाज के लोग बाड़ी

में सब्जी लगना, बागवानी करना, आदि पसंद करते हैं। जिसका आर्थिक लाभ निहित है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण वैश्विक महामारी के रूप में कोरोना काल में अनुभव करने वाली बात यह रही कि शहरी लोगों की अपेक्षा ग्रामीणजनों का बाड़ी का महत्व स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुआ। जिस समय लोगों को अपने-अपने घरों में एक तरह से बंद रहना पड़ा, तब भी किसान और ग्रामीणजन अपनी खेती और बाड़ी का काम करते रहे।

छत्तीसगढ़ी लोकगीत 'ददरिया' में 'बाड़ी' का उल्लेख इस प्रकार है—

केरा के बगिया मा फरे ला केरा,
चले आबे मोर जोड़ी पिथमपुर मेला।
बागे बगइचा दिखेला हरियर,
चोंगीवाला नइ दीखे बदे हौं नरियर।।

नायिका ने अपने प्रिय को 'चोंगीवाला' कहा है। मध्यकाल में तंबाकू सेवन का रिवाज रहा है। गाँवों में तंबाकू और चिलम या चोंगी पीना अधिक प्रचलित रहा है। इस तरह चोंगीवाला शब्द उसी युग के संदर्भ का द्योतक है।

बागे बगइचा दिखेला हरियर,
मोटरवाला नइ दीखे बदे हौं नरियर।।

ददरिया में एक प्रभाव पुनः हुआ जो मोटरवाला से अधिक सामान्य होकर भी प्रभावी रहा। यह गाँधीवादी युग था। उस समय नेता जनता का महान सेवक, देश का उद्धारकर्ता और जनता के लिए त्यागी और कर्म का देवता हुआ करता था, इसलिए नायिका ने धनवाले का संबोधन छोड़कर त्यागमूर्ति नेता को उचित समझा और अपने नायक को 'टोपीवाला' से संबोधित किया।

बागे बगइचा दिखेला हरियर,
टोपीवाला नइ दीखे बदे हौं नरियर।।
ढेखरा चढ़े करेला खीरा,
गोड़ कांटा निकाल दे होवथे पीरा।।

एक रोज नायिका के पैरो में काँटा गड़ जाता है। नायक वहाँ खड़ा है। चतुर नायिका कहती है कि काँटा निकाल दे, बहुत पीड़ा हो रही है।

छत्तीसगढ़ी में प्रचलित अन्य लोकोक्ति—

टेटका के चिन्हारी बाड़ी ले।

(गिरगिट की पहचान बाड़ी तक अर्थात् जिस प्रकार सताए जाने पर गिरगिट भागकर बाड़ी में अपनी प्राणरक्षा करता है, उसी प्रकार आवश्यकता पड़ने पर सामान्य व्यक्ति किसी विशिष्ट व्यक्ति की शरण में पहुँच जाता है। उसे बार-बार एक ही व्यक्ति की शरण में जाते देखकर यह लोकोक्ति कही जाती है।)

रचनाकार—स्व. लक्ष्मण मस्तुरिया

गीत

बखरी के तुमा नार, बरोबर मन झुमरे।
बहरी के पाके चार ले जा लानी देबे।

ते का नाम लेबे संगी मोर...ऽ...ऽ....
बखरी के तुमा नार, बरोबर मन झुमरे।
ते का नाम लेबे संगी मोरे।
बहरी के पाके चार ले जा लानी देबे।

निष्कर्ष :

छत्तीसगढ़ी जनमानस की बहुचर्चित छत्तीसगढ़ी गीत जिसमें छत्तीसगढ़ के जनमानस की लोकप्रिय गीत के रूप में उभरा कोई भी गीत, गीतकार तभी लिखता है जब उसके वातावरण में या उनके जीवन में उन शब्दों के बोल सक्रिय रूप में विद्यमान होता है, जिसे वह जीता है जो लोगों के जीवन में परिलक्षित होता है।

संस्कृति, संस्कार से रूपाकार पाती है। मनुष्य को अपना जीवन निरंतर परिष्कृत और परिमार्जित करना पड़ता है। संस्कृति सभ्यता का आंतरिक रूप है। संस्कृति सीखा हुआ व्यवहार है जिसे मनुष्य अपने परिवेश से प्राप्त करता है, जिसमें उसका पालन-पोषण होता है, इससे उसके आचार-विचार, रहन-सहन और व्यवहार निर्धारित होते हैं और उसके व्यक्तित्व के विकास में सहायक सिद्ध होते हैं। सभ्यता फूल और संस्कृति सुगंध है। संस्कृति एक प्रकार से जीवन जीने की शैली है। वह व्यक्ति को उसके परिवार, समाज, और देश से विरासत में मिलती है। छत्तीसगढ़ी संस्कृति बहुरंगी, बहुरूपी और बहुपक्षीय है।

छत्तीसगढ़ी संस्कृति के महत्वपूर्ण आयाम : नरवा-गरूवा-घुरूवा-बाड़ी का प्रभाव लोगों के जीवन में है, जिन्हें लोग कभी हाना, ददरिया के

माध्यम से, तो कभी लोकोक्ति के माध्यम से, तो कभी गीतों के माध्यम से जीते हैं। 'नरवा-गरूवा-घुरूवा-बाड़ी : छत्तीसगढ़ के चार चिन्हारी' की उक्ति एवं अभिव्यक्ति को चरितार्थ करता हुआ जनजीवन को अपने में समेटा हुआ है।

संदर्भ सूची :

1. डॉ. मजुमदार तथा टी.एन. मदान : एन इंट्रोडक्शन टु सोशल एंथोपोलाजी (प्रथम संस्करण), 1960 पृ. 14.
2. लखन लाल गुप्त, संपादक—द्विवेदी कौस्तुभ मणि : चन्दा अमरित बरसाइस (उपन्यास), (2019) पृ. 365.
3. Telly M. Kessing (1958) : Culture Anthropology, पृ. 21.
4. गुप्त, मनोरमा : भाषा-शिक्षण सिद्धांत और प्रविधि, आगरा, केंद्रीय हिंदी संस्थान, (1991) पृ. 315.

डॉ. हितेश कुमार
साहित्य एवं भाषा-अध्ययनशाला,
पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय,
रायपुर (छत्तीसगढ़)-492010

शंकर लाल कुँजाम
निज सहायक
कुलपति सचिवालय,
पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय,
रायपुर (छत्तीसगढ़)-492010

❑❑❑

बीकानेर का सिस्टाईन चैपल–मदन मोहन मन्दिर

• डॉ. राकेश कुमार किराड़ू

बीकानेर राज्य स्थापना काल वि.सं. 1545 (ई. 1488, 12 अप्रैल)[1] से ही कला व कलाकारों का प्रश्रयदाता रहा है। शासकों के साथ-साथ स्थानीय सेठ साहूकारों की भूमिका के कारण ही कला की धारा निरन्तर प्रवाहमान रही है। कलाओं में चित्रकला का अनूठा स्थान रहा है। जिसमें विशेषतः माहेश्वरी जाति की अभिरुचि की जिनका सीधा-सीधा सम्बन्ध वैष्णव भक्ति से रहा है और इसी कारण बीकानेर के जूनागढ़ दुर्ग, हवेलियों, मंदिरों और छतरियों की भित्तियों पर अधिकांश रूप में कृष्ण विषयक लीलाओं का चित्रण देखने का मिलना है। इस प्रकार के मंदिरों में अनेकानेक मंदिरों का निर्माण बीकानेर में हुआ जिसमें कृष्ण भक्ति की अविरल धारा मूर्त रूप में अभिव्यक्त हुई। इस श्रेणी में निर्मित मंदिरों में लक्ष्मीनाथ मंदिर, मरुनायक मंदिर, मदन मोहन मंदिर, दाऊजी मंदिर, रासरतन बिहारी मंदिर इत्यादि प्रमुख हैं।

इन कृष्ण मंदिरों के गर्भ ग्रहों में कृष्ण के अनेकों विग्रह रूप हैं जैसे- द्विभुज, चतुर्भुज, युगलस्वरूप (लक्ष्मीनाथ स्वरूप) इत्यादि इन कलात्मक विग्रह रूपों को देखकर बीकानेर की मूर्तिकला का सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है। जब हमारी नजर इन मूर्ति शिल्पों के अलावा मंदिर के अन्य भाग में जाती है तो गर्भगृह की आंतरिक दीवारों से लेकर अर्द्ध मण्डप एवं मुख्य मण्डप इत्यादि सम्पूर्ण स्थानों पर कृष्णभक्ति में सराबोर चित्र संसार दृष्टिगोचर होता है। जिनको प्रत्यक्ष देखकर बरबस ही हमारा मन कृष्णभक्ति की रचनाओं श्रीमद्भागवत, देवी भागवत, गीतगोविन्द, रसिकप्रिया इत्यादि में सद्यस्नात होने को आतुर हो जाता है और रसानुभूति स्वरूप बृज की कुंज गलियों में खो जाता है। जब इन अति मोहक चित्रों से हमारी तंद्रा टूटती है तब ही हम अन्तःमन से पुनः बर्हिजगत में आ पाते हैं।

 ISSN 2278-4632 जुलाई-दिसम्बर 2021

इस प्रकार इन मंदिरों में चित्रित कला कृष्ण भक्ति की पराकाष्टा को तो प्रदर्शित करती ही है साथ ही इनको चित्रित करवाने वाले राजा महाराजाओं, सेठ साहूकारों और चित्रकारों की दृष्टि को दर्शाती है। इन चित्रों को आकार देने हेतु प्रेरित करने वालों के आदमकद चित्र उक्त कृष्ण लीलाओं के साथ-साथ यत्र-तत्र दृष्टव्य हैं। इसी परम्परा में सृजित बीकानेर शहर के हृदय स्थल मोहता चौक में निर्मित है मदन मोहन मंदिर। जो इस चौक के दक्षिण दिशा में मरूनायक (मूलनायक) मंदिर की पश्चिमी छोर पर बना हुआ है। इस मंदिर की स्थापना विक्रम संवत् 1710 वैशाख शुक्ला 3 बुधवार (20 अप्रैल 1653 ई) को माहेश्वरी जाति के मोहता श्री कल्याणजी के पुत्र श्री जैसवन्तजी व रामचंद्रजी द्वारा की गई।[2]



यहाँ पर व्यास पुष्करणा (रत्ताणी) के द्वारा नित्य ब्रह्म मूहर्त में श्रीमद्भागवत का वाचन होता रहा है जो सम्प्रदायगत अनुष्ठानिक पद्धती का अनुपम उदाहरण है। इस मंदिर में धार्मिक परम्पराओं को और बल प्रदान करने के लिए व दर्शनार्थी भक्तों को भगवत भक्ति में उन्मुख करने के लिए सनातन परम्पराओं से संबंधित सुन्दर चित्रों का सृजन करवाया गया। ये चित्र मंदिर के गर्भग्रह के अन्दर, बाहरी दीवारों और मुख्य दरवाजों के मण्डप की छतों पर अंकित किए गए हैं। गर्भ ग्रह के मुख्य दरवाजे की बाहरी दीवारों पर बने चित्र बीकानेर लघु चित्रकला रूप में ब्लाकिंग (खंडाकार संयोजन) करके बनाए गए हैं जिनमें भगवान विष्णु के विभिन्न रूपों (अवतारों) जैसे–मत्स्य अवतार, वराह अवतार, नृसिंह अवतार, कच्छप अवतार, कल्कि अवतार, हयग्रीव अवतार के साथ-साथ बद्रीनाथ, रामावतार, कृष्णअवतार, वेद व्यास इत्यादि का चित्रण किया गया है। जिसमें कुल 24 ब्लॉक बनाए गए हैं। इसके दोनों तरफ खंड संयोजन में नीचे की तरफ दोनों ओर कामधेनु गाय का चित्रण किया गया है

जिसमें बछड़ा उसका दूध पीते हुए अंकित है और पृष्ठ भूमि में हरित व नील वर्ण की प्रधानता है। इस संयोजन के अंदर की तरफ ब्लॉक बनाकर फूल-पत्तियों का सुन्दर निरूपण किया गया हैं। फूल-पत्तियों के साथ-साथ तोता-मैना का भी अंकन भी हैं। यह चित्र तकनीकी कुशलता व अद्‌भुत रंग संयोजन के कारण अत्यन्त ही मन मोहक लगते है।

गर्भग्रह के मुख्य दरवाजों के किनारों पर बने इन चित्रों के किनारों की दीवारों पर आदमकद द्वारपाल बनाये गए हैं जो पूर्णतः बीकानेर चित्र शैली की बानगी प्रस्तुत कर रहे हैं। ये द्वारपाल अपने हाथों में चँवर लिए हुए सेवक भाव में चित्रित हैं। इन द्वारपालों में एक तरफ पुरुष द्वारपाल तो दूसरी तरफ नारी आकृति का अंकन है।

पुरुष द्वारपाल के दाँए हाथ में चँवर है और बाएँ हाथ में कमलनाल युक्त कमल पुष्प है। इसके सिर पर मुकुट, गले, हाथ व पैरों में आभूषण व मालाएँ

अंकित है। इसका ऊपरी भाग अनावृत्त है और कमर पर कमरबंध (पटका), उत्तरीय और पीताम्बर पहने चित्रित है चेहरे पर रोबदार मूछें, उन्नत नेत्र, सवाचश्मीय चेहरा बीकानेर चित्र शैली का सुन्दर उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है। दूसरी तरफ नारी आकृति द्वारपालिका का चित्रण है जो परम्परागत भारतीय मूर्तिकला में मौर्ययुगीन चँवरग्राहिणी की याद दिला रहा है। उक्त दोनों चँवरग्राहणी नारी आकृतियों में भले ही शैलीगत विभिन्नता है लेकिन विषयगत

साम्यता तो है ही जो भारतीय कला व भारतीयता का अंग है। इस चँवरग्रहिणी नारी आकृति को पूर्ण रूपेण राजस्थानी परिवेश में घाघरा ओढ़नी पहने दर्शाया गया है जो आभूषणों से सुसज्जित है। इसके दाएँ हाथ में मोरपंख युक्त अलंकृत चँवर है तो बाएँ हाथ में पुष्पों से सुसज्जित पात्र हैं। दोनों ही द्वारापाल आकृतियों के सिर के पृष्ठ भाग में आभामण्डल अंकित किया गया है और ऊपर की तरफ अलंकृत मेहराब अंकित है। इस अर्द्धमण्डप की छत पर भी नीले रंग से उमड़ते घुमड़ते बादल बनाए गए हैं, जो बीकानेर चित्र शैली और इस मरूस्थलीय क्षेत्र के चित्रांकन की विशिष्ट परम्परा रही है। इन चित्रांकन को चारों तरफ फूल-पत्तियों के बारीक अलंकरण से सुसज्जित किया गया है। अर्द्धमण्डप की बाहरी दीवारों पर एक तरफ हनुमान और दूसरी तरफ पक्षीराज गरूड़ का आदमकद चित्रण है। इनकी शारीरिक बनावट लगभग एक समान ही दर्शायी गई है और वस्त्रालंकरण एक समान ही है। पक्षीराज गरुड़ की मुखाकृति का हरा रंग और अलंकारिक पंख अत्यधिक सुन्दर व आकर्षक लग रहे हैं। गर्भग्रह के मुख्य द्वार के ऊपर श्री कृष्ण व राधा का आदमकद चित्र बना हुआ है।



नीलवर्णीय कृष्ण की त्रिभंगी मुद्रा व कमलासन पर खड़ी राधा की आकृति पूर्णरूपेण राजस्थानी परिवेश में चित्रित है। उनके दोनों किनारों पर गायों व बछड़े का अंकन है। चित्र में नीचे की तरफ यमुना नदी का अंकन है, जिसमें कमल पुष्प व जलचरों का अत्यन्त मनमोहक चित्रण है। चित्र के ऊपर दोनों किनारों पर त्रिभुजी आकृति में वृक्षों का निरूपण किया गया है जो अपने आप में अनूठा है और बीकानेर के भित्ति चित्रकला में अन्यत्र देखने में नहीं आता है।

पृष्ठभूमि में हरी-भरी भूमि व पहाड़ों का अंकन है। ऊपर की तरफ सूर्य का भी अलौकिक निरूपण चित्रकारों ने किया है। सम्पूर्ण चित्र के किनारों पर बेहद खूबसूरत फूल-पत्तियों

का निरूपण है। चित्र के दोनों किनारों पर क्रमशः बीकानेर के राव-महाराजा के विशालकाय व्यक्ति चित्र बने हैं। जिनमें एक तरफ बीकानेर के संस्थापक राव बीका तो दूसरे छोर पर बीकानेर के महाराजा करण सिंह (जय जंगलधर बादशाह) का है। दोनों ही चित्रों में महाराजाओं का पूर्ण राजसिक परिवेश में अंकित किया गया है। दोनों ही रूपाकारों को वस्त्र विधान में घेरदार लम्बा सफेद चोगा, पेचदार पगड़ी, कमर पर कमर बंद, चूड़ीदार पायजामा व पैरों में जूतियाँ पहने दर्शाया गया है। उनके कम पर बंधी ढाल व हाथों में लम्बी तलवार उनके वीर यौद्धा गुण को परिलछित कर रही है। चेहरे पर

रोबदार मूँछे, बड़ी जूल्फे, उन्नत ललाट, गले व हाथों में पहने आभूषण चित्र में शृंगारिक भाव का चित्रण कर रहे हैं। गर्भग्रह की इसी मुख्य दीवार पर फूल-पत्तियों के अलंकरण के साथ-साथ मोर, तोता, फलों व फूलों का सुंदर व अलंकारिक संयोजन चित्रकारों ने किया है। इसी दीवार के बाएँ तरफ की दीवार पर भी महाराजाधिराज श्री गजसिंहजी का विशाल व्यक्ति चित्र बना हुआ है। जिसमें उनको वज्रासन की मुद्रा में बैठे हुए दर्शाया गया है। उन्नत ललाट जिस पर वैष्णवी तिलक, रोबदार मूछें, लम्बी जुल्फें और सिर पर पेंचदार पगड़ी चित्र की राजसिक उपमा और बढ़ा रही है। लम्बा सफेद घेरदार जामा पूर्वोक्त राव बीका और करण सिंह जी के चित्र की ही भांति है। कमरपीठिका के तौर पर



बड़ा गोल मसनद बनाया गया है। पृष्ठभूमि में बीकानेर की स्थापत्य कला का सुन्दर उदाहरण है। उसके पीछे उमड़ते-घुमड़ते बादल व उसमें चमकती बिजली भी बड़ी आकर्षक लग रही हैं। इसी चित्र के नीचे की तरफ बीकानेरी चित्रकला व चित्रकारों का साक्ष्य स्वरूप सुन्दर चित्रण है। इस चित्र में ऊपर की तरफ लिखा गया है कि **श्री मदनमोहन जी रे मंदिर में रंग रो काम मोहता श्री कलकत्ते वालों री पंचायती रे रूपियों सु हुई थी। संवत्... मुख्यतायार मोहता, हिन्दुमल जी, सुगनचंद मुनीम, लाभचंद मोदी काम करायौ, काम कीनो जैपुरिये गोपाल, गोरधन, गंगाराम मथेरण खेमचंद काम नीरवाण चढ़ायौ शिखर कली सूधो मिती भादवा, सुदी दूज।**

अर्थात् श्री मदनमोहन जी के मंदिर में रंग/रोगन का कार्य मोहता श्री कलकते वालों की पंचायती (ट्रस्ट) की तरफ से मुख्यतयार मोहता, हिन्दुमल जी सुगनचंद मुनीम, लाभचंद मोदी ने करवाया और उसको पूर्ण करने में चित्रकार गोपाल जैपुरिया, गोरधन, गंगाराम व मथेरण खेमचंद का योगदान रहा। मिती भादवा सुदी दूज।

यह साक्ष्य अपने आप में पूर्ण है जिससे इस मंदिर की भित्ति चित्रकला हेतु नियुक्त कलाकारों की साक्ष्य स्वरूप उपस्थिति दर्ज करवाता है। चित्र में कुल सात पुरुषाकृतियों को दर्शाया गया है जिसमें मोहता हिन्दूमल, लाभचंद मोदी, गोपाल जैपुरिया, गोरधन जैपुरिया, गंगाराम जैपुरिया, खेमचंद मथेरण को अग्र पंक्ति में बैठे हुए चित्रित किया गया है। पृष्ठ पंक्ति में भीयो माली नाम के व्यक्ति को खड़े हुए अंकित किया गया है जो संभवतः इन सेठ साहूकारों के चित्रकारों के खान-पान इत्यादि आवश्यक वस्तुओं का ध्यान रखता था। इस चित्र में सृजित समस्त रूपाकार अत्यन्त ही मनमोहक बनाये गये हैं और उनको महत्व के अनुसार छोटा व बड़ा भी बनाया गया है। समस्त रूपाकारों के वस्त्राभूषण भी बड़े

अलंकारिक हैं जिसमें पश्चिमी व भारतीय संस्कृति का सम्मिश्रण है। गोपाल जैपुरिया को अंग्रेजी जैकेट (कोट) पहने हुए दर्शाया गया है। शेष रूपाकारों को पूर्ण भारतीय पौशाक में बगलबंदी (अचकन) व धोती पहने हुए अंकित किया गया है। सम्पूर्ण चित्र सृजन अपने आप में अनूठा व अति महत्वपूर्ण दस्तावेज है जिससे तत्कालीन बीकानेर की चित्रकला व चित्रकारों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध होती है ऐसा चित्र बीकानेर में अन्यत्र कहीं देखने में नहीं आता है। इसलिए इस चित्र की महता और बढ़ जाती है। इस चित्र के पास के दल्हे में श्री कृष्ण व राधा का युगल स्वरूप चित्रित है। जिनको अलंकारिक झूले में बैठे हुए दर्शाया गया है।

कृष्ण को पीतवस्त्र और राधा को घाघरा ओढ़नी पहने हुए चित्रित किया गया है। चित्र की पृष्ठभूमि में सुन्दर भवनों का अंकन है। इसके पास ही राम दरबार का अद्भुत चित्र बना हुआ है जिसमें राम और सीता को सिंहासनारूढ़ दर्शाया गया है। भगवान श्रीराम को नीलवर्णीय बनाया गया है। कमर पर पीताम्बर धारण किये हुए है। सीता जी को पूर्ण राजस्थानी परिवेश में अंकित किया गया है उनकी शारीरिक भंगिमा और वस्त्रालंकार बीकानेर के सेठ साहूकारों की पत्नियों जैसे

प्रतीत हो रहे हैं। चित्रण पर इस प्रकार का प्रभाव क्षेत्रीयता के कारण प्रतीत हो रहा है। चित्र में बाई तरफ लक्ष्मण को चँवर लिये हुए चित्रित किया गया है, तो दूसरी तरफ प्रभु श्री राम भक्त हनुमान जी को श्री राम जी के चरण दबाते हुए वज्रासन की मुद्रा में अंकित किया गया है।

संभवतः ऐसा प्रयोग भी बीकानेर की चित्रकला में कमर ही देखने में आया है। हनुमान जी के चेहरे पर रामभक्ति की पराकाष्ठा और अद्‌भुत सौम्यता दिखाई दे रही है वहीं राम की तर्जनी अंगुली के द्वारा हनुमान जी को दिशा-निर्देशित करते हुए चित्रित किया जाना भी अद्‌भुत है। चित्र की पृष्ठभूमि में सफेद संगमरमरी महल, गहरे नीले रंग के बादल व उनमें चमकती सर्पाकार बिजली से चित्र और भी आकर्षक लग रहा है। इसी क्रम में अगले दल्हे पर बीकानेर के महाराजा सरदार सिंह जी को सिंहासनरूढ अंकित किया है। महाराजा का देदीप्यमान चेहरा, उन्नत नासिका रौबदार मूछें व बढ़ी हुई कलात्मक दाढ़ी रेगिस्तानी रबाबदार यौद्धाओं की बानगी प्रस्तुत कर रही है। इनके लंबा घेरदार जामा गले में स्वर्णाभूषण का सुन्दर अलंकरण है, उनके पैरों में आगे रखी गयी ढाल व उसके पीछे दिखाई दे रही कटार भी यौद्धाभाव की पुष्टि कर रही है। इस मंदिर के अन्य राजा-महाराजाओं के चित्रों में आयुद्ध, तीर व तलवार का अंकन है। लेकिन इस चित्र में तलवार के स्थान पर कटार का होना भी निश्चित ही महाराजा का इस आयुध के प्रति लगाव दर्शाता है। चित्र में नीचे की तरफ संगमरमरी द्विमंजिला कलात्मक भवन, हरे भरे पहाड़ व नदी का अंकन है। इस चित्र के पास ही बीकानेर के एक और महाराजा रतनसिंह जी का सिंहासनारूढ़ चित्रण है। जिनका उन्नत ललाट, रौबदार दाढ़ी मूंछ, उन्नत नेत्र पौरूष की अभिव्यक्ति कर रहे हैं। सिर पर पेंचदार पगड़ी लम्बा घेरदार जामा व लाल व हरे रंग का दुपट्टा व कमरबंद (पटका) चित्रित है। चित्र में नीचे की ओर कलात्मक आधुनिक टाईल्स का चित्रण है। चित्र की पृष्ठभूमि में दोनों तरफ सुंदर भवनों का अंकन है जो पूर्वोक्त राजा महाराजाओं के चित्रों की ही भांति है। मंदिर के गर्भ गृह की मुख्य दीवार के विपरीत प्रवेश द्वार के ऊपर की ओर की दीवार के बड़े भाग पर महारास मंडली का चित्रण है जिसमें कृष्ण व राधा के अनेक रूपों को नृत्यरत रास करते हुए दर्शाया गया है। रासमंडली के दोनों किनारों पर पुरुष व नारी आकृतियों को झांझ, नगाड़े, शहनाई व ढोलक इत्यादि वाद्ययंत्र बजाते व गाते हुए अंकित किया गया है। इन वादकों के चेहरे बड़े ही सौम्य, सरल भाव से बनाये गये हैं। रासमंडली के नीचे की तरफ दोनों किनारों पर दो पैनलनुमा चित्रों का सृजन किया गया है जिसमें एक चित्र में तो आधुनिक

बीकानेर की झलक दिखाई दे रही है। चित्र में एक ओर रेलगाड़ी का अंकन है, जो बीकानेर में अनेकानेक भित्तियों पर देखा जा सकता है। रेलगाड़ी का सिग्नल दिखाता गार्ड भी यहाँ अंकित है। चित्र में दूसरी तरफ तीन मंजिला हवेली का सुंदर चित्रण है तो दूसरी तरफ के चित्र में भी किले की प्राचीर दर्शाई गई है जिसके आगे एक बच्चे को साईकिल चलाता हुआ दर्शाया गया है तो दूसरी तरफ सुन्दर फव्वारा बनाया गया है जो पुनः आधुनिक बीकानेर की झलक प्रस्तुत करता है। इस चित्र के उपर भी चित्रकार ने रामकिशन, चांदरतन-मथेरण नाम संवत् 2024 के साथ अंकित किया हुआ है।

जो मथेरण चित्रकारों द्वारा इस मंदिर में किये गये कार्य को और पुष्ट कर रहा है।

मंदिर की दाईं ओर की दीवार पर प्रथम दलहे में महाराजा रायसिंह जी का आदमकद व्यक्ति चित्र बना हुआ है जिसमें महाराजा को पूर्वोक्त महाराजाओं के चित्रों की ही भांति सिंहासनारूढ़ दर्शाया गया है। महाराजा का एक चश्मीय मांसलता युक्त चेहरा, उन्नत ललाट, नासिका व पेचदार पगड़ी उनकी शोभा को और बढ़ा रही है। उनके लम्बा घेरदार जामा पहना हुआ है और कमर पर पटका बंधा हुआ है। उनके हाथ ढाल के उपर रखे हुए हैं और तलवार को सिंहासन के नीचे दर्शाया गया है। उनकी पीठिका के तौर पर बड़ा गोल मसनद अंकित किया गया है जिसकी बनावट भी पूर्वोक्त चित्रों की भांति ही है। पृष्ठभूमि में तीन मंजिला संगमरमरी इमारत और दुर्ग की प्राचीर का सुन्दर अंकन किया गया है। शेष पृष्ठभूमि भी पूर्वोक्त वर्णित महाराजाओं के चित्रों की ही भांति है। इस चित्र के ठीक नीचे विशालकाय शेषशायी विष्णु का चित्रण है। जिसमें श्री विष्णु शेषनाग पर लेटे हुए हैं और देवी लक्ष्मी उनके चरण दबा रही है। भगवान विष्णु के चतुर्भुज विग्रह में शंख, चक्र, गदा व पद्म है और उनका अंकन नीलवर्णीय है। विष्णु का ऊपरी भाग अनावृत है और कमर के नीचे पीताम्बर पहना हुआ है जिस पर गहरे भूरे रंग से कतिपय रेखायें बनाकर उभार दिया गया है। उनके नाभि कमल से कमलनाल निकली हुई है जिस पर जगत पिता ब्रह्मा जी का सुंदर व कलात्मक अंकन है। श्री लक्ष्मी को भी पूर्ण सजधज के साथ शृंगारित अंकित

किया गया है, जो राजस्थानी परिवेश में है। इन दोनों रूपाकारों को सवा चश्मीय दर्शाया गया है और दो मुख्य पात्रों श्री विष्णु व लक्ष्मी जी के सिर के पार्श्व भाग में एक प्रभा मंडल भी दर्शाया गया है। जो चित्र में उनकी महत्ता को और बढ़ा रहे हैं। तीनों ही रूपाकार शेषनाग के उपर अंकित हैं। जिसका अंकन हल्के गहरे भूरे रंग के द्वारा बड़ा ही कलात्मक किया गया है। शेष पृष्ठभूमि में चारों तरफ क्षीरसागर का नीलवर्णीय जल दर्शाया गया है जिसमें जगह-जगह पर हल्के गुलाबी रंग से



कमलदल का अंकन है। संपूर्ण चित्र अत्यंत ही आकर्षक है। इस चित्र के पास के ही दल्हे में अष्टादशभुजी महिषासुरमर्दिनी का अत्यंत ही मनमोहक चित्र है। इसमें मां दुर्गा को अठारह हाथों में अलग-अलग अस्त्र-शस्त्र धारण किये हुए दर्शाया गया है जिसमें त्रिशूल तलवार तीर कटार गदा इत्यादि प्रमुख है। उनके रक्ताभ साड़ी पर गहरे रंग से सलवटे बनाकर उभार दिया गया है। वे अपने दो हाथों से महिषासुर पर प्रहार कर रही है। उनका एक पैर जमीन पर व दूसरा पैर महिषासुर की पीठ पर रखा हुआ है। महिषासुर मर्दन में शेर भी अपनी भूमिका का निर्वहन करता दिखाई दे रहा है जो महिष पर प्रहार की मुद्रा में है। महिष का अंकन काले रंग से किया गया है। जिस पर कुछेक सफेद रेखाओं के द्वारा उभार दिया गया है। महिष के



मुख से महिषासुर का आधा शरीर बाहर की ओर निकला हुआ दर्शाया गया है। महिषासुर का गहरा रंग बढ़ी हुई दाढ़ी मूछें व लंबे बाल उसकी पैशाचिक वृति की ओर इशारा कर रही है। महिषासुर के बालों को देवी दुर्गा ने अपने एक हाथ से पकड़ा हुआ है। महिषासुर भी अपने बचाव की मुद्रा में एक हाथ में तलवार व ढाल लिये हुए चित्रित है। चित्र में नीचे की ओर सफेद रंग की टाईल्स का अंकन है। जो आधुनिकता को दर्शा रहा है पृष्ठभूमि में गहरे नीले रंग से बादल

घने वृक्षो की कतार, पहाड़, सिंह इत्यादि का चित्रण किया गया है। इस चित्र के पास ही के दल्हे में भगवान नृसिंह अवतार का अत्यन्त कलात्मक स्वरूप चित्रित है। चित्र के मध्य भाग में भगवान नृसिंह को स्तम्भ में से प्रगट होते हुए दर्शाया गया है। उनके मुखमण्डल पर क्रोध के भाव दृष्टिगत है। उनका उपरी भाग अनावृत है और कमर के नीचे पीताम्बर पहने हुए है। उनकी गोद में असुरराज हिरण्यकश्यप के बड़े-बड़े सिंह, बड़ी मूछें आसुरी वृति की द्योतक है। उसके एक हाथ में तलवार व दूसरे में ढाल का अंकन है। भगवान नृसिंह अपने दोनों हाथों से हिरण्यकश्यप के उदर का छेदन कर रहे हैं तथा अन्य दो हाथों से उसकी आंतो को उदर से छेदन कर बाहर निकाल रहे हैं। नृसिंह के एक ओर भक्त शिरोमणि प्रहलाद का बड़ा ही कोमल अंकन है। उनके चेहरे पर सौम्य भाव स्पष्ट रूप से झलक रहा है उनको सुन्दर वस्त्रालंकरणों से सुसज्जित दर्शाया गया है। जो हाथ जोड़कर नृसिंह की वंदना कर रहे हैं तो चित्र में दूसरी तरफ प्रहलाद की मां कयादु को पूर्ण राजस्थानी वेश में घागरा ओढनी पहने हुए दोनों हाथ जोड़कर नृसिंह की स्तुति गान की मुद्रा में दर्शाया गया है। चित्र में फर्श के तौर पर सफेद व हरे रंग की टाईल्स को दर्शाया गया है।

पृष्ठ भाग में संगमरमर की निर्मित छोटी दीवार है। चित्र की पृष्ठभूमि में पूर्वोक्त चित्रों से ही मेल खाती प्रतीत होती है लेकिन पृष्ठभूमि में अंकित भवन आधुनिक भवनों से साम्यता बनाये हुए है। जिस पर घड़ी का अंकन है और भवन के किनारे पर विद्युत का पोल (स्तम्भ) भी लगा हुआ है। जो आधुनिक बीकानेर की एक बार पुनः बानगी प्रस्तुत कर रहा है। इस चित्र के पास ही क्रमशः अगले दो दल्हों में बीकानेर के दो और महाराजाओं का अंकन है। इसमें प्रथम दल्हे में महाराजा डूंगरसिंह जी तथा उसके पास वाले दल्हे में महाराजा सूरत सिंह जी का चित्रण है। डूंगर सिंह जी को खड़े व सूरत सिंह को बैठे हुए दिखाया गया है। सूरतसिंह जी की वेशभूषा पूर्वोक्त महाराजाओं के चित्रण के समान ही है लेकिन डूंगर सिंह जी को अति विशालकाय कद काठी का दर्शाया गया है और उनके पहना गया जामा गहरे बैंगनी रंग का है। उनकी बढ़ी हुई दाढ़ी मूंछ मोतीयुक्त पेचदार पगड़ी उनके राजसी प्रभाव को और पुष्ट कर रही है। उनके एक हाथ में लम्बी तलवार व उसके पीछे रखी ढाल उनके योद्धा रूप को पुष्ट कर रही है। यहां एक बात और है कि जहां अन्य महाराजाओं के व्यक्ति चित्रों में पैरों में जूतियाँ (मोजड़ी) पहनी हुई हैं वहीं इस चित्र में महाराजा डूंगरसिंह जी के जूते पहने हुए हैं जो भी आधुनिकता का परिचय करवाते है। चित्र में नीचे की ओर सुन्दर अलंकृत कालीन बनाया गया है। पृष्ठभूमि का

अंकन पुर्वोक्त ही है, पृष्ठभूमि में सुन्दर भवन के उपर लगी घड़ी भी आधुनिकता का परिचय दे रही है। ऐसा उदाहरण आप बीकानेर रेलवे स्टेशन पर और अन्य प्राचीन हवेलियों पर देख सकते हैं। ये दोनों ही चित्र बड़े आकर्षक व कलात्मक बने हुए हैं।

मंदिर की दायीं व बायीं दीवारों के अतिरिक्त मंदिर की छत पर भी बहुत ही सुन्दर चित्रकारी की गई है जिसकी समस्त पृष्ठभूमि में गहरे नीले बादल व उसमें चमकती हुई बिजली का अंकन किया गया है, जो अत्यन्त आकर्षक है। इनके बीच बीच के शेतीरों में फूल पत्तियों के सुन्दर अलंकरण इसकी शोभा को और बढ़ा रहे हैं। बादलों की इस पृष्ठभूमि पर अंकित चित्रों में शिव पार्वती, गजारूढ इन्द्र, ब्रहमा, गणेश, कार्तिकेय, सरस्वती आदि प्रमुख हैं। इसके अलावा सुन्दर पक्षियों का भी चित्रण है।

शिव पार्वती के चित्रण में शिव व पार्वती को बैल पर सवारी करते हुए दर्शाया गया है। भगवान शिव व माँ पार्वती के सवाचश्मीय चेहरा प्रभावोत्पादक है। शिव को नीलवर्णीय बनाया गया है और देवी पार्वती को साड़ी पहने हुए चित्रित किया गया है। इस चित्र में एक खास बात और है कि भगवान शिव को बाघम्बर की जगह पीताम्बर पहने हुए चित्रित किया गया है जो अपने आप में अनूठा है। चित्र में ऐसे

उदाहरण कम ही देखने में मिलते हैं। शिव के बैल (नंदी) को सुसज्जित व गतिशील मुद्रा में दर्शाया गया है इसी क्रम में छत पर बना हुआ भगवान गणेश का चित्र अत्यन्त ही मनमोहक है। गणेश को चतुर्भुज रूप में पीताम्बरधारी दर्शाया गया है। उनके मुखमण्डल को लालरंग से दर्शाया गया है जो विशिष्ट है। उनकी जंघाओं पर क्रमशः रिद्धि सिद्धि

विराजित है जिनका चित्रण पूर्णरूपेण श्रृंगारित भारतीय नारी के समान किया गया है। चित्र में एक और विशिष्ट बात है और वह है उनका मुशक वाला आसन जिसमें सफेद रंग के आसन पर फूल पत्तियों का अलंकरण है। चित्र की पृष्ठभूमि नीले गहरे रंग के बादलों से आच्छादित है। छत पर बने अन्य चित्रों में ब्रह्माजी के चित्र में उनको हंस के ऊपर बैठे हुए चतुर्भुज रूप में अंकित किया गया है। चतुर्भुज ब्रह्मा के मुख पर हल्की सफेद दाढ़ी के द्वारा थोड़ा प्रौढ दर्शाने की चेष्टा की गई है। उनके सिर पर मुकुट व उसके पीछे आभामंडल उसकी शोभा को और बढ़ा रहे हैं। ब्रह्मा के हाथ में क्रमशः वेद, करमाला, गदा व मिष्ठान से भरा पात्र है उनके गले व हाथों में आभूषण हैं। हंस की आकृति को बड़ा कलात्मक दर्शाया गया है। जिसमें सफेद रंग पर गहरे भूरे रंग की रेखाओं के द्वारा उसके पंखों को बनाया गया है। हंस के मुख में भी एक लम्बी माला है जो उसकी उपमा को और बढा रही है।

इसी क्रम में कार्तिकेय का अंकन ब्रह्मा जी के भांति ही किया गया है। वैसे तो कार्तिकेय को षणमुख (छः मुख) वाला कहा जाता है लेकिन इस चित्र में उनके पांच मुख बनाये गये है। जिस पर गहरे काले रंग की दाढ़ी व मूंछ उनकी युवा अवस्था को दर्शाती

है। उन्नत ग्रीवा वक्षस्थल वीरपौरूषता को इंगित कर रहा है। उनको छः भुजी बनाया गया है जिसमें क्रमशः कर माला- मोती की माला, गदा, घण्टा, गुलाब एवं पुष्प इत्यादि हैं। गले व हाथों में सुन्दर आभूषण है उनके कमर पर पीताम्बर है जिस पर गहरे भूरे रंग के द्वारा सीमा रेखा बनाकर उभार दिया गया है। कार्तिकेय के वाहन मोर का भी सुन्दर निरूपण चित्रकार ने किया है। जिसकी नीलवर्णीय ग्रिवा और लहरदार पंख बहुत ही आकर्षक लग रहे हैं।

छत पर ही वीणावादनी मां सरस्वती का हंस पर सवार चित्र है। चित्र में सरस्वती को चतुर्भुज रूप में अंकित किया गया है। जिसके हाथों में क्रमशः वीणा कमल पुष्प व वेद इत्यादि हैं। उनके चेहरे पर अपारशक्ति के भाव परिलक्षित हो रहे हैं। उनका परिवेश राजस्थानी है। स्वर्णाभूषण उनकी शोभा को और बढा रहे हैं। इसके अलावा यहां पर देवराज इन्द्र का चित्र है ऐसा चित्र आमतौर पर देखने में नहीं आता है या यूं कहे की देवराज का चित्र अत्यन्त ही

सुन्दर बना है। इस दृष्टि से भी यह चित्र महत्वपूर्ण बन जाता है। इस चित्र में इन्द्र को सात सूंड वाले हाथी पर आरूढ चित्रित किया गया है जो मूल्यवान कुर्सी पर बैठे हुए हैं। उनके सिर पर मुकुट मुख पर विस्मयकारी मुस्कान व बैठने का ढंग राजसिक प्रभाव उत्पन्न कर रहा है। उनके हरे रंग का लम्बा कुर्ता, सफेद धोती व पैरों में पहनी हुई जूतियां स्थानीय प्रभाव की ओर इशारा कर रही हैं। उनके आगे अंकुशधारी महावत और पीछे की ओर चंवरधारी पुरुष का अंकन है। इन्द्र के एरावत हाथी को भी यहां कुशलता पूर्वक चित्रित किया है, उनके

वस्त्रालंकार भी सुन्दर हैं। हाथी की सात सूण्ड दर्शायी गई हैं, जिसमें ऊपरी सूण्ड में एक चंवर है जो राजसिक भाव की पुष्टि करता है। चंवर और हाथी दांत के बीच एक अप्सरा का भी चित्रण किया गया है जो एक हाथ ऊपर उठाकर नृत्य की मुद्रा में हैं उसके ऊपर लगे पंख यूरोपीय चित्रकला में चित्रित क्यूपिड की याद दिला रहे है। सम्पूर्ण चित्र की पृष्ठभूमि छत पर बने अन्य चित्रों की भांति मेघाच्छादित है जिसमें चमकती हुई बिजली उसको और ज्यादा आकर्षकता प्रदान कर रही है। इन चित्रों के अलावा छत पर बनी परियां अत्यधिक आकर्षक बनायी गई हैं जो बादलों के मध्य उड़ती हुई प्रतीत हो रही है। पंखयुक्त ये परियां अपनी बनावट और वस्त्रालंकरण से और भी ज्यादा प्रभाव उत्पन्न कर रही हैं।

उक्त समस्त चित्रों के अलावा छत की दीवारों की शेष सतहों पर फूल पत्तियों से आबद्ध दर्पण के किनारें अत्यन्त आकर्षक है। कांच के ऐसे दर्पण आज भी बीकानेर में सुनहरी कलम (स्वर्ण मुनवत) का कार्य करने वाले चित्रकार निरन्तर सृजित कर रहे हैं।

मंदिर के मुख्य प्रवेश द्वार के अन्दर की तरफ भी सूर्य व चन्द्रमा का अद्भूत चित्रण दिखायी देता है। जिसमें दोनो ही देवगणों को चतुर्भुज रूप में पद्मासन की मुद्रा में रथारूढ चित्रित किया गया है। चन्द्रमा को सफेद व



सूर्यनारायण को भूरे रंग से रंगाकित किया गया है। उनके तेजोमय मुखमण्डल पर स्मित मुस्कान पार्श्व में आभामंडल उनकी शोभा में अभिवृद्धि कर रहें। चन्द्र व सूर्य के घोड़ो को भी उनके अनुरूप ही रंगाकित किया गया है। जिसको कोचवान हांक रहा है। इन चित्रों के ठीक नीचे दोनों तरफ शेर बनाये गये हैं जो रक्षा के प्रतीक के तौर पर वहां अंकित हैं। उनकी पृष्ठभूमि में सफेद संगमरमरी

भवन जो इसी मंदिर का प्रारूप है, उसका कुशल चित्रण किया गया है जो अपने आप में अनूठा है। इस मंदिर के बारहद्वारी पर भी गणेश इत्यादि के सूक्ष्म चित्र बने हुए हैं। बाहरी प्रवेशद्वार के बायीं बने शिव मंदिर में भी अत्यन्त महत्वपूर्ण चित्र बने हुई



हैं जिसमें गर्भगृह की छत पर श्रीराम दरबार और कृष्ण का बंशीवादन अति मनमोहक है।

राम दरबार के चित्र में भगवान श्रीराम और सीता को एक ही सिंहासन पर बैठे हुए अंकित किया गया है। श्रीराम को नीलवर्णीय व मां सीता को हल्के भूरे रंग से दर्शाया गया है। श्रीराम पूर्ण राजकीय परिवेश में हैं और मां सीता को भारतीय परम्परा के अनुसार श्रृंगारित व साड़ी पहने हुए दर्शाया गया है। उनके दांयी तरफ गुरु वशिष्ठ, सुग्रीव, जामवंत व अन्य कई आकृतियों का अंकन किया गया है तथा बांयी ओर लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न को क्रमशः चँवर व ढाल इत्यादि ग्रहण किये हुए पूर्ण राजसिक परिवेश में अंकित किया गया है।

इसी गर्भग्रह की छत में शेष तीनों ओर श्रीकृष्ण राधा व गोपिकाओं का अंकन है। श्रीकृष्ण त्रिभंगी मुद्रा में गोपिकाओं के मध्य बंशीवादन कर रहे हैं। श्रीकृष्ण का आभामंडल वस्त्रविन्यास और आभूषण उनकी उपमा को और बढ़ा रहे हैं। उनके दोनों तरफ की गोपिकाओं को पूर्ण श्रृंगारित राजस्थानी परिवेश में दर्शाया गया है। इसी मंदिर के बाहरी बारामदे की घुमावदार छत पर सनातनी परम्परा के अनेको चित्र सृजित हैं। जिसमें श्रीमद्भागवत को आधार बनाकर श्रीहरि विष्णु के कई अवतारों का चित्रण किया गया है साथ ही साथ शिव परिवार व उनके जीवन से संबंधित विविध पक्षों का चित्रण है। विष्णु के अवतारों में मत्स्य अवतार, नृसिंह अवतार, कृष्णावतार, कल्कि अवतार, वामन अवतार, परशुराम अवतार, बुद्धावतार, वराहवतार, ऋषभदेव अवतार इत्यादि प्रमुख हैं। भगवान शिव से संबंधित चित्रों में शिव परिवार, शिवपार्वती वार्तालाप, शिव की बारात इत्यादि को प्रमुख तौर पर चित्रित किया गया है इसके अलावा दत्तात्रेय अवतार, कपिल अवतार, यज्ञावतार, धनवन्तरी अवतार, स्वर्ग नरक के दृश्य, समुद्र मंथन व कुछ राजसिक चित्रों का भी सृजन हुआ है। जिसमें महल के आंतरिक भाग, राजदरबार में बैठे राजा व राजसिक पुरुषों का

अंकन है। इसके अलावा भी सनातन परम्परा के कई और चित्र भी यहां पर बने हुए हैं। लेकिन सीलन के प्रभाव से अपनी जमीन छोड़ चुके हैं और उखड़ गये हैं।

तो जरूरत है ऐसी अद्भुत चित्रावलियों को संरक्षित रखने की जिससे बीकानेर ही नहीं वरन भारतीय चित्रण परम्परा की इस अमूल्य धरोहर को संरक्षित व सुरक्षित किया जा सकें। धन्य है वे सेठ साहूकार जिनकी विराट भक्तिमय समझ ने शहर के बीचों-बीच इतने अद्भुत मंदिर और उनमें अत्यन्त सुन्दर चित्राकृतियों का सृजन करवाया लेकिन अब इन मंदिरों को इंतजार है पुनः वैसी सोच वाले बुद्धिजीवियों का जिससे ईश्वर के प्रति समर्पित इस देवालय को काल व आधुनिक मानव के क्रूर हाथों से सुरक्षित व संरक्षित रखा जा सके।

संदर्भ :

1. ओझा गौरीशंकर हीराचंद, बीकानेर राज्य का इतिहास प्रथम भाग, वैदिक यंत्रालय, अजमेर, पृ. 96, 1939 ई.।
2. व्यास राजेन्द्र प्रसाद चूरू वाला, रत्ताणी व्यासों का इतिहास एवं वंशावली, जवाहर प्रेस, बीकानेर, पृ. 82, 1993 ई. (प्रथम संस्करण)।

डॉ. राकेश कुमार किराड़ू

व्याख्याता चित्रकला

सिस्टर निवेदिता कन्या महाविद्यालय, बीकानेर

❑❑❑

नर्मदा प्रसाद उपाध्याय बणीठणी : प्रेमकथा से चित्रकला तक

समीक्षा : बी.एल. भादानी

नर्मदा प्रसाद उपाध्याय द्वारा रचित 'बनीठनी : प्रेमकथा से चित्रकला तक' एक लघु परन्तु महत्त्वपूर्ण ऐतिहासिक दस्तावेज है। इस लघु-ग्रन्थ का कलेवर अत्यन्त व्यापक है एवं तथ्यात्मकता को रसात्मक स्वरूप में संजोया गया है। वास्तव में यह तीन विभागों में संयोजित पुस्तक हैः प्रथम, लक्ष्मीनारायण तिवारी द्वारा लिखित भूमिका, द्वितीय, उपाध्यायजी द्वारा रचित 'बनीठनी : प्रेमकथा से चित्रकला तक' संपादक के शब्दों में 'काव्यात्मक भाषा में लिखा ललित निबंध है एवं तृतीय भाग 'बनीठनी', 'रसिक बिहारी' कृत पदावली का संकलन है जो कृष्णभक्ति से सराबोर है। वास्तव में इस ग्रन्थ ने कई भ्रांतियों के समाधान के साथ-साथ नवीन तथ्य भी उजागर किए हैं। प्रथम भाग में तिवारीजी ने किशनगढ़ की इत्तलाक बही के आधार राठौड़ शासक राजसिंह के पुत्र सांवतसिंह की जानकारी संकलित की है। पिता-पुत्र दोनों काव्यसर्जक थे। सांवतसिंह की द्वितीय माता रानी ब्रजकुँवरी, जो स्वयं एक कवयित्री थी एवं उनकी पुत्री सुन्दरी कुँवरी भी अपने पिताश्री, माताश्री एवं भ्राताश्री के नक़शे क़दम पर ही चल रही थी। तीन पीढ़ियों की काव्य सृजनात्मकता ने राठौड़ राज्य की राजधानी किशनगढ़ को सांस्कृतिक केन्द्र के रूप में पहिचान दी। तिवारीजी की मान्यता कि किशनगढ़ लघुचित्र शैली इसी सांस्कृतिक वातावरण की उपज थी बिलकुल युक्तियुद्ध प्रतीत होती है। राज्य के राजकुमार सांवतसिंह 'नागरीदास' उपनाम से काव्य सृजन करते थे जिनकी लेखनी से लगभग 69 काव्यग्रन्थ सृजित हुवे। उनके काव्य के केन्द्र में मुख्यतः वृन्दावन एवं वृन्दावन अधिपति कृष्ण थे।

वि.सं. 1805 ई. 1748 में अपने पिता के स्वर्गवास एवं राज्य पर आधिपत्य को लेकर अपने भाई बहादुरसिंह के साथ हुवे युद्ध रक्तपात ने सुजानसिंह के जीवन की दिशा बदल दी और वे सब त्याग कर वृन्दावन पहुँच गए। कृष्ण की रासलीला नगरी में महाराजा सांवतसिंह से बड़ा नाम काव्यसृजक नागरीदास का था जहां महाराजा का नहीं बल्कि भक्त कवि का हृदय से स्वागत

किया गया। वे अपने साथ बनीठनी को भी लेकर आए थे जो स्वयं भक्त कवयित्री थी। तिवारीजी ने उसके द्वारा रचित 65 पदों का संकलन किया है जिसके लिए अकादमिक जगत सदैव उनका आभारी रहेगा। वास्तव में उनकी यह भूमिका महाराजा सांवतसिंह से नागरीदास बनने एवं बनीठनी के एक सेविका से भक्त कवयित्री एवं नागरीदास के साथ वृन्दावन पहुँच कर युग्म रूप में पहिचान स्थापित करने की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि को रेखांकित करती है।

तिवारीजी 'वृन्दावन के नगरीकरण को अठारहवीं सदी में औरंगज़ेब की मृत्यु के पश्चात मुग़ल साम्राज्य के पतन के पश्चात रजवाड़ों द्वारा कराए गए निर्माण से जोड़ते हैं जिस प्रस्थापना पर पुनर्विचार की आवश्यकता है। जैसा कि उन्होंने स्वयं लिखा है कि अकबर के समय राजपूत राजाओं द्वारा कुछ भव्य मंदिरों का निर्माण करवाया गया। ओरछा के शासक मधुकरशाह कृष्णभक्त थे इसलिए निश्चित ही उन्होंने कुछ निर्माण कार्य करवाये होंगे। इसके पश्चात् उनके पुत्र वीरसिंह जूदेव ने मथुरा में कृष्ण जन्म स्थान मंदिर के अतिरिक्त वृन्दावन में बहुत से निर्माण करवाये थे जिसकी पुष्टि वीरसिंह देव चरित से होती है। इसी प्रकार हरिराम व्यास जैसे विद्वान-भक्त भी सोलहवीं सदी में वृन्दावन आकर बस गए थे। आम्बेर घराने के महाराजा मानसिंह के अतिरिक्त मिर्जा राजा जयसिंह ने भी निर्माण कार्य करवाए थे। इसके अतिरिक्त बड़ी संख्या में इन राज्यों से भक्त जनों के आने एवं वहां बसने की सम्भावना से इंकार नहीं किया जा सकता।

नर्मदा प्रसाद उपाध्याय द्वारा लिखित आलेख 'बनीठनी : प्रेमकथा से चित्रकला तक' एक रसात्मक व्याख्या है। उनकी यह व्याख्या केवल मात्र 'बणीठणी' के अप्रतिम सौन्दर्य एवं उसके लावण्य की एक झलक से आकर्षित किशनगढ़ के महाराजकुमार सांवतसिंह की कहानी नहीं है बल्कि दोनों के जुगलजोड़ी या युग्म में परिवर्तित होने की प्रक्रिया का अंकन है। सुजानसिंह न केवल काव्यकार थे बल्कि चित्रकार एवं रंगकर्मी भी थे। बणीठणी कवयित्री, नर्तकी, गायिका एवं रंगकर्मी थी। लोक में बणीठणी कलावन्ती, कीर्तनिन, लंवलीज, नागरमणी और उत्सवप्रिया के नाम से भी पुकारी जाती थी जबकि नागरीदास को चितवन, चित्रेश, सनेही, अनुरागी, मतवाले तथा आराधक के रूप में सम्बोधित किया जाता था। उनके ये नाम वास्तव में उनकी विशिष्टता को दर्शाने वाले हैं। लेखक ने बणीठणी के सौन्दर्य की तुलना राधा से की है जो काव्य एवं परम्परा में एक प्रतिमान है। इस तुलना को उचित ठहराने के लिए जब उपाध्यायजी लिखते हैं कि 'वह (राधा) अनैतिहासिक चरित्र है लेकिन कभी-कभी इतिहास में ऐसे पल आते हैं, जब ऐतिहासिकता वह चाहे कितनी

प्रामाणिक क्यों न हो, अनैतिहासिकता के सामने पराजित हो जाती है।' दूसरे शब्दों में बणीठनी के सौन्दर्य को लेखक द्वारा एक सर्वोच्च प्रतिमान पर विराजित करने का प्रयास है। किसी लौकिक सौन्दर्य की अदृश्य दैवीय सौन्दर्य से तुलना बाध्यता का रूप क्यों लेती है?

सांवतसिंह नागरीदास नाम से कविता करते थे। ठीक उसी प्रकार राजमाता की सेविका बन्नो भी काव्य सृजन करती थी जिसके कारण से किशनगढ़ का उत्तराधिकारी उनके निकट आया। यह बात थोड़ी अटपटी सी लगती है क्योंकि प्रारंभ में उस सुन्दरी की एक झलक से वह व्याकुल हो गया था जिसे उसने अपनी पत्नी के सम्मुख स्वीकार किया था। अपनी व्याहता पत्नी से यह भी कहता है 'मैं उससे शारीरिक सुख नहीं चाहता हूँ केवल उसका सान्निध्य चाहता हूँ।' इसके पश्चात वह उपवन में चित्र बनाते हुए एक चित्रकार से बन्नो के सौन्दर्य की विशिष्टताओं का बखान करके चित्र बनवाता है और चित्र के पूर्ण होने पर उसके मुँह से निकल जाता है कि यह हूबहू 'बन्नो' का है। वहां भी वह चित्रकार के सम्मुख उस चित्र नायिका का नाम उद्घाटित कर देता है। चित्रकार और कोई नहीं बल्कि निहालचंद है जिसने किशनगढ़ चित्रशैली को पहिचान दी। राजकुमार सांवतसिंह उससे चित्रकला सीखता भी है।

निहालचंद एक चित्र बनाता है जो सांवतसिंह बन्नो के पास पहुँचाता है। इसे संयोग ही कहा जावेगा कि प्रत्युत्तर में बन्नो भी चित्र बना कर भेजती है। प्रथम चित्र में एक वृक्ष के नीचे नायक घायल एवं पास में प्रसन्न मोरनी है जबकि प्रतिक्रिया में प्राप्त चित्र में नायिका घायल एवं प्रसन्न मुद्रा में खड़ा मोर है। चित्रों के इस आदान-प्रदान से पारस्परिक आकर्षण की शुरुआत होती है। इसके पश्चात यह प्रेम गाथा पुष्पित एवं पल्लवित होती है जिसे उपाध्यायजी ने शब्दों के रस में पगाकर प्रस्तुत किया है जिसमें पाठक आनंद की अनुभूति करता है। इस प्रेम गाथा का अन्त सांवतसिंह एवं बन्नों के नागरीदास एवं रसिक बिहारी के रूप में कृष्ण भक्ति में लीन जीवन त्याग की आध्यात्मिक पूर्णाहुति है।

उपाध्यायजी के इस आलेख से किशनगढ़ चित्रांकन परम्परा के विकास की एक झलक के दिग्दर्शन होते हैं। निहालचंद द्वारा कृष्ण की लीलाओं का चित्रांकन का आधार नागरीदास रचित पद हैं। इस देशज चित्रांकन परम्परा पर मुग़ल प्रभाव की भी ओर लेखक ने संकेत किया है।

राजसिंहासन से वंचित सांवतसिंह, बन्नो एवं निहालचंद की त्रयी ने किशनगढ़ में रंगशाला के निर्माण के द्वारा सांस्कृतिक वातावरण का सृजन किया

जिसमें चित्रकार की प्रेयसी सुमित्रा का भी योगदान रहा। इस महायज्ञ में महाकवि घनानंद भी सम्मिलित हो गए। वे प्रेम कवि थे जो अपनी प्रेमिका वैश्या 'सुजान' छाप से जीवनपर्यन्त कविता करते रहे लेकिन वे उस प्रेमिका से वंचित रहे। बाद में संकट के समय इसी घनानंद ने नागरीदास एवं बन्नो को वृन्दावन में साहचर्य दिया।

बन्नो मात्र कवयित्री, गायिका एवं चित्रकार ही नहीं थी बल्कि शौर्य की प्रतीक भी थी। उसने अपने प्रेमी आराध्य के पुत्र सरदारसिंह को, किशनगढ़ गद्दी पर जबरन काबिज बहादुरसिंह के खिलाफ युद्ध में भाग लेकर उसको पराजित करके, उसका हक दिलवाया और उसे राज्य का शासक बनाया। इस प्रकार उसने नारी शक्ति का प्रदर्शन किया। इस युद्ध के परिणामस्वरूप किशनगढ़ में रंगशाला का पुनर्जन्म हुआ और कलाकारों की सक्रियता से सांस्कृतिक वातावरण बना। रंगशाला नागरीदास एवं बन्नों का रहाईश हो गई। लेकिन लोकनिंदा ने यहां भी उनका पीछा नहीं छोड़ा और दोनों का स्थाई निवास कृष्ण लीला स्थली वृन्दावन बना तत्पश्चात् दोनों कृष्ण भक्ति में लीन होकर अलौकिक हो गए।

'बणीठणी' का इतिहास, किशनगढ़ चित्रशैली के विकास, राठौड़ राज्य के रंगशाला के इतिहास एवं कृष्णभक्ति रचित काव्य के सृजन एवं अन्त में सांवतसिंह के नागरीदास एवं बणीठणी के 'रसिक बिहारी' बनने की प्रक्रिया का सरस शब्दांकन है यह लघुग्रन्थ। इस आलेख में बणीठणी के अन्तर्गत कई अन्र्तकथाएं गुम्फित है जो विस्तार से जानने में उत्सुकता पैदा करती है।

नर्मदा प्रसाद उपाध्याय बणीठनी : प्रेमकथा से चित्रकला तक

प्रकाशक : ब्रज संस्कृति शोध संस्थान

मन्दिर श्रीगोदा विहार, परिसर, गोपेश्वर मार्ग,

वृन्दावन (मथुरा), मूल्य 190 रुपये।

समीक्षक : **बी.एल. भादानी**

❑❑❑

Sl.No.	Journal No.	Title	Publisher	ISSN
169		JUNI KHYAT		2278-4632

UGC Journal Details

Name of the Journal : **JUNI KHYAT**

ISSN Number : 2278-4632

e-ISSN Number : NA

Source : **UGC**

Discipline : **Social Science**

Subject : **Social Sciences (all)**

Focus Subject : Cultural Studies

Publisher : Marubhumi Shodh Sansthan, Sri Dungargarh (Bikaner)

महत्त्वपूर्ण जानकारी

पाठकों से निवेदन है कि **जूनी ख्यात** में प्रकाशन हेतु शोध पत्र की एक प्रति Word तथा एक प्रति PDF फाइल में अवश्य भेजें। यदि शोध पत्र हिन्दी में है तो Kruti Dev 010 तथा अंग्रेजी में है तो Times New Roman नामक फोन्ट का प्रयोग करें।

शोध पत्र से सम्बन्धित छाया चित्रों को कम से कम 300 डीपीआई में सुरक्षित कर जे पी जी फाइल बनाकर अलग से अनुशीर्षक सहित भेजें।

शोध पत्र को इस पते पर e-mail करें bbhadani.amu@gmail.com अथवा डाक से सीडी बनाकर सम्पादक, **जूनी ख्यात**, रांगड़ी चौक, बीकानेर (राज.) 334001 के पते पर भिजवाएँ।

सम्पादक

देश की
धड़कन
राजस्थान
की शान
राजस्थली
की यही पहचान

- हम जीवन में बीसियों तरह के व्यसन–शौक पालते हैं परन्तु पढ़ने की आदत नहीं डालते। यही कारण है कि हम अपनी सांस्कृतिक पहचान, शख्सियत और वजूद को संरक्षित नहीं रख पा रहे हैं।
- राजस्थानी ही वह भाषा है जिसकी लोरियों तले हमारा बचपन खेला, कूदा और बड़ा हुआ है। अपने पांवों पर खड़ा होने के बाद ममत्व और वात्सल्य को भुलाना तो हमारी परम्परा नहीं रही है। तो फिर हम क्यों भूल रहे हैं हमारी बाल–सुलभ जिज्ञासाओं को अनथक शांत करने वाली इस मायड़ को ?
- आईये ! हम भी बंगाल की तरह हमारे घरेलू बजट में पत्र–पत्रिकाओं को शामिल कर अपने बच्चों को एक सद्–संस्कार दें। परिवार को अपना वाजिब हक दें। अपने गैर–जरूरी खर्चों में कटौती कर पीढ़ियों को संस्कारित करने के इस अनुष्ठान में सहयोगी बनें।
- आज ही **राजस्थली** के सदस्य बनें और बनायें। पत्र–पत्रिकाओं को सहयोग और उनका संरक्षण हमारी नैतिक जिम्मेदारी है।

आओ ! **राजस्थली** को स्वावलम्बी बनाएं और
पुस्तक प्रेम की हमारी सांस्कृतिक परम्परा का परिचय दें।

सदस्यता शुल्क विवरण

पाँच वर्ष के लिए	1000 रुपये
आजीवन	2500 रुपये
संरक्षक सदस्यता	5100 रुपये

राजस्थली लेन-देन सारु :
खाता नांव : RAJASTHALI
बैंक : बैंक ऑफ इंडिया, श्रीडूँगरगढ़
खाता सं. : 746210110001995
IFSC : BKID 0007462

महावीर प्रसाद माली मरुभूमि शोध संस्थान,
श्रीडूँगरगढ़ के लिए मुद्रित एवं प्रकाशित।

मुद्रक : महर्षि प्रिंटर्स, श्रीडूँगरगढ़ (बीकानेर) राज.

जूनी ख्यात बैंक विवरण :
Account Name : Marubhumi Shodh Sansthan
Bank : Punjab National Bank, Sridungargarh
Account No. : 3604000100174114
IFSC : PUNB0360400

Website : http://rbhpsdungargarh.com